बोधिसत्त्वापत्तिदेशना, इस शब्द को संक्षिप्त करने पर '**आपत्ति-देशना**' भी कहा जाता है। इसका तात्पर्य आदिकर्मिक बोधिसत्त्वों को आपत्ति लग जाने पर उसकी प्रतिदेशना किस प्रकार की जाती है—इसे दर्शाने के लिए इसका प्रतिपादन किया गया है। **शिक्षासमुच्चय** में कहा गया है—

"विशेष रूप से बोधिसत्त्वों की गुरु और लघु आपत्तियों की देशना होने से आपत्तिदेशना कहा गया है—ऐसा **उपालिपरिपृच्छा** में कहा गया है"[१]।

कुछ विद्वान् इसे **पापदेशनासूत्र** कहते हैं, क्योंकि इसका पाठ करने से समस्त पापों का परिक्षालन हो जाता है—ऐसा वे मानते हैं।

अन्य अनेक विद्वान् इसे **त्रिस्कन्धसूत्र** कहते हैं, क्योंकि इस सूत्र में तीनों स्कन्धों का उल्लेख है, जो इस प्रकार हैं—शरणगमन स्कन्ध, पापदेशना स्कन्ध एवं परिणामना स्कन्ध।

कुछ लोग इसे कौकृत्य देशनासूत्र कहते हैं और कुछ **चतुर्बलकौकृत्य-देशनासूत्र** भी कहते हैं तथा पैंतीस बुद्धों के समक्ष पापदेशनासूत्र भी कहते हैं।

चाहे जो भी हो अधिकतर विद्वान् इस सूत्र से त्रिस्कन्धसूत्र के रूप में परिचित हैं। इसका संस्कृत मूल उपलब्ध है। यह शिक्षासमुच्चय के आठवें परिच्छेद पापदेशना में उपलब्ध है। परन्तु यह जिस उपालिपरिपृच्छासूत्र का अंश है, वह उपालिपरिपृच्छासूत्र संस्कृत में मूल रूप से अनुपलब्ध है।

इसे त्रिस्कन्धसूत्र कहने का कारण इसका अभिधेय है। क्योंकि इसमें तीनों स्कन्धों को परोक्ष रूप में दिखाया गया है। जैसे कि **उपालिसूत्र** में कहा गया है—"जो बोधिसत्त्व रात-दिन उन पैंतीस तथागतों के नाम का धारण एवं पाठ करते हैं और इस त्रिस्कन्धधर्मपर्यायसूत्र का पाठ करते हैं, वे आपत्तिकौकृत्य पाप से विशोधित होते हैं और समाधि का लाभ करते हैं। ऐसा पापविशोधन और समाधि का लाभ सभी श्रावक और प्रत्येकबुद्धों के लिए असम्भव[२] है।"

---

१. विशेषतः बोधिसत्त्वापत्तीनां गुर्वीणां लघ्वीनां देशना आर्योपालिपरिपृच्छायामुक्ता।
द्र०-उपालिपरिपृच्छासूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९२, दरभंगा संस्करण, १९६० ।

२. न शक्यं सर्वश्रावकप्रत्येकबुद्धनिकायैरापत्तिकौकृत्यस्थानं विशोधयितुम्, यद् बोधिसत्त्वस्तेषां बुद्धानां भगवतां नामधेयधारणपरिकीर्तनेन रात्रिन्दिवं त्रिस्कन्धधर्मपर्यायप्रवर्तनेनापत्ति-कौकृत्यान्निःसरति समाधिं च प्रतिलभते।
द्र०-उपालिपरिपृच्छासूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, अष्टमपरिच्छेद, पापशोधन, पृ० ९५ (दरभंगा-संस्करण १९६०)।

एक अन्य त्रिस्कन्धसूत्र स्वतन्त्र रूप से भोट कंग्युर सूची में उपलब्ध होता है, जिसका पूरा नाम '**आर्यमहायानत्रिस्कन्धसूत्र**'[१] है, जो उपर्युक्त सूत्र से विस्तृत है। उसमें भी तीनों स्कन्ध उल्लिखित हैं, लेकिन अधिकतर अभिधेय उपर्युक्त सूत्र से भिन्न हैं। इस विस्तृत सूत्र में पापदेशना, अनुमोदना तथा परिणामना तीनों स्कन्ध अलग-अलग प्रतिपादित हैं, यथा उसमें कहा गया है—

"ये सभी पापदेशनाएं हैं, इसलिए इसे पापदेशना स्कन्ध कहा गया है"।

"कुलपुत्र, ये तो भगवान् बुद्ध के द्वारा उपदिष्ट अवद्यरहित अनुमोदना है"।

"कुलपुत्र, यह भी बोधिसत्त्वों की अवद्यरहित परिणामना है, इस प्रकार आर्य मञ्जुश्री कुमारभूत के द्वारा त्रिस्कन्ध की परिणामना का उपदेश दिया गया है"। यह विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र भी संस्कृत में अनुपलब्ध है।

स्वतन्त्र त्रिस्कन्धसूत्र तथा आपत्तिदेशना आर्यत्रिस्कन्धसूत्र में अन्तर

स्वतन्त्र आर्य महायान त्रिस्कन्धसूत्र तथा आर्य उपालिपरिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत गृहीत आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र के बीच क्या अन्तर है? ऐसी जिज्ञासा होने पर इन दोनों में अनेक अन्तर (भेद) परिलक्षित होते हैं। १. विस्तृत एवं संक्षिप्त भेद। स्वतन्त्र त्रिस्कन्धसूत्र विस्तृत है और उपालिपरिपृच्छासूत्र में गृहीत त्रिस्कन्धसूत्र संक्षिप्त है। २. आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र के प्रश्नकर्त्ता शारिपुत्र हैं तथा शंका उत्थापन करने वाले आर्य उपालि हैं। विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र के विषय के प्रवर्तक आर्य मञ्जुश्री कुमारभूत हैं, जिसका भगवान् बुद्ध ने अनुमोदन किया है। ३. संक्षिप्त त्रिस्कन्धसूत्र रत्नकूटसूत्र के अन्तर्गत संगृहीत है, जबकि विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र सूत्रवर्ग के अन्तर्गत है।

ग्रन्थ के अभिधेय में भी कुछ भेद हैं, जैसे—आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र मूलरूप से बोधिसत्त्वों को आपत्ति लग जाने पर उसकी प्रतिदेशना करने के लिए कहा गया है और विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र गृहस्थ और परिव्राजक दोनों के दोषों की प्रतिदेशना के लिए उपदिष्ट है। संक्षिप्त त्रिस्कन्धसूत्र में उपदिष्ट पैंतीस बुद्ध, आठ अक्षण, प्रारम्भ में शरणगमन और अन्त में चित्तोत्पाद के लिए परिणामना आदि

---

१. देगे संस्करण सं० २८४, सूत्र, सूत्र टीका वर्ग, 'य' पुट्, पृ० ७३ क ४, ७५ क ५, ७७ क १ ।

विषय विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र में प्रतिपादित नहीं हैं। विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र में उपदिष्ट अनेक बुद्धों के चित्तोत्पाद का विवरण और अनेक बोधिसत्त्वों के नामों का उल्लेख संक्षिप्त त्रिस्कन्धसूत्र में उल्लिखित नहीं है। इस संक्षिप्त **त्रिस्कन्धसूत्र** में अनुमोदना के सन्दर्भ में मात्र एक ही पंक्ति उपदिष्ट है, यथा—"**सर्वं पुण्यमनुमोदयामि**"। किन्तु विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र में अनुमोदना के सन्दर्भ में विस्तार से कहा गया है। इस प्रकार का भेद होने पर भी दोनों सूत्रों में त्रिस्कन्ध समान रूप से प्रतिपादित हैं।

आर्यत्रिस्कन्ध का परिचय

तीनों स्कन्धों के परिचय के विषय में विद्वानों के विभिन्न विचार हैं। इन स्कन्धों की संख्या का परिचय '**बोधिचर्यावतार**[१]' में भी कराया गया है, यथा—

रात्रिन्दिवं च त्रिस्कन्धं त्रिष्कालं च प्रवर्तयेत् ।
शेषापत्तिशमस्तेन बोधिचित्तजिनाश्रयात् ।।

आर्य **उग्रदत्तपरिपृच्छासूत्र**[२] में भी कहा गया है कि स्नान करने के अनन्तर स्वच्छ वस्त्र धारण करके दिन में तीन बार और रात्रि में तीन बार त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ करना चाहिए।

बोधिचर्यावतार के पूर्वोद्धृत श्लोक की व्याख्या करते हुए **आचार्य प्रज्ञाकरमति**[३] ने कहा है कि पापदेशना, पुण्यानुमोदना और परिणामना का एकत्र समूह 'त्रिस्कन्ध' है, यथा—"**त्रिस्कन्धः त्रयाणां स्कन्धानां पापदेशनापुण्यानुमोदनाबोधिपरिणामनानां समाहारः**"।

इसी प्रकार बोधिचर्यावतार की समस्त भारतीय टीकाओं तथा भोट विद्वानों की टीकाओं में उपर्युक्त तीनों स्कन्धों की ही गणना की गई है। परन्तु आचार्य शान्तिदेव ने स्वकृत **शिक्षासमुच्चय** में उपर्युक्त त्रिस्कन्ध की गणना भिन्न प्रकार से भी की है, जैसे—पापदेशना, पुण्यानुमोदना और अध्येषणा—यथा[४]—

---

१. द्र०-बोधिचर्यावतार, ५:९८ ।
२. आर्योग्रदत्तपरिपृच्छायां हि त्री रात्रेः त्रिर्दिवसस्य च शुचेः शुचिवस्त्रप्रावृतस्य च त्रिस्कन्धकप्रवर्तनमुक्तम्। द्र०-शिक्षासमुच्चय, पृ० १५२, दरभंगा-संस्करण १९६० ।
३. द्र०-बोधिचर्यावतार, ५:९८ की व्याख्या, पृ० १११ ।
४. द्र०-शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० १५२, मिथिला संस्करण, १९६० ।

"**तत्र त्रयः स्कन्धाः पापदेशना-पुण्यानुमोदना-बुद्धाध्येषणाख्याः पुण्यराशित्वात्**। अर्थात् पापदेशना, पुण्यानुमोदना और बुद्धाध्येषणा नामक तीन स्कन्ध हैं, क्योंकि ये पुण्यराशि स्वरूप हैं।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने **त्रिस्कन्धसूत्र की टीका**[१] में उपर्युक्त से कुछ भिन्न कहा है—"इन (सब) के द्वारा दूसरे सूत्रों में निर्दिष्ट '**त्रिस्कन्ध**' का भी संग्रह होता है। (उनमें) पापदेशना तो '**देशना-स्कन्ध**' है। कुशलमूलों की परिणामना करना 'परिणामना-स्कन्ध' है। पापदेशना महाबोधि प्राप्ति का उपायभूत है। अनुमोदना तो परिणामना का अङ्गभूत है, क्योंकि अनुमोदना के द्वारा परिणामना निष्पन्न होती है। याचना ही '**याचना-स्कन्ध**' है।" अर्थात् इनके अनुसार पापदेशना, परिणामना और याचना—ये तीन स्कन्ध हैं।

आचार्य नागार्जुन ने भी **त्रिस्कन्धसूत्र की टीका**[२] में त्रिस्कन्ध के बारे में उपर्युक्त से भिन्न कहा है—"यहाँ पापदेशना-स्कन्ध और शुद्ध एवं अशुद्ध कुशल कर्मों की अनुमोदना को विषय के रूप में प्रस्तुत करने पर यह आनन्द-स्कन्ध (या अनुमोदना-स्कन्ध) होता है; सभी बुद्धों का महापरिनिर्वाण न होने की (प्रार्थना करना) और धर्मचक्रप्रवर्तन करने के लिए अध्येषणा करना 'याचना-स्कन्ध' है। इन तीनों के द्वारा अपरिमित पुण्यस्कन्ध संचित किया जाता है"। अर्थात् 'पापदेशना-स्कन्ध, आनन्द-स्कन्ध एवं याचना-स्कन्ध' ये तीन स्कन्ध हैं। परन्तु इस त्रिस्कन्धसूत्र की इसी टीका के प्रारम्भ में तीन स्कन्धों की गणना आचार्य ने कुछ भिन्न प्रकार से भी की है, यथा—"नमस्कार और प्रतिदेशना आदि अपरिमित पुण्यस्कन्ध आदि का (निर्देश करनेवाला) यह लघु त्रिस्कन्ध है"। अर्थात् नमस्कार-स्कन्ध, पापदेशना-स्कन्ध एवं पुण्यस्कन्ध (परिणामना-स्कन्ध)—ये तीन स्कन्ध हैं।

इन सब पर विचार करने पर प्रतीत होता है कि लघु त्रिस्कन्ध का तात्पर्य आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र में निर्दिष्ट पापदेशना, नमस्कार और परिणामना स्कन्ध हैं तथा विस्तृत त्रिस्कन्धसूत्र में पापदेशना, पुण्यानुमोदना एवं परिणामना—ये तीन स्कन्ध निर्दिष्ट हैं।

---

१. देगे संस्करण सं० ४००७, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुद्, पृ० १९८ क ६ ।
२. देगे संस्करण सं० ४००५, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुद्, पृ० १८७ क ३ ।

भोट देश के महाविद्वान् **लामा तारानाथ** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र की टीका**[१] में कहा है—"कुछ विद्वान् पापदेशना, अनुमोदना और परिणामना को तीन स्कन्ध मानते हैं तथा किसी एक टीका में कहा गया है कि पापदेशना, पुण्यानुमोदना और याचना ये तीन स्कन्ध हैं। लेकिन नमस्कार, पापदेशना एवं परिणामना को भी त्रिस्कन्ध मान लिया जाए तो ग्रन्थ के शब्द एवं अर्थ दोनों का विश्लेषण करने से उपयुक्त प्रतीत होता है। अतः प्रारम्भ के शरणगमन से लेकर 'तथागत अर्हत् सम्यक्संबुद्ध रत्नपद्मसुप्रतिष्ठित शैलेन्द्रराज को नमस्कार' तक नमस्कार-स्कन्ध है"।

"**एवं प्रमुखा यावन्तः**" से लेकर "**आयत्यां संवरमापद्ये**" तक पापदेशना-स्कन्ध है तथा "**समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः**" से अन्तिम पर्यन्त परिणामना-स्कन्ध है। यहाँ '**एवं प्रमुखा यावन्तः**" और "**समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः**" इन दोनों को अलग वर्ग में रखे जाने का कारण इन दोनों से अलग-अलग विषय प्रारंभ होते हैं। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण ग्रन्थ को तीन वर्ग में संगृहीत करने से सभी वर्गों में ग्रन्थ का समान अंश उपलब्ध होता है। अतः उपर्युक्त नमस्कार, पापदेशना और परिणामना इन तीन स्कन्धों को मानने वाला मत ही उचित प्रतीत होता है। प्रारम्भ का शरणगमन गुणस्मरण के लिए निर्धारित किया गया है। अतः यह नमस्कार वर्ग में संगृहीत है। पापदेशना आदि के अनन्तर अन्य पर्याय दिखलाए गये हैं।

लामा तारानाथ के उपर्युक्त विचार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं विचारणीय हैं और उचित प्रतीत होते हैं। लामा तारानाथ के विचारों के समर्थन में आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान विरचित '**एक लक्ष बुद्ध नाम**[२]' नामक ग्रन्थ को माना जाता है। इस ग्रन्थ के अन्त में इन्हीं विचारों को प्रस्तुत किया गया है, यथा—"त्रिशरण को नमस्कार, पापदेशना और प्रणिधान अर्थात् परिणामना करते हुए आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान कृत ग्रन्थ समाप्त"। इस प्रकार लामा तारानाथ के मत का ही समर्थन होता है।

अन्य एक वरिष्ठ विद्वान् '**मेद् दोङ् छम्पा रिनपोछे**' ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र की टीका**[३] में कहा है—इस प्रकार नमस्कार, पापदेशना तथा समस्त कुशलों की

---

१. वचन संग्रह, 'प' पुद्, पृ० २३४ ।
२. मन्त्र संग्रह, 'ए' पुद्, पृ० १३७, धर्मशाला शेरिक प्रकाशन ।
३. वचन संग्रह, भाग-१, पृ० ५५७, धर्मशाला के निकट वीर से प्रकाशित, १९७५ ।

महाबोधि के लिए परिणामना करने से पुण्यसम्भार का संचय, पापों का परिशोधन और कुशलमूलों की अक्षय वृद्धि सम्पन्न होगी तथा ये बुद्धत्व प्राप्ति के लिए मूल हेतु होते हैं। इनसे अपरिमित पुण्यस्कन्ध एवं अनुशंसा प्राप्त होती है''।

अतः उपर्युक्त इस विचार से लामा तारानाथ के मत का समर्थन होता है। सामान्य भोट बौद्ध जन भी तीन स्कन्धों के बारे में लामा तारानाथ के उपर्युक्त मत का ही अनुसरण करते हैं। इस प्रकार तीन स्कन्धों की गणना करने से ऐसा प्रतीत होता है कि सामान्य तौर पर तीन स्कन्धों की गणना बोधिचर्यावतार और उसकी पञ्जिका में उल्लिखित मत के अनुसार है। इस प्रकार पापदेशना, अनुमोदना एवं परिणामना—इन तीन स्कन्धों को मानना उचित लगता है। किन्तु विशेष तौर पर आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र के अभिधेयार्थ को देखते हुए लामा तारानाथ के अनुसार उल्लिखित तीन स्कन्ध ही उचित लगते हैं।

आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र का त्रिस्कन्ध, चतुर्बल एवं सप्त अङ्गों में संग्रह

आपत्तिदेशना त्रिस्कन्धसूत्र नामक इस ग्रन्थ का अर्थ तीन विषयों में संगृहीत होता है, यथा—त्रिस्कन्ध, चतुर्बल एवं नमस्कार आदि सप्त अंग।

आचार्य नागार्जुन ने कहा है—''संक्षिप्त अर्थ तो, त्रिस्कन्ध या सप्त अङ्ग की शुद्धि करना अथवा चार बल हैं''। अब इस पर क्रमशः प्रकाश डाला जा रहा है।

१. त्रिस्कन्ध में संग्रह

१. नमस्कार-स्कन्ध—''अहमेवंनामा बुद्धं शरणं गच्छामि'' से लेकर **''नमो रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराजाय तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय''** तक नमस्कार-स्कन्ध है।

२. पापदेशना—''एवंप्रमुखा यावन्तः दशदिक्षु'' से लेकर **''आयत्यां संवरमापद्ये''** तक पापदेशना-स्कन्ध है।

३. परिणामना-स्कन्ध—''समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः'' से लेकर **''तथा अहमपि परिणामयामि''** तक परिणामना-स्कन्ध है।

अन्य विचार

१. **पापदेशना**—प्रारम्भ के शरणगमन से लेकर "**आयत्यां संवरमापद्ये**" तक पापदेशना-स्कन्ध है।

२. **अनुमोदना**—"**सर्वं पापमनुमोदयामि**" यह अनुमोदना-स्कन्ध" है।

३. **परिणामना**—"**समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः**" से लेकर "**तथा अहमपि परिणामयामि**" तक परिणामना-स्कन्ध" है।

इस प्रकार अनुमोदना-स्कन्ध के लिए ग्रन्थ में शब्दशः मात्र एक ही पंक्ति गृहीत है। अतः अत्यन्त संक्षिप्त होने से तीन स्कन्धों का यह विभाजन उचित प्रतीत नहीं होता है। लेकिन इसे बृहत् त्रिस्कन्ध के साथ जोड़ा जाए तो उचित है, क्योंकि इसमें तीनों स्कन्धों का अंश समान रूप से है, जो उचित प्रतीत होता है।

२. चतुर्बल में संग्रह

१. **आश्रयबल**—"**बुद्धं शरणं गच्छामि**" से लेकर "**संघं शरणं गच्छामि**" तक आश्रयबल में संग्रह दिखलाया गया है।

२. **प्रतिपक्षसमुदाचारबल**—"**नमः (भगवते) शाक्यमुनये तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**" से लेकर "**नमो रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराजाय तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**" तक प्रतिपक्षसमुदाचारबल में संग्रह दिखलाया गया है।

३. **विदूषणासमुदाचारबल**—"**एवंप्रमुखा यावन्तः**" से लेकर "**न प्रतिच्छादयामि**" तक विदूषणासमुदाचारबल में संग्रह दिखलाया गया है।

४. **प्रत्यापत्तिबल**—"**आयत्यां संवरमापद्ये**" के द्वारा प्रत्यापत्तिबल दिखलाया गया है।

कुछ विद्वानों का कहना है कि प्रारम्भ के शरणगमन से लेकर "**नमो रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराजाय तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**" तक '**आश्रयबल**' है। इत्यादि पृथक्-पृथक् मत विद्वानों ने प्रकट किये हैं।

सप्त अङ्गों में संग्रह

(१) **वन्दना**—प्रारम्भिक शरणगमन से लेकर "**नमोरत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराजाय तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**" तक वन्दना अङ्ग में संग्रह होता है।

(२) पापदेशना—"**एवं प्रमुखा यावन्तः**" से लेकर "**आयत्यां संवरमापद्ये**" तथा "**सर्वं पापं प्रतिदेशयामि**" तक पापदेशना अङ्ग में संग्रह दिखलाया गया है।

(३) परिणामना—"**समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः**" से लेकर "**तथा अहमपि परिणामयामि**" तक तथा "**भवतु मे ज्ञानमनुत्तरम्**" तक परिणामना अङ्ग में संग्रह दिखलाया गया है।

(४) अनुमोदना—"**सर्वं पुण्यमनुमोदयामि**" इसके द्वारा अनुमोदना अङ्ग दिखलाया गया है।

(५-६) अध्येषणा एवं याचना—"**सर्वान् बुद्धानध्येषयामि**" इसके द्वारा धर्मचक्रप्रवर्तन के लिए अध्येषणा करना तथा परोक्ष रूप में महानिर्वाण प्राप्त न करने के लिए याचना करना—ये दो अङ्ग एक साथ दिखलाए गये हैं।

(७) पूजना—पूजना अङ्ग परोक्षतः दिखलाया गया है, क्योंकि शरणगमन करने से अर्थतः पूजन हो जाता है।

इस प्रकार सातों अङ्गों में संग्रह यद्यपि दिखलाया गया है,, परन्तु ये मूल सूत्र के क्रम को आधार मानकर नहीं दिखलाये गये हैं। सातों अङ्गों का सामान्य क्रम इससे भिन्न है। जैसे **भद्रचर्याप्रणिधानसूत्र**[१] में कहा गया है—

वन्दनपूजनदेशनताय
मोदनाध्येषणयाचनताय ।
यच्च शुभं मयि संचितु किञ्चिद्
बोधयि नामयमी अहु सर्वम् ॥

वन्दना, पूजना, पापदेशना, अनुमोदना, अध्येषणा, याचना एवं बोधि के लिए परिणामना—ये सात अङ्ग हैं। भद्रचर्याप्रणिधानसूत्र के अनुसार इनका यही सामान्यतया प्रचलित क्रम है।

लामा तारानाथ ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र-टीका**[२] में इन अङ्गों के संग्रह के सम्बन्ध में इस प्रकार कहा है—"प्रारम्भ के शरणगमन और परिणामना के

---

१. गण्डव्यूहसूत्र, समन्तभद्रचर्याप्रणिधान, पृ० ४३०, दरभंगासंस्करण-१९६० ।
२. वचन संग्रह, 'प' पुट्, पृ० २३४ ।

अन्तर्गत चित्तोत्पाद को भी जोड़कर वन्दना, पापदेशना, अनुमोदना, याचना, शरणगमन, चित्तोत्पाद और परिणामना—इन अङ्गों की गणना इस प्रकार की जाए तो उचित लगता है। फिर भी शब्दार्थों से सम्बद्ध संक्षिप्त अर्थमात्र का योग करने पर सात अङ्गों की गणना उचित नहीं लगती, क्योंकि चित्तोत्पाद परिणामना के अतिरिक्त उपलब्ध नहीं होता और क्रम भी भङ्ग हो जाता है। यदि ऐसा विचार करें कि परिणामना के अन्तर्गत चित्तोत्पाद आदि आश्रय और कुशलबीज दोनों का बल समान है तो यह उचित नहीं है। सम्पूर्ण अङ्गों की परिपूर्ति को प्रस्फुटित करने के लिए ऐसा कहा गया है, क्योंकि आश्रय शरणगमन है और कुशलबीज अनुमोदना आदि हैं। इसके विषय में स्वतन्त्र रूप से प्रतिपादन करने वाले अन्य ग्रन्थ हैं।

सामान्य तौर पर अधिकांश सूत्रपक्ष के सप्त अङ्गों में पूजना (अङ्ग की गणना) की जाती है और दोनों अध्येषणा तथा याचना भी अलग-अलग गिने जाते हैं। अधिकांश लोग शरणगमन और चित्तोत्पाद की गणना नहीं करते हुए दिखलाई देते हैं। यहाँ सप्ताङ्गों के गणना की पूर्णतया निश्चितरूप से कोई आवश्यकता नहीं है। किसी विद्वान् द्वारा शरणगमन के द्वारा पूजना अङ्ग की परोक्ष रूप से गणना करने का जो विचार है, वह साक्षात् (प्रस्तुत) का त्याग कर परोक्ष को स्वीकार करने से क्रमभङ्ग का कारण बन जाता है।"

अतः लामा तारानाथ के विचार से यह स्पष्ट हो जाता है कि जो त्रिस्कन्धसूत्र में साक्षात् विद्यमान जिन सप्त अङ्गों का अवलोकन होता है, उसी की गणना होनी चाहिए, न कि उसके अतिरिक्त परोक्ष की। तारानाथ पूर्वोक्त समन्तभद्रचर्याप्रणिधानसूत्र में प्रतिपादित सप्त अङ्गों की गणना को यहाँ नहीं मानते हैं। उनके विचार के अनुसार सप्ताङ्ग इस प्रकार हैं—नमस्कार, पापदेशना, अनुमोदना, अध्येषणा, शरणगमन, चित्तोत्पाद एवं परिणामना। यह सूत्र में स्पष्टतया दिखाई देता है। सामान्यतया सप्त अङ्ग की गणना के बारे में सूत्र तथा शास्त्र में अनेक मत-मतान्तर दिखाई देते हैं। यथा—**बोधिमार्गप्रदीपपंजिका**[१] में कहा गया है—

"कुछ लोग काय, वाक् एवं चित्त का नमस्कारपूजा, श्रद्धापूजा, स्तुतिपूजा, सोत्तरपूजा, अनुत्तरपूजा, काय-अर्पणपूजा और त्रिस्कन्धपूजा—ये सात

---

१. देगे संस्करण, सं० ३९४८, माध्यमिक वर्ग, पुट 'खी' २४३ ख ३ ।

अङ्ग मानते हैं। कुछ लोग **भद्रचर्याप्रणिधान**[१] में उल्लिखित पुष्प, माला, वाद्य, विलेपन, छत्र, दीप एवं धूपपूजा—ये सात अङ्ग मानते हैं, यथा—

पुष्पवरेभि च माल्यवरेभिर्वाद्यविलेपनछत्रवरेभिः ।
दीपवरेभि च धूपवरेभिः पूजनतेषु जिनान करोमि ।।

भोट विद्वान् **मेद् दोङ् छम्पा रिनपोछे**[२] का कहना है कि "पापदेशना, अनुमोदना, अध्येषणा, याचना, परिणामना और शरणगमन—ये छह अङ्ग हैं। यदि सप्त अङ्गों की पूर्णता आवश्यक हो तो अनुत्तरबोधि में परिणामना करनेवाला चित्तोत्पाद एक प्रधान हेतु है, अतः चित्तोत्पाद और परिणामना दोनों की अलग-अलग गिनती करने से सात अङ्ग परिपूर्ण हो जाते हैं। वैसे तो दस अङ्ग, अष्ट अङ्ग, सप्त अङ्ग, षड् अङ्ग और पञ्च अङ्ग आदि भी हो सकते हैं। अतः सप्त अङ्ग ही होना अनिवार्य नहीं है।" इस प्रकार षड् अङ्गों में भी संग्रह करने पर कोई दोष नहीं है—ऐसा मैं (लेखक) समझता हूँ।

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र का अभिधेय : आपत्तिपापदेशना

भोट देश में अत्यन्त प्रसिद्ध इस त्रिस्कन्धसूत्र, को बोधिसत्त्व-आपत्तिदेशनासूत्र भी कहा जाता है। बोधिसत्त्वों को आपत्ति लग जाने पर उससे परिशुद्धि के लिए भगवान् ने इसका उपदेश किया है। किस प्रकार विशुद्धि होती है? ऐसी जिज्ञासा होने पर सर्वप्रथम इस सूत्र का पाठ करने से पहले पूर्व किये जाने वाले कृत्यों को जानना आवश्यक है। यह **आर्य उग्रदत्तपरिपृच्छासूत्र**[३] में इस प्रकार वर्णित है, यथा—

"त्री रात्रेः त्रिर्दिवसस्य च शुचेः शुचिवस्त्रप्रावृतस्य च त्रिस्कन्धक-प्रवर्तनमुक्तम्"।

त्रिस्कन्धसूत्र-पाठ के पूर्व स्नान द्वारा पवित्र होकर और स्वच्छ वस्त्र धारण करके रात्रि में तीन बार और दिन में तीन बार अर्थात् छह बार इस सूत्र का पाठ करना चाहिए।

---

१. द्र०-समन्तभद्रचर्याप्रणिधान-५ का० ।
२. ग्रन्थ संख्या भाग-१, पृ० ५४३ ।
३. द्र०-शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० १५२, मिथिला संस्करण, १९६० ।

इस त्रिस्कन्धसूत्र का प्रारम्भ "**तत्रेयं (आपत्ति-)देशना**" से होता है। यहाँ से लेकर "**उपैमि सर्वान् शरणं कृताञ्जलिः**" पर्यन्त समाप्त होता है। प्रारम्भ में "**अहमेवंनामा**" का निर्देश किया गया है। यहाँ पापप्रतिदेशना करने वाले को स्वयं के नाम का उच्चारण करना है। तत्पश्चात् '**बुद्धं शरणं गच्छामि**' इत्यादि के द्वारा त्रिशरणगमन दिखाया गया है। यहाँ तक चार बलों में से प्रथम आश्रयबल प्रदर्शित किया गया है। तदनन्तर **आपत्तिदेशनात्रिस्कन्धसूत्र** में ३५ असाधारण बुद्धों के नाम क्रमशः तथागत शाक्यमुनि से लेकर शैलेन्द्रराज तक उपदिष्ट हैं। इन पैंतीस बुद्धों में से १, २४, २५ और ३५ अर्थात् चार बुद्धों के नाम के पूर्व आदरसूचक '**तथागत**' शब्द का उपयोग किया गया है, किन्तु ३१ बुद्धों के नाम के पूर्व आदरसूचक '**तथागत**' शब्द उल्लिखित नहीं है। इसके सन्दर्भ में पश्चात् विस्तारपूर्वक निरूपण किया जाएगा। इन सभी ३५ बुद्धों के नाम का पाठ करने और मनस्कार करने से अतीत एवं अनागत में कृत और करिष्यमाण (किये जाने वाले) असंख्य कल्पों के पापों का विनाश होगा—ऐसा सूत्र में कहा गया है। वैसे इन सभी ३५ बुद्धों के नाम की पृथक्-पृथक् अनुशंसा विद्यमान है, जिसका मैंने परिशिष्ट में उल्लेख किया है।

अतः इन ३५ बुद्धों के नाम-पाठ की अनुशंसा मन में स्थापित कर प्रति-देशना के लिए प्रयास करना चाहिए। प्रतिदेशना करते समय ऐसी कल्पना करनी चाहिए कि स्वयं के सम्मुख आकाश में अनेक रत्नों से अलंकृत पद्म एवं चन्द्रमा के आसन पर मध्य में तथागत शाक्यमुनि तथा शेष ३४ बुद्ध उनके ऊपर, नीचे और चारों दिशाओं में विद्यमान हैं। इन तथागतों के गुणों का स्मरण करते हुए आदरपूर्वक काय के द्वारा प्रणाम, वाक् के द्वारा नामोच्चारण तथा चित्त के द्वारा नमस्कार करना चाहिए। अतः ये ३५ तथागत नमस्कार के विषय हैं। इनमें से पहले तथागत शाक्यमुनि हैं। तत्पश्चात् वज्रगर्भप्रमर्दिन् इत्यादि ३४ तथागत हैं। यहाँ तक त्रिस्कन्धों में से नमस्कारस्कन्ध और चार बलों में से प्रतिपक्षसमुदाचार बल तथा सात अंगों में से नमस्कार प्रत्यक्ष रूप से तथा पूजा परोक्ष रूप से प्रतिपादित है। प्रत्येक बुद्धों के नाम के गुणों की व्याख्या करना असम्भव है, क्योंकि उनके गुण अनन्त हैं।

पापदेशना के सन्दर्भ में '**एवं प्रमुखा यावन्तः**' से लेकर '**न प्रतिच्छादयामि**' तक पापदेशना का विषय दिखलाया गया है, जिसमें सर्वप्रथम '**एवं प्रमुखा यावन्तः**' से लेकर '**सम्यक्सम्बुद्धास्तिष्ठन्ति**' तक धर्मकाय के,

'**ध्रियन्ते यापयन्ति**' तक बुद्धों के सम्भोगकाय के तथा '**बुद्धा भगवन्तः**' से बुद्धों के निर्माणकाय के गुण प्रदर्शित किये गये हैं। 'ते मां समन्वाहरन्तु' के द्वारा इस प्रकार त्रिकायात्मक बुद्ध मेरी ओर अत्यन्त कृपा के साथ ध्यान दें और 'मैं पापदेशना करना चाहता हूँ' इसके साक्षी के लिए याचना करता हूँ। इस प्रकार याचना करने के पश्चात् दिन और रात के तीन-तीन यामों में पापदेशना के लिए प्रयत्न करना है। तत्पश्चात् मूल पापों का प्रकटीकरण और उनका परिचय दिखलाया गया है, जो '**यन्मया अस्यां जातौ**' से लेकर '**अनुमोदितं भवेत्**' तक है। '**अस्यां जातौ**' इत्यादि से अनादिकाल से संचित पापकर्म, जो स्वयं के द्वारा कृत, अन्यों को प्रेरित करके कराये गये कर्म या अन्य द्वारा कृत पापों का अनुमोदन करना तथा अन्य (पाप) कर्म, जैसे पूजा तथा संघ के लिए अर्पित सामग्री एवं दान-द्रव्यों का स्वयं के लिए उपभोग करना, पञ्च आनन्तर्य कर्म, दश अकुशल कर्म आदि बताये गये हैं। ये पापकर्म फल के रूप में अष्ट अक्षण में पतन के हेतु हो जाते हैं। इस पतन के मूल हेतु के साक्षीभूत आप सभी बुद्ध ठीक-ठीक जानते हैं। अतः मैं आप समस्त बुद्धों के समक्ष उनकी प्रतिदेशना करता हूँ, छिपाता नहीं हूँ, आप स्वीकार करें—इत्यादि द्वारा त्रिस्कन्ध के अन्तर्गत पापदेशना स्कन्ध तथा चतुर्बल के अन्तर्गत विदूषणाबल दिखाया गया है।

तत्पश्चात् '**आयत्यां संवरमापद्ये**' के द्वारा एक पंक्ति में 'हमने जो पाप पूर्व में किया है, उन्हें कदापि भविष्य में नहीं करूँगा'—इस प्रकार संवरग्रहण करने की प्रतिज्ञा प्रदर्शित की गई है। इस पंक्ति से प्रत्यापत्ति-बल दिखाया गया है।

'**समन्वाहरन्तु मां**' से लेकर '**तथा अहमपि परिणामयामि**' तक परिमामना दिखलाई गई है। इसके द्वारा कुशल कर्मों की वृद्धि करना दिखलाया गया है। सर्वप्रथम षट् पारमिताओं के आधार पर परिणामना करना दिखलाया गया है, यथा—'**दानं दत्तं भवेदन्तशः**' इत्यादि के द्वारा प्रथम दानपारमिता, '**शीलं वा रक्षितं भवेत्**' के द्वारा द्वितीय शीलपारमिता, '**ब्रह्मचर्यवासकुशलमूलं**' के द्वारा मैत्री आदि चार ब्रह्मविहार की शिक्षा के माध्यम से तृतीय क्षान्तिपारमिता दिखलाई गई है। '**सत्त्वपरिपाककुशलमूलम्**' के द्वारा परार्थ करने में कुशल चतुर्थ वीर्यपारमिता दिखलाई गई है। '**यच्च मे बोधिचित्तकुशलम्**' के द्वारा सम्यक्सम्बोधि की प्राप्ति के लिए एकाग्रचित्त करने वाली पञ्चम ध्यानपारमिता दिखलाई गई है। '**यच्च मे अनुत्तरज्ञानकुशलमूलम्**' के द्वारा ज्ञानकाय की समान हेतु प्रज्ञापारमिता की प्राप्ति की परिणामना दिखलाई गई है।

तत्पश्चात् उत्तम बोधिचित्त का उत्पाद एवं कुशलमूलों की सम्यक्सम्बोधि के लिए परिणामना एवं प्रणिधान दिखलाए गये हैं। अतीत, अनागत एवं प्रत्युत्पन्न बुद्धों के प्रति परिणामना करना उल्लिखित है। यहाँ परिणामनास्कन्ध समाप्त हो जाता है और यहीं पर मूलग्रन्थ समाप्त हो जाता है।

तत्पश्चात् चार पंक्तियों के द्वारा पुनः समस्त सूत्र का संक्षिप्त अभिधेय भी दिखलाया गया है, जो '**सर्वं पापं प्रतिदेशयामि**' द्वारा अभिव्यक्त है। जिसमें पापदेशना, अनुमोदना, अध्येषणा और परिणामना अन्तर्निहित हैं। यहाँ तक सात अंगों में से एक साथ चार अंग दिखलाए गये हैं।

"**ये चाप्यतीताः**" इत्यादि एक श्लोक के द्वारा पुनः त्रिशरणगमन तथा चित्तोत्पाद दिखलाये गये हैं। इस श्लोक में तीनों कालों के बुद्धों के शरणगमन को साक्षात् प्रदर्शित किया गया है और धर्म तथा संघ का शरणगमन परोक्ष रूप में दर्शाया गया है। यहाँ पुनः सात अंगों में से नमस्कार अंग, तीन स्कन्धों में से नमस्कारस्कन्ध दिखलाया गया है।

इस प्रकार यदि इस त्रिस्कन्धसूत्र का पुनः संक्षिप्त रूप से प्रतिपादन किया जाए तो सर्वप्रथम त्रिशरणगमन, तदनन्तर ३५ बुद्धों के प्रति नमस्कार, पुनः स्वयं के द्वारा अनादिकाल से संचित गुरु एवं लघु आपत्तियों की बुद्धों के समक्ष प्रतिदेशना करना तथा उसके बाद इन आपत्तियों को भविष्य में न करने की प्रतिज्ञा के रूप में संवर ग्रहण करना बताया गया है। एतदनन्तर सम्यक्सम्बोधि की प्राप्ति हेतु षट्पारमिताओं द्वारा संचित कुशलमूलों की त्रैकालिक बुद्धों के समक्ष परिणामना करना दिखलाकर पुनः त्रिशरणगमन दिखलाया गया है।

अन्त में '**आर्यत्रिस्कन्धसूत्र समाप्त**'—ऐसा भोटदेश के अधिकांश पूजा-ग्रन्थों में प्राप्त होता है, परन्तु मूलसूत्र में ऐसा उल्लेख नहीं है। अतः यह सूत्र बाद में भोट देश में अत्यन्त प्रसिद्ध होने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भोट विद्वान् ने सम्भवतः इस अंश को ग्रन्थ के अन्त में जोड़ दिया है, जो सम्भवतः सूत्र के मूल अभिधेय को ध्यान में रखकर सम्पादित किया गया है। वस्तुतः यह सूत्र आर्यउपालिपरिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत उपलब्ध होता है, परन्तु किसी एक सूची में '**उपालिपरिपृच्छासूत्र**' इस नाम के स्थान पर '**आपत्तिदेशनासूत्र**'—ऐसा उल्लेख भी उपलब्ध होता है। अतः यह विचारणीय प्रतीत होता है। मेरे अपने विचार में पूजा-पुस्तक के अन्त में इस सूत्र का नाम जोड़ते समय 'आर्य-उपालि-

परिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र समाप्त'—ऐसा उल्लिखित होना चाहिए। इससे महायान त्रिस्कन्धसूत्र और यह लघु आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र इन दोनों का अन्तर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो सकता है और दोनों सूत्रों के एक होने का भ्रम भी दूर हो सकता है।

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र की श्रुति एवं आगम परम्परा का क्रम

सूत्रों एवं शास्त्रों के स्रोत की पवित्रता एवं प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए भगवान् तथागत से लेकर अपने पूज्य गुरुजनों पर्यन्त उनके वचनों के प्रामाणिक हस्तान्तरण को सिद्ध करना अत्यन्त आवश्यक है। अनेक परम्पराएं प्राप्त होती हैं, जिसमें श्रुति, आगम, पदच्छेद एवं व्याख्या-परम्परा आदि प्रसिद्ध हैं, ये सभी पूर्ववर्ती परम श्रद्धेय गुरुवचनों में सुरक्षित एवं संगृहीत हैं। इन परम्पराओं में से सम्प्रति प्राप्त त्रिस्कन्धसूत्र की श्रुतिपरम्परा के भी अनेक स्रोत प्राप्त होते हैं।

यहाँ पर परम पावन चौदहवें दलाई लामा को इस त्रिस्कन्धसूत्र की परम्परा की प्राप्ति का उल्लेख किया जा रहा है। परम पावन को यह परम्परा अपने श्रद्धेय गुरु ताडक रिनपोछे मे प्राप्त हुई। श्री ताडक रिनपोछे को अपने गुरु ल्होटुल ङ्वङ् खेनरब् तेनपई वङ्छुक् से प्राप्त हुई। इस प्रकार उनकी यह श्रुतिपरम्परा अन्ततः भगवान् तथागत के वचनों तक स्पर्श करती है। इसका विस्तृत उल्लेख सातवें दलाई लामा कलसङ् ग्याछो के 'वचन श्रुतिपरम्परा' नामक ग्रन्थ में स्पष्टतया उल्लिखित है। इस त्रिस्कन्धसूत्र की श्रुतिप्राप्त परम्परा के बारे में भगवान् तथागत से लेकर तिब्बत के प्रसिद्ध विद्वान् बगतोन् तक की परम्परा में चार प्रकार के विभिन्न मत उपलब्ध होते हैं।

इनमें से परम पावन चौदहवें दलाई लामा को प्राप्त परम्परा इस प्रकार है[१]—

तथागत भगवान् बुद्ध ने आनन्द को उपदेश दिया। तदनन्तर आनन्द से कृष्णवासिन्, उनसे शाणकवासिन्, उनसे मध्याह्निक, उनसे सर्वज्ञमित्र, ततः नागार्जुन, उनसे आर्यदेव, उनसे श्री मञ्जुकीर्ति, ततः शान्तिपाद, ततः तृतीय वज्रासन, ततः काश्मारी पण्डित शाक्यश्री, उनसे चेल छोसङ्, उनसे चलपद्मवान्, ततः कुमारज्ञान, फिर प्रज्ञासिंह, उनसे बग तोनपा, फिर गोनपोबुम, उनसे कुडोपा, ततः महोपाध्याय शेरब् दोर्जे, ततः छौगौवा छोशे, ततः आचार्य सोनम सेङ्गे, ततः

१. वचन परम्परा संग्रह, पुस्तक संख्या, ११, पुट 'क', पृ० ३१७।

छलडक् देनपा, ततः रिनछेन डकपा, ततः काग्युर्वा शाक्य ग्यलछेन, फिर दोर्जे देनपा कुनगा नमग्यल, ततः छेनपो लोडोस् ग्यलछेन, ततः बुमरम्पा रिनछेन छोस्वङ्, ततः रबजम छुलिठम वङ्छुक्, ततः जे छोग्यल दोनडुब, ततः चेङा वा कोनछोग् वङ्, ततः सेम्पा डाकपा दोनडुब, ततः लामा छोग् ञि पल्डुब, ततः धाछा टुल्कु जिगतेन वङ्छुब, ततः जे लोडोस् छोस् क्यि दोर्जे, ततः गोनपो सोनम छोगदेन, ततः योङ् जिन लोसङ् ठिनले, ततः काछेन ङ्वङ् रबतेन, ततः काग्युर्वा गेलोङ् ङ्वङ् ग्यलपो, ततः ख्यबदग काग्युर्वा छेनपो फुनछोग जम्पा, ततः ठ्रिछेन ङ्वङ् छोगदेन, ततः सातवें दलाई लामा केलसंग ग्याछो, ततः डगरी ग्याछो थायेस्, ततः पङ्लुङ् ङ्वङ् छोजिन, ततः योङ्जिन येशे ग्याछो, ततः ठ्रुद्छेन येशे गोङ् फेल, ततः जे जमयङ् ठिनले, ततः ल्होटुल ङ्वङ् खेनरब् तेनपई वङ्छुग् सिक्योङ् तगडक तेनपई ग्यलछेन, इनसे परम पावन चौदहवें दलाई लामा तेनजिन ग्याछो ने यह परम्परा प्राप्त की। तथागत से लेकर भोट आचार्य बगतोन तक प्राप्त श्रुतिपरम्परा क्रम में कुछ भिन्न मत भी दिखलाई पड़ते हैं, उन्हें मैंने भोट भाषा में रचित भूमिका में विस्तार से उल्लिखित किया हैं। जिज्ञासु पाठक वहीं अवलोकन करें।

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र का संस्कृत पाठ एवं भोट अनुवादों की अन्तःसमीक्षा

आर्यत्रिस्कन्ध आपत्तिदेशनासूत्र के पूर्व एवं अपर दो भोट-अनुवाद प्राप्त होते हैं। पूर्व **आर्य उपालिपरिपृच्छासूत्र** के अन्तर्गत पठित त्रिस्कन्धसूत्र है। इसी उपालिपरिपृच्छासूत्र का अनुवाद तिब्बत के वरिष्ठ अनुवादक येशे दे ने किया है। अपर त्रिस्कन्धसूत्र आचार्य शान्तिदेव के **शिक्षासमुच्चय** के अन्तर्गत उद्धृत है। इस शिक्षासमुच्चय का भी तिब्बत के वरिष्ठ लोचावा (अनुवादक) येशे दे ने अनुवाद किया है। परन्तु बाद में इसी ग्रन्थ का तिब्बत के वरिष्ठ लोचावा लोदेन् शेरब् ने पुनः संशोधन किया। इस कारण त्रिस्कन्धसूत्र का अपर अनुवाद पूर्वानुवाद से कुछ भिन्न हो गया।

यद्यपि **उपालिपरिपृच्छासूत्र** के अन्तर्गत पठित त्रिस्कन्धसूत्र तथा शिक्षासमुच्चय के अन्तर्गत पठित त्रिस्कन्धसूत्र के संस्कृत मूल में सम्भवतः अधिक पाठभेद की सम्भावना नहीं हो सकती है। परन्तु इन दोनों के भोटानुवाद में कुछ स्थलों पर भिन्न अनुवाद प्राप्त होते हैं।

एक और विशेष बात यह है कि किसी भोट विद्वान् ने पूर्ववर्ती इन दोनों भोटानुवादों को अपने समक्ष रखकर पुनः इन दोनों पाठों से कुछ उपयुक्त वचनों

को एकत्र कर एक नये पाठ का निर्माण कर दिया—ऐसी सम्भावना व्यक्त की जाती है। इस नये संस्करण में कुछ आदरसूचक नये शब्द जोड़ दिये गए हैं। यह नित्य पूजा-पाठ के लिए बनाया गया है—ऐसा प्रतीत होता है। अतः सामान्य तौर पर त्रिस्कन्धसूत्र के भिन्न-भिन्न प्रकार के तीन पाठ उपलब्ध होते हैं। इन तीनों का शिक्षासमुच्चय में उद्धृत संस्कृत मूल से मिलान करने पर परस्पर भिन्न अनेक प्रकार के अनुवाद हो जाते हैं। पूजा-पाठ के लिए जिस त्रिस्कन्धसूत्र का निर्माण किया गया है, उसे अधिकांश बौद्ध तिब्बतियों द्वारा यथावत् मूल संस्कृत त्रिस्कन्धसूत्र का अनुवाद समझकर पूजा-पाठ में उपयोग किया जाता है। वस्तुतः यह पाठ संस्कृत मूल से कुछ भिन्न है।

यहाँ मैं इन तीनों तिब्बती पाठों की परस्पर भिन्नता एवं संस्कृत मूल से उनकी साम्यता की तुलना करना चाहता हूँ।

सर्वप्रथम ग्रन्थ के प्रारम्भ में तिब्बती पूजापुस्तक के अनुसार '**नमः**' शब्द है, जो संस्कृत मूल तथा दोनों उपालिसूत्र और शिक्षासमुच्चय के भोटानुवाद में उपलब्ध नहीं है। तत्पश्चात् उसी पूजा पुस्तक में '**बोधिसत्त्व आपत्तिदेशना**' शब्द है, जो उपर्युक्त तीनों पाठों में उपलब्ध नहीं होता है। उपालिसूत्र के अनुसार उसके स्थान पर '**तत्रेयं देशना**' अर्थात् 'यह देशना इस प्रकार है'—ऐसा उपलब्ध होता है, परन्तु शिक्षासमुच्चय के भोटानुवाद में इससे भिन्न '**तत्रेयमापत्तिदेशना**' यह पाठ उपलब्ध होता है। अर्थात् 'यह आपत्तिदेशना इस प्रकार है'। तदुपरान्त पूजापुस्तक में ''सर्वदा गुरुजनों को मेरा नमस्कार'' शब्द है, जो पूर्वोक्त दोनों भोटानुवाद तथा संस्कृत मूल पाठ में उपलब्ध नहीं होता है।

तत्पश्चात् '**नमः भगवते शास्त्रे.....**' अर्थात् भगवान् शास्ता तथागत शाक्यमुनि को नमस्कार। ऐसा पूजापुस्तक में उपलब्ध होता है, परन्तु पूर्वोक्त दोनों भोटानुवाद एवं संस्कृत मूल में ऐसा उपलब्ध नहीं होता है। उसके बाद शेष ३४ बुद्धों को नमस्कार किया गया है। परन्तु अधिकांश तिब्बती के गेलुगपा सम्प्रदाय की पूजा की पुस्तकों में सभी ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में आदरसूचक शब्द 'तथागत' प्रयुक्त किया गया है, जो इस सम्प्रदाय के संस्थापक 'जे चोंखापा' ने अनुभव किया और जोड़ना उचित समझा। किन्तु पूर्वोक्त संस्कृत मूल तथा उपालिसूत्र और शिक्षासमुच्चय के भोटानुवादों में ऐसा उपलब्ध नहीं होता और न ही तिब्बत के अन्य ञिङ्मा, करग्युद् एवं साक्या सम्प्रदायों की

पुस्तकों में भी उपलब्ध होता है। इन तीनों सम्प्रदायों के अनुयायी यथासूत्र पाठ करना ही अधिक समुचित समझते हैं। मूल संस्कृत पाठ में इन ३५ तथागतों में से चार तथागतों के नाम के प्रारम्भ में आदरसूचक शब्द 'तथागत' प्रयुक्त किया गया है, शेष में नहीं।

संस्कृत मूल में ३५ तथागतों में से छठवें तथागत "**वीरनन्दी**" के नाम से प्राप्त है, परन्तु उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय दोनों के भोटानुवाद में उसके स्थान पर '**श्री आनन्दी**' ऐसा उपलब्ध होता है, न कि '**वीरनन्दी**'। आचार्य नागार्जुन एवं आचार्य जितारि दोनों की त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं में भी तथागत 'श्री आनन्दी' पर टीका की गई है, न कि '**वीरनन्दी**' पर। सातवें तथागत 'रत्नश्री' संस्कृत मूल पाठ में है, परन्तु दोनों उपालिसूत्र और शिक्षासमुच्चय के अनुवादों में उसके स्थान पर तथागत '**रत्नाग्नि**' का नाम प्राप्त होता है, न कि '**रत्नश्री**'। यही समस्त पूजापुस्तकों में भी उपलब्ध होता है। समस्त त्रिस्कन्धसूत्र की भोट टीकाओं एवं आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं में भी 'रत्नाग्नि' शब्द की ही व्याख्या की गई है। अतः इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना आवश्यक है, क्योंकि यहाँ अनुवाद में बहुत बड़ा अन्तर दिखलाई पड़ता है तथा न केवल मूल संस्कृत में अपितु टीकाओं में भी '**रत्नश्री**' के नाम तक का न आना आश्चर्यजनक है। संस्कृत मूल में १२वें तथागत का नाम 'वीरदत्त' प्राप्त है, किन्तु भोट पूजा पुस्तकों एवं उपालिसूत्र के कुछ भोट अनूदित पाठों में तथा शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद के पाठों में तथागत 'श्रीदत्त' का नाम उपलब्ध होता है। परन्तु आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं में संस्कृत मूलपाठ के अनुसार तथागत 'वीरदत्त' शब्द पर ही टीका उपलब्ध होती है।

'**एवंप्रमुखा यावन्तः सर्वलोकधातुषु**' यह पाठ संस्कृतमूल में उपलब्ध होता है, परन्तु उपालिसूत्र के भोटानुवाद में '**एवं यावन्तः दशदिक्षु सर्वलोक-धातुषु**' ऐसा पाठ उपलब्ध होता है। शिक्षासमुच्चय के संस्कृत मूलपाठ एवं भोटानुवाद दोनों में दश दिशाओं का कहीं उल्लेख नहीं है। समस्त तिब्बती अनुवादों में कहीं पर भी '**एवं प्रमुखाः**' में से प्रमुख का अनुवाद प्राप्त नहीं होता है। आचार्य नागार्जुन एवं आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं में '**दशदिक्षु**' शब्द के स्थान पर '**चतुर्दिक्षु**' शब्द का उल्लेख मिलता है और इसी शब्द पर

टीका की गई है। लेकिन टीकाओं के अन्तर्गत पूर्व दिशा इत्यादि दश दिशाओं का परिचय दिया गया है।

'सांघिकं वा द्रव्यमपहृतं स्यात्' ऐसा पाठ संस्कृत मूल में उपलब्ध होता है। परन्तु उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय के भोटानुवाद में **'चातुःसांघिकं वा द्रव्यमपहृतं स्याद्'**—ऐसा पाठ उपलब्ध होता है। इनमें चारों दिशाओं के संघ का उल्लेख किया गया है, किन्तु पूजापुस्तकों एवं आचार्य जितारि की त्रिस्कन्ध-सूत्रटीका में दश दिशाओं के संघ का उल्लेख मिलता है।

पुनः संस्कृत मूल में **'यमविषयं वा गच्छेयं'** ऐसा पाठ प्राप्त है। यही पाठ उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय के भोटानुवाद में भी है, किन्तु पूजापुस्तकों एवं आचार्य नागार्जुन की त्रिस्कन्धसूत्रटीका में इस वाक्य के स्थान पर **'प्रेतविषयं वा गच्छेयं'** का उल्लेख है तथा आचार्य ने इसी पाठ की टीका की है। आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने भी इस वाक्य की टीका में आठ अक्षणों की गणना करके उसमें एक प्रेतविषय को भी गिना है।

पुनः **'प्रत्यन्तजनपदेषु म्लेच्छेषु वा'** ऐसा पाठ मूल संस्कृत में प्राप्त है। उपालिसूत्र के भोटानुवाद में यही उल्लेख है, किन्तु शिक्षासमुच्चय के भोटानुवाद में **'प्रत्यन्तजनपदेषु म्लेच्छेषु'** इतना ही पाठ है। इसमें 'वा' (अथवा) शब्द प्रयुक्त नहीं किया गया है।

वैसे भी अष्ट अक्षणों की गणना में भिन्न-भिन्न मत प्राप्त होते हैं, जैसे इस सूत्र में भी 'प्रत्यन्त जनपद म्लेच्छ में उत्पन्न' इस प्रकार यदि इसे एक अक्षण माना जाए तो अपर (आगे के पाठ) में **'बुद्धोत्पादं वा विरागयेयं'** अर्थात् बुद्धोत्पाद के प्रति अश्रद्धा को आठ अक्षणों की पूर्ति के लिए गिनना पड़ेगा। यदि **'प्रत्यन्तजनपद'** एवं **'म्लेच्छ'** में उत्पन्न इन दोनों को अलग-अलग गिना जाता है तो 'बुद्धोत्पाद के प्रति अश्रद्धा' को अक्षण मानने की आश्यकता नहीं है, अन्यथा नौ अक्षण हो जाएंगे। सामान्य तौर पर जब आठ अक्षणों की गणना की जाती है, तो एक मत इस प्रकार भी है, यथा—

नरकप्रेततिर्यञ्चो म्लेच्छा दीर्घायुषोऽमराः ।
मिथ्यादृग्-बुद्धकान्तारौ मूकताष्टविहाक्षणाः[१] ।।

---

१. बोधिचर्यावतारपञ्जिका, पृ० ८ में उद्धृत ।

अर्थात् नरक, प्रेत, तिर्यक्योनि, म्लेच्छ, दीर्घायु देव, मिथ्यादृष्टि, बुद्ध के प्रति अश्रद्धा एवं मूकता—ये आठ अक्षण हैं। लेकिन सुहल्लेख में उल्लिखित है कि मिथ्यादृष्टि, तिर्यक् में उत्पत्ति, प्रेत, नरक एवं बुद्धरहित स्थान में उत्पत्ति, म्लेच्छ के रूप में उत्पत्ति, बुद्धिहीन मूढ के रूप में उत्पत्ति, दीर्घायुष्य देव में उत्पत्ति—ये आठ अक्षण हैं[१]।

आचार्य नागार्जुन विरचित धर्मसंग्रह में कहा गया है—नरक में उत्पत्ति, तिर्यग्योनि में उत्पत्ति, यमलोक में उत्पत्ति, प्रत्यन्त जनपद में उत्पत्ति, दीर्घायुष्क देवयोनि में उत्पत्ति, इन्द्रियविकलता, मिथ्यादृष्टि एवं चित्तोत्पाद के प्रति अश्रद्धा—ये आठ अक्षण हैं।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने त्रिस्कन्धसूत्र टीका[२] में कहा है—

नरकप्रेततिर्यञ्चो म्लेच्छासंज्ञिकनिर्जराः ।
मिथ्यादृग्बुद्धनिःश्रद्धौ मूकताष्टक्षणाः स्थिताः ।।

अर्थात् नरक, प्रेत और तिर्यग्योनि में उत्पाद, म्लेच्छ और आसंज्ञिक देव के रूप में उत्पाद, मिथ्यादृष्टि से युक्त होना, ऐसे देश में उत्पाद जहाँ '**बुद्ध**' शब्द का श्रवण भी सम्भव न हो तथा मूकता—ये आठ अक्षण हैं।

पुनः संस्कृत मूल पाठ में '**चक्षुर्भूतानां**' यह शब्द उपलब्ध नहीं है। सम्भवतः मूल संस्कृत का हस्तलेख (पाण्डुलिपि) करते समय छूट गया हो अथवा मुद्रण करते समय छूट गया हो। परन्तु समस्त भोट अनुवादों में यह शब्द उपलब्ध होता है। अतः मैंने भोट अनुवाद को आधार बनाकर पुनरुद्धार करते समय इस शब्द को संस्कृत पाठ में जोड़ दिया है।

'**न प्रतिच्छादयामि**' यह पाठ मूल संस्कृत में उपलब्ध है। किन्तु दोनों भोट अनुवादों के किन्हीं संस्करणों में इस एक ही शब्द के 'कुछ भी छिपाता नहीं हूँ, कुछ भी नहीं छिपाऊँगा' इस प्रकार ये दो अर्थ किये गये हैं। ऐसा ही अर्थ

---

१. सु० ले०, श्लोक सं० - ६३-६४,
मिथ्यादृक् प्रत्यन्ते नरकप्रेततिर्यक्षूत्पद्यमानः ।
म्लेच्छो जडश्च सत्त्वो यो ह्युत्पन्नो बुद्धविरहिते ।। ६३ ।।
दीर्घायुषि देवकुले जनिलब्धश्चाँष्टाक्षणा इमे दोषाः । ६४।
२. देगे संस्करण, सं० ४००७, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुट्, पृ० १९५ ख ७ ।

समस्त भोट पूजा-पुस्तकों में भी उपलब्ध है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि आचार्य नागार्जुन की त्रिस्कन्धसूत्र टीका में उपर्युक्त शब्द का वर्तमान और भविष्य क्रिया के रूप में दो बार प्रयोग किया है। इन दोनों शब्दों पर आचार्य ने अलग-अलग टीका की है। जैसे आचार्य नागार्जुन की त्रिस्कन्धसूत्रटीका के भोटानुवाद में कहा है—'दोष को स्वीकार करने से मन में भी कुछ नहीं छिपाने को '**न प्रतिच्छादयामि**' अर्थात् कुछ भी नहीं छिपाता हूँ तथा साक्षात् (यथार्थ) रूप में भी '**न प्रतिच्छादयामि**' अर्थात् कुछ भी नहीं छिपाऊँगा—ऐसा एक शब्द का द्विविध अर्थ करना मूल संस्कृत पाठ में सन्देह पैदा करता है। अतः मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि इस (नागार्जुन कृत) टीका को करते समय उस व्यक्ति के सम्मुख संस्कृत मूल पाठ न होकर भोट पूजापुस्तक अथवा सम्भवतः द्विविध अर्थ वाला संस्करण रहा होगा। उसे सामने रखकर शायद रचना की गई होगी। अतः ऐसी रचना के रचयिता वास्तव में आचार्य नागार्जुन जैसे मूल प्रवर्तक विद्वान् कदापि नहीं हो सकते। वह निश्चित ही कोई भोट विद्वान् रहा होगा। जिसने ग्रन्थ की लोकप्रियता एवं प्रसिद्धि के लिए इसे नागार्जुन की रचना बताया। शायद उस विद्वान् को भोट पूजापुस्तक अथवा अन्य संस्करण उपलब्ध था, जिसमें उपर्युक्त दो अर्थ किये गये थे।

पुनः मूल संस्कृत पाठ में "**तुलयित्वा अभिसंक्षिप्य**" यह वचन उपलब्ध है, परन्तु उपालिसूत्र के भोट अनुवाद एवं भोट पूजा-पुस्तकों में '**अभिसंक्षिप्य**' के स्थान पर मात्र '**संक्षिप्य**' यह पाठ उपलब्ध होता है, लेकिन शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद में '**अभिसंक्षिप्य**' का पूरा अनुवाद प्राप्त होता है।

'**अनुत्तरायां**' यह वचन संस्कृत मूल पाठ में उपलब्ध है, किन्तु उपालिसूत्र के भोट अनुवाद एवं भोट पूजा-पुस्तकों में '**अनुत्तरायां**' एवं '**उत्तरोत्तरायां**' इस प्रकार दो अनुवाद प्राप्त होते हैं। वास्तव में '**अनुत्तरायां**' का दो बार अनुवाद किया गया है—ऐसा लगता है, किन्तु शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद में संस्कृत मूलपाठ के अनुसार यथावत् अनुवाद किया गया है।

'**परिणामनया**' शब्द के भी भोट पूजा-पुस्तकों में दो अनुवाद प्राप्त होते हैं, जैसे—'जिसकी परिणामना करने से' तथा 'परिणामना की जाती है'।

"**एतर्हि दशसु दिक्षु प्रत्युत्पन्ना बुद्धा भगवन्तः**" यह वचन संस्कृत मूल पाठ में उपलब्ध है, परन्तु समस्त भोट अनुवादों में 'दशसु दिक्षु' का अनुवाद नहीं किया गया है।

"**सर्वं पापं प्रतिदेशयामि**" यह वाक्य शिक्षासमुच्चय के अन्तर्गत उद्धृत त्रिस्कन्धसूत्र के संस्कृत पाठ में उल्लिखित नहीं है। सम्भवतः हस्तलिपि में ही छूट गया हो अथवा शिक्षासमुच्चय की हस्तलिपि से मुद्रण करते समय प्रमादवश छूट गया हो। वास्तव में इस वाक्य का होना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि समस्त भोट अनुवाद एवं टीकाओं में इसका उल्लेख ही नहीं, अपितु इस वचन पर टीका भी की गई है।

"**सर्वान् बुद्धानध्येषयामि**" अर्थात् मैं सभी बुद्धों से अध्येषणा करता हूँ। यह संस्कृत मूल पाठ में तथा उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय दोनों के भोट अनुवाद में उपलब्ध है। परन्तु अधिकांश भोट पूजा-पुस्तकों एवं भोट टीकाओं में "**सर्वान् बुद्धान् अध्येषयामि याचयामि**" ऐसा पाठ मिलता है, जो संस्कृत मूल पाठ से भिन्न है तथा जिसका अर्थ है—"सभी बुद्धों से याचना करते हुए अध्येषणा करता हूँ।" आचार्य नागार्जुन एवं आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्रटीका में भी याचना एवं अध्येषणा दोनों का उल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की त्रिस्कन्धसूत्रटीका में ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। अधिकांश भोट टीकाओं में इन दोनों शब्द का उल्लेख ही नहीं, अपितु इस एक वाक्य को सप्ताङ्ग पूजा में से दो अङ्गों को एक साथ दिखाने के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जैसा पूर्व में कहा गया है कि त्रिस्कन्धसूत्रटीका में सप्ताङ्ग पूजा का संग्रह किया गया है, जिसमें एक साथ दो अङ्गों की गणना की गई है। वास्तव में संस्कृत मूल के अनुसार ऐसा उल्लेख सही नहीं लगता है। कुछ भोट विद्वानों ने यहाँ तक कहा है कि यहाँ अध्येषणा को प्रत्यक्ष रूप में प्रस्तुत कर परोक्ष रूप में याचना को कहा गया है।

पुनः संस्कृत मूल पाठ में "**भवतु मे ज्ञानमनुत्तरम्**" ऐसा वचन उपलब्ध है। इसके उपालिसूत्र और शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद कुछ भिन्न प्रतीत होते हैं। उपालिसूत्र के भोट अनुवाद में 'मेरा ज्ञान श्रेष्ठ अनुत्तर प्राप्त हो' तथा शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद के अनुसार 'मैं अनुत्तर ज्ञान को प्राप्त होऊँ'। वास्तव में संस्कृत मूल पाठ के अनुसार 'मुझे अनुत्तर ज्ञान प्राप्त हो' ऐसा होना चाहिए था, किन्तु भोट पूजा-पुस्तकों के अनुवाद में 'मुझे (इस परिणामना से) परम श्रेष्ठ अनुत्तर ज्ञान प्राप्त हो'—ऐसा उल्लेख है। इस प्रकार पूर्व भोट अनुवाद के अनुसार मेरे ज्ञान की अनुत्तरबोधि प्राप्ति के लिए परिणामना करता हूँ तथा पश्चात् शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद के अनुसार मैं स्वयं अनुत्तर ज्ञान की प्राप्ति के लिए परिणामना करता हूँ—ऐसा उल्लिखित है।

अन्त में "**ये चाभ्यतीतास्तथपि च**" इत्यादि एक गाथा के समाप्त हो जाने के पश्चात् शिक्षासमुच्चय में '**ये बोधिसत्त्वाः करुणाबलैरुपेताः**" इत्यादि एक और गाथा जोड़ी गई है, जो मूल उपालिसूत्र में उल्लिखित नहीं है। भोट पूजा-पुस्तकों में भी पूर्वोक्त '**ये चाभ्यतीतास्तथपि च**" इत्यादि एक गाथा समाप्त हो जाने के पश्चात् 'इदं त्रिस्कन्धसूत्रं समाप्तम्'—ऐसा उल्लेख स्पष्ट रूप से किया गया है।

मेरे मन में ऐसा विचार आता है कि जो कोई व्यक्ति जब इस त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ करता है, तो उसे पूर्वोक्त संस्कृत मूल पाठ, उपालिसूत्र अथवा शिक्षासमुच्चय का भोट अनुवाद अथवा पूजा-पुस्तकों में से जिसके प्रति अधिक श्रद्धा हो अथवा चित्त में सरलतापूर्वक स्थापित कर सकता हो, उसी का पाठ करना चाहिए। उसी से अधिक पुण्य संचित किया जा सकता है और पाप-विशुद्धि भी की जा सकती है।

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र की पाठसंचय विधि के विभिन्न मत

भोट देश में उपालिपरिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत गृहीत त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ करते समय उसके सन्दर्भ में भिन्न-भिन्न मत हैं। भोटदेश के कुछ विद्वानों का विचार है कि इस सूत्र के पाठ का संकलन करते समय प्रारम्भ के शरणगमन से लेकर सूत्र के अन्त तक पाठ करके संचय किया जाता है। कुछ विद्वान् '**तथागत शाक्यमुनि**' से लेकर अन्तिम तथागत '**शैलेन्द्रराज**' पर्यन्त पाठ करके इन ३५ बुद्धों का ही नाम बारम्बार पाठ करके संचय करते हैं। कुछ अन्य विद्वानों का कहना है कि जैसे तथागत शाक्यमुनि के ही नाम का २५ बार पाठ करके तत्पश्चात् शेष वज्रगर्भप्रमर्दिन् आदि ३४ बुद्धों के नाम का भी २५-२५ बार उच्चारण करके संचय करना चाहिए। इस प्रकार पूर्वोक्त तीन मतों में से अन्तिम दो मत अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि इस प्रकार संचय करने से इन बुद्धों के नाम का स्मरण करते समय आलम्बन में चित्त को सरलता से सम्यक् रूप से स्थापित किया जा सकता है तथा प्रत्येक की अनुशंसा का चित्त में अवलोकन किया जा सकता है। यही इसका विशिष्ट प्रयोजन है। ऐसा परम पावन १४वें दलाई लामा के गुरु स्वर्गीय क्यब् जे ठिछंग रिनपोछे ने अपने '**लमरिम नमडोल लग् चङ्**[१]'

---

१. द्र०-पृ० १७५, मोनघोट स्थित गदेन शरचे प्रकाशन, १९८४ ।

नामक ग्रन्थ में कहा है। इस प्रकार बाद वाले दोनों मतों की पाठविधि के पश्चात् 'एवंप्रमुखा यावन्तः' से सूत्र के अन्त तक एक बार पाठ करके समाप्त करना चाहिए।

इस प्रकार ३५ बुद्धों के नाम का संचय करने में भी '**तथागत**' शब्द को पूर्व में जोड़ने और न जोड़ने में मतभेद है। इन सभी ३५ बुद्धों के नाम के पहले '**तथागत**' शब्द को जोड़ करके सूत्र का पाठ करना चाहिए—ऐसा कुछ विद्वानों का विचार है तथा कुछ अन्य विद्वानों का कहना है कि समस्त ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में 'तथागत' शब्द न जोड़कर सूत्र में जैसा पठित है, उसी की भाँति पाठ करना चाहिए।

इन दोनों मतों में से प्रथम विचार के प्रारम्भक **आचार्य चोंखापा (सुमतिकीर्ति)** हैं। चोंखापा से पूर्ववर्ती या गेलुक सम्प्रदाय से अतिरिक्त विद्वानों का विचार है कि समस्त ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में 'तथागत' शब्द जोड़ना आवश्यक नहीं है। चोंखापा के अनुयायियों का कहना है कि जब आचार्य **चोंखापा** 'होल्खा' नामक पर्वत पर सप्त अङ्गों के द्वारा पुण्यों का संचय और पापों का क्षय कर रहे थे, उस समय '**आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र**' का सूत्र में उपलब्ध पाठ की भाँति पाठ करके वन्दना एवं साष्टांग प्रणाम कर रहे थे। तब उन्हें आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र में विद्यमान समस्त ३५ बुद्धों का यद्यपि साक्षात् दर्शन हुआ, किन्तु अधिकांश बुद्धों के शिरोभाग का दर्शन नहीं हुआ। उस समय आचार्य चोंखापा को यह विचार आया कि प्रशंसावाची '**तथागत**' शब्द न जोड़ने के कारण या सीधे नाम का उच्चारण करने के कारण यह दोष हुआ है। उन्होंने समस्त बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में '**तथागत**' शब्द जोड़कर पुनः पाठ किया, तब उस समय तथागत नागेन्द्रराज का सर्वप्रथम दर्शन हुआ और तत्पश्चात् क्रमशः समस्त ३४ बुद्धों का पूर्ण रूप से उनके काय, वर्ण और आयुधों के साथ साक्षात्कार हुआ—ऐसा चोंखापा जी के परम शिष्य 'सिद्ध जम्पल ग्याछो' (मञ्जुश्री-सागर) के वचन को महा सिद्ध ल्होडग नमखा ग्यल्छन् ने **आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र की टीका**[१] में उद्धृत किया है। यहीं से समस्त ३५ बुद्धों के नाम से पूर्व 'तथागत' शब्द जोड़ने की परम्परा प्रारम्भ हुई। अतः बाद में गेलुक सम्प्रदाय के अनुयायी लोग इसी पाठ का अनुसरण करते हैं।

---

१. तिब्बती ग्रन्थालय, धर्मशाला, ग्रन्थ सं० ४०६४, 'प' पुट्, पृ० ७६९ ।

गेलुक सम्प्रदाय के एक वरिष्ठ विद्वान् भिक्षु '**टशी पल्दन**' ने चोंखापा जी के **गुह्यवृत्तान्त**[१] में कहा है—"सप्त अङ्गों के पाठ की विधि का अनुसरण करते हुए ३५ बुद्धों का प्रत्यक्ष रूप से उनके काय, आकार एवं आयुध आदि के साथ यथावत् दर्शन करने वाले और निरन्तर दर्शन करने वाले धर्मराज (चोंखापा) जैसे परम गुरु के चरणों में, मैं शिरसा प्रणाम करता हूँ।

अन्य पाठ करने वालों का मानना है कि सूत्र का यथावत् (जैसा सूत्र है, वैसा) पाठ करना चाहिए। '**तथागत**' के वचनों में अपने शब्द युक्त करके पाठ भ्रष्ट करना उचित नहीं है, क्योंकि आचार्य नागार्जुन ने **त्रिस्कन्ध सूत्र टीका** में कहा है—"(अत:) अर्थत: (सबके साथ 'तथागत' का विद्यमान होना), जानना चाहिए। (और) मन से आलम्बन करना चाहिए। (शब्दश:) 'तथागत' शब्द जोड़ दें तो वचन-विरोध हो जाएगा। इसलिए पदों को संक्षिप्त कर देशना की गई है।" (नागार्जुन के) इस वचन को प्रमाण मानने से आचार्य चोंखापा जी का मत सूत्र-विरुद्ध माना जाता है। फिर भी, नागार्जुन के इस विचार की अन्य प्रकार से भी टीका की जा सकती है। जैसे **नागार्जुन**[२] ने कहा है—सभी ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में यद्यपि '**तथागत**' शब्द नहीं है, केवल चार बुद्धों के नाम से पूर्व '**तथागत**' शब्द हैं, फिर भी उसे "अर्थत: जान लेना चाहिए और मन से आलम्बन करना चाहिए"। यहाँ 'अर्थत: जानना चाहिए और मन से आलम्बन करना चाहिए' इससे यह संकेत मिलता है कि प्रकारान्तर से '**तथागत**' शब्द जोड़ना ही उनका तात्पर्य है। मन से आलम्बन का अर्थ है कि मन में '**तथागत**' शब्द सहित बुद्धों का नाम लेना है। अन्त में पदों को संक्षिप्त करके दी गई देशना से यह तात्पर्य निकलता है कि यहाँ पर समास किया हुआ है। इसे आधार बनाकर चोंखापा जी का विचार सूत्रविरोधी है—ऐसा कुछ विद्वानों का विचार अनुपयुक्त है।

श्री कर्मा-पा मिक्योद् दोर्जे[३] ने कहा है "नाममात्र का उच्चारण करने में कोई दोष नहीं है, क्योंकि जब मन्त्रों का जप किया जाता है, तब उस समय नाममात्र का उच्चारण किया जाता है"। अत: उनका विचार है कि आदरसूचक शब्द जो '**तथागत**' है, उसका योग करना कोई आवश्यक नहीं है। **लामा**

---

१. गेलुगपा पूजा पुस्तक, पृ० १४२, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ, गेलुग छात्र कमेटी प्रकाशन, १९९९ ।

२. देगे संस्करण, सं० ४००५, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुट्, पृ० १७९ क ३ ।

३. मेदोङ् चमपा रिनपोछे वचन संग्रह, भाग-१, पृ० ५४५ ।

तारानाथ ने **त्रिस्कन्धसूत्र** की **टीका**[१] में कहा है "इन (३५ बुद्धों) में से प्रथम तथागत शाक्यमुनि एवं अन्तिम तथागत शैलेन्द्रराज में विस्तृत आदरसूचक शब्द जोड़ा गया है। इसी प्रकार सभी तथागतों में समझना चाहिए (यह विस्तृत पाठ के बारे में है)। २४वें तथागत और २५वें तथागत में अल्प आदरसूचक शब्द जोड़ा गया है। उसी प्रकार आदि एवं अन्तिम बुद्धों तक समझना चाहिए (यह मध्यम पाठ के बारे में हैं)। अन्य ३१ बुद्धों में जो आदरसूचक शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, (वह लघु पाठ के बारे में है)—ऐसा समझना चाहिए। लेकिन प्रारम्भ के बुद्ध शाक्यमुनि में आदरसूचक शब्द लगाना अनिवार्य है"।

अतः विस्तृत पाठ के इच्छुक लोग प्रारम्भ के तथागत शाक्यमुनि से लेकर अन्तिम तथागत शैलेन्द्र राज तक में आदरसूचक शब्द '**तथागत**' को जोड़ सकते हैं। मध्यम पाठ करने के इच्छुक लोगों को प्रारम्भ तथा अन्तिम तथागत और २४वें, २५वें तथागत में आदरसूचकर '**तथागत**' शब्द को जोड़ना चाहिए तथा लघु पाठ करने के इच्छुक लोगों को प्रारम्भ के तथागत के अतिरिक्त अवशिष्ट ३४ तथागतों में आदरसूचक '**तथागत**' शब्द न जोड़कर पाठ करना चाहिए। ऐसा उन (तारानाथ) का विचार प्रतीत होता है। लेकिन तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् **मेद् दोङ् छम्पा रिनपोछे** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र-टीका**[२] में कहा है, यथा—"जिस व्यक्ति की जिस सम्प्रदाय के प्रति श्रद्धा है, उसी मत के अनुसार पाठ का अधिष्ठान करने से अधिक फलदायक होता है। अन्य विद्वान् '**सर्वज्ञ गुण**' का कहना है कि बिना पक्षपात के अपने ही मत को ग्रहण करें तो प्रसन्नता प्राप्त होगी।

इस प्रकार सभी विद्वानों के मतों को वास्तविक रूप में कारण सहित प्रस्तुत किया गया है, इसलिए विचार करना अपेक्षित है। अतः मैं कुछ मतों का स्पष्टीकरण करना चाहता हूँ। मन्त्र उच्चारण करते समय मात्र नाम का ही उच्चारण नहीं किया जाता है, क्योंकि उस मन्त्र के प्रारम्भ में '**ओं**' शब्द विद्यमान होने से वह आदरसूचक हो जाता है, अतः सम्पूर्ण रूप से गलत कहना उचित नहीं है। यदि सूत्रपक्ष के अनुसार कहें तो त्रिस्कन्धसूत्र में विद्यमान समस्त ३५ बुद्धों के नामों के प्रारम्भ में आदरसूचक '**तथागत**' शब्द लगाने से सूत्रविरोध,

---

१. वचन संग्रह, 'प' पुट्, पृ० २४२ ।
२. वचन संग्रह, भाग-१, पृ० ५४६ ।

असम्बद्ध, मिश्रित एवं अनुचित प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि जो शब्द प्रयुक्त किया जाता है, वह आदर या प्रशस्ति का शब्द होता है, वह आदर या प्रशस्ति का शब्द तो है ही, बल्कि उससे किसी (जे चोंखापा जी) को इन सभी ३५ बुद्धों का साक्षात्कार भी हुआ है। इसलिए इसे गलत कहना ठीक नहीं है। अपि च, जे चोंखापा जी के द्वारा इस परम्परा को लागू करने के पूर्व आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने '**शतसहस्रबुद्धनाम**' नामक एक ग्रन्थ की रचना की है, उस ग्रन्थ में इन सभी ३५ बुद्धों का नाम क्रमशः विद्यमान है। उसमें इन ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में आदरसूचक शब्द '**तथागत**' प्रयुक्त किया गया है। अन्य '**पञ्चसहस्रचतुःशत-त्रिपञ्चाशत्कबुद्धनामसूत्र**' और '**आर्यकुसुमसञ्चयमहायानसूत्र**' में इन ३५ बुद्धों में से अधिकांश का नाम उल्लिखित है, उसमें भी आदरसूचक '**तथागत**' शब्द प्रयुक्त किया हुआ उपलब्ध होता है।

अपि च, '**तथागत**' शब्द प्रयुक्त करने से कोई दोष भी नहीं होगा, अपितु अपरिमित पुण्यसंचय एवं विशिष्ट प्रयोजन सिद्ध होगा, क्योंकि जब तथागत शाक्यमुनि पहली बार धर्मचक्र प्रवर्तन के लिए ऋषिपतन मृगदाव (वाराणसी) पहुँचे तब कौण्डिन्य आदि पाँच शिष्यों ने तथागत शाक्यमुनि के लिए 'आयुष्मान्' शब्द का प्रयोग किया। तब तथागत बुद्ध ने उनसे तथागत बुद्ध के लिए '**आयुष्मान्**' शब्द के प्रयोग का निषेध किया—ऐसा **ललितविस्तरसूत्र**[१] में कहा गया है, यथा—

"मा यूयं भिक्षवस्तथागतमायुष्मद्वादेन समुदाचरिष्ट। मा वो भूद् दीर्घरात्रमर्थाय हिताय सुखाय। अमृतं मया भिक्षवः साक्षात्कृतोऽमृतगामी च मार्गः। बुद्धोऽहमस्मि, भिक्षवः सर्वज्ञः सर्वदर्शी शीतीभूतोऽनास्रवः, वशी सर्वधर्मेषु।"

[भिक्षुओं, तुम **तथागत** के लिए 'आयुष्मान्' शब्द का व्यवहार मत करो, ऐसा करना तुम्हारे लिए बहुत दिनों तक लाभ, हित और सुख के लिए नहीं होगा। मैंने अमृत (निर्वाण) का साक्षात्कार किया है और अमृतगामी मार्ग का भी साक्षात्कार किया है। हे भिक्षुओं, मैं बुद्ध, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी शीतीभूत और अनास्रव हो गया हूँ तथा मुझे सभी धर्मों पर वशिता प्राप्त हो गई है।]

---

१. द्र०-ललितविस्तरसूत्र, पृ० २९८, मिथिला संस्करण १९५८ ।

जो इस प्रकार है—बुद्ध के नामों से पूर्व 'तथागत' शब्द जोड़ने का एक अन्य प्रयोजन भी है। यदि पहले 'तथागत' शब्द न जोड़ा जाएगा तो कुछ नाम ऐसे हैं, जो तैर्थिक (बौद्धेतर) देवों के नाम से तुल्य है, जैसे—नारायण, ब्रह्मा, वरुण, वरुणदेव आदि। ऐसी स्थिति में तैर्थिक देवों का भ्रम हो सकता है। उस भ्रम के निवारणार्थ उस नाम से पूर्व 'तथागत' शब्द (विशेषण) जोड़ना आवश्यक है। फलतः भ्रम की गुंजाइश नहीं रहेगी।

अपि च, आजकल इस जगत् में क्लेश एवं ज्ञेय आवरणों से बद्ध जन भी छोटे पद या अल्प ज्ञान अथवा अल्प गुण का अधिगम होने पर अपने नाम के साथ आदर या प्रशस्तिसूचक शब्द महामहिम, जगद्गुरु, महात्मा, श्री श्री १०८, प्रोफेसर, डॉक्टर, गेशे या रिनपोछे आदि जोड़ते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। अतः वस्तुतः समस्त दोषों के क्षय एवं समस्त गुणों से युक्त बुद्धों के नाम के साथ आदरसूचक शब्द या प्रशस्तिवाचक शब्द **'तथागत'** जोड़ने में मुझे कोई दोष प्रतीत नहीं होता।

'लमरिम नमडोल लगचङ्[१]**'** (सुलभ विमुक्तिमार्गक्रम) में कहा है—"**आपत्तिदेशनात्रिस्कन्धसूत्र** में अधिकांश बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में **'तथागत'** शब्द जोड़ा हुआ उपलब्ध नहीं होता, फिर भी बिना आदरसूचक शब्द का प्रयोग किये नाममात्र का उच्चारण करना उचित नहीं है। अतः चोंखापा जी के द्वारा स्थापित परम्परा के अनुसार समस्त ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में आदरसूचक शब्द **'तथागत'** का प्रयोग करना चाहिए"। अर्थात् आदरसूचक शब्द का प्रयोग करना उचित माना गया है।

परन्तु आचार्य नागार्जुन के द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका तथा कतिपय भोट टीकाओं में आदरसूचक तथागत शब्द को समस्त ३५ बुद्धों के नाम के साथ प्रयुक्त करने में अनौचित्य एवं स्ववचनविरोध आदि आक्षेपों को ध्यान में रखते हुए संस्कृत-मूल में प्राप्त पाठ को ही हमने यथावत् स्वीकार किया गया है।

३५ बुद्धों के नाम के अर्थ में एक समीक्षा

बोध्यापत्तिदेशनात्रिस्कन्धसूत्र में ३५ असाधारण बुद्धों के अपने-अपने पृथक् नाम हैं। इन सभी बुद्धों के नामों के पृथक्-पृथक् अर्थ हैं। इस विषय में अलग-अलग विद्वानों ने अपने-अपने विचारों के अनुसार नाम के अर्थों की टीका

---

१. पृ० १७६, गदेन शरत्चे प्रकाशन, १९९४ ।

की है। जैसे—'**नमः (भगवते) शाक्यमुनये तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**' एक ही बुद्ध के नाम के अर्थ के विषय में ही आचार्य नागार्जुन ने **त्रिस्कन्धसूत्र टीका**[१] में कहा है, यथा—

"**तथागत का तात्पर्य** 'तथतावान्' तथतावाला है। अधिगम तथा तथता में लीन होने से, पुनः-पुनः आगमन करने से (उन्हें तथागत कहा जाता है)। इसीलिए यह सभी (आर्यपुद्गलों एवं देवों) से विशिष्ट है। '**अर्हत्**' का (तात्पर्य) क्लेश एवं ज्ञेय आवरण रूपी शत्रुओं का हनन करने वाले से है। इसके द्वारा बोधिसत्त्वों से (बुद्ध की) विशेषता दिखलाई गई है। '**सम्यक्**' का तात्पर्य अविपरीत है। इसके द्वारा संसार एवं हीनयान से (विशिष्टता दिखलाई गई) है। '**संबुद्ध**' में 'सम्' का तात्पर्य दो सम्भारों (ज्ञानसम्भार एवं पुण्यसम्भार) से तथा दो सम्पत्तियों (स्वसम्पत्ति एवं परार्थ सम्पत्ति) से सम्पन्न दो कायों से है। '**बुद्ध**' तो प्रहाण सम्पद् और ज्ञान (अधिगम) सम्पद् इन दो सम्पदाओं से सम्पन्न है। इन दोनों के द्वारा (बुद्ध को) संसार एवं निर्वाण (में स्थित) सभी पुद्गलों से विशिष्ट दिखाया गया है। इसका लक्षण '**शाक्यमुनि**' है। (अर्थतः) उनका ज्ञान, सामर्थ्य एवं गुण ही हैं। यहाँ (शाक्य के) '**शा**' का (तात्पर्य) ज्ञान से है (अर्थात्) अशेष ज्ञान। '**क्य**' का तात्पर्य अवबोध (अधिगम) से है। '**मुनि**' का (तात्पर्य) अद्वय से युक्त होना है। (अर्थतः) मुनि या सामर्थ्य का (तात्पर्य) शाक्यराजवंशीय होने से उसका अर्थ जन्मों और दोषों को जीतनेवाला होता है। (यह उसका) कारित्र है। गुण (की दृष्टि से) '**शाक्य**' का तात्पर्य अतिविशिष्ट है। काय, वाक् एवं चित्त के असाधारण संवरण के कारण ही ये '**मुनि**' हैं।"

इसी प्रकार **आचार्य जितारि** ने '**त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[२]' में कहा है, यथा—"**नमो भगवते शाक्यमुनये तथागतायार्हते सम्यक्संबुद्धाय**' का तात्पर्य बलसहित समस्त मारों का महासंग्राम में विनाश करने वाला होने से वे '**भगवान्**' हैं। '**तथागत**' का तात्पर्य अविपर्यस्त यथावत् देशना देनेवाले से है। '**अर्हत्**' का तात्पर्य समस्त मनोरथों को प्राप्त करने वाले से है तथा अनुत्तर पुण्यक्षेत्र और पूजा के योग्य होने से है। सभी धर्मों के परमार्थ रूप के यथावत् ज्ञाता होने से '**सम्यक्संबुद्ध**' है—ऐसा कहा गया है। 'शाक्यमुनि' से तात्पर्य समस्त क्लेशों के

---

१. देगे संस्करण, सं० ४००५, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुद्, पृ० १८० ख ३ ।
२. देगे संस्करण, सं० ४००६, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुद्, पृ० १८८ क ५ ।

अशेष प्रहाण को प्राप्त, आदेयवचन, सम्पन्न कुल और सम्पन्न ऐश्वर्य वाले होने से है।''

इसी प्रकार **आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[१] में कहा है—''यहाँ सभी धर्मों की तथता का अधिगम अथवा उस (तथता) का अध्यवसाय '**तथागत**' है। '**अर**' का तात्पर्य अरि (शत्रु) या अर (पहिये के नीचे का भाग=अंश) है, उनको जो मारता या दबाता है, वह '**हत्**' है। वासनासहित क्लशों का पुनः उत्पाद न होने देने के लिए प्रहाण करनेवाला होने से अथवा प्रतीत्यसमुत्पाद (के ज्ञान) के द्वारा (क्लेशरूपी) शत्रुओं का नाश करने से '**अर्हत्**' कहलाता है। अथवा तीनों धातुओं में पूजा के योग्य होने के कारण '**अर्ह**' का अर्थ योग्य है। सभी धर्मों को सर्वथा सम्यक् रूप से और समरूप से जाननेवाला होने से '**सम्यक्संबुद्ध**' कहा जाता है। इसके द्वारा प्रहाण और गुण (अधिगम) ये दो महत्त्व कहे गये हैं। (इसी तरह) अन्य गुणों को जानना चाहिए। शाक्यकुल में उत्पन्न होने के कारण (वे) '**शाक्यमुनि**' इस प्रकार कहे गये हैं।''

इस प्रकार तीनों भारतीय आचार्यों की टीकाओं में ३५ बुद्धों में से सर्वप्रथम शाक्यमुनि के नाम का अर्थ एकसमान नहीं है। वास्तव में वे सभी गुण बुद्ध में विद्यमान हैं, इसलिए उनके द्वारा प्रतिपादित शब्दार्थ गलत भी नहीं हैं। इसी प्रकार शेष तथागतों के नाम के अर्थ में भी समानता नहीं है, फिर भी (सभी गुणों की विद्यमानता होने से) शब्दार्थ गलत नहीं हैं।

भोट-टीकाओं में भी नाम के अर्थ की समानता नहीं है, जैसे—भोटदेशीय वरिष्ठ विद्वान् '**खेडुब सङ्गे येशे**' ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[२] में '**भगवान् शाक्यमुनि तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध**' के सन्दर्भ में कहा है—''भगवान् तो चार मारों के विनाशक तथा चार काय एवं पाँच ज्ञानों से युक्त हैं अथवा भव (संसार) एवं परिनिर्वाण से अतीत हैं—इसलिए उन्हें '**भगवान्**' कहा गया है। सभी धर्मों की तथता और सभी धर्मों को यथावत् प्रत्यक्षतया जानने के कारण उन्हें '**तथागत**' कहा गया है। '**अर्हत्**' क्लेशरूपी अरों का विनाश करने के कारण वे '**अर्हत्**' कहे गये हैं। समस्त गुणों से सम्यक् रूप से यथावत् सम्पन्न होने से वे '**सम्यक्सम्बुद्ध**' हैं। क्लेशावरण रूपी नींद से जागृत होने से तथा समस्त ज्ञेयों में बुद्धि का विकास होने से वे '**बुद्ध**' कहलाते हैं। बुद्ध को '**जिन**' भी कहा जाता

---

१. देगे संस्करण, सं० ४००७, शास्त्र, सूत्र टीका वर्ग, 'जि' पुट, पृ० १९४ ख ६ ।
२. लोसङ्‌गोडगेन, भाग-७, पृ० ८३, लोलिङ्‌ग्रन्थालय प्रकाशन, १९९६ ।

है। अभ्युदय एवं निःश्रेयस से सम्पन्न होने के कारण उनके नाम के आगे '**श्री**' शब्द का योग किया गया है। समस्त प्रहेय विपक्षों पर विजय प्राप्त करने के कारण उन्हें '**जिन**' कहा जाता है। शाक्य कुल में जन्म लेने के कारण '**शाक्य**' तथा शत्रुरूपी क्लेशों के दमन में क्षमता होने के कारण वे '**शाक्यमुनि**' कहलाते हैं। अथवा बिना बाधा या रुकावट के निरन्तर उपदेश देने की उनमें क्षमता है, इसलिए वे '**मुनि**' कहे जाते हैं।''

इसी तरह **लामा तारानाथ** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र टीका**[१] में कहा है—तथता का अभ्रान्ततया अवलोकन करने के कारण वे '**तथागत**' हैं। चारों मारों का दमन करने के कारण वे '**अर्हत्**' हैं। समस्त धर्मों में अन्धकाररूपी अविद्या का नाश कर उन्हें (धर्मों को) प्रकाशित करने के कारण वे '**सम्यक्सम्बुद्ध**' हैं। क्षमता एवं आत्मबल से युक्त होने के कारण वे '**शाक्य**' हैं। दो (क्लेश और ज्ञेय) आवरण रूपी अर को वासना के साथ नाश करने में समर्थ होने के कारण वे '**मुनि**' कहलाते हैं।

इस प्रकार भोट टीकाओं में भी एक ही बुद्ध के नाम के अर्थ में भिन्नता दिखलाई पड़ती है। अतः ३५ बुद्धों में से प्रत्येक के नाम के अर्थ पर विचारपूर्वक शोध करना आवश्यक प्रतीत होता है। परन्तु मेरे जैसे अल्पबुद्धि एवं मन्दप्रज्ञ द्वारा शोध करके किसी निष्कर्ष को प्रस्तुत करना अत्यन्त दुःसाध्य है। दूसरी बात यह भी है कि मुझ जैसे व्यक्ति द्वारा, जिसे कोई अधिगम नहीं हुआ है, उसके द्वारा बुद्ध जैसे पद के गुणों के बारे में कुछ कहना नितान्त अशक्य है। तीसरे, भूमिका के अत्यधिक विस्तृत हो जाने के भय से इतना कहकर ही विराम किया जा रहा है।

३५ बुद्धों के कायवर्ण, आयुध तथा क्षेत्र में एक समीक्षा

भारतीय आचार्यों की त्रिस्कन्धसूत्र की टीकाओं में से **आचार्य नागार्जुनकृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका** के अतिरिक्त किसी भी भारतीय आचार्य की टीकाओं में ३५ बुद्धों के काय के वर्ण, आयुध एवं क्षेत्र के सन्दर्भ में कोई भी विवरण उपलब्ध नहीं होता। भोट टीकाओं में ३५ बुद्धों के काय के वर्ण, आयुध एवं क्षेत्र के विषय में **आचार्य नागार्जुन** का अनुसरण करने वाले, उनके साक्षात् द्रष्टा **आचार्य चोंखापा** का अनुसरण करने वाले तथा **साक्य पण्डित कुनगा**

१. वचन संग्रह, 'प' पुट्, पृ० २३९ ।

ग्यलछन का अनुसरण करने वाले तीन भिन्न मत हैं। आचार्य नागार्जुन की त्रिस्कन्धसूत्रटीका का अनुसरण करनेवाले भोट विद्वानों में से '**मेद् दोङ् छम्पा रिनपोछे**', **डो छु धर्मभद्र** एवं **डिगोन तेनजिन** आदि हैं, जिन्होंने त्रिस्कन्धसूत्र की टीकाएं की हैं। आचार्य चोंखापा का अनुसरण करनेवाले भोट विद्वानों में **जे गोङ् थाङ् तेनपई डोलमा, जमगोन् ल्होतेर वङ्पो, थुहुकेन छोस् क्यि ञिमा, ल्होडक् नमखा ग्यलछेन, उर्गा केदोर खेनपो, नवङ् लोसंग् खेडुब्** तथा **सेरजे ल्होपा डगदेन** आदि हैं, जिनके द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीकाएं उनका समर्थन करती हैं। साक्य पण्डित का अनुसरण करनेवाले साक्य लोतेर वङ्पो आदि अनेक साक्य सम्प्रदायानुयायी विद्वान् हैं, जो साक्य पण्डित के मत का अनुसरण करते हैं।

आचार्य नागार्जुन के अनुसार ३५ बुद्धों के क्षेत्र तथा दिशा

आचार्य नागार्जुन की **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** के अनुसार १० दिशाएं हैं। यथा—चार दिशा, चार अनुदिशा, ऊर्ध्व एवं अधः दो दिशा—इस प्रकार १० दिशाएं होती हैं। आचार्य चोंखापा की **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में दिशा के सन्दर्भ में ऐसा कोई उल्लेख नहीं है, किन्तु **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में ३५ बुद्धों में से लगभग १५ बुद्धों के नाम प्राप्त होते हैं। उसमें विद्यमान अधिकांश दिशाएं तथा क्षेत्र आदि आचार्य नागार्जुन की टीका से भिन्न हैं। आचार्य चोंखापा की **त्रिस्कन्धसूत्र टीका** में यद्यपि दिशाओं का उल्लेख नहीं है, फिर भी तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् ल्होडक् नमखा ग्यलछेन ने आचार्य चोंखापा जी का अनुसरण करते हुए भी दिशाओं का निर्देश किया है। किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका से दिशाओं एवं क्षेत्रों को यथावत् उद्धृत किया है।

आचार्य नागार्जुन के अनुसार ३५ बुद्धों की मुद्राएं एवं आयुध

मुद्राएं—आचार्य नागार्जुन रचित **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में मात्र तीन प्रकार की मुद्राएं प्राप्त होती हैं, जो इस प्रकार हैं, यथा—धर्मचक्रप्रवर्तनमुद्रा, भूमिस्पर्श-मुद्रा तथा अभयमुद्रा।

आयुध—आचार्य नागार्जुन की **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में मुद्राएं एवं आयुध दोनों से संयुक्त २५ प्रकार हैं, जो इस प्रकार है, यथा—१. वज्र, २. सूर्य, ३. नागलता, ४. नीलसर्प, ५. पोथी, ६. खड्ग, ७. रत्न, ८. अग्निमण्डल, ९. चन्द्र, १०. बुद्ध के दो चक्षु, ११. दर्पण, १२. श्रीफलवृक्ष, १३. मण्डल, १४. कल्पद्रुम, १५. चन्दन, १६. श्वेत प्रभामण्डल, १७. अशोकवृक्ष, १८. मेरुपर्वत, १९. पीतकुसुम,

२०. श्वेत पद्म, २१. उष्णीषबन्ध, २२. केतु, २३. ध्वज, २४. कवच तथा २५. रत्नवृक्ष।

साक्य पण्डित के अनुसार ३५ बुद्धों की मुद्रा एवं वर्ण

भोट देश के वरिष्ठ विद्वान् साक्य पण्डित कुंगा ग्यलछन् का मानना है कि ये सभी ३५ बुद्ध निर्माणकायधारी तथा पाँच वर्णों एवं पाँच मुद्राओं वाले हैं। ३५ बुद्धों में से प्रथम बुद्ध श्वेत वर्ण एवं धर्मचक्रप्रवर्तन मुद्रा वाले हैं। दूसरे बुद्ध नीलवर्ण एवं भूमिस्पर्श मुद्रा वाले हैं। तीसरे बुद्ध पीतवर्ण एवं वरद मुद्रा वाले हैं। चतुर्थ बुद्ध रक्तवर्ण तथा ध्यानमुद्रा वाले हैं। पञ्चम बुद्ध हरितवर्ण एवं अभयदानमुद्रा वाले हैं। ये सभी बुद्ध एक ही दिशा में विराजमान न होकर मिश्रित दिशाओं में विराजमान हैं। उनमें भी श्वेत वर्ण वाले बुद्ध के समक्ष क्रमशः नील, पीत, रक्त एवं हरितवर्ण के बुद्ध विराजमान हैं, इस रूप में भावना करें तो मन में स्पष्ट अवलोकन आदि की अनेक विशेषताएँ होती हैं—ऐसा साक्यपण्डित जी ने अपने '**त्रिस्कन्धसूत्रपाठोपाय**[१]' नामक ग्रन्थ में उल्लेख किया है। अतः उनका विचार है कि उन सभी ३५ बुद्धों की मुद्रा एवं वर्ण पञ्चतथागतकुल के स्वरूप की भाँति होना चाहिए। वे ३५ बुद्धों में आयुध धारण कदापि स्वीकार नहीं करते हैं। साथ ही, अनेक मुद्राएँ भी स्वीकार नहीं करते।

आर्यकुसुमसंचयसूत्र में वर्णमुद्राओं और आयुध के सन्दर्भ में कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

जे चोङ्खापा के परम्परा के अनुसार ३५ बुद्धों के कायवर्ण, मुद्राएं एवं आयुध

आचार्य चोंखापा के द्वारा स्थापित परम्परा के अनुयायियों द्वारा विरचित **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में उल्लिखित ३५ बुद्धों के कायवर्णों तथा आचार्य नागार्जुन की त्रिस्कन्धसूत्रटीका में वर्णित कायवर्णों की परस्पर तुलना करने पर ३५ बुद्धों में ११ के कायवर्ण समानरूप से उपलब्ध होते हैं। ७ बुद्धों के कायवर्णों में अल्प समानता है तथा शेष १७ बुद्धों के कायवर्ण बिलकुल भिन्न हैं। समान कायवर्ण वाले ११ बुद्ध इस प्रकार हैं—१. प्रथम तथागत शाक्यमुनि, २. चतुर्थ नागेश्वरराज, ३. पञ्चम वीरसेन, ४. सप्तम रत्नाग्नि, ५. अष्टम रत्नचन्द्रप्रभ, ६. नवम

---

१. गङ्चन रिगजोद्, भाग-२५, पृ० ५२५, तिब्बत से प्रकाशित, १९९२ ।

अमोघदर्शिन्, ७. सोलहवें वरुणदेव, ८. १९वें अन्तन्तौजस्, ९. २३वें कुसुमश्री, १०. २५वें तथागत पद्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ, ११. २७वें स्मृतिश्री।

अल्प समानता वाले ७ बुद्ध इस प्रकार हैं—१. षष्ठ वीरनन्दी, २. दशवें रत्नचन्द्र, ३. ग्यारहवें विमल, ४. तेरहवें ब्रह्मा, ५. चौदहवें ब्रह्मदत्त, ६. अठारहवें चन्दनश्री, ७. ३४वें रत्नपद्मविक्रामी।

सर्वथा भिन्न कायवर्णवाले १७ बुद्ध इस प्रकार हैं—१. द्वितीय वज्रगर्भ-प्रमर्दिन्, २. तृतीय रत्नार्चिष्, ३. ३०वें सुविक्रान्तश्री, ४. १२वें शूरदत्त, ५. १५वें वरुण, ६. १७वें भद्रश्री, ७. २०वें प्रभासश्री, ८. २१वें अशोकश्री, ९. २२वें नारायण, १०. २४वें ब्रह्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ, ११. २६वें धनश्री, १२. २८वें सुपरिकीर्तितनामधेयश्री, १३. २९वें इन्द्रकेतुध्वजराज, १४. ३१वें विजितसंग्राम, १५. ३२वें विक्रान्तगामी १६. ३३वें समन्तावभासव्यूहश्री तथा १७. ३५वें तथागत-रत्नपद्मसुप्रतिष्ठित शैलेन्द्रराज।

आचार्य चोंखापा के द्वारा स्थापित परम्परा के अनुयायियों द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका के अनुसार मुद्राएं ८ प्रकार की हैं। यथा—१. दाहिने हाथ से भूमिस्पर्श तथा वाम हस्त समाहित, २. दोनों हाथ से धर्मचक्रप्रवर्तन, ३. दोनों हाथ समाहित, ४. वाम हाथ से धर्मचक्रप्रवर्तन तथा दक्षिण हस्त शरणदाता ५. वाम हस्त समाहित एवं दक्षिण हस्त पूजाकर्ता, ६. उत्तम बोधिमुद्रा, ७. दक्षिण हस्त से धर्मचक्रप्रवर्तन तथा वामहस्त समाहित तथा ८. दक्षिण हस्त से भूमिस्पर्श और वाम हस्त से धर्मचक्रप्रवर्तन।

चोंखापा जी के परम्परानुसार आयुध इस प्रकार हैं, यथा—१. पिण्डपात्र, २. ध्वज, ३. कवच, ४. खड्ग एवं ५. मेरु पर्वत।

आर्यकुसुमसंचयसूत्र में प्राप्त ३५ बुद्धों में से कुछ बुद्धों के नाम का विवरण

'आर्यकुसुमसंचयसूत्र' नामक सूत्र अनेक बुद्धों के नाम, क्षेत्र तथा नामपाठ की अनुशंसा करनेवाला सूत्र है। इस सूत्र में त्रिस्कन्धसूत्र में पठित बुद्धों में से कुछ बुद्धों का नाम प्राप्त होता है, जो इस प्रकार है, यथा—तथागत वज्रगर्भ, तथागत रत्नप्रभ, तथागत नागेश्वरराज, तथागत वीरसेन, तथागत रत्नाग्नि, तथागत रत्नचन्द्रप्रभ, तथागत रत्नचन्द्र, तथागत विमलश्री, तथागत ब्रह्मा, तथागत

अशोकश्री, तथागत इन्द्रकेतुध्वजराज तथा तथागत सुविक्रान्तश्री। इसके अतिरिक्त आंशिक रूप से सात और बुद्धों के नाम उपलब्ध होते हैं।

३५ बुद्धों के नाम-पाठ की अनुशंसा

आचार्य नागार्जुन के द्वारा विरचित **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में ३५ बुद्धों के नाम के पाठ की अनुशंसा में कुछ भी वर्णन उपलब्ध नहीं होता, परन्तु आचार्य चोंखापा जी द्वारा स्थापित परम्परा के अनुयायियों द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्र-टीकाओं में ३५ बुद्धों के नाम के पाठ की अनुशंसा प्राप्त होती है। यह अनुशंसा चोंखापा जी के परम शिष्य **ग्यल्-छब् जे** द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका में उपलब्ध है। भोट देश के वरिष्ठ विद्वान् **गुङ् थङ् तेनपई डोनमे** द्वारा विरचित **त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[१] में कहा गया है कि उपर्युक्त **ग्यल्-छब् जे** की त्रिस्कन्धसूत्र-टीका में उपलब्ध अनुशंसा आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान द्वारा रचित अनुशंसा है, किन्तु हमारा कहना है कि ३५ बुद्धों के नाम के पाठ की अनुशंसा **आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान** द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका में उपलब्ध नहीं है। यद्यपि मैंने **आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान** द्वारा रचित अनेक ग्रन्थों का अवलोकन कर इसे प्राप्त करने का प्रयास किया, किन्तु अभी तक प्राप्त नहीं हो सका। ग्यलछब् जे के द्वारा ३५ बुद्धों के नाम के पाठ की अनुशंसा का जो उल्लेख किया गया है, उसका विवरण आगे एक पृथक् परिशिष्ट में दिया गया है। इसी प्रकार **आर्यकुसुमसंचय-सूत्र** में भी अनेक बुद्धों के नाम तथा उनके पाठ की अनुशंसा उपलब्ध होती है। **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में त्रिस्कन्धसूत्र के ३५ बुद्धों में से लगभग १५ बुद्धों के नाम की अनुशंसा प्राप्त होती है। किन्तु जब हम आचार्य चोंखापा के परम शिष्य ग्यल्-छब्-जे के द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका तथा **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में उपलब्ध अनुशंसाओं का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं तो उन अनुशंसाओं में समानता नहीं पाते हैं।

आर्य उपालिपरिपृच्छासूत्र में जो अनुशंसा प्राप्त होती है, वह समस्त सूत्र के पाठ करने की अनुशंसा है। इस सूत्र में कहा गया है—**बुद्धानां भगवतां नामधेयधारणपरिवर्तनेन रात्रिंदिवं त्रिस्कन्धकधर्मपर्याय प्रवर्तनेनापत्तिकौ-कृत्यान्तिः सरति समाधिं च प्रतिलभते**[२]। अर्थात् ''इन ३५ बुद्धों का नामग्रहण

---

१. वचन संग्रह 'च' पुट्, पृ० २ ख ६ ।
२. द्र०-उपालिपरिपृच्छासूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९५, दरभंगा संस्करण, १९६० ।

करते हुए पाठ करने तथा त्रिस्कन्धसूत्र का दिन और रात में तीन-तीन बार पाठ करने से समस्त आपत्तियों का विनाश होगा और समाधि प्राप्ति होगी।"

३५ बुद्धों की भावना के विभिन्न मत

विभिन्न शास्त्रों में ३५ बुद्धों की भिन्न-भिन्न प्रकार की भावना प्राप्त होती है। **आचार्य नागार्जुन** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में कहा है—"उनमें (क्रमशः) भविष्य में (भावना) करने वालों को उन सभी ३५ बुद्धों को अपने सम्मुख रत्न सिंह, पद्म और चन्द्र (मण्डल) के आसन पर प्रव्रजित निर्माणकाय, जिनके लक्षण एवं अनुव्यञ्जन जिनकी प्रभा से युक्त है तथा जिनके कायवर्ण, क्षेत्र, दिशा, दिशान्तर, चीवर आदि (वस्त्र), आयुध (धारण कर) वज्रपर्यंक मुद्रा में स्थित हैं, उन बुद्धों को अनेक पर्षदों के साथ आगे आने वाले बुद्धों के क्रम के अनुसार समय भावना करते समय मध्यभाग से प्रारम्भ कर क्रमशः दशों दिशाओं में विराजमान (बुद्धों) को आलम्बन करना चाहिए तथा (उनको लक्ष्य कर नमस्कार करना चाहिए)। (वह भी, कल्पना में) अनेक कायों का निर्माण कर वचन एवं चित्त की अधिमुक्ति के द्वारा उनके चरणों में नमस्कार करना चाहिए।" यह विचार आचार्य नागार्जुन ने विशेषकर तीक्ष्ण बुद्धि वालों की भावना के लिए कहा है। मन्दबुद्धि वालों के लिए आचार्य ने आगे कहा है—"अथवा मन्दबुद्धि (जो उपर्युक्त आलम्बनों की भावना नहीं कर सकते, वे) लोग सभी बुद्धों को एकमुखी, दोनों हाथ धर्मदेशना मुद्रा में विराजमान हों या पिण्डपात के लिए चारिका कर रहे हों या भूमिस्पर्श आदि मुद्रा में स्थित हों—ऐसी भावना करें और (सभी बुद्धों को) श्वेत वर्ण आदि यथारुचि समान वर्ण में भावना करके नमस्कार करना चाहिए।"

इस प्रकार ३५ बुद्धों की भावना के लिए तीक्ष्ण एवं मन्दबुद्धि वाले दोनों के लिए भिन्न-भिन्न भावना के उपाय का उल्लेख किया गया है। परन्तु आचार्य जितारि एवं दीपंकरश्रीज्ञान ने अपनी त्रिस्कन्धसूत्रटीका में इस प्रकार की भावना करने के सन्दर्भ में विचार व्यक्त नहीं किये हैं।

तिब्बत के वरिष्ठ महाविद्वान् **आचार्य चोंखापा** के अनुसार उन सभी ३५ बुद्धों की भावना करते समय समस्त ३५ बुद्धों के नाम के प्रारम्भ में आदरसूचक 'तथागत' शब्द जोड़ते हुए आठ प्रकार की मुद्राएं और पाँच प्रकार के आयुध के

साथ पाँच प्रकार के वर्ण वाले बुद्धों की भावना करनी चाहिए, जिनके विस्तृत विवरण के लिए पूर्वोक्त पृष्ठ संख्या.......का अवलोकन करें।

आचार्य चोंखापा जी की परम्परा को मानते हुए कुछ अन्य तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् जैसे चौदहवें दलाई लामा के गुरु **क्यब् जे ठिछङ् रिनपोछे** जी का कहना है कि सभी ३५ बुद्धों की भावना करते समय आलम्बन में इसी प्रकार आयुध, वर्ण आदि की स्थापना करना चाहिए कि सभी ३५ बुद्ध गज पर प्रतिष्ठित हीरे-मोती आदि रत्नों से अलंकृत आसन पर विराजमान हैं तथा मध्य में गुरु के रूप में शाक्यमुनि बुद्ध तथा उनकी चित्त-प्रभा से प्रादुर्भूत ऊर्ध्व एवं अध: दिशा में १०-१० बुद्ध दक्षिण एवं वाम दिशा में ७-७ बुद्ध विराजमान हैं—इस प्रकार विराजमान बुद्धों की भावना करनी है। कायवर्ण एवं मुद्रा के सन्दर्भ में अनेक परस्पर विभिन्न मत प्राप्त होते हैं, किन्तु आसानी से भावना करने एवं आलम्बन में शीघ्र प्रवेश के लिए सात-सात कुल का पाँच वर्ग बनाना चाहिए। उनका वर्ण और मुद्रा भी पाँच तथागत कुल के समान होना चाहिए। जैसे पहले सात तथागत अक्षोभ्य बुद्ध के आकार की भाँति नीलवर्ण एवं भूमिस्पर्श मुद्रा वाले हैं। द्वितीय सात तथागत वैरोचन बुद्ध के आकार की भाँति श्वेत वर्ण तथा धर्मचक्रप्रवर्तन मुद्रा से युक्त हैं। तृतीय सात तथागत रत्नसम्भव बुद्ध के आकार की भाँति पीतवर्ण तथा वरद मुद्रा वाले हैं। चतुर्थ सात तथागत अमिताभबुद्ध के आकार की भाँति रक्तवर्ण तथा ध्यानमुद्रा से युक्त हैं। पंचम सात तथागत अमोघसिद्धि बुद्ध के आकार की भाँति हरित वर्ण एवं अभयमुद्रा से युक्त हैं।

इस प्रकार पाँच वर्ण एवं ५ मुद्राओं में लीन बुद्धों की भावना करनी चाहिए। परन्तु विशेष रूप से तथागत नागेश्वरराज के आकार की भावना करते समय मुखमण्डल को श्वेतवर्ण एवं शेषकाय की नीलवर्ण के रूप में भावना करनी चाहिए। मुष्टिबद्ध दोनों हाथ के साथ मध्य की दो अंगुलियों को खड़ी कर नागवशवर्ती की मुद्रा में भावना करनी चाहिए। यह विशेष मुद्रा है। इसकी पुण्यक्षेत्र मण्डल में से कुछ उभरे हुए रूप में भावना करना है।

चौथे तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् महापण्डित साक्य कुंगा ग्यलछन् का मानना है कि इन पैंतीस बुद्धों की साधारण पुद्गलों द्वारा सरलतया भावना करते समय पूर्व की भाँति मात्र पाँच वर्ण एवं पाँच मुद्राओं से युक्त की भावना करनी चाहिए। परन्तु पाँचों वर्ण एवं मुद्राएं मिश्रित होना चाहिए, जैसे—प्रथम बुद्ध

श्वेतवर्ण एवं धर्मचक्रमुद्रा से युक्त, द्वितीय नीलवर्ण एवं भूमिस्पर्श मुद्रा से युक्त, तृतीय पीतवर्ण एवं वरदमुद्रा से युक्त, चतुर्थ रक्तवर्ण एवं ध्यानमुद्रा से युक्त तथा पंचम हरितवर्ण एवं अभयमुद्रा से युक्त बुद्धों की भावना करनी चाहिए। इसी क्रम को पुनः सातों वर्गों में लागू करते हुए भावना करनी है। महापण्डित का कहना है कि निर्माणकाय भगवान् बुद्ध में अनेक प्रकार की मुद्राएं एवं आयुध कदापि नहीं होते, क्योंकि ऐसा साधनोपाय बुद्ध ने नहीं कहा है।

इस प्रकार भावना के विषय में चार प्रकार के मत अब तक प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त मत भी हो सकते हैं, किन्तु मुझे अब तक दृष्टिगत नहीं हुए हैं।

कुछ प्रमुख मुद्राओं का परिचय एवं अर्थ

सामान्यतया मुद्राओं के अनेक भेद एवं प्रभेद होते हैं, किन्तु सबको यहाँ प्रस्तुत करना सम्भव नहीं है। अतः कुछ प्रमुख मुद्राओं का परिचय एवं लक्षण का संक्षिप्त रूप में अर्थ प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। इन मुद्राओं का परिचय एवं प्रत्येक का लक्षणार्थ प्रस्तुत करना इसलिए भी अपेक्षित है, क्योंकि भविष्य में यदि सौभाग्य से किसी को पञ्चकुल के तथागतों अथवा ३५ तथागतों का दर्शन प्राप्त हुआ तो उनकी सरलतापूर्वक पहचान होने में सहायता प्राप्त होगी तथा भविष्य में ३५ तथागतों की भावना एवं मन्त्रोच्चारण का सुअवसर प्राप्त होने पर उन सभी देवताओं को अपने चित्त में स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

पञ्चतथागतकुल का नाम-क्रम कालचक्र की टीका विमलप्रभा के अनुसार इस प्रकार है—

(१) **तथागत अक्षोभ्य**, (२) **तथागत रत्नसम्भव**, (३) **तथागत अमिताभ**, (४) **तथागत अमोघसिद्धि** एवं (५) **तथागत वैरोचन**। इनमें तथागत वज्रपाणि को जोड़ने पर षड् तथागतकुल हो जाते हैं। इन तथागतों की मुद्रा एवं आयुधों का परिचय **कालचक्रतन्त्र की टीका विमलप्रभा** में इस प्रकार दिया गया है, यथा—

इदानीम् अक्षोभ्यमुद्रोच्यते। पूर्वं पर्यङ्कं कृत्वा तत्र पर्यङ्के वामहस्तो भवत्युत्तानको दक्षिणो भुविगतो दक्षिणजानुदेशाद् भूस्पर्शं यावत्। एवं भूस्पर्शाऽक्षोभ्यमुद्रेति। अपि च तेनैव क्रमेण किन्तूत्तानको दक्षिणकरो

रत्नपाणेर्वरदमुद्रेति। एवं पर्यङ्के वामहस्तोर्ध्वेन सव्यहस्तः समगतोत्तानकः पद्मपाणेरमिताभस्य समाधिमुद्रेति। एवं वामं करतलमुत्तानकं पर्यङ्कमूर्ध्नि, अपरं दक्षिणं करतलं दक्षिणजानूपरि अभयप्रदम्, खड्गपाणेरमोघसिद्धेरभयमुद्रेति। एवं सव्ये मुष्ट्यावसव्यमुष्टौ या तर्जनी वामा सा पुनरपरा ऊर्ध्वमुष्टिबन्धे तर्जनी प्रविष्टा, इयं बोध्यग्रीमुद्रा वैरोचनस्य स्फुटहृदयगता। तथा चापरा धर्मचक्रमुद्रा तर्जन्यङ्गुष्ठयोगो वामे दक्षिणकरेऽपि कटक इह भवेद् वामवलयनखमेलापके दक्षिणनखमेलापके देशनायोगेन मध्यमादेः प्रसारः, अनामिकायाः कनिष्ठायाः किञ्चिदूर्ध्वमिति हृदयप्रदेशे धर्मचक्रमुद्रा। एवं षड्तथागतानां नियमः। इहोभयकरेण वज्रमुष्टिबन्धः, अङ्गुष्ठो मुष्ट्या निपीडितो सव्यावसव्योरुमूर्ध्नि वज्रासनस्थे वज्रमुद्रा भवति[१]।

अर्थात् अक्षोभ्य का पूर्व की भाँति पर्यङ्क में स्थित होकर दाहिना हाथ उत्तान है तथा दाहिना घुटने के ऊपर से भूमि का स्पर्श करते हुए रहता है। इसे भूमिस्पर्श करनेवाली **अक्षोभ्यमुद्रा** कहते हैं। रत्नसम्भवमुद्रा भी पूर्व की भाँति है अर्थात् बायाँ हाथ उत्तान है, किन्तु दाहिना हाथ भी घुटने के ऊपर उत्तान अवस्था में स्थित है। यह रत्नपाणि रत्नसम्भव की **वरदमुद्रा** कही जाती है। अमिताभ पर्यङ्क में स्थित हैं। उनके बाएं हाथ (करतल) के ऊपर दाहिना हाथ (करतल) स्थित है और दोनों करतल उत्तान हैं। यह पद्मपाणि अमिताभ की **समाधिमुद्रा** है। अमोघसिद्धि पर्यङ्क में स्थित हैं। पर्यङ्क पर बायाँ हाथ (करतल) उत्तान है तथा दाहिना करतल दक्षिण घुटने के ऊपर अभयदान मुद्रा में स्थित है। यह खड्गपाणि अमोघसिद्धि की **अभयमुद्रा** है। वैरोचन के बाएं हाथ की मुष्टि पर दाहिने हाथ की मुष्टि है और बाएं हाथ की मुष्टि की तर्जनी अंगुलि दाहिने हाथ की मुष्टि में प्रविष्ट है। यह वैरोचन के हृदय का स्पर्श करती हुई **बोध्यग्री मुद्रा** है। बाएं एवं दाहिने हाथ की तर्जनी और अङ्गुष्ठ का योग होने पर तथा बायें और दाहिने हाथ को गोल करके नखों को मिलाना चाहिए तथा मध्यमा, अनामिका और कनिष्ठा को थोड़ा ऊपर उठाते हुए हृदय प्रदेश के समीप स्थित होना चाहिए। यह वैरोचन की **धर्मचक्रमुद्रा** है। वज्रपाणि के दोनों हाथ की मुष्टि बंधी हुई होती है और अंगूठा मुष्टि के भीतर कस कर रखा हुआ होता है तथा दोनों मुष्टियाँ आपस में

---

१. द्र०-विमलप्रभा कालचक्रतन्त्रटीका, द्वितीय भाग, पृ० १३२, अभिषेकपटल, तिब्बती संस्थान प्रकाशन-१९९४ ।

मिली रहती हैं और कनिष्ठा अंगुली फैली हुई रहती है। वज्रासन में बैठे हुए वज्रपाणि की यह वज्रमुद्रा कही गई है।

पाँच तथागतों के क्रम में कुछ भिन्न मत

साक्य पण्डित कुंगा ग्यलछन् तथा पाँचवें दलाई लामा लोसंग ग्याछो के अनुसार पंच तथागतों की दिशा, कायवर्ण एवं मुद्राओं का क्रम इस प्रकार है, यथा—(१) मध्य में तथागत वैरोचन का कायवर्ण श्वेत और बोध्यग्री मुद्रा में उनकी स्थिति होती है। (२) पूर्व में तथागत अक्षोभ्य का कायवर्ण नील और भूमिस्पर्श मुद्रा में स्थिति होती है। (३) दक्षिण में तथागत रत्नसम्भव का कायवर्ण पीत तथा वरदमुद्रा में उनकी स्थिति होती है। (४) पश्चिम में तथागत अमिताभ का कायवर्ण रक्त तथा उनकी समाधिमुद्रा में स्थिति होती है। (५) उत्तर में तथागत अमोघसिद्धि का कायवर्ण हरित एवं उन्हें अभयमुद्रा में लीन माना जाता है। इनमें से तथागत वैरोचन की अन्य मुद्रा अर्थात् धर्मचक्रमुद्रा भी मानी जाती है। तथागत अमोघसिद्धि की अभयमुद्रा को ही शरणप्रद मुद्रा भी माना जाता है।

तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् चौदहवें दलाई लामा के गुरु ठिछङ् रिनपोछे द्वारा विरचित सुगमविमुक्तिमार्गक्रम (नमडोल लगचङ) के अनुसार पाँच तथागतों के कुल का क्रम पूर्व से कुछ भिन्न है, किन्तु कायवर्ण पूर्ववत् ही हैं।

(१) तथागत अक्षोभ्य का कायवर्ण नील, (२) तथागत वैरोचन का कायवर्ण श्वेत, (३) तथागत रत्नसम्भव का कायवर्ण पीत, (४) तथागत अमिताभ का कायवर्ण रक्त तथा (५) तथागत अमोघसिद्धि का कायवर्ण हरित है।

इस प्रकार पूर्ववर्ती भोट विद्वानों के अनुसार पञ्च तथागत कुल की क्रम-व्यवस्था की समीक्षा करते समय ऐसा प्रतीत होता है कि कालचक्रतन्त्र की टीका विमलप्रभा के अतिरिक्त अधिकांश भोट विद्वानों का अभिमत है कि पञ्च तथागत कुल के क्रम में प्रथम तथागत अक्षोभ्य तथा अन्तिम तथागत वैरोचन के क्रम में ही केवल भिन्नता है। शेष तीन तथागतों की क्रम-व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं दिखाई देता।

मुद्राओं के लक्षण का परिचय

(१) धर्मचक्रमुद्रा का लक्षण—वाम तथा दक्षिण हाथ के अंगूठे तथा तर्जनी के परस्पर स्पर्श से पाँच मार्गों में प्रवेश के समय उपाय एवं प्रज्ञा दोनों के

युगनद्ध सम्बद्ध होने का संकेत किया जाता है। मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठिका—इन तीनों के ऊपर उठे हुए होने से यह परिलक्षित होता है कि तीन प्रकार के विनेयजनों अर्थात् अधम, मध्यम एवं उत्तम के इन्द्रियों के अनुरूप क्रमशः उनको पाँच मार्गों में उत्थापित किया जाता है। वाम तथा दक्षिण हाथ के भीतरी भाग के परस्पर योग से यह प्रतीत होता है कि जिस प्रकार तीन विनेयजनों को अविपरीत रूप से हेयोपादेय की देशना की जाती है, उसी प्रकार स्वयं भी यथावत् उनका पालन किया जाता है। यह मुद्रा उसका प्रतीक है।

(२) समाधिमुद्रा का लक्षण—दक्षिण करतल नीचे तथा वाम करतल उसके ऊपर रखकर दोनों अंगूठे के नखाग्रों का परस्पर स्पर्श करते हैं। इससे यह परिलक्षित होता है कि अंगूठे में स्थित बोधिचित्त नाड़ियों के परस्पर मिलन से वे एक-दूसरे को ऊष्मा पैदा करने में सहयोग प्रदान करते हैं। फलतः बोधिचित्त की वृद्धि होती रहती है, जिससे समस्त आकाश में व्याप्त प्राणियों का मनोरथ अनायास पूर्ण होता है। गगनवत् समाहित अवस्था तथा मायावत् पृष्ठलब्ध अवस्था तथा एक ही क्षण में युगपत् साक्षात् करने की क्षमता प्राप्त होती है।

(३) भूमिस्पर्श तथा समाहित मुद्रा का लक्षण—वाम हस्त से भूमिस्पर्श करने से यह परिलक्षित होता है कि चार मारों में से देवपुत्र मार के जो कोटि-कोटि सैन्य परिवार हैं, उनका विनाश होता है। दक्षिण हाथ समाधि मुद्रा में स्थित होने से यह परिलक्षित होता है कि वे समाधि में चित्त अचल रहते हुए ब्रह्मस्वर वाक् से तीनों कुलों के विनेयजनों के लिए धर्मचक्र का प्रवर्तन निरन्तर करते रहते हैं। जिसके फलस्वरूप उनका भिक्षा-पात्र अमृत से पूर्ण रहता है। अथवा इस प्रकार के पात्रस्थ औषधि रूपी अमृत द्वारा जाति, जरा, रोग आदि से पीड़ित जनों को मुक्त करने के लिए वे स्कन्धमार का विनाश करते हैं या उस पर विजय प्राप्त करते हैं। कर्म एवं क्लेश के कारण मृत्यु को प्राप्त कराने वाले मृत्युमार का विनाश करके जीवनदायी अमृत प्रदान करते हैं। अनास्रव ज्ञानरूपी अमृत से क्लेशमार सहित चार मारों का विनाश करके उन पर विजय प्राप्त करते हैं।

(४) वरद और समाहित मुद्रा का लक्षण—दक्षिण हाथ वरद मुद्रा तथा वाम हस्त समाहित मुद्रा में स्थित होता है। यह इस बात का प्रतीक है कि उनका चित्त समाधि में अचल होता है, जिससे वे सौभाग्यवान् विनेयजनों को उत्तम एवं सामान्य जनों को स्वेच्छानुरूप सिद्धि प्रदान करते हैं।

(५) **बोध्यग्री मुद्रा का लक्षण**—दाहिने हाथ की मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठिका अंगुलियाँ, बाएं हाथ की मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठिका के ऊपर रहती हुई मुष्ठि के रूप में बंधी रहती हैं। ये षट् पारमिताओं के प्रतीक हैं। दाहिने एवं बाएं हाथ की तर्जनी अंगुलियों के परस्पर संस्पर्श से यह परिलक्षित होता है कि सर्वज्ञ प्राप्ति के लिए उपायरूपी पाँच पारमिताएं एवं प्रज्ञारूपी प्रज्ञापारमिता युगनद्ध हैं। इससे अन्ततः बुद्धत्व प्राप्त होता है। वाम तथा दक्षिण हस्त के अंगूठे समान रूप से भीतर की ओर स्थित हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि उपाय एवं प्रज्ञा के सहयोग से अन्ततः बुद्ध के धर्मकाय एवं रूपकाय प्राप्त होते हैं। इस मुद्रा का लक्षण स्पष्ट रूप से अब तक प्राप्त नहीं हो सका। मेरा अपना विचार है कि सम्भवतः इनका लक्षण ऐसा ही होना चाहिए।

आचार्य नागार्जुन कृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका का संक्षिप्त अभिधेय

आचार्य नागार्जुन कृत '**बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति**' नामक इस त्रिस्कन्धसूत्र-टीका ग्रन्थ का ९वीं शताब्दी के मध्य में भारतीय आचार्य शान्तरक्षित तथा भोट देश के पूर्वशासनकाल के अनुवादक ञग् देवघोष ने संस्कृत से भोटभाषा में अनुवाद किया। इस ग्रन्थ के अनुवाद की सफलता हेतु तथागत शाक्यमुनि तथा भट्टारक आर्यमञ्जुश्री की प्रार्थना एवं पूजा की गई। ग्रन्थ के प्रारम्भ में तथागत शाक्यमुनि की मङ्गलस्तुति तथा ग्रन्थरचना की सफलता हेतु आगम तथा अववाद के द्वारा व्याख्यान करूँगा—ऐसी प्रतिज्ञा की गई है।

तत्पश्चात् महाकारुणिक तथागत शाक्यमुनि द्वारा उपदिष्ट ८४००० धर्मस्कन्धों का तीन पिटकों में संग्रह किया गया है। यह त्रिस्कन्धसूत्र त्रिपिटक में विनयपिटक के अन्तर्गत संगृहीत है। इस सूत्र के उपदेश का प्रयोजन तथा ग्रन्थारम्भ की पौराणिक कथा वहाँ क्रमशः उल्लिखित है। तत्पश्चात् इस ग्रन्थ के प्रयोजन आदि अनुसन्धिचतुष्टय का स्पष्टीकरण है। सम्पूर्ण ग्रन्थ त्रिस्कन्ध, सप्ताङ्ग तथा चार बलों में किस प्रकार संगृहीत होता है—इसका वर्णन किया गया है। पञ्च आनन्तर्य आदि महा-आपत्ति लग जाने पर किस प्रकार प्रतिदेशना करनी चाहिए, इसका उपाय तथा यामों का भेद करके प्रतिदेशना का स्वरूप दिखाया गया है।

कुछ लोगों का कहना है कि इस **त्रिस्कन्धसूत्र** के प्रारम्भ में '**एवं मया श्रुतम् एकस्मिन् समये**' इत्यादि निदान वाक्य तथा अन्त में '**भगवतो भाषितम् अभ्यनन्दन्**' इस प्रकार वचन के उल्लिखित न होने से 'यह सूत्र है या नहीं है'

ऐसा सन्देह करनेवालों की कल्पना के निवारण के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि यह बुद्धवचन अर्थात् मूल सूत्र है और यह आर्यरत्नकूट के अन्तर्गत आर्य उपालिपरिपृच्छा नामक महायानसूत्र में विद्यमान है। इस कारण 'यह बुद्धवचन नहीं है'—ऐसा कहने वालों का सुस्पष्ट विरोध किया गया है। तत्पश्चात् त्रिस्कन्धसूत्र के मुख्य प्रश्नकर्ता आर्य उपालि का परिचय देते हुए विनयवचनों के इस संकलनकर्ता का उल्लेख किया गया है तथा इस सूत्र को 'त्रिस्कन्धसूत्र' कहने का उद्देश्य प्रकट किया गया है।

आपत्तिदेशना करते समय परमार्थतया प्रतिदेशना करना तथा संवृतितः प्रतिदेशना करना इस तरह दो प्रकारों का उल्लेख किया गया है। १. परमार्थतया प्रतिदेशना करने के लिए 'आर्य अजातशत्रुकौकृत्यविनोदन महायानसूत्र' के अभिप्रायार्थ के अनुसार सर्वधर्म निःस्वभावता का चिन्तन करते हुए प्रतिदेशना करना तथा २. संवृतितः प्रतिदेशना करने के लिए चतुर्बल के द्वारा कौकृत्यसहित प्रतिदेशना करना स्पष्टरूप से अभिहित किया गया है।

सम्प्रति इस ग्रन्थ में चारों बलों के द्वारा प्रतिदेशना का सम्पूर्ण अभिधेय संगृहीत किया गया है।

१. आश्रयबल—'अहमेवंनामा'—से लेकर 'संघं शरणं गच्छामि' तक आश्रयबल का संग्रह कहा गया है।

२. विदूषणा-समुदाचारबल—नमः (भगवते) शाक्यमुनये तथागतायार्हते सम्यक्सम्बुद्धाय' से लेकर 'आविष्करोमि, न प्रतिच्छादयामि' पर्यन्त विदूषणा-समुदाचारबल का संग्रह किया गया है।

३. प्रत्यापत्तिबल—'आयत्यां संवरमापद्ये' इसके द्वारा प्रत्यापत्तिबल का संग्रह दिखाया गया है।

४. प्रतिपक्षसमुदाचारबल—'समन्वाहरन्तु मां ते बुद्धाः' से लेकर 'सम्यक्सम्बोधौ उत्तरोत्तरया परिणामनया' तक प्रतिपक्षसमुदाचारबल निर्दिष्ट है।

सर्वप्रथम आश्रयबल के प्रतिपादन के अन्तर्गत त्रिशरणगमन करते समय काय, वाक् एवं चित्त के द्वारा त्रिशरणगमन करना कहा गया है और प्रत्येक शरणगमन का स्वरूप भी बताया गया है।

द्वितीय विदूषणासमुदाचार बल के प्रतिपादन के अन्तर्गत समस्त ३५ बुद्धों के नामार्थ की व्याख्या सहित प्रत्येक बुद्ध की दिशा, क्षेत्र, कायवर्ण, आयुध, परिवार तथा मुद्राओं का विस्तार से वर्णन किया गया है। तत्पश्चात् इन ३५ बुद्धों के समक्ष पापदेशना का उल्लेख करते समय वाक्योच्चारण की विधि एवं समस्त दस दिशाओं में स्थित बुद्धों के आलम्बनविधि को भी दिखाया गया है। तत्पश्चात् पापदेशना के मूल स्वरूप का प्रतिपादन करते समय अनादिकाल से जन्म-जन्मान्तरों में संचित पापकर्मों के प्रति मन से पश्चात्ताप करने की विधि का प्रतिपादन किया गया है। इन सभी पापों का मूल प्रत्यय (कारण) अथवा मूल वस्तु राग आदि त्रिविष रूपी क्लेश तथा दस अकुशल कर्म हैं, जिनके फल के रूप में तीन दुर्गतियों में पतन और विपाकफल के रूप में लघु, गुरु असह्य दु:खों के क्रमश: उत्पाद के रूप में प्रतिपादन किया गया है। अन्यच्च, स्वयं के द्वारा साक्षात् रूप से कृत पापकर्म, अन्यों को पाप करने के लिए प्रेरित करना तथा दूसरों के द्वारा कृत पापकर्मों का अनुमोदन करना आदि का समान विपाक होने का उल्लेख किया गया है। सामान्य तौर पर पापकर्म तीन प्रकार के कहे गये हैं, जिसमें कृत असंचित, अकृत संचित सम्भवत: दूसरों से करवाये गये और अनुमोदित तथा कृत संचित संगृहीत हैं। अत्यन्त घोर पाप तो स्वयं के माता-पिता का वध आदि पाँच आनन्तर्य कर्म हैं और इन कर्मों का फल अवीचि नरक में उत्पाद है, जिससे घोर विपाक एवं असह्य दु:खभोग होता है—ऐसा कहा गया है। अत: ऐसा कहा गया है कि स्वयं के द्वारा कृत किसी भी पापकर्म की निश्चितरूप से प्रतिदेशना करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। वह प्रतिदेशना भी अत्यन्त कौकृत्य सहित करना चाहिए। बिना कौकृत्य के पाप की विशुद्धि नहीं होती। अकुशल कर्मों के विपाक के रूप में आठ अक्षणों में पतन का उल्लेख किया गया है।

तत्पश्चात् इन पापों की प्रतिदेशना का विषय (आलम्बन) मात्र बुद्ध को ही कहा गया है। उसकी प्रतिदेशना पूर्व की भाँति ही प्रतिदेशना करना है, जिसमें 'छिपाता नहीं हूँ, प्रकट करता हूँ' इत्यादि कहा गया है।

इसके बाद **प्रत्यापत्तिबल** का परिचय दिया गया है। इस प्रकार तीन बलों का वर्णन करने के पश्चात् **प्रतिपक्षसमुदाचार बल** का उल्लेख किया गया है। उसकी त्रिस्कन्धसूत्र के क्रम के अनुसार व्याख्या की गई है। **आर्य चतुर्धर्मनिर्देश**-

सूत्र[१] के अनुसार तो सर्वप्रथम विदूषणासमुदाचारबल, प्रतिपक्षसमुदाचारबल, प्रत्यापत्तिबल तथा आश्रय बल का क्रमशः पूर्वापर के रूप में वर्णन किया गया है। जैसे—'**चतुर्भिर्मैत्रेय, धर्मैः समन्वागतो बोधिसत्त्वः कृतोपचितं पापमभिभवति, कतमैश्चतुर्भिः? यदुत विदूषणासमुदाचारेण, प्रतिपक्षसमुदाचारेण, प्रत्यापत्ति-बलेन, आश्रयबलेन च**'।

इस प्रकार **त्रिस्कन्धसूत्र** तथा **आर्यचतुर्धर्मनिर्देशसूत्र** में चार बलों के क्रम में कुछ अन्तर है।

तत्पश्चात् स्वयं के संचित कुशलमूलों की परिणामना करते समय षट् पारमिताओं की परिणामना की गई है। 'दान' इत्यादि प्रारम्भिक पाँच पारमिताओं की परिणामना सोत्तर परिणामना तथा अन्तिम छठवीं प्रज्ञापारमिता की परिणामना अनुत्तरपरिणामना है, इसका प्रतिपादन किया गया है।

परिणामना के विषय में समस्त पारमिताओं को एकत्र करके निः-स्वभावता के द्वारा परिणामना करना कहा गया है। बुद्ध मात्र अनुत्तर अर्थात् सर्वोत्तम है—ऐसा कहा गया है। परिणामना करने के लिए त्रिमण्डल परिशुद्ध अर्थात् अनुपलम्भ परिणामना करना तथा त्रिस्कन्ध के अनुसार परिणामना करना—दो प्रकार प्रतिपादित किये गये हैं। इन दोनों में से पश्चाद्वर्ती त्रिस्कन्धानुसारी परिणामना तो पापदेशना, अनुमोदना तथा अध्येषणा के द्वारा परिणामना करना है। इन तीनों के द्वारा परिणामना करने से अपरिमित पुण्यस्कन्ध का संचय होगा और दोष तथा आपत्तियों का परिशोधन होगा—ऐसा कहा गया है।

तत्पश्चात् प्रणिधानसहित पुनः त्रिशरणगमन का उल्लेख किया गया है, जो 'नरोत्तमा जिनाः' इत्यादि एक श्लोक की व्याख्या करने के बाद पाँच श्लोकों के द्वारा सत्त्वहित के लिए उपदेश, वचन, सर्वसत्त्व के कल्याण के लिए प्रणिधान, मनुष्य शरीर की प्राप्ति का सार्थक होना तथा इस वृत्ति के पुण्य से समस्त सत्त्वों के बुद्धत्व प्राप्ति की कामना की गई है।

अन्त में एक श्लोक के द्वारा तथागत के नाम के साथ उनके गुणों का आख्यान किया गया है।

---

१. शि० स०, अष्टम परिच्छेद, पृ० ८९, मिथिला-संस्करण-१९६० ।

तत्पश्चात् इस त्रिस्कन्धसूत्र की वृत्ति के लेखक आचार्य नागार्जुन तथा सम्पादक एवं अनुवादक के सन्दर्भ में भारतीय महापण्डित शान्तरक्षित तथा भोट लोचावा (अनुवादक) ञे देवघोष का नाम उल्लिखित है।

आचार्य जितारि-कृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका का संक्षिप्त अभिधेय

आचार्य जितारि ने इस त्रिस्कन्धसूत्र की टीका '**बोध्यापत्तिदेशनावृत्तिः बोधिसत्त्वशिक्षाक्रमः**' नामक ग्रन्थ की रचना १०वीं शताब्दी में की है। १२वीं शताब्दी में एक नेपाली पण्डित (रवीन्द्ररुचि) रवीन्द्रदेव एवं भोटदेशीय लोचावा छग् के द्वारा संस्कृत से भोट भाषा में अनुवाद किया गया है।

ग्रन्थ के प्रारम्भ में अनुवाद की सफलता के हेतु आर्यगण को प्रणाम किया गया है, जो एक असाधारण प्रणाम है। अतः त्रिपिटक में से यह किसके अन्तर्गत है, इसका निर्णय कठिन प्रतीत होता है। वास्तव में विनयपिटक में ही इसका अन्तर्भाव होना चाहिए। यदि विनयपिटक में संगृहीत करना है तो सर्वज्ञ को नमस्कार होना चाहिए, जो पूर्व (भोटधर्म राजाओं द्वारा निर्णीत प्रस्ताव है।)

इसके बाद सामान्य बुद्धों की मंगलस्तुति की गई है और सम्पूर्ण ग्रन्थ के अभिधेय का दो वर्गों में विभाजन किया गया है, जो पिण्डार्थसंग्रह तथा अवयवार्थसंग्रह में विभक्त है।

सर्वप्रथम पिण्डार्थसंग्रह के अन्तर्गत कहा गया है कि जो बोधिसत्त्व समस्त सत्त्वों के कल्याण हेतु बोधिचित्त का उत्पाद करके निःश्रेयस सर्वज्ञपद की प्राप्ति के लिए वीर्य सम्पादन करता है, उसे दोष अथवा आपत्तियों आदि के लग जाने पर यदि वह इससे मुक्ति चाहता है तो उसके उपाय के रूप में सर्वश्रेष्ठ भगवान् तथागत ने इस त्रिस्कन्धसूत्र का उपदेश दिया है—ऐसा कहा गया है।

सामान्य तौर पर दो प्रकार के दोष होते हैं, यथा—पाराजयिक कुल के तथा दोषकृत कुल के। प्रथम पाराजयिक कुल के भी साधारण एवं असाधारण दो भेद होते हैं। पाराजयिक कुल के दोषों से निवृत्ति के लिए तीन प्रकार के संवर का ग्रहण करना चाहिए। दोषकृत कुल के दोषों से निवृत्ति के लिए तीन पुद्गल या एक पुद्गल अथवा ३५ बुद्धों को साक्षी बनाकर समस्त पापकर्मों की प्रतिदेशना करनी चाहिए। इस प्रकार प्रतिपादन करके पिण्डार्थसंग्रह का समापन किया गया है।

अवयवार्थसंग्रह के प्रतिपादन के प्रसंग में त्रिशरणगमन के स्वरूप का परिचय, शब्द-व्युत्पत्त्यर्थ एवं प्रभेद आदि कहे गये हैं।

तत्पश्चात् समस्त ३५ बुद्धों के नामों के अर्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या की गई है। इस ग्रन्थ में वर्णित ३५ बुद्धों के नामों के अर्थ तथा आचार्य नागार्जुन-कृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका में वर्णित नामों के अर्थ की व्याख्या में अत्यन्त असमानताएं दिखलाई पड़ती हैं। आचार्य जितारि की इस त्रिस्कन्धसूत्रटीका में आचार्य नागार्जुन की टीका में वर्णित ३५ बुद्धों के दिशा, क्षेत्र, कायवर्ण, आयुध, मुद्राओं के सन्दर्भ में कुछ भी वर्णन नहीं किया गया है। वस्तुतः आचार्य नागार्जुन एक परम विशिष्ट प्रामाणिक बौद्ध विद्वान् हैं, इस कारण आचार्य जितारि को उस टीका से उन विषयों का ग्रहण करना चाहिए था, किन्तु उससे कोई विषय लिया नहीं गया है, अतः यह (नागार्जुन कृत) टीका स्वयं आचार्य की रचना है या नहीं? ऐसा सन्देह उत्पन्न होता है। ऐसा भी सम्भव है कि आचार्य जितारि को नागार्जुन कृत टीका उपलब्ध न हुई हो। यह भी सम्भव है कि उक्त टीका आचार्य नागार्जुन की कृति ही न हो।

तत्पश्चात् मूल पापों की प्रतिदेशना, प्रतिपादित की गई है, जिसमें पापदेशना के साक्षी के रूप में ३५ बुद्धों तथा १० दिशाओं में जीवन्त तथागतों को रखा गया है। उन सभी के समक्ष स्वयं द्वारा कृत पापकर्मों का, अन्यों को पापकर्म करने के लिए प्रेरणा देने का अथवा अन्यों द्वारा कृत पापकर्मों के अनुमोदन करने का अपने हृदय में स्मरण करते हुए अत्यन्त पश्चात्ताप करते हुए काय, वाक् एवं चित्त के द्वारा प्रतिदेशना करने का उल्लेख किया गया है। अन्य आपत्तियों में यथा—स्वयं द्वारा ज्ञात-अज्ञात स्तूप का विनाश, संघ के धन का अपहरण, दस अकुशल कर्मों का आचरण और पञ्च आन्तर्य पाप कर्मों की देशना भी प्रतिपादित की गई है। तदनन्तर पूर्वोक्त इन सभी के आचरण से उनके विपाक अथवा फल के रूप में तीन दुर्गतियों में से किसी एक में पतन होने और इस बीच में सुगति अर्थात् मनुष्य जन्म प्राप्त होने पर भी मूर्खता, दरिद्रता, अल्पायुष्कता, असाध्य रोग से पीड़ित होने एवं नुपंसकता इत्यादि का भी उल्लेख किया गया है।

तत्पश्चात् स्वयं के द्वारा इस जन्म में तथा पूर्व जन्मों में कृत कुशल कर्मों की परिणामना करने की विधि का उल्लेख किया गया है। इस प्रसंग में स्वयं द्वारा दिये गये दान, शील का पालन, ब्रह्मचर्य में स्थित रहना इत्यादि कुशल कर्मों का क्या-क्या फल प्राप्त किया जा सकता है, इसके सन्दर्भ में **आर्यप्रशान्तविनिश्चय-**

प्रातिहार्यसमाधिसूत्र तथा **आर्यरश्मिसमन्तमुक्तनिर्देशसूत्र** आदि से आगम उद्धृत करके वर्णन किया गया है।

तत्पश्चात् प्रातिमोक्ष संवर ग्रहण करने के अनन्तर प्रणिधान तथा प्रस्थान चित्त का उत्पाद कहा गया है। इन दोनों चित्तों का उत्पाद करने पर फल के रूप में अपरिमित पुण्य संचित किया जा सकेगा। इसके प्रमाण के रूप में **आर्यगण्डव्यूहसूत्र, आर्यरत्नप्रदीपसूत्र, आर्यत्रिस्कन्धमहायानसूत्र** और आचार्य चन्द्रगोमी द्वारा विरचित **बोधिसत्त्वविंशतिसंवर** तथा **आर्यरश्मिसमन्तमुक्तनिर्देश-सूत्र** आदि से अनेक आगम उद्धृत किये गये हैं। इसके बाद कुशलमूलों की महाबोधि के लिए परिणामना करना इत्यादि का प्रतिपादन किया गया है।

अन्त में ग्रन्थ के लेखक आचार्य जितारि के नाम तथा ग्रन्थ के शीर्षक का उल्लेख किया गया है। अनुवादक के रूप में नेपाल के एक पण्डित के अतिरिक्त उनके पूरे नाम का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। सहायक भोट अनुवादक के रूप में मात्र लोचावा छग् के नाम का निर्देश किया गया है, उनका भी पूरा नाम उल्लिखित नहीं है। भोट देश के महाविद्वान् कोङ् टुल् योनतेन ग्यछो के अनुसार नेपाली पण्डित का पूरा नाम रविरक्षित है, परन्तु भोटदेशीय कंग्युर, तंग्युर सूची में नेपाली पण्डित रवीन्दरुचि अथवा रवीन्द्रदेव के नाम का उल्लेख मिलता है, न कि रविरक्षित का। भोटदेशीय लोचावा छग् के सन्दर्भ में भी यह भ्रम होता है, क्योंकि छग् लोचावा नाम के दो अनुवादक हैं, जिनमें ये अनुवादक पूर्ववर्ती हैं या पश्चाद्वर्ती, इसका सन्देह बना हुआ है। पूर्ववर्ती का पूरा नाम छग् डचोम् पा (छग् अर्हत्) तथा पश्चाद्वर्ती का नाम छग् छोस्-जे फेल् है। पूर्वोक्त टीका के अनुवादक पश्चाद्वर्ती लोचावा छग् छोस् जे फेल होंगे, क्योंकि इनके जीवन-वृत्तान्त में नेपाल यात्रा का भी उल्लेख है और नेपाली पण्डित से उपदेश-ग्रहण का भी उल्लेख मिलता है। फिर भी निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। विद्वानों को इस पर विचार करना चाहिए। इन दोनों अनुवादकों का वृत्तान्त आगे कहा जाएगा।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान कृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका का संक्षिप्त अभिधेय

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान विरचित त्रिस्कन्धसूत्र की टीका '**कर्मावरण-विशोधनविधिभाष्य**' नामक इस ग्रन्थ का ११वीं शताब्दी में भोट देश के महानुवादक लोचावा भिक्षु छुलठिम ग्यलवा ने संस्कृत से भोट भाषा में अनुवाद किया। यह ग्रन्थ देगे सूची में सूत्रवर्गटीका के अन्तर्गत विद्यमान है।

इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में ग्रन्थ के अनुवाद की सफलता हेतु बुद्ध और बोधिसत्त्वों को प्रणाम किया गया है। अतः तीन पिटकों में से सूत्रवर्ग के अन्तर्गत होने का संकेत वास्तविक है।

मंगलस्तुति में बुद्ध भगवान् के वाक् एवं चित्त के गुणों की उपमा सहित स्तुति की गई है।

मूल ग्रन्थ के प्रारम्भ में आचार्य दीपंकर ने कहा है कि जो वीर बोधिसत्त्व क्लेश और कर्म की वजह से बाधित सत्त्वों को इस सागर रूपी भव से उत्तारण करने (उतारने) में प्रयासरत रहते हैं, यदि किसी कारण से उन्हें आपत्ति लग जाए तो उससे निवृत्ति के अनेक उपाय हैं। संक्षेप में उन आपत्तियों में यदि पाराजयिक आपत्ति लग जाए तो उन्हें पुनः संवर का ग्रहण करना चाहिए। मध्य आस्रव अथवा लघु आश्रव से लिप्त होने पर या शेष अन्य आपत्तियों से लिप्त होने पर तीन पुद्गल अथवा एक पुद्गल के समक्ष उनकी प्रतिदेशना करनी चाहिए। इनके अतिरिक्त अपने चित्त के द्वारा संवरण करना है। अनादिकाल से जिन्होंने घोर कर्मावरणों का संचय किया है, उनको इस त्रिस्कन्धसूत्र का दिन और रात में तीन-तीन बार पाठ करके प्रतिदेशना करनी चाहिए—ऐसा कहा गया है।

तत्पश्चात् त्रिशरणगमन के विषय के रूप में त्रिरत्नों का परिचय तथा इन तीनों का ही शरण के रूप में ग्रहण करने पर मोक्ष एवं सर्वज्ञ पद प्राप्त हो सकता है। इसके अतिरिक्त इतर धर्मों के देवताओं की शरण में जाने से तो संसार से कदापि मुक्ति सम्भव नहीं है, पुनः सर्वज्ञपद की बात ही क्या है। ऐसा सुस्पष्टतया प्रतिपादित है।

इसके बाद ग्रन्थ के मूल अभिधेय का तीन वर्गों में विभाजन किया गया है, जो नमस्कार, अध्येषणा एवं पापदेशना नामक वर्ग हैं।

इनमें से पहले ३५ बुद्धों के प्रति नमस्कार करने के सन्दर्भ में कहा गया है कि ये ३५ बुद्ध प्रारम्भ में जब बोधिसत्त्व की चर्या कर रहे थे, उस समय उन्होंने ऐसा प्रणिधान किया था कि जब हम अनुत्तर सम्यक्सम्बोधि में संबुद्ध हो जाएंगे तब हमारा नाम लेकर जो नमस्कार करेंगे, उनके कर्मावरण क्षीण हो जाएं।

तत्पश्चात् ३५ बुद्धों में से मात्र प्रथम तथागत शाक्यमुनि तथा द्वितीय तथागत वज्रगर्भप्रमर्दिन् के नाम के अर्थ की व्याख्या की गई है। इनके अतिरिक्त

शेष ३३ बुद्धों के नाम के अर्थ की व्याख्या नहीं की गई है। आचार्य ने शेष बुद्धों के बारे में ऐसा कहा है कि अन्य बुद्धों के नाम के अर्थ की भी इसी प्रकार व्याख्या की जा सकती है, क्योंकि बुद्ध अपरिमित गुणों से अन्वित होते हैं। इसलिए प्रत्येक बुद्ध के नाम के अर्थ की व्याख्या नहीं की गई है और भी कहा है—वैसे तो प्रत्येकबुद्ध के गुण अन्य बुद्धों में भी होते हैं, अतः उनकी व्याख्या समान है। ऐसा लगता है कि विस्तार के भय की आशंका से उन्हें छोड़ा गया है।

द्वितीय अध्येषणा के सन्दर्भ में "**एवंप्रमुखा यावन्तः**" इत्यादि के अर्थ की व्याख्या में कहा गया है कि मेरी यह अध्येषणा भी प्रतिरूपिका (कृत्रिम) है, क्योंकि असम्प्रमोषधर्मता से युक्त होने के कारण कोई भी एक ऐसा प्राणी नहीं हैं, जो बुद्ध के द्वारा कभी भी विस्मृत किया गया हो, इस विस्मृति की कुछ सम्भावना ही नहीं है। यदि ऐसा है तो बुद्ध सभी प्राणियों को व्यापक सांसारिक दुःख से क्यों मुक्त नहीं कर देते? इसके उत्तर में कहा गया है कि सत्त्वों के अपने-अपने दोषों की वजह से ऐसा होता है। इसके प्रमाण के लिए **आर्यरत्नोल्काधारणी**[१] का उद्धरण किया गया है, जिसमें कहा गया है कि—

सूर्य यथा जात्यन्ध न पश्यी
नो स नास्ति उदेति स लोके।
चक्षुसमेत उदागमु ज्ञात्वा
सर्वप्रयुज्य स्वक-स्वकधर्मे ।।

तत्पश्चात् तृतीय पापदेशना के सन्दर्भ में कहा गया है कि इस जन्म में अथवा पूर्व जन्मों में जो पापकर्म किये गये हैं, उनके प्रति कौकृत्य करना चाहिए तथा पश्चात् भगवान् बुद्ध के समक्ष प्रतिदेशना करना चाहिए इत्यादि का प्रतिपादन किया गया है। तदनन्तर मूल पापकर्मों तथा आपत्तियों का तथागत शाक्यमुनि के द्वारा उपदिष्ट **आर्यचतुर्धर्मनिर्देशसूत्र** के अनुसार चार बलों से युक्त होकर सभी (पापों) की प्रतिदेशना के उपायों का प्रतिपादन किया गया है।

इस प्रकार कर्मावरणों की प्रतिदेशना की व्याख्या के पश्चात् स्वयं द्वारा संचित कुशलमूलों की नियमित रूप से परिणामना करने का प्रतिपादन किया गया है। तत्पश्चात् दानमय, शीलमय तथा भावनामय तीन कुशल स्वरूपों का उल्लेख किया गया है। इनमें से पहले दानमय कुशल के सन्दर्भ में दान "**दानं....अन्तशः**"

---

१. द्र०-शान्तिदेव, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० १८२, मिथिला संस्करण, १९६० ।

इस प्रकार वर्णन करके तथा उसका एक सूत्र के साथ संकलन करके चार प्रकार के दानों का वर्णन किया गया है। उनके अनुसार दिये जाने वाले दानों में स्वकीय पुत्र एवं किसी भी बाह्यवस्तु के दान के लिए त्याग करने का उल्लेख किया गया है।

द्वितीय शीलमय कुशल के सन्दर्भ में "**शीलं वा रक्ष्यताम्**" इत्यादि सूत्र का उद्धरण करके गृहस्थों के दो प्रकार के उपासकसंवर तथा पाँच प्रकार के प्रव्रजित संवरों का परिचय दिया गया है। तत्पश्चात् बोधिसत्त्वसंवर के सन्दर्भ में भावनामय कुशल का उल्लेख किया गया है, जिसके अन्तर्गत "**यच्च मे अनुत्तरज्ञानकुशलमूलम्**" सूत्र को युक्त करके इसकी व्याख्या के प्रसंग में समस्त धर्म निःस्वभाव, शून्य एवं माया की भाँति हैं—इस प्रकार भावना करने का प्रतिपादन किया गया है।

तत्पश्चात् इस ग्रन्थ के सम्पूर्ण अभिधेय त्रिस्कन्ध में संगृहीत हैं, इसका तथा त्रिस्कन्ध का परिचय भी दिया गया है। वे तीन स्कन्ध इस प्रकार हैं—पापदेशना स्कन्ध, कुशलमूल परिणामना स्कन्ध तथा याचनास्कन्ध। यह गणना अन्य विद्वानों के विचारों से भिन्न है।

तत्पश्चात् इस त्रिस्कन्धसूत्र का हृदय से दिन एवं रात में तीन-तीन बार निरन्तर पाठ करने पर स्वयं के द्वारा संचित कर्मावरण तथा पापकर्म स्वाभाविक रूप से विशुद्ध हो जाएंगे और सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण होने का फल प्राप्त होगा—इस प्रकार प्रतिपादन किया गया है। अतः इस सूत्र का निरन्तर पाठ करने हेतु प्रयत्न करने का तथा अन्य कर्मावरणों के क्षय के इच्छुक लोगों को भी इसके पाठ के प्रयत्न करने का उपदेश दिया गया है। इस प्रकार पापकर्मों के क्षय के बारे में भगवान् बुद्ध का साक्षाद् वचन है। अतः निःसन्देह इसका पाठ करने हेतु प्रयास का प्रतिपादन किया गया है।

अन्त में श्लोक के रूप में आचार्य ने कहा है कि इस टीका में त्रुटियाँ या असावधानी हुई हों तो क्षमा करें। अपि च, इस ग्रन्थ की टीका करने से जो कुशल या पुण्य संचित हुए हों, उन सबकी महाबोधि-प्राप्ति के लिए परिणामना करता हूँ—ऐसा कहा है।

अन्त में ग्रन्थ के लेखक आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान का नाम तथा ग्रन्थ का शीर्षक उल्लिखित है। इस ग्रन्थ के अनुवादक भिक्षु छुलठिम ग्यलवा का नाम

स्पष्ट रूप से उल्लिखित है, जो आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के परम शिष्य थे और वे (अनुवादक) अपने साथ दीपकंर श्रीज्ञान को भारत देश से भोट देश में ले गये थे। इस ग्रन्थ की आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने टीका की है, इसमें कोई सन्देह नहीं है, क्योंकि स्वयं आचार्य ने बोधिपथप्रदीप की स्वटीका **बोधिमार्गप्रदीप पंजिका** में इस टीका का उल्लेख किया है तथा भोट देश के महान् विद्वान् उपाध्याय 'छिम थमजेद् खेनपा' (छिम सर्वज्ञ) ने इस टीका का उल्लेख किया है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि आचार्य दीपंकर ने आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि के द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं का कुछ भी उल्लेख नहीं किया है। सम्भवतः आचार्य को ये दोनों टीकाएं प्राप्त नहीं हुई होंगी। किन्तु आश्चर्य की बात यह है कि आचार्य जितारि आचार्य दीपंकर के गुरु माने जाते हैं। अतः उनके सन्दर्भ में कुछ भी न कहा जाना सन्देह पैदा करता है।

तीन भारतीय टीकाओं की एक अन्तः समीक्षा

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र अथवा बोधिसत्त्व-आपत्तिदेशना नामक ग्रन्थ पर तीन भारतीय आचार्यों की टीकाएं भोट अनुवादों में उपलब्ध होती हैं। सम्प्रति ये सभी अनूदित ग्रन्थ भोट भाषा में 'तनग्युर' सूची में सुरक्षित हैं। इन तीन टीकाओं के रचयिता क्रमशः आचार्य नागार्जुन, आचार्य जितारि तथा आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के नाम से प्रसिद्ध हैं।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान रचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका भारतीय टीका है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। भोट विद्वानों ने भी इस टीका के सन्दर्भ में कोई भिन्न मत प्रदर्शित नहीं किया है, क्योंकि इस टीका के विषय में कादम्पा परम्परा के दो प्रमुख ग्रन्थों (१) कादम् फाछोस् (पितृधर्म) एवं (२) कादम् बुछोस् (पुत्रधर्म) में से पितृधर्म के अन्तर्गत आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की विस्तृत जीवनी में उल्लेख मिलता है। आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान विरचित 'बोधिपथप्रदीप' की स्वोपज्ञ टीका में भी इस ग्रन्थ का नाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित है। अतः इस ग्रन्थ के रचनाकार आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ही है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि के नाम से उल्लिखित त्रिस्कन्धसूत्र टीकाएं वस्तुतः इन दोनों आचार्यों की रचनाएं हैं या नहीं, इस विषय में अधिकांश भोट विद्वानों में मतभेद है, क्योंकि इन दोनों टीकाओं में प्रमुख रूप से पाँच प्रकार के सन्देह प्रकट किये गये हैं, ज़ो इस प्रकार हैं :

(१) मूलसूत्र में अनुपलब्ध कुछ शब्दों की टीका।

(२) दोनों आचार्यों के अन्य ग्रन्थों से इन टीकाओं में परस्पर विचारभेद।

(३) ३५ तथागतों की दिशा, क्षेत्र, कायवर्ण, मुद्रा इत्यादि का अन्य सूत्र एवं शास्त्रों में वर्णित विवरण से भिन्नता।

(४) भोट भाषीय शब्दों एवं व्याकरण का प्रभाव।

(५) अनेक प्रामाणिक भोट विद्वानों द्वारा भारतीय आचार्यों की रचना होने में सन्देह।

(१) मूलसूत्र में अनुपलब्ध कुछ शब्दों की टीका

आर्य त्रिस्कन्धसूत्र नामक यह ग्रन्थ मूलरूप से आर्यरत्नकूट के अन्तर्गत ४९वें ग्रन्थ आर्य-उपालिपरिपृच्छासूत्र से निर्गत एक लघु ग्रन्थ है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस त्रिस्कन्धसूत्र को सर्वप्रथम आचार्य शान्तिदेव ने आर्य-उपालि-परिपृच्छासूत्र से निकाल कर अपने शिक्षासमुच्चय ग्रन्थ के आठवें परिच्छेद 'पापदेशना' में उद्धृत किया है। सम्भवत: कालान्तर में भारतीय तथा भोट विद्वानों ने उसी त्रिस्कन्धसूत्र को आधार बनाकर अपने-अपने विचार के अनुसार टीका-टिप्पणियाँ लिखी होंगी।

आर्य-उपालिपरिपृच्छासूत्र तथा शिक्षासमुच्चय दोनों का भोट देश के वरिष्ठ अनुवादक 'येशे दे' ने संस्कृत से भोट भाषा में अनुवाद किया। कालान्तर में लगभग ११वीं शताब्दी में तिब्बत के महानुवादक 'लोदेन शेरब्' ने आचार्य शान्तिदेव के शिक्षासमुच्चय का पुन: संस्कृत से मिलान करके संशोधन किया। सम्भवत: इसी कारण शिक्षासमुच्चय में विद्यमान उपालिपरिपृच्छा से उद्धृत त्रिस्कन्धसूत्र का अनुवाद पूर्व के अनुवाद से कुछ भिन्न हो गया, किन्तु मूल ढाँचे में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। इस प्रकार त्रिस्कन्धसूत्र के भोट भाषा में दो अनुवाद प्राप्त होते हैं।

भोटवासी प्रतिदिन इस त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ पाप की प्रतिदेशना के लिए करते हैं। अत: यह ग्रन्थ भोट देश में अत्यन्त प्रसिद्ध है। इस ग्रन्थ को 'तुङ् शग्' के नाम से जाना जाता है।

ऐसा लगता है कि—इस त्रिस्कन्धसूत्र का नियमित रूप से पाठ करने के लिए कालान्तर में किसी भोट विद्वान् ने सम्भवतः इसके प्रारम्भ में '**नमः**' इत्यादि और अन्त में '**त्रिस्कन्धसूत्र समाप्त**' ऐसा जोड़ दिया तथा शिक्षासमुच्चय और उपालिपरिपृच्छासूत्र के दोनों भोट अनुवाद को आधार बनाकर अच्छे-अच्छे शब्दों को निकाल कर तथा कुछ नए शब्द जोड़कर एक नूतन संस्करण का निर्माण कर दिया। सम्भवतः पुनः किन्हीं दो भोट विद्वानों ने कालान्तर में उसी संस्करण को आधार ग्रन्थ बनाकर दो टीकाओं की रचना की होगी और बाद में ग्रन्थ को प्रमाणित सिद्ध करने के लिए भारतीय आचार्यों नागार्जुन और जितारि का नाम उसमें जोड़ दिया होगा, क्योंकि इन दोनों टीकाओं में ऐसे बहुत से शब्दों पर टीका की गई हैं, जो दोनों उपालिपरिपृच्छासूत्र, शिक्षासमुच्चय के अनुवादों में और मूल संस्कृत में उपलब्ध नहीं होते हैं, किन्तु उपर्युक्त भोट विद्वान् कृत नवीन संस्करण में वे सभी शब्द प्राप्त होते हैं।

आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्रटीका के प्रारम्भ में जिस प्रकार तथागत शाक्यमुनि को नमस्कार किया गया है, तदनुसार उसमें "**भगवान् तथागत शाक्यमुनि को नमस्कार**" ऐसा उल्लिखित है। इस सन्दर्भ में मेरा मानना है कि मूल संस्कृत और उसके भोट अनुवादों में अनुपलब्ध 'भगवान्' शब्द पर भी इसमें टीका की गई है, जो मात्र किसी भोट विद्वान् द्वारा पूजा-पाठ के लिए सम्पादित संस्करण में ही उपलब्ध होता है।

छठवें तथागत वीरनन्दी, जो कि इनका वास्तविक नाम है, फिर भी पूजा-पाठ संस्करण में इसके स्थान पर '**तथागत श्री आनन्दी**' पाठ उपलब्ध होता है। जबकि आचार्य नागार्जुन और जितारि के नाम से प्रसिद्ध दोनों टीकाओं में '**तथागत वीरनन्दी**' शब्द की टीका न करके '**श्री आनन्दी**' शब्द की ही टीका की गई है। किन्तु इन्हीं 'श्री आनन्दी' का नाम उपालिपरिपृच्छा एवं शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवादों में भी उपलब्ध है। यहाँ आश्चर्य की बात यह है कि यदि यह टीका स्वयं आचार्य नागार्जुन की रचना है तो वे '**श्री**' और '**वीर**' के अर्थ में अन्तर अवश्य समझ सकते थे। इस सन्दर्भ में संस्कृत मूल तथा उसके भोट अनुवाद दोनों में सन्देह पैदा होता है।

इसी प्रकार सातवें तथागत '**रत्नाग्नि**' के सम्बन्ध में भी ऐसा देखने को मिलता है। प्राप्त मूल संस्कृत में तथागत रत्नाग्नि के स्थान पर तथागत '**रत्नश्री**' उल्लिखित प्राप्त होता है। उसके भोट-भाषा में अनूदित संस्करण एवं नागार्जुन

तथा जितारि दोनों आचार्यों की टीकाओं में भी '**तथागत रत्नाग्नि**' शब्द की ही टीका की गई है। यही शब्द समस्त भोट टीकाओं में भी उपलब्ध होता है। अतः यहाँ मूल संस्कृत पाठ में सन्देह पैदा होता है, क्योंकि अन्य सूत्रों में तथागत रत्नाग्नि नाम ही प्राप्त होता है।

इसी प्रकार संस्कृत मूल में बारहवें तथागत '**शूरदत्त**' उपलब्ध होता है, किन्तु किन्हीं अनूदित भोट संस्करणों में इसके स्थान पर '**तथागत श्रीदत्त**' यह नाम उपलब्ध होता है। उपर्युक्त दोनों भारतीय आचार्यों की टीकाओं में भी '**श्रीदत्त**' और '**शूरदत्त**' दोनों का उल्लेख मिलता है।

पुनश्च, आचार्य नागार्जुन के नाम से प्रसिद्ध टीका में प्रथम तथागत शाक्यमुनि के शाब्दिक अर्थ में भी भ्रम पैदा होता है। क्योंकि उसमें शाक्य शब्द में पदच्छेद करके '**शा**' का अर्थ अशेष, '**क्य**' का अर्थ अवबोध और 'मुनि' का अर्थ अद्वयता से युक्त किया गया है। किन्तु जहाँ तक मेरा अध्ययन और ज्ञान है, तदनुसार संस्कृत व्याकरण और शब्द व्युत्पत्ति के अनुसार ऐसा अर्थ करना सम्भव नहीं है, क्योंकि '**शाक्य**' एक अखण्ड शब्द है और यह एक वंश या कुल का द्योतक है। यदि शब्द-व्युत्पत्ति के अनुसार अर्थ किया जाए तो '**शाक्य**' शब्द का अर्थ अत्यन्त समर्थ एवं शक्तिशाली है। इसी अर्थ में वे लोग '**शाक्य**' कहलाते हैं। ऐसा आचार्य प्रज्ञावर्मा रचित **विशेषस्तव** की टीका में उपलब्ध होता है। अपि च, इसका अर्थ '**शक्**' धातु में योग्यार्थक 'यत्' प्रत्यय लगाकर यह शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ योग्य अथवा (सामर्थ्य से) युक्त होता है। इस प्रकार '**शा**' एवं '**क्य**' को अलग-अलग करके भिन्न-भिन्न की हुई व्याख्या हमें अन्यत्र किसी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं हुई।

तन्त्र ग्रन्थों में प्रत्येक अक्षर का अलग-अलग अर्थ निकालकर व्याख्या उपलब्ध होती है, उसी प्रकार यहाँ पर भी यदि आचार्य नागार्जुन ने तन्त्र की पद्धति के अनुसार '**शाक्यमुनि**' का भावार्थ "समस्त (अशेष) तत्त्वों का अद्वय रूप से यथावत् अवबोध करने वाला" किया है तो अधिकांश अन्य ३४ तथागतों के नाम की व्याख्या भी उसी पद्धति से की जानी चाहिए थी, किन्तु ऐसा नहीं किया गया है। अतः इस टीका को आचार्य नागार्जुन की रचना मानने में सन्देह उत्पन्न होता है।

पुनश्च, आर्य उपालिपरिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत पठित त्रिस्कन्धसूत्र के भोट अनुवाद में "**एवं यावन्तः दशदिक्षु सर्वलोकधातुषु**" ऐसा पाठ उपलब्ध होता है, किन्तु संस्कृत मूल पाठ तथा शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद में "**एवंप्रमुखा यावन्तः सर्वलोकधातुषु**" ऐसा पाठ उपलब्ध होता है। यहाँ '**दशदिक्षु**' का उल्लेख नहीं है, किन्तु आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि के नाम से प्रसिद्ध टीकाओं में '**दशदिक्षु**' के स्थान पर '**चतुर्दिक्षु**' का उल्लेख है और इसी (शब्द) पर टीका भी की गई है, लेकिन टीकाओं के अन्तर्गत '**पूर्व दिशा**' इत्यादि दश दिशाओं का परिचय दिया गया है।

पुनश्च, "**सांघिकं द्रव्यमपहृतं स्यात्**" ऐसा पाठ मूल संस्कृत में उपलब्ध है, किन्तु उपालिपरिपृच्छासूत्र तथा शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवादों में "**चातुः सांघिकं वा द्रव्यमपहृतं स्यात्**" ऐसा पाठ उपलब्ध होता है। यहाँ चारों दिशाओं के संघों का उल्लेख किया गया है, किन्तु भोट पूजा-पाठ के संस्करणों एवं आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्रटीका में दश दिशाओं के संघों का उल्लेख है, जो संस्कृत मूल के अनुरूप नहीं है।

अपि च, "**यमविषयं वा गच्छेयं**" ऐसा संस्कृत मूल में उल्लिखित है। यही उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवादों में भी है, किन्तु भोट पूजा-पाठ एवं आचार्य नागार्जुन की टीका में पूर्वोक्त वचन के स्थान पर "**प्रेतविषयं वा गच्छेयं**" का उल्लेख मिलता है तथा इसी वचन को प्रमाण मानकर टीका की गई है, जो मूल संस्कृत के अनुरूप नहीं है।

पुनश्च "**न प्रतिच्छादयामि**" यह वाक्य किन्हीं-किन्हीं भोट संस्करणों में दो बार अनूदित उपलब्ध होता है, जैसे—"कुछ भी छिपाता नहीं हूँ और कुछ भी नहीं छिपाऊँगा" इस प्रकार एक वाक्य के दो भोट अनुवाद प्रमुख रूप से पूजा-पाठ एवं किन्हीं मूल अनुवाद के संस्करणों में प्राप्त होते हैं। आचार्य नागार्जुन की टीका में भी पूर्वोक्त दोनों अनुवादों को वर्तमान एवं भविष्य की दृष्टि से अलग-अलग व्याख्या की गई है, जैसे आचार्य की टीका में कहा गया है—"दोषों को स्वीकार करने से मन में भी कुछ नहीं छिपाने को "**न प्रतिच्छादयामि**" अर्थात् कुछ भी नहीं छिपाता हूँ तथा साक्षात् रूप से भी "**न प्रतिच्छादयामि**" अर्थात् कुछ भी नहीं छिपाऊँगा—ऐसा शब्द का द्विविध अनुवाद किया गया है, जो मूल संस्कृत पाठ में नहीं है। अतः इस व्याख्या से परोक्ष में यह सिद्ध होता है कि एक

संस्कृत मूल की दो अलग-अलग व्याख्या सम्भव नहीं है, अतः उक्त टीका के आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित होने में सन्देह होता है, क्योंकि ये दोनों अनुवाद भोट पूजा-संस्करण के आधार पर हैं।

इस प्रकार मूल सूत्र में परिणामना के अन्तर्गत "**उत्तरोत्तरायां**" संस्कृत मूल के स्थान पर भोट पूजा-पाठ संस्करण एवं किन्हीं अन्य भोट संस्करणों में '**उत्तरोत्तरायां गुरुगुर्व्यां**' ऐसा अनुवाद उपलब्ध होता है, जो संस्कृत मूल पाठ में उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन आचार्य एवं जितारि की टीका दोनों में '**उत्तरोत्तरायां**' एवं '**गुरुगुर्व्यां**' दोनों को मूल मानकर दोनों की अलग-अलग टीका की गई है, जैसे—'**उत्तर**' अर्थात् लोकोत्तर तथा उससे उत्तर बोधिसत्त्व माना गया है। '**गुरु**' को बोधिसत्त्व एवं उससे श्रेष्ठ गुरु को '**भगवान् बुद्ध**' माना गया है, (क्योंकि) उससे बढ़कर गुरु कोई नहीं है। अतः वही बोधिसत्त्व महासत्त्व है। आचार्य जितारि की टीका में भी ऐसा ही उल्लेख मिलता है। इससे यह सन्देह उत्पन्न होता है कि इन दोनों टीकाकारों के समक्ष संस्कृत मूल पाठ उपलब्ध नहीं था, अपितु ऐसा लगता है कि भोट पूजा-पाठ संस्करण के आधार पर ही टीका की गई होगी।

सम्भवतः उनके समक्ष उपालिपरिपृच्छासूत्र का भोट-अनुवाद अथवा शिक्षासमुच्चय का भोट-अनुवाद भी नहीं रहा होगा—ऐसा प्रतीत होता है, क्योंकि यदि उनके समक्ष उक्त भोट-अनुवाद उपलब्ध होते तो एक ही शब्द की दो अलग-अलग टीकाएं नहीं की गई होतीं।

पुनश्च, '**परिणामनया**' शब्द के भी भोट पूजा-पाठ संस्करणों में दो अनुवाद प्राप्त होते हैं। भोट-पाठ के अनुसार 'जिसकी परिणामना करने से' तथा 'परिणामना की जाती है'—ऐसे दो अनुवाद दृष्टिगोचर होते हैं। आचार्य नागार्जुन की टीका में भी दोनों शब्दों को अलग-अलग मानकर इन दोनों शब्दों की भिन्न-भिन्न अर्थ में व्याख्या की गई है, जिससे बात की और अधिक पुष्टि होती है कि यह उनकी स्वयं की रचना नहीं हो सकती है।

पुनश्च, "**सर्वान् बुद्धान् अध्येषयामि**" अर्थात् मैं सभी बुद्धों से अध्येषणा करता हूँ। यह संस्कृत मूलपाठ तथा उपालिपरिपृच्छासूत्र एवं शिक्षासमुच्चय के भोट अनुवाद में भी उपलब्ध होता है, किन्तु अधिकांश भोट पूजा-पाठ संस्करण एवं भोट टीकाकारों में '**सर्वान् बुद्धान् अध्येषयामि, याचयामि**'—ऐसा अनुवाद उपलब्ध होता है, जो संस्कृत मूलपाठ से भिन्न है। इसका अर्थ है सभी बुद्धों से

याचना करते हुए अध्येषणा करता हूँ। यही पाठ आचार्य नागार्जुन एवं आचार्य जितारि दोनों की टीका में उपलब्ध होता है। जहाँ आचार्य नागार्जुन ने अध्येषणा एवं याचना दोनों का अलग-अलग अर्थ किया है, जो वास्तव में संस्कृत मूलपाठ के अनुरूप नहीं है। वहीं आचार्य जितारि ने उक्त पाठ को यथावत् ग्रहण कर लिया, किन्तु उस पर कोई टीका नहीं की।

पुनश्च, "**भवतु में ज्ञानमनुत्तरम्**" ऐसा संस्कृत मूलपाठ में उपलब्ध है। यही पाठ उपालिसूत्र एवं शिक्षासमुच्चय में भी उपलब्ध है, किन्तु अधिकांश भोट पूजा-पाठ संस्करणों एवं आचार्य जितारि की टीका में पूर्वोक्त से कुछ भिन्न उपलब्ध होता है, जैसे—'**भवतु मे अनुत्तरं परमुत्तमं ज्ञानं प्राप्तम्**' अर्थात् "मुझे अनुत्तर परम उत्तम ज्ञान प्राप्त हो"। यह सर्वथा मूल संस्कृत पाठ से मेल नहीं खाता। यही पाठ आचार्य जितारि की टीका के भोट अनुवाद में स्पष्ट रूप से उपलब्ध होता है, किन्तु दोनों आचार्यों (नागार्जुन एवं जितारि) ने इस शब्द की व्याख्या नहीं की है।

आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि दोनों की टीकाओं के अन्त में भोट अनुवादक के नाम का जो उल्लेख किया गया है, वह भी सन्दिग्ध प्रतीत होता है, क्योंकि आचार्य नागार्जुन की टीका के अन्त में भोट अनुवादक 'जे देवघोष' का नाम उल्लिखित है, यह भोट देश के अत्यन्त अप्रसिद्ध अनुवादक हैं। मात्र इसी एक ग्रन्थ पर उनका नाम उल्लिखित है।

आचार्य जितारि की टीका के अन्त में भी भोट अनुवादक का नाम स्पष्टतया उल्लिखित नहीं हैं। उसमें केवल अनुवादक के कुल अथवा वंश के नाममात्र का उल्लेख है और अनुवाद में सहयोग करनेवाले का नाम भी स्पष्ट नहीं है। उसमें केवल नेपाल के किसी 'बौद्ध पण्डित' का उल्लेख है। इन दोनों अनुवादकों के जीवनवृत्तान्तों का भी उल्लेख आगे भूमिका के अन्त में किया जाएगा। अत एव वहीं द्रष्टव्य है।

(२) दोनों आचार्यों के अन्य ग्रन्थों से इन टीकाओं में परस्पर विचार-भेद

आर्यकुसुमसंचयसूत्र तथा **आचार्य नागार्जुन** की अन्य रचनाओं में त्रिस्कन्धसूत्र के चौथे तथागत नागेश्वरराज का क्षेत्र '**मधुमती**' कहा गया है और प्रस्तुत टीका में तथागत नागेश्वरराज का लोकक्षेत्र '**नागव्याप्त**' नामक बुद्धक्षेत्र कहा गया है, जो सूत्र तथा स्वयं के वचन से विरुद्ध है। वास्तव में मधुमती ही इनका लोकक्षेत्र माना जाता है। इस तथागत की दिशा भी आर्यकुसुमसंचयसूत्र में

पूर्व-दक्षिण कही गई है और आचार्य नागार्जुन की टीका में इनकी दिशा पश्चिम कही गई है, जो सूत्र से मेल नहीं खाती है।

उसी प्रकार आर्यकुसुमसंचयसूत्र में तथागत रत्नाग्नि की दिशा भी उत्तर और लोकक्षेत्र '**मण्याभासवती**' कहा गया है, किन्तु आचार्य नागार्जुन की टीका में इनकी दिशा पश्चिम एवं लोकक्षेत्र '**आभासवती**' कहा गया है, जो सर्वथा परस्पर विरुद्ध है। इसी प्रकार दूसरे तथागत **वज्रगर्भप्रमर्दिन** के सन्दर्भ में भी तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् 'जे गुङ् थन् तेन पई दोन मेद्' ने अपने **दानपरिशोधनविधि** नामक ग्रन्थ में कहा है कि '**वज्रगर्भ**' तो क्षेत्र का नाम है और '**वज्रप्रमर्दिन्**' स्वयं तथागत का नाम है। किन्तु त्रिस्कन्धसूत्र में नाम एवं क्षेत्र दोनों में सन्धि करके पूरे पद को तथागत का नाम कहा गया है। यही बात तथागत आर्यकुसुमसंचयसूत्र में भी कही गई है। यदि '**वज्रगर्भ**' बुद्धक्षेत्र का नाम और **वज्रप्रमर्दिन्** स्वयं तथागत का नाम होता तो अत्यन्त उदार विचारधारा वाले आचार्य नागार्जुन अवश्य ही बुद्धक्षेत्र और स्वयं बुद्ध के नाम की अलग-अलग टीका करते। सम्भवतः उस तथागत का बुद्धक्षेत्र '**गगनगर्भ**' प्रस्तुत न करके आर्यकुसुमसंचयसूत्र के अनुसार वज्रगर्भ रख सकते थे, किन्तु ऐसा नहीं किया गया है। सम्भवतः उसमें आचार्य नागार्जुन नामक व्यक्ति को कोई और आधारभूत सूत्र उपलब्ध हुआ होगा और उसी को आधार बना करके इनका क्षेत्र '**गगनगर्भ**' लिख दिया होगा। लेकिन दुर्भाग्यवश मुझे आज तक वह आधार सूत्र उपलब्ध नहीं हो सका।

(३) पैंतीस तथागतों के दिशा, क्षेत्र, कायवर्ण, मुद्रा इत्यादि का अन्य सूत्र एवं शास्त्रों में वर्णित विवरण से भिन्नता

त्रिस्कन्धसूत्र तथा **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में ३५ बुद्धों के कायवर्ण तथा क्षेत्रों में परस्पर तुलना की जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि सर्वप्रथम तथागत वज्रगर्भप्रमर्दिन् के सन्दर्भ में **आचार्य नागार्जुन** की **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** के अनुसार उनकी दिशा ऊर्ध्व, क्षेत्र गगनगर्भ, कायवर्ण नील, आयुध दो वज्र हैं। उनके नामपाठ की अनुशंसा ग्यल्-छब्-जे कृत टीका के अनुसार इस प्रकार है कि इस बुद्ध के नाम के पाठ से १० हजार कल्पों के पापों की विशुद्धि होती है। **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** के अनुसार तथागत वज्रगर्भप्रमर्दिन् की दिशा उत्तर, क्षेत्र

वज्रगर्भ लोकधातु है तथा उनके नाम-पाठ की अनुशंसा में १ करोड़ १० लाख १० हजार कल्पों के पापों से विशुद्धि कही गयी है।

इसी प्रकार उसी सूत्र में तथागत रत्नाग्नि की दिशा उत्तर, क्षेत्र मणि-आभासवती, नाम-पाठ की अनुशंसा है तथा उससे अवैर्तिक स्थान (पद) प्राप्त होगा—ऐसा कहा गया है। इसके अतिरिक्त **आचार्य नागार्जुन** की **त्रिस्कन्धसूत्र-टीका** में कहा गया है—"तथागत रत्नाग्नि की दिशा पश्चिम, क्षेत्र आभासवती, कायवर्ण रक्त, आयुध मणिरत्न एवं अग्निमण्डल है। नामपाठ की अनुशंसा तो ग्यल्-छब्-जे के अनुसार संघ द्रव्य के अपहरण से संचित पापों की विशुद्धि होगी।" और भी, तथागत नागेश्वरराज के सन्दर्भ में **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में कहा गया है—"इनकी दिशा पश्चिम, क्षेत्र मधुमती है", लेकिन नाम-पाठ की अनुशंसा स्पष्ट नहीं है। उसी तथागत नागेश्वरराज का आचार्य नागार्जुन की टीका में इस प्रकार वर्णन है, उनकी दिशा पूर्व-दक्षिण, कायवर्ण नील, क्षेत्र नागव्याप्त तथा आयुध नागलता एवं नीलसर्प हैं। नाम-पाठ की अनुशंसा ग्यल्-छब्-जे के अनुसार आठ कल्पों के पापों की विशुद्धि है।

इस प्रकार अन्य तथागतों की दिशा, क्षेत्र, आयुध तथा अनुशंसा की भी परस्पर तुलना करने पर अनेक असमानताएं उपलब्ध होती हैं। अतः भोट देश के वरिष्ठ विद्वान् '**गुङ् थङ् तेनपई डोनमे**' ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[1] में तथागत रत्नाग्नि के सन्दर्भ में कहा है—"आचार्य नागार्जुन द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका नामक ग्रन्थ में (तथागत) रत्नाग्नि का आयुध रत्न एवं अग्निमण्डल जो कहा गया है, उसका आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्रटीका तथा आचार्य कृष्णपाद कृत त्रिस्कन्धसाधना आदि में लेशमात्र भी उल्लेख नहीं किया गया है। (भोट देश के महाविद्वान्) साक्य पण्डित द्वारा विरचित '**त्रिसंवरप्रकरण**' में आचार्य नागार्जुन द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका के प्रति सन्देह व्यक्त करके इसे उनकी रचना होने का निषेध किया गया है। अतः आचार्य चोंखापा ने भी इस टीका को प्रामाणिक न मानकर अपने द्वारा किये गये ३५ बुद्धों के साक्षात् दर्शन के अनुसार अपने परम शिष्य '**सङ् क्योङ्**' आदि को पृथक्तया ३५ बुद्धों के कायवर्ण आदि का निर्देश किया है। तदनुसार भोट देश के महान् विद्वान् '**ल्होडक् डुपछेन्**' ने अपनी त्रिस्कन्धसूत्रटीका की विधि में भी उल्लेख किया है। आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका के बारे में सप्तम दलाई लामा ने कहा है कि किसी

---

१. वचन संग्रह 'च' पुट्, पृ० २२२।

भोट विद्वान् ने इस टीका की रचना कर उसे बाद में आचार्य नागार्जुन की रचना होने का नाम जोड़ दिया है, जबकि वास्तव में यह एक भोटदेशीय टीका है। वह बात मुझे भी उचित लगती है, क्योंकि नागार्जुन के ही **त्रिस्कन्धसूत्रटीका** में तथागत नागेश्वरराज के सन्दर्भ में कहा गया है—"उनकी दिशा दक्षिण-पूर्व, क्षेत्र नागों से व्याप्त, कायवर्ण नील एवं आयुध नागलता और नील सर्प है, जो आचार्य नागार्जुन के अन्य ग्रन्थों में उल्लिखित विचारों से कुछ भी मेल नहीं खाता है। वास्तव में (तथागत) नागेश्वरराज का क्षेत्र मधुमती माना जाता है और वह **आर्यकुसुमसंचयसूत्र** में उल्लिखित है तथा यह पूर्ववर्ती प्रामाणिक वरिष्ठ विद्वानों के विचारों से भी मेल खाता है।" और भी, जे गुङ् थङ् द्वारा विरचित '**दानपरिशोधनविधि**[१]' में कहा गया है—"तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध रत्नाग्नि का क्षेत्र उत्तर दिशा के एक अरब १ हजार बुद्ध क्षेत्रों के अन्त में स्थित पश्चिम-लोकधातु आभासवती में विद्यमान है। यहाँ प्रभास एवं आभास पर्यायवाची शब्द हैं। इस प्रकार ३५ बुद्धों के नामों में अनेक समानताएं हैं। उस (कुसुमसंचय) सूत्र में वज्रगर्भप्रमर्दिन् के पश्चात् जिस प्रकार तथागत रत्नाग्नि तथा रत्नचन्द्रप्रभ दो के नाम प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार नागार्जुन-विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका में ३५ बुद्धों के नाम इधर-उधर बिखरे हुए उपलब्ध होते हैं। सर्वप्रथम उक्त वज्रगर्भवती एक क्षेत्र का नाम है, वज्रप्रमर्दिन् स्वयं बुद्ध का नाम है और त्रिस्कन्धसूत्र में वज्रगर्भप्रमर्दिन् संक्षिप्त रूप में कहा गया है।" अत: इसके अनुसार यह स्पष्ट हो जाता है कि आचार्य नागार्जुन कृत त्रिस्कन्धसूत्रटीका का पुन: गम्भीर रूप से अध्ययन करके अनुसन्धान करना आवश्यक है। मैं इस सन्दर्भ में कुछ और विचार आगे प्रस्तुत करूँगा।

वैसे तो पैंतीस तथागतों के कायवर्ण, क्षेत्र एवं दिशा इत्यादि के सन्दर्भ में पूर्व में कहा जा चुका है, फिर भी आर्यकुसुमसंचयसूत्र के वर्णन, आचार्य नागार्जुन की टीका के विचार, भोट देश के महाविद्वान् साक्य पण्डित के मत और भोट देश के गेलुग् सम्प्रदाय के संस्थापक जे० रिनपोछे (चोंखापा) द्वारा पैंतीस तथागतों का साक्षात् दर्शन आदि इन सबमें प्रतिपादित कायवर्ण, मुद्रा एवं आयुध के बारे में परस्पर तुलना करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि इन सभी में अनेक आंशिक विरोध हैं, वास्तव में 'यह शुद्ध है, यह गलत है'—ऐसा सिद्ध करना अत्यन्त कठिन है। किन्तु हो सकता है कि आचार्य नागार्जुन की

---

१. वचन संग्रह 'च' पुट्, पृ० २१६ ।

त्रिस्कन्धसूत्रटीका में वर्णित पैंतीस तथागतों के कायवर्ण, क्षेत्र, दिशा, मुद्रा एवं आयुध इत्यादि का आधार सम्भवतः कोई गम्भीर गुह्यतन्त्र हो, जो लोक में उतना प्रसिद्ध नहीं था। क्योंकि त्रिस्कन्धसूत्र, वैसे तो सूत्र का पक्ष है, किन्तु अनेक भोट विद्वानों ने इसे तन्त्र पक्ष में ले जाकर इसकी तन्त्र के अनुसार व्याख्या कर दी है—ऐसा अधिक दृष्टिगोचर होता है।

भारतीय आचार्य छोटे कृष्णपाद ने इस पर **त्रिस्कन्धसाधनोपाय** नामक एक ग्रन्थ की रचना की है, जो तन्त्रपक्ष के अनुसार है। इस पर भोट विद्वानों की अनेक तन्त्र-विधि भी उपलब्ध होती हैं। अतः यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि यह ग्रन्थ (नागार्जुन की टीका) वस्तुतः तन्त्रानुसारी ही है। इसके सन्दर्भ में और समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।

आचार्य चोंखापा ने पाप एवं आवरणों की विशुद्धि के लिए सर्वप्रथम जब विभिन्न ग्रन्थों का अन्वेषण किया तो उन्होंने जाना कि त्रिस्कन्धसूत्र के द्वारा साष्टाङ्ग प्रणाम ही सर्वोत्तम उपाय है और इसी सूत्र के पाठ से साष्टाङ्ग प्रणाम करके कठोर साधना के फलस्वरूप अन्ततोगत्वा उन्हें पैंतीस तथागतों का अपने-अपने कायवर्ण, मुद्रा एवं आयुधों के साथ साक्षात्कार हुआ। कालान्तर में जब उनके शिष्यों एवं अनुयायियों ने पैंतीस तथागतों के चित्रनिर्माण के लिए जे० रिनपोछे से निवेदन किया तो जे० रिनपोछे ने साक्षात् दर्शन के अनुसार चित्रलेखन की अनुमति प्रदान की।

भोट-देश के महापण्डित साक्य कुङ्गा ग्यलछन् का मानना है कि ३५ तथागतों के वर्ण एवं मुद्राएं आर्यावर्त भारतवर्ष की परम्परा के अनुसार होनी चाहिए। उनका कहना है कि प्राचीनकाल में आर्यावर्त भारतवर्ष के बौद्धधर्म का शासन समस्त भूमण्डल में व्याप्त था, उस समय अनेक मठ एवं विहारों की स्थापना हुई और उसी काल में अजन्ता, एलोरा आदि अनेक महापाषाण गुफाओं का निर्माण हुआ। उन-उन गुफाओं में अनेक तथागतों के चित्र एवं मूर्तियों का निर्माण किया गया। किसी-किसी में अनेक बुद्धों के चित्र भी निर्मित हैं, उनमें अधिकतर पाँच तथागतों की आकारयुक्त मुद्राओं वाले चित्र ही प्राप्त होते हैं, न कि अनेक आयुध एवं मुद्राओं से युक्त तथागत। अतः ३५ तथागतों के कायवर्ण एवं मुद्राएं भी पाँच तथागतों की मुद्राओं से अतिरिक्त समीचीन नहीं माना गया है, क्योंकि ये सभी ३५ तथागत प्रव्रजित एवं निर्माणकाय हैं—ऐसा कहा गया है।

अत: वे (साक्य पण्डित) आचार्य नागार्जुन की ३५ बुद्धों की परम्परा और जे० चोंखापा की परम्परा का सर्वथा समर्थन नहीं करते हैं, क्योंकि उन परम्पराओं में अनेक मुद्राएं तथा आयुध धारण किये हुए बुद्ध प्रतिपादित हैं। ऐसा विचार मानने से वे तथागत के वचनों से विरोध की आशंका प्रकट करते हैं। उन्होंने अपने पक्ष में भारत के महान् आचार्य उद्भट सिद्धस्वामी के द्वारा विरचित 'विशेषस्तव' का प्रमाण प्रस्तुत किया है। यथा—"चक्र एवं त्रिशूल धारण न करने पर भी मैत्री-शस्त्र से उस (मार) पर विजय प्राप्त की है"—इस प्रकार बुद्ध की स्तुति की है। कालान्तर में आचार्य प्रज्ञावर्म ने इस (विशेषस्तव) ग्रन्थ की टीका में कहा है, यथा—"मार की शक्ति पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान् (आपके पास) विष्णु और महादेव की तरह चक्र और त्रिशूल नहीं है, फिर भी मैत्री शस्त्र के द्वारा आपने इस (मार की) शक्ति पर विजय प्राप्त की है"—इस प्रकार व्याख्या की है।

महापण्डित साक्य कुङ्गा ग्यलछन् का मानना है कि भावना के लिए यद्यपि ये ही पाँच वर्ण एवं मुद्रा उचित माने गये हैं और इसे ही अधिकांश भोट सम्प्रदायों का भी समर्थन प्राप्त है। विशेष रूप से जब कोई व्यक्ति ३५ तथागतों की भावना करना चाहे तो यही परम्परा उपयुक्त एवं चित्त में आसानी से स्थापित करने के लिए समीचीन मानी गई है। ऐसा चारों सम्प्रदायों के विद्वानों ने भी कहा है। लेकिन कायवर्ण के क्रम में कुछ भिन्नता दिखाई देती है। शेष बातें पहले कही जा चुकी हैं।

(४) भोट-भाषीय शब्दों एवं व्याकरण का प्रभाव

आचार्य जितारि की टीका के प्रारम्भ में जब त्रिरत्न का शरणगमन किया गया है, तब आचार्य ने 'बुद्ध की शरण में जाता हूँ' की व्याख्या करते समय भोट विद्वानों द्वारा व्याकरण के अनुसार अपनायी गई व्याख्या की भाँति व्याख्या की है—ऐसा प्रतीत होता है। जैसे—टीका में कहा गया है कि "यहाँ 'की' तो विषय की 'की' है जो अधिकरण में सप्तमी विभक्ति है"। इस प्रकार की व्याख्या अन्य भारतीय टीकाओं में अत्यन्त कम ही उपलब्ध है। वास्तव में संस्कृत-व्याकरण की दृष्टि से द्वितीया विभक्ति होनी चाहिए।

पुनश्च, चौदहवें तथागत ब्रह्मदत्त के सन्दर्भ में भी आचार्य जितारि की टीका में इस प्रकार उल्लिखित है, यथा—'वह अन्य द्वारा '**दत्त**' होने से '**ब्रह्मदत्त**' है। इसलिए (ब्रह्मन् और '**दत्त**' में) प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त है या इस

प्रकार उनके द्वारा 'दत्त' होने से (तथागत) ब्रह्मदत्त है। इस तरह तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया गया है। फलतः '**ब्रह्मदत्ताय**' ऐसा निष्पन्न हुआ'।

यहाँ प्रथमा विभक्ति एवं तृतीया विभक्ति का अन्तर करके जो व्याख्या की गई है, वह वास्तव में संस्कृत और भोट भाषा के व्याकरण की दृष्टि से अनुचित नहीं है, किन्तु ऐसी व्याख्या शूरदत्त में नहीं की गई है तथा नागार्जुन की टीका में भी इस प्रकार का उल्लेख नहीं है, जो विचारणीय है।

अपि च, आचार्य जितारि की टीका में जब दश अकुशल कर्मों की व्यवस्था की गई। उसमें कर्मों का विपाक भी प्रस्तुत किया गया है। वहाँ तीन कृतकर्म बताये गये हैं, यथा—"**कृत असंचित, अकृत संचित** तथा **कृत संचित**"। इस तरह ये तीन पापकर्म गिनाये गये हैं। इसमें पहले और तीसरे कर्म में कोई सन्देह नहीं है। ऐसी व्यवस्था मानी भी जाती है। किन्तु दूसरे अकृत संचित पापकर्म का अर्थ क्या है? इसमें सन्देह इसलिए पैदा होता है, क्योंकि जो पापकर्म किया नहीं गया है, वह संचित कैसे होता है और उसका विपाक भी कैसे होता है? यह तो इतर धर्म का विचार प्रतीत होता है। जैसे—**आचार्य चन्द्रकीर्ति** ने प्रसन्नपदा में इतर धर्मों का खण्डन करते समय कहा है, यथा—"**अकृतस्यैव कर्मणः फलोदयः स्यात्**" अर्थात् अकृत कर्म के फल का उदय (उत्पाद) होगा, ऐसा दोष दिया है। वही दोष यहाँ पर भी लागू होता है, अतः इस शब्द पर विचार करना चाहिए।

केवल इतना ही नहीं, अपितु ऐसी अनेक असन्तोषजनक व्याख्याएँ आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि की त्रिस्कन्धसूत्र टीकाओं में दिखलाई पड़ती हैं—ऐसा भोट देश के प्रामाणिक विद्वान् लामा तारानाथ ने भी अपनी त्रिस्कन्धसूत्र टीका में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है।

और भी, इन दोनों आचार्यों की टीकाओं में जब तथागत के नाम का शब्दार्थ किया गया है, तब ऐसी अनेक अयुक्तियुक्त व्याख्याएं उपलब्ध होती हैं। जैसे—किसी तथागत के नाम के अन्तर्गत शब्दों को ही प्रधान बनाकर उसकी टीका की गई है, जैसे—इन्द्र शब्द के प्रयोग में वहाँ उसकी व्याख्या न कर पाँच इन्द्रियों की गणना मात्र कर दी गई है, ठीक वैसे ही जब ब्रह्म शब्द आता है, तब मात्र रूपधातु के प्रथम ध्यान भूमि में स्थित देवों को कह दिया गया है। 'धनश्री' सप्त आर्यधनों की गणनामात्र करने के अतिरिक्त कोई विशेष गुण का अलग से

प्रदर्शन नहीं किया गया है। अतः वास्तव में ये टीकाएं आचार्य नागार्जुन तथा आचार्य जितारि द्वारा विरचित हैं कि नहीं? ऐसा सन्देह उत्पन्न होता है।

(५) अनेक प्रामाणिक भोट विद्वानों द्वारा भारतीय आचार्यों की रचना होने में सन्देह

भोट देश के परम आदरणीय महापण्डित बुस्तोन रिनपोछे ने अपनी तनग्युर-कनग्युर ग्रन्थसूची में कहा है कि नागार्जुन द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्र टीका के दो भोट अनुवाद उपलब्ध होते हैं—"वही बुस्तोन ने पाद-टिप्पणी में यह भी उल्लेख किया है कि अन्यत्र इसके दूसरे अनुवादों में आचार्य नागबोधि का रचयिता के रूप में उल्लेख मिलता है। लेकिन बुस्तोन् रिनपोछे ने नागार्जुन विरचित उक्त टीका के बारे में अपना कोई अभिमत व्यक्त नहीं किया है। सम्भवतः उसे भारतीय टीका ही समझकर सन्देह ही नहीं किया होगा, जबकि वे एक सुप्रसिद्ध समीक्षक हैं।

तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् लामा तारानाथ ने आचार्य नागार्जुन एवं जितारि दोनों के नाम से प्रसिद्ध दोनों टीकाओं को वास्तव में इन दोनों आचार्यों की कृति होने पर सन्देह व्यक्त किया है। जैसे—लामा तारानाथ द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्र टीका में कहा गया है—"इस (त्रिस्कन्धसूत्र आपत्तिदेशना) धर्मपर्याय पर सम्प्रति भोट में अनूदित तनग्युर ग्रन्थभण्डार में दो प्रकार की टीकाएं उपलब्ध होती हैं, यथा—(१) आचार्य जितारि विरचित टीका, जो छग् लोचावा द्वारा अनूदित है तथा (२) आचार्य नागार्जुन के नाम से विरचित है, जिसे भारतीय पण्डित शान्तरक्षित तथा लोचावा ञे देवघोष ने अनूदित किया है। फिर भी आचार्य का मानना है कि ये दोनों ग्रन्थ इन आचार्यों द्वारा विरचित प्रतीत नहीं होते हैं। वैसे भी इन दोनों टीकाओं के भारतीय टीका होने पर सन्देह उत्पन्न होता है। यों तो ग्रन्थ-रचना भली-भाँति की गई है, किन्तु उसमें त्रुटियाँ भी कुछ कम नहीं हैं। धर्मराज साक्य पण्डित का कहना है कि इस आपत्तिदेशना के ३५ बुद्धों में आयुध के रूप में कवच एवं खड्ग इत्यादि धारण करने आदि साधनोपाय की देशना बुद्ध ने नहीं की है। इस प्रकार साक्य पण्डित ने नागार्जुन नाम से आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित होने में सन्देह व्यक्त किया है। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि साक्य पण्डित ने सम्भवतः खड्ग एवं कवच धारण करना आदि साधनोपाय के प्रति अपना विचार प्रकट किया गया है। फिर भी इनके विषय में कुछ समीक्षा की जा

सकती है। यदि यह त्रिस्कन्धसूत्र टीका आभ्यन्तर तन्त्र के अनुसार है तो प्रव्रजित बुद्ध के अस्त्र-शस्त्र धारण करनेवाले वैराग्याकार साधनोपाय सम्भवतः हो सकते हैं। यदि किसी सिद्ध पुरुष का अववाद है तो उसका सर्वथा निषेध नहीं किया जा सकता, क्योंकि अन्य ग्रन्थों में परस्पर विरोधी अनेक प्रामाणिक साधनोपाय दृष्टिगोचर होते हैं। यदि सूत्रपक्ष के मतानुसार ही व्याख्या की गई है तो इस प्रकार की (आयुध धारणा करनेवाली) परम्परा कदापि उचित नहीं है''।

इस प्रकार लामा तारानाथ ने गम्भीरतापूर्वक समीक्षा करके अपने विचार प्रस्तुत किये हैं। यहाँ लामा तारानाथ ने न केवल इन दोनों आचार्यों की कृति पर सन्देह व्यक्त किया है, अपितु इनके भारतीय टीका होने में भी सन्देह प्रकट किया है। आपने इन दोनों टीकाओं को सामान्यतया अच्छी टीका बताया, किन्तु दोनों टीकाओं में अनेक त्रुटियाँ भी बताई हैं। भोट विद्वान् साक्य पण्डित के विचारों पर टिप्पणी करते हुए लामा तारानाथ ने कुछ समीक्षा कर अपने विचार प्रकट किये हैं। तदनुसार यदि आभ्यन्तर मन्त्र के अनुसार टीका की गई है तो इस प्रकार के साधनोपाय का निषेध नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसा अन्य तन्त्रग्रन्थों में देखने को मिलता है। सिद्ध पुरुष का अववाद होने पर भी अनुचित नहीं है। यदि सूत्रपक्ष के अनुसार टीका की गई है तो उस प्रकार का साधनोपाय कदापि उचित नहीं हैं। ऐसा उनका विचार प्रतीत होता है।

तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् **डुलछु धर्मभद्र** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्र टीका** में कहा है—''कायवर्ण, आयुध एवं अपने-अपने बुद्धक्षेत्रों के नाम नागार्जुन नामक आचार्य द्वारा विरचित भारतीय टीका से उद्धृत किये गये हैं, जो मुझे सातवें दलाई लामा कलसङ् ग्याछो से प्रश्नोत्तर के रूप में प्राप्त हुए हैं।''

अतः यहाँ डुलछु ने भी नागार्जुन नामक आचार्य द्वारा कृत टीका पर जो सन्देह व्यक्त किया है, उससे परोक्ष में वह भी उक्त टीका को आचार्य नागार्जुन की टीका नहीं मानते हैं।

साक्य पण्डित कुङ्गा ग्यलछन ने भी पूर्व में उक्त अपने **त्रिसंवरप्रभेद** नामक ग्रन्थ में जो कहा है, उसी प्रकार अपने **त्रिस्कन्धसूत्रपाठोपाय** में भी उन्होंने कहा है, यथा—''भोट विद्वान् कृत त्रिस्कन्धसूत्र टीका, जिसमें कवच तथा खड्ग इत्यादि अनेक आयुध धारण करने का वर्णन है, वह प्रव्रजित निर्माणकाय के प्रति कदापि उचित नहीं है''।

यहाँ साक्य पण्डित वास्तव में यह कहना चाहते हैं कि जिस त्रिस्कन्धसूत्र टीका में पैंतीस तथागतों में कवच एवं खड्ग इत्यादि अनेक प्रकार के आयुध धारण का वर्णन किया गया है, वह कदापि आचार्य नागार्जुन की टीका नहीं हो सकती और वह किसी भोट विद्वान् द्वारा अवश्य ही नागार्जुन के नाम से रचित है—ऐसा परोक्षरूप में कहा है।

तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् जे गुङ् थङ् ने भी कहा है यथा—"यह टीका सातवें दलाई लामा के मतानुसार किसी भोट विद्वान् द्वारा रचित है, परन्तु उसमें आचार्य नागार्जुन का नाम लगा दिया गया है। यह भोटदेशीय टीका है—ऐसा जो उन्होंने कहा है, वह मुझे भी उचित लगता है"। अतः वास्तव में जे गुङ् थङ् भी आचार्य नागार्जुन कृत कोई त्रिस्कन्धसूत्र टीका नहीं मानते हैं। उसी प्रकार अन्य अनेक भोट विद्वान् आचार्य नागार्जुन कृत किसी त्रिस्कन्धसूत्र टीका के न होने का दावा करते हैं। लेकिन आचार्य नागार्जुन के द्वारा रचित टीका माननेवाले विद्वान् भी भोट देश में कम नहीं हैं। अनेक भोट विद्वानों ने इस ग्रन्थ से अनेक विषय उद्धृत किये हैं और वे उसे एक प्रामाणिक ग्रन्थ मानते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि टीकाकार चाहे कोई भी हो, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। दोनों आचार्य नागार्जुन एवं जितारि की टीकाएं चाहे वे भोटदेशीय हों, चाहे भारतीय हों, वास्तव में दोनों टीकाओं की व्याख्या अत्यन्त महत्त्वपूर्ण एवं लाभदायक है। इसीलिए वे अपनी-अपनी टीकाओं में बिना किसी संकोच के उक्त दोनों टीकाओं के उद्धरणों का समावेश कर लेते हैं।

अतः संक्षेप में मेरा भी यह विचार है कि त्रिस्कन्धसूत्र के दोनों टीकाकार भोट अथवा भारतीय कोई भी क्यों न हों, यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि ऐसे अनेक ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, जिनके लेखक का नाम न होने पर भी वे प्रामाणिक माने जाते हैं तथा वे ग्रन्थ सत्त्वों के कल्याण के लिए उपयोगी एवं विद्वानों की समीक्षा के लिए स्वीकार्य होते हैं। अतः लेखक में सन्देह होने के कारण ग्रन्थ का अध्ययन न करना और उसकी उपेक्षा करना उचित नहीं है। अतः लेखक में भ्रम या सन्देह होने पर भी उनका अध्ययन अवश्य करना चाहिए। जैसे तथागत बुद्ध ने कहा है—"शब्द नहीं, अर्थ की प्रतिशरण ग्रहण करो, नेयार्थ नहीं, नीतार्थ की शरण ग्रहण करो, पुद्गल की नहीं, धर्म की शरण ग्रहण करो तथा विज्ञान नहीं, ज्ञान की शरण ग्रहण करो"[१]।

---

१. चत्वारीमानि भिक्षवः प्रतिसरणानि। कतमानि चत्वारि? धर्मः प्रतिसरणं न पुद्गलः, अर्थः प्रतिसरणं न व्यञ्जनम्, नीतार्थसूत्रं प्रतिसरणं न नेयार्थम्, ज्ञानं प्रतिसरणं न विज्ञानम्। द्र०-अभि० को० भा, (द्वितीयं कोशस्थानम्), पृ० २५७ (बौ० भा० सं०, १९८७)।

जिस प्रकार स्वयं बुद्ध ने भी यहाँ पुद्गल को माहात्म्य प्रदान नहीं किया है, उसी प्रकार लेखक को महत्त्व न देकर उसके ग्रन्थ के भावार्थ को महत्त्व देना चाहिए।

वैसे भी नागार्जुन परम्परा की त्रिस्कन्धसूत्र टीका में विद्यमान ३५ तथागतों का काग्युद सम्प्रदाय के वरिष्ठ विद्वान् जे० ठिनले कुन् ख्यब् ने साक्षात् दर्शन किया—ऐसा **डिगुङ् रिगजिन छोस् क्यि लोडोस्** ने अपनी त्रिस्कन्धसूत्र टीका में कहा है, यथा—

"जे ठिनले कुन् ख्यब् ३५ तथागतों को अपने इष्टदेव के रूप में मानते हैं और उनको ३५ तथागतों का साक्षात् दर्शन भी हुआ है। उन्होंने त्रिस्कन्धसूत्र टीका की एक संक्षिप्त ३९ श्लोकबद्ध स्तुति लिखी है। इस (आचार्य) से रिगजिन छोडक् ग्यछो ने तीन बार ३५ तथागतों का विधिवत् अभिषेक प्राप्त किया और इन रिगजिन छोडक् ग्याछो से डिगुङ् छोस् क्यि लोडोस् ने ३५ तथागतों का विधिवत् अभिषेक प्राप्त किया"।

डिगुङ् छोस् क्यि लोडोस् की टीका में आचार्य नागार्जुन की परम्परा के ३५ तथागतों के कायवर्ण एवं आयुध इत्यादि उनकी परम्परा के अनुसार ही प्रतिपादित किये गये हैं। अतः हो सकता है कि आचार्य नागार्जुन की परम्परा के ३५ तथागतों के कायवर्ण एवं आयुध का ही उनको दर्शन हुआ हो।

तिब्बत के महापण्डित साक्य कुङ्गा ग्यछन् का कथन है कि समस्त ३५ तथागत प्रव्रजित निर्माणकाय हैं, इसलिए उन ३५ बुद्धों के हाथों में कवच, खड्ग, ध्वज एवं मेरु पर्वत के धारण को न केवल अनुचित मानना चाहिए, अपितु सर्वथा गलत मानना चाहिए और उन्होंने इसकी पुष्टि के लिए भारत के महान् आचार्य उद्भट सिद्ध स्वामी के विशेषस्तव के वचन को प्रमाण के रूप में उद्धृत किया है। उस पर मैं पुनः अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ। यदि साक्य पण्डित के अनुसार ३५ बुद्धों के आयुध के रूप में कवच एवं खड्ग इत्यादि को धारण करना सर्वथा अनुचित है तो तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् तथा गेलुग सम्प्रदाय के जे-चोंखापा को प्रारम्भ में पाप एवं कर्मावरण विशुद्धि के लिए साष्टाङ्ग प्रमाण करते हुए त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ करते समय उनको ३५ बुद्धों के दर्शन का सौभाग्य तो प्राप्त हुआ, किन्तु दुर्भाग्य से उनको अधिकांश बुद्धों के मुखमण्डल का दर्शन नहीं हो सका। लेकिन बाद में जब उन्होंने समस्त तथागतों के नाम के

प्रारम्भ में आदरसूचक शब्द '**तथागत**' का प्रयोग करके भावना की तो समस्त तथागतों के मुखमण्डल, कायवर्ण, मुद्राएं एवं आयुध के साथ दर्शन हुआ। उस समय उन तथागतों में से कुछ तथागत अपने आयुध के रूप में ध्वज, खड्ग, कवच एवं मेरु पर्वत इत्यादि धारण किये हुए थे।

अतः कालान्तर में 'जे-चोंखापा' ने त्रिस्कन्धसूत्र के ३५ तथागतों के चित्र का निर्माण करते समय आचार्य नागार्जुन तथा साक्य पण्डित दोनों के विचारों का अनुसरण न करके अपने साक्षाद् दर्शन के अनुसार ही चित्रलेखन की आज्ञा प्रदान की। अतः आयुध इत्यादि धारण के सन्दर्भ में उसे अनुचित और असमीचीन कहना उचित प्रतीत नहीं होता। जैसे तथागत विनेयजनों को धर्मदेशना करते समय उनके आशय को देखते हुए देशना करते हैं, उसी प्रकार सम्भवतः किन्हीं-किन्हीं विनेयजनों को ३५ बुद्धों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होते समय अनेक आयुध एवं मुद्रा के साथ दर्शन हुआ होगा। किन्हीं को कुछ मुद्राएं एवं आयुध और किन्हीं को मात्र पाँच तथागत कुल की मुद्राओं एवं कायवर्ण का दर्शन प्राप्त हुआ होगा। अतः सर्वथा अनुचित कहने में उस पर पुनः गम्भीरतया विचार करना चाहिए।

वैसे भी पाँच तथागत कुल में भी कुछ तथागतों ने आयुध धारण किये हैं—ऐसा देखने को मिलता है। जैसे उन पाँच तथागतों में से तथागत अमोघसिद्धि ने खड्ग धारण किया है। यथा—कालचक्र की टीका विमलप्रभा में कहा गया है—

"एवं वामं करतलम् उत्तानकं पर्यङ्कमूर्ध्नि, अपरं दक्षिणं करतलं दक्षिणजानूपरि अभयप्रदम्, खड्गपाणेरमोघसिद्धेरभयमुद्रेति।"

अर्थात् पर्यङ्कमुद्रा में बायां करतल मूर्धा की ओर ऊपर उठा हुआ, दाहिना हाथ अभयमुद्रा में दाहिने घुटने पर रखा हुआ, यह खड्गपाणि अमोघसिद्धि की अभयमुद्रा है। अतः तथागत अमोघसिद्धि के करतल में खड्ग धारण किया हुआ, स्पष्टतया उल्लिखित है, किन्तु जब पञ्चतथागतकुल की परम्परा का त्रिस्कन्धसूत्र में उक्त ३५ तथागतों के चित्र का निर्माण किया जाता है, उस समय इन (अमोघसिद्धि) के हाथ में खड्ग धारण किये हुए के रूप में चित्र नहीं बनाया जाता। इस वजह से उनके हाथ में आयुध न होने का दावा नहीं किया जा सकता। उसी प्रकार इसी विमलप्रभा ग्रन्थ में तथागत रत्नसम्भव के करतल (हाथ) में रत्न एवं तथागत अमिताभ के हाथ में पद्म धारण किया हुआ

है। उसके सन्दर्भ में विमलप्रभा में स्पष्टतया कहा गया है। अतः साक्य पण्डित के विचार के अनुसार ३५ तथागतों के कायवर्ण एवं मुद्राएं पञ्च तथागतकुल के अनुसार ही हैं। किन्तु उसमें आयुधों का चित्रांकन नहीं किया जाता।

आपत्तिदेशनाविधि के साथ साधना

आपत्तिदेशना-त्रिस्कन्धसूत्र के द्वारा आपत्तियों की देशना का पालन (संवर) करते समय अनेक संक्षिप्त एवं विस्तृत विधि दृष्टिगोचर होती हैं। यहाँ मैं (लेखक) पापदेशना विधि का उल्लेख न अत्यन्त विस्तार, न अत्यन्त संक्षेप रूप से प्रस्तुत करना चाहता हूँ। अर्थात् सरल एवं सुबोध पद्धति से इसके सन्दर्भ में कुछ लाभ होने की दृष्टि से प्रकाश डालना चाहता हूँ।

श्री सर्वगुह्यविधिगर्भालङ्कार[१] नामक ग्रन्थ में कहा गया है—"योगी (पापदेशक) रात्रि में न सोकर आकाश में तथागतगण का आलम्बन करते हुए त्रिस्कन्ध सूत्र के पाठ का यदि विधि-विधान के अनुसार आचरण करे तो अत्यन्त घोर अवद्य की भी (कम से कम) तीन मास में विशुद्धि हो जाएगी—ऐसा बुद्ध का वचन समझकर श्रद्धापूर्वक त्रिस्कन्धसूत्र का पाठ करते हुए आचरण करें"। अर्थात् शास्त्र के वचन अथवा अर्थ का अनुसरण करते हुए पापदेशक स्वयं दश दिशाओं में स्थित जिन तथागतगणों को आलम्बन (विषय) के रूप में स्थापित करके त्रिस्कन्धसूत्र आपत्तिदेशना के पाठ का विधि के क्रम के अनुसार आचरण करें तो अत्यन्त घोर एवं लघु अवद्य का चाहे जितना भी आचरण किया गया हो, उन सभी का तीन मास के अन्तर्गत विशोधन हो जाएगा—ऐसा महामुनि ने कहा है। इस वचन के अर्थ का चिन्तन करते हुए काय, वाक् एवं चित्त से श्रद्धापूर्वक विधि के अनुसार आचरण करने के लिए कहा गया है। हो सके तो उस विधि का गुरु-परम्परा के क्रम एवं उससे क्रमशः हस्तान्तरित अववाद अथवा उपदेश के अनुसार अनुष्ठान करना है। इस विधि क्रम के अनुसार अनुष्ठान किया जाना उत्तम माना जाता है।

मौल पापदेशना की विधि

मूल उपदेश के प्रारम्भ के लिए चार प्रमुख आधार हैं, यथा—(१) प्रारम्भ में शरणगमन-चित्तोत्पाद तथा सप्ताङ्ग पूजा के द्वारा पुण्यों का संचय, (२)

---

१. देगे संस्करण, सं० २४९०, शास्त्र, तन्त्र टीका वर्ग, 'शि', पृ० २३८ क ४।

त्रिस्कन्धसूत्र मूल का पाठ करके पाप एवं आवरणों का विशोधन, (३) विशुद्धि लक्षण की प्राप्ति तथा (४) अन्त में समापन का विधान।

१. शरणगमन-चित्तोत्पाद एवं सप्ताङ्ग पूजा के द्वारा पुण्यों का संचय

सर्वप्रथम पापदेशक (साधक) तथागत के चित्र अथवा मूर्ति के समक्ष दो प्रकार के जल, शत प्रकार के उपचार अथवा ३५ बुद्धों की संख्या के अनुसार ३५ उपचार अथवा सैंतीस उपचार। यदि ऐसा न हो सके तो यथासम्भव उपचार का संग्रह करें। यदि विस्तार से करना चाहें तो जैसे—अष्ट मंगलचिह्न, सप्त रत्नराज, छत्र, वितान, चीवर, पात्र, खक्खर, व्यजन, चामर आदि, पूजामण्डल, स्नान द्रव्य एवं वाद्य भी प्रस्तुत रहने पर पूजा की सम्पन्नता के रूप में फैलाएं। तत्पश्चात् साधक स्वयं स्नान करके नए वस्त्र धारण करें तथा इस (विधि) का पाठ प्रमुख रूप से ब्रह्मचर्यपूर्वक अनुष्ठान करें अथवा भिक्षु द्वारा विधान करना चाहिए। साधक मद्य, माँस, लहसुन एवं प्याज के सेवन का त्याग करता है। साधक को आलम्बन के विषय में इस प्रकार भावना करनी है कि अपने समक्ष आकाश में (तथागत) मुनीन्द्र मूल गुरु-परम्परा तथा अपरिमित बुद्ध-बोधिसत्त्वों पार्षदों से घिरे हुए विराजमान हैं। तदनन्तर शरणगमन एवं चार ब्रह्मविहार का पाठ तीन-तीन बार करना चाहिए। माता रूपी समस्त सत्त्वों के कल्याण हेतु अतिशीघ्र सम्यक्सम्बोधि का रत्न रूपी पद प्राप्त हो, इसके लिए ३५ तथागतों की पूजा करके, जिन तथागतों ने विशुद्ध मन से जो प्रतिज्ञा की है, उनसे याचना करते हुए आपत्तिदेशनाविधि में प्रविष्ट होना चाहिए। इस प्रकार का विशिष्ट चित्तोत्पाद का तीन बार पाठ करने के पश्चात् भूमि, सुभवन, सिंहासन और पूजाविधि के द्वारा अनुष्ठान करें। इसके लिए पूजामेघ-अनुष्ठान मन्त्र इस प्रकार है—"**नमो भगवते वज्रसारप्रमर्दिने तथागताय अर्हते सम्यक्-संबुद्धाय तद्यथा ओं वज्रे वज्रे महावज्रे महातेजोवज्रे महाविद्यावज्रे महाबोधिचित्तवज्रे महाबोधि-मण्डोपसंक्रमणवज्रे सर्वकर्मावरणविशोधनवज्रे स्वाहा**"। इस प्रकार के पूजामेघमन्त्र का तीन बार अथवा सात बार वाद्यसहित पाठ कर लेने पर अत्यन्त विशिष्ट अनुशंसा प्राप्त होती है—ऐसा सूत्रों में उल्लेख है।

आवाहन-विधि—आवाहन के लिए सर्वप्रथम मधुर सुगन्ध वाली धूप जलाएँ। एक स्कन्ध (कन्धे) पर चीवर रखकर दाहिने घुटने से भूमिस्पर्श कर सपुष्प अञ्जलि को हृदय (मन) से लगाकर अत्यन्त श्रद्धा के साथ अपने समक्ष

दश-दिशाओं में स्थित ३५ सुगतों (बुद्धों) का स्मरण करते हुए इस प्रकार उच्चारण करें, यथा—"हे महाकारुणिक, दश-दिशाओं में विराजमान भगवन्, आप लोग मेरी ओर ध्यान दें। महाकरुणा से युक्त आप ३५ भगवान् तथागतों ने पूर्वजन्मों में बोधिसत्त्वों की चर्या का आचरण करते समय जिस प्रकार प्रतिज्ञा की थी कि पाँच कषायों के काल में प्राणियों के कर्मावरण का विशोधन करेंगे, उस (प्रतिज्ञा) का अनुस्मरण करते हुए सम्प्रति हम अनाथ प्राणियों के संरक्षण हेतु नाथ, शरण तथा सहयोगी के रूप में आपका आवाहन करते हैं तथा महा-अनुकम्पा के द्वारा हमारी ओर दृष्टिपात करते हुए हम लोगों के दोष एवं आपत्तियों का विशोधन करके पुण्य क्षेत्र में पधारने हेतु कृपा करें"। तत्पश्चात् मगध प्रदेश की भद्राणी के अवदान[१] में उल्लिखित—"विशुद्ध शीलवान्, विशुद्ध प्रज्ञावान, श्रद्धासारवान्, महाश्रावक आप लोगों से मुझ अनाथ पर अनुग्रह हेतु महाकारुणा से यहाँ पधारने के लिए याचना करती हूँ।" तत्पश्चात् "समस्त (अशेष) प्राणियों के नाथ एवं समस्त मारों के नाशक, समस्त धर्मों के ज्ञाता आप लोग सब मेरा निवेदन स्वीकार करते हुए मेरे निकट आगमन करें"। — इस वचन (गाथा) का पाठ करें। अथवा रत्नकूट सूत्र के अन्तर्गत '**तथागत अचिन्त्यगुह्यनिर्देश महायानसूत्र**[२]' में जो कहा गया है—"हे महामुनि, इस काल में प्रधान पुरुष तथागत, आपके आगमन हेतु निवेदन करता हूँ और परम पुरुष के आगमन हेतु निवेदन करता हूँ। सर्वज्ञ पुरुष आपके आगमन हेतु निवेदन करता हूँ"। इसके अनुसार निवेदन करने पर ऋद्धि के द्वारा आगमन की भावना इस प्रकार करना है—स्वाभाविक रूप से भगवान् तथागत शाक्यमुनि, जिनका काय स्वर्ण की भाँति, वाम हस्त भूमिस्पर्श मुद्रा में एवं दक्षिण हस्त अमृत से भरे पात्र लिये हुए ध्यानमुद्रा में आ गये हैं तथा क्रमशः अन्य ३४ तथागत भी अपने-अपने क्षेत्र से अपनी-अपनी मुद्राएँ एवं आयुध सहित ऋद्धिबल से आ गये हैं—ऐसी भावना करें। इस प्रकार आवाहन करके उन्हें अपने समक्ष आकाश में विराजमान हैं, इस प्रकार उनका आलम्बन करने के पश्चात् सप्ताङ्ग पूजाविधि के द्वारा पुण्यों का सञ्चय करें।

(१) वन्दना अङ्ग—साक्षात् रूप से काय के द्वारा वन्दना करते समय प्रारम्भ में—"समस्त बुद्धों के संगृहीत काय, वज्रधर स्वरूप, त्रिरत्न के मूल

---

१. देगे संस्करण, सं० ३४६, सूत्र, सूत्र वर्ग, 'अं' पुद्, पृ० २९२ ख ४ ।
२. देगे संस्करण, सं० ४७, सूत्र, रत्न कूट वर्ग, 'क' पुद्, पृ० १७२ ख ५ ।

गुरुओं को नमस्कार''। इत्यादि वचनों द्वारा ''महानुकम्पी नाथ'' तक तीन श्लोकों का पाठ करके दश दिशाओं में स्थित बुद्धों, धर्मकाय एवं रूपकाय द्वारा संगृहीत पाँच सुगतकुल तथा भद्रकल्प के १००२ बुद्धों को सामान्य स्तुति द्वारा नमस्कार करना है। उसके बाद आचार्य मातृचेट द्वारा कृत ''**सुगत पञ्चत्रिंशत् रत्ननाममालास्तोत्र**'' में ३५ तथागतों के प्रत्येक नाम की जो स्तुति उल्लिखित है, उसका पाठ करना है। चित्त में उन ३५ तथागतों के नाम का श्रवण तथा धारणमात्र से कल्पों से सञ्चित पापों तथा पञ्च आनन्तर्य कर्मों का भी विशोधन होगा—इत्यादि गुणों का स्मरण करते हुए काय, वाक् एवं चित्त के द्वारा वन्दना करनी चाहिए। अथवा वाक् द्वारा पाठ करने के लिए पूर्वोक्त मातृचेट कृत ३५ बुद्धों की स्तुति उपलब्ध न होने पर तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् 'डिगुङ् छोस् क्यि लोडोस्' द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका की वन्दना-विधि में स्पष्टतया उल्लिखित ३५ तथागतों की श्लोकबद्ध स्तुति का पाठ करें, जो इनके काय-वर्ण, आयुध, क्षेत्र एवं अनुशंसा का वर्णन करता है।

(२) पूजा अङ्ग—इसके अन्तर्गत पूर्वोक्त पूजामेघ धारणी का एक बार पुनः पाठ कर लेने के पश्चात् **गण्डव्यूहसूत्र** के अन्तर्गत **समन्तभद्रचर्याप्रणिधान-राजसूत्र**[१] में उल्लिखित—

पुष्पवरेभि च माल्यवरेभि
वाद्यविलेपनछत्रवरेभिः ।
दीपवरेभि च धूपवरेभि
पूजन तेषु जिनान करोमि ।।

इस गाथा का पाठ करके पादप्रक्षालन करके पुष्प, धूप, दीप, सुगन्धित जल, नैवेद्य, वाद्य द्वारा पूजन करना चाहिए।

(३) पापदेशना—आचार्य शान्तिदेव द्वारा विरचित **बोधिचर्यावतार** के अन्तर्गत पापदेशना नामक तृतीय परिच्छेद, आर्यस्वर्णप्रभास के अन्तर्गत देशनापरिच्छेद और सामान्य परिदेशना नामक ग्रन्थों का पाठ करने से यह पापदेशना पूर्ण हो जाती है। यदि इनकी विधि को अत्यन्त संक्षेप में करने की इच्छा हो तो **आर्यसमन्तभद्रचर्याप्रणिधान**[२] में उल्लिखित—

---

१. द्र०-गण्डव्यूहसूत्र, समन्तभद्रचर्याप्रणिधान, ५६:५ का०, पृ० ४२९, मिथिला संस्करण, १९६० ।
२. द्र०-गण्डव्यूहसूत्र, स० भ० प्र०, ५६:८, ५ का०, पृ० ४२९, मिथिला संस्करण, १९६० ।

यच्च कृतं मयि पापु भवेय्य
रागतु द्वेषतु मोहवशेन ।
कायतु वाच मनेन तथैव
तं प्रतिदेशयमी अहु सर्वम् ।।

यहाँ से लेकर "**बोधयि नामयमी अहु सर्वम्**" पर्यन्त शेष अनुमोदना इत्यादि चार अङ्गों का पाठ करके समाप्त करें।

(२) त्रिस्कन्धसूत्र मूल-पाठ के अनन्तर पाप एवं आवरणों का विशोधन

जिन (तथागत) सपरिवार आलम्बन की स्पष्टरूप से भावना करते हुए—"मैंने अनादिकाल से अब तक जितने भी पाप एवं आपत्तियों का संचय किया है, उन सभी के प्रति अत्यन्त पश्चात्ताप उत्पन्न करता हूँ तथा भविष्य में मैं अपने प्राण देकर भी इस प्रकार के दुष्ट कार्य कदापि नहीं करूँगा"—ऐसा विचार करके मन में दृढ़ संवर पालन की इच्छा करते हुए काय से नमस्कार (वन्दना) करना, वाक् से त्रिस्कन्धसूत्र मूल का पाठ सात, इक्कीस, एक सौ आठ बार आवश्यकतानुसार करना चाहिए।

पाप एवं आपत्तियों की प्रतिदेशना के लिए चतुर्बल का सम्पूर्ण होना अनिवार्य है। अत: त्रिस्कन्धसूत्र में भी चतुर्बल परिपूर्ण हैं, यथा—प्रारम्भ में आश्रयबल तो "**बुद्धं शरणं गच्छामि**" से लेकर "**संघ शरणं गच्छामि**" तक है। द्वितीय प्रतिपक्षसमुदाचार बल "**नमः (भगवते) शाक्यमुनये तथागताय अर्हते सम्यक्सम्बुद्धाय**" से लेकर "**नमो रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराजाय तथागताय अर्हते सम्यक्संबुद्धाय**" तक है। तृतीय विदूषणासमुदाचार बल "एवंप्रमुखा यावन्त:" से लेकर "**न प्रतिच्छादयामि**" तक है। चतुर्थ प्रत्यापत्तिबल "**आयत्यां संवरमापद्ये**" के द्वारा कहा गया है।

इस प्रकार चतुर्बल का पाठ वचनमात्र से सम्पन्न न करके हृदय से पूर्ण करना अत्यन्त आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है।

और भी, "**ते मां समन्वाहरन्तु बुद्धा भगवन्त:**" से लेकर "**तथा अहमपि परिणामयामि**" तक के द्वारा षट् पारमिताओं द्वारा संगृहीत समस्त कुशलमूलों का अनुत्तर सम्यक्संबोधि की प्राप्ति के लिए परिणामना करना दिखाया गया है। तत्पश्चात् "**सर्वं पापं प्रतिदेशयामि**" से लेकर "**भवतु मे ज्ञानमनुत्तरम्**" पर्यन्त द्वारा पूर्वोक्त चतुर्बल तथा समस्त परिणामनाओं को देशना-स्कन्ध,

अनुमोदना-स्कन्ध और परिणामना-स्कन्ध इन तीन में संगृहीत करके प्रतिपादन किया गया है।

"**ये चाभ्यतीतास्तथापि च ये अनागताः**" इत्यादि एक गाथा द्वारा एक बार पुनः त्रिशरणगमन का स्मरण किया गया है, क्योंकि चित्तसन्तति में त्रिशरणगमन की दृढ़तापूर्वक स्थापना आवश्यक है। यहाँ '**बुद्धं शरणं गच्छामि**' के द्वारा साक्षात् रूप से बुद्धशरण को प्रतिष्ठापित करके धर्म एवं संघ की शरण को परोक्षरूप से प्रतिष्ठापित करने के लिए कहा गया है।

इस प्रकार त्रिस्कन्धसूत्र मूल का ७, २१ अथवा १०८ बार पाठ करने के पश्चात् इन मन्त्रों का उच्चारण करना चाहिए। तद्यथा—"**ओं मुने मुने महा-महामुनये स्वाहा**" (यह शाक्यमुनि का मन्त्र है)। "**नमः सर्वतथागतहृदयानुद्गते ओं कुरु गिनि स्वाहा**" यह सामान्य तथागत का सार मन्त्र है। तत्पश्चात् "**नमस्त्रैयध्विकानां तथागतानाम्, सर्वत्राप्रतिहतावाप्तिधर्मताबलीनाम्, असमसमसमन्ततोऽनन्तावाप्तिशासनि, हर हर स्मर स्मरण, विगतरागधर्मते, सर सर समबल, हस हस, त्रय त्रय, भगवन् महावरलक्षणे, ज्वल ज्वल सागरे स्वाहा**" यह तथागत-शताक्षर मन्त्र है। इसका जाप करने के पश्चात् स्वयं इस प्रकार भावना करनी चाहिए, कि उस समय परिवार सहित तथागत के कायों से अपरिमित रश्मिसमूह निकलकर स्वयं के शरीर में विलीन हो रही है। इससे स्वयं के समस्त पाप, आवरण, दोष एवं आपत्तियों का विशोधन होकर स्वयं पापों से विशुद्ध हो गया हूँ—ऐसी भावना करनी चाहिए।

विदूषणासमुदाचारबल के छह प्रभेद हैं, जिन्हें आचार्य शान्तिदेव ने शिक्षासमुच्चय में कहा है, उनका संग्रह करने पर वे इस प्रकार हैं, यथा—(१) गम्भीर सूत्रों से पापक्षय, (२) शून्यता की अधिमुक्ति से पापविशुद्धि, (३) मन्त्रजप से पापक्षय, (४) प्रतिबिम्ब (मूर्ति) के द्वारा पापक्षय, (५) पूजा के द्वारा पापक्षय तथा (६) नामश्रवण से पापक्षय।

(१) गम्भीर सूत्रों के आधार पर पापक्षय

प्रज्ञापारमितासूत्र एवं **समन्तभद्रचर्याप्रणिधान** आदि गम्भीर सूत्रों के शब्दों का उच्चारण करना, कण्ठस्थ करना, सूत्रों का स्पर्श करना, पाठ करना, लिखना

इत्यादि से पापक्षय होता है जैसे कि शिक्षासमुच्चय में कहा गया है—गम्भीर सूत्रों के आधार पर भी पापक्षय होता है, जैसे **वज्रच्छेदिका**[१] में कहा गया है—

यथा वज्रच्छेदिकायामुक्तम्—ये ते सुभूते कुलपुत्रा वा कुलदुहितरो वा इमानेवरूपान् सूत्रान्तानुद्ग्रहीष्यन्ति यावत्पर्यवाप्स्यन्ति, ते परिभूता भविष्यन्ति सुपरिभूताः। तत्कस्य हेतोः? यानि तेषां सत्त्वानां पौर्वजन्मिकानि कर्माणि कृतान्यपायसंवर्तनीयानि, तानि तया परिभूततया दृष्ट एव धर्मे क्षपयिष्यन्ति बुद्धबोधिं च प्राप्स्यन्तीति।

अर्थात् हे सुभूति, जो कुलपुत्र और कुलपुत्रियाँ इस प्रकार के सूत्रों का उद्ग्रहण करेंगे, प्राप्त करेंगे, वे परिभूत और सुपरिभूत हो जाएंगे। क्योंकि इसके द्वारा उन्होंने अपने अपाय को प्राप्त कराने वाले पूर्वजन्म के पापकर्मों का इसी जन्म में क्षय कर दिया है और वे बुद्धबोधि को भी प्राप्त करेंगे।

(२) शून्यता की अधिमुक्ति से पापविशुद्धि

परमाणुओं (की संख्या) की भाँति सभी धर्म निःस्वभाव हैं एवं सभी धर्म कल्पना द्वारा प्रज्ञप्तमात्र हैं—इस पर विश्वास करने से पाप एवं आवरणों का क्षय होता है। जैसे शिक्षासमुच्चय में कहा गया है कि शून्यता पर श्रद्धा करने से भी पाप का विशोधन होता है। **तथागतकोशसूत्र**[२] में कहा गया है—**यः काश्यप, पिता च स्यात्प्रत्येकबुद्धश्च, तं जीविताद् व्यपरोपयेदिदमग्रं प्राणातिपातानाम्। इदमग्रमदत्तादानानाम्, यदुत त्रिरत्नद्रव्यापहरणता। इदमग्रं काममिथ्याचाराणां यदुत माता स्यादर्हन्ती च। इदमग्रं मृषावादानां यदुत तथागतस्याभ्याख्यानम्। इदमग्रं पैशुन्यानां यदुतार्यसंघस्यावर्णः। इदमग्रं पारुष्याणां यदुतार्याणामवस्फण्डनम्। इदमग्रं संभिन्नप्रलापानां यदुत धर्मकामानां विक्षेपः। इदमग्रं व्यापादानां यदुतानन्तर्यपरिकर्षणम्। इदमग्रमभिध्यानां यदुत सम्यग्गतानां लाभहरणचित्तता। इदमग्रं मिथ्यादृष्टीनां यदुत गहनतादृष्टिः। इमे काश्यप, दशाकुशलाः कर्मपथा महासावद्याः। सचेत्काश्यप, एकसत्त्व एभिरेवंमहासावद्यैर्दशभिरकुशलैः कर्मपथैः समन्वागतो भवेत्, स च तथागतस्य हेतुप्रत्ययसंयुक्तां धर्मदेशनामवतरेत्—नात्र कश्चिदात्मा वा सत्त्वो वा जीवो वा**

---

१. (क) देगे संस्करण, सं० १६, सूत्र, प्रज्ञापारमिता वर्ग, 'क' पुट्, पृ० १२७ ख ४ ।
(ख) द्र०-शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९५, मिथिला संस्करण, १९६० ।

२. तथागतकोशसूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९६, मिथिलासंस्करण-१९६० ।

पुद्गलो वा यः करोति प्रतिसंवेदयते, इति ह्यकृतामनभिसंस्कारां मायाधर्मतामसंक्लेशधर्मतां प्रकृतिप्रभास्वरतां सर्वधर्माणामवतरति, आदिशुद्धान् सर्वधर्मानभिश्रद्दधात्यधिमुच्यते, नाहं तस्य सत्त्वस्यापायगमनं वदामीति।

अर्थात् "हे काश्यप, जो पिता भी हैं और प्रत्येकबुद्ध भी हैं, उसका प्राणातिपात करना सबसे बड़ा (अग्र) प्राणातिपात है। इसी प्रकार त्रिरत्न के द्रव्य का अपहरण सबसे बड़ा अदत्तादान है। जो माता भी हो और अर्हती भी हो, उसके साथ काममिथ्याचार सबसे बड़ा काममिथ्याचार है। तथागत की निन्दा करना, अपवाद करना तो समस्त मृषावादों से सबसे बड़ा मृषावाद है। आर्यसंघ की चुगली करना सबसे बड़ा पैशुन्य है। आर्यों के चित्त को विदीर्ण करनेवाला कठोर वचन सबसे बड़ा परुषवचन है। धर्मकृत्य में विक्षेप पैदा करना सबसे बड़ा सभिन्नप्रलाप है। आनन्तर्य कर्म के सम्पादन की योजना करना सबसे बड़ा 'व्यापाद' है। सम्यक् मार्ग में प्रतिपन्न लोगों के द्रव्य के अपहरण का चिन्तन करना सबसे बड़ी अभिध्या है। कर्म-कर्मफल आदि की अपवादिका दृष्टि मिथ्यादृष्टियों में सबसे बड़ी मिथ्यादृष्टि है।

अपि च, काश्यप, ये दश अकुशल कर्मपथ महान् सावद्य हैं। यदि काश्यप, एक भी सत्त्व (प्राणी) इन अकुशल कर्मपथों से समन्वागत होता है, वह भी यदि तथागत की हेतु-प्रत्यय से युक्त धर्मदेशना में प्रवृत्त होकर ऐसा अवबोध करे कि यहाँ कोई आत्मा, सत्त्व, जीव, या पुद्गल, जो कर्ता एवं अनुभविता है, ऐसा लेशमात्र भी नहीं है—ऐसा विचार करके सभी धर्मों की कर्तृत्वरहितता अभिसंस्काररहितता, मायाधर्मता, असंक्लिष्ट स्वभावता एवं प्रकृतिप्रभास्वरता में प्रवृत्त होता है और सभी आदिशुद्ध हैं—ऐसा विश्वास करता है तो वे सभी सत्त्व अपायगमन करते हैं—ऐसा मैं नहीं कहता हूँ"।

(३) मन्त्रजप से पापक्षय

शताक्षरी आदि विशिष्ट मन्त्रों का यथाविधि जप करने से पापों का क्षय होता है, यथा—**त्रिसमयराजसूत्र**[१] में कहा गया है—**अक्षिणी निमील्य बुद्धबोधिसत्त्वालम्बनचित्तः शताक्षरमष्टसहस्त्रं जपेत्। निमीलिताक्ष एव बुद्धबोधिसत्त्वान्**

---

१. (क) देगे संस्करण, सं० ५०२, सूत्र, तन्त्र वर्ग, 'द' पुट् १८७ ख ५ ।
(ख) त्रिसमयराजसूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९६ ।

पश्यति, विगतपापो भवति। अथवा चैत्यं प्रदक्षिणीकुर्वन्नष्टसहस्रं जपेत्, चैत्यप्रतिमायाः सद्धर्मपुस्तकानां चैकतमं पुरस्कृत्यायमेव विधिरिति।

अर्थात् "नेत्र बन्द करके बुद्ध एवं बोधिसत्त्वों का आलम्बन करते हुए शताक्षरी मन्त्र का आठ हजार बार जप करने से नेत्र बन्द रहते हुए भी बुद्ध एवं बोधिसत्त्वों का दर्शन होगा और पापों से रहित हो जाएगा। इसके अतिरिक्त स्तूप की परिक्रमा करते हुए आठ हजार बार जप करें। किसी भी बुद्ध की प्रतिमा या सद्धर्म की पोथी को अपने समक्ष रखकर परिक्रमा करते हुए एक हजार बार जप करें तो पापों का विशोधन होगा, यही इसकी विधि है"।

(४) प्रतिबिम्ब (मूर्ति) के द्वारा पापक्षय

बुद्ध के प्रति श्रद्धा उत्पन्न कर साँचे से निर्मित स्तूप अथवा तथागत की मूर्ति का निर्माण अथवा मूर्ति की मरम्मत अथवा स्तूप की मरम्मत इत्यादि से भी पापों का क्षय होगा, यथा—**तथागतबिम्बपरिवर्त**[१] **(धारणी)** में कहा गया है—**योऽपि दशाकुशलकर्मपथसमन्वागतस्तथागते श्रद्धां प्रतिलभ्य तथागतबिम्बं कारयेत्, तस्यापि तत्पापं न प्रज्ञायते विशेषतो बोधिचित्तसमन्वागतस्य, विशेषतोऽभिनिष्क्रान्तगृहावासस्य शीलवतः। इति।**

"जो दश अकुशल कर्मपथ से युक्त है, यदि वह भी तथागत के प्रति श्रद्धा उत्पन्न करके तथागत के बिम्ब का निर्माण करता है, तो उसके पापों का विनाश हो जाता है।

विशेषतः जिसने बोधिचित्त का उत्पाद किया है और जो गृहत्यागी एवं शीलवान् है, उसके पापों का विशोधन होगा"।

(५) पूजा के द्वारा पापक्षय

तथागत बुद्ध के स्तूप अथवा मूर्ति आदि के समक्ष पुष्प इत्यादि अर्पित करने से पापों का विनाश होता है। यथा—**पुष्पकूटधारणी**[२] में कहा गया है—**यश्च खलु पुनः सिंहविक्रीडित तथागतं संमुखं वर्षं वा वर्षसहस्रं वा वर्षशतसहस्रं वा सर्वसुखोपधानैरुपतिष्ठेत, यश्च परिनिर्वृतस्य तथागतस्य चैत्ये बोधिचित्तसंगृहीतं एकपुष्पमारोपयेत्, तथागतपूजायै जलाञ्जलिं चोपनामयेत्,**

---

१. द्र०-तथागतबिम्बपरिवर्त (धारणी), शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९६ ।

२. (क) देगे संस्करण, सं० ५१६, सूत्र, तन्त्र वर्ग, 'न', पृ० ३२ ख १ ।
(ख) द्र०-पुष्पकूटधारणी, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९६-९७ ।

जलेन वा सिञ्चयेत्, इषिकापदं वा दद्यात्, निर्माल्यं चापनयेत्, उपलेपनप्रदानं वा पुष्पप्रदानं वा दीपप्रदानं वा कुर्यादात्तमनाः, एकक्रमव्यतिहारं वातिक्रम्य वाचं भाषते नमस्तस्मै बुद्धाय भगवत इतिमात्रे अत्र सिंहविक्रीडित काङ्क्षा वा विमतिर्वा विचिकित्सा वा यदसौ कल्पं वा कल्पशतं वा कल्पसहस्रं वा दुर्गतिविनिपातं गच्छेत्, नेदं स्थानं विद्यत इति

अर्थात् ''सिंहविक्रीडित, जो तथागत अर्हत् सम्यक्संबुद्ध का एक वर्ष अथवा हजार वर्ष अथवा एक लाख वर्ष तक समस्त सुख के उपकरणों से सेवन करता है, अथवा बोधिचित्त के द्वारा सम्यक् रूप से गृहीत एक पुष्प को परिनिर्वृत तथागत के चैत्य पर अर्पित करता है, अथवा एक अंजलि जल अर्पित करता है, अथवा लकड़ी का आसन (चौकी) अर्पित करता है, अथवा निर्माल्य (चढ़े हुए पुष्प आदि) को हटाता है, अथवा उपलेपन, पुष्प, दीप एवं धूप प्रदान करता है तथा हर्षित मन से चलते हुए इस प्रकार कहता है—'उस भगवान् बुद्ध को नमस्कार'—ऐसा करने पर, हे सिंहविक्रीडित, ऐसे व्यक्ति के लिए कल्पपर्यन्त, शत कल्पपर्यन्त अथवा सहस्र कल्पपर्यन्त दुर्गति में पतित होने का कोई अवसर (स्थान) नहीं है। इसमें किसी प्रकार का संशय, विमति अथवा विचिकित्सा नहीं करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त भैषज्यगुरुवैडूर्यप्रभराजसूत्र में भी इस सन्दर्भ में अनेक स्थलों पर उल्लेख प्राप्त होता है।

(६) नामश्रवण से पापक्षय

बुद्ध एवं महाबोधिसत्त्वों का नामश्रवण, नामोच्चारण एवं नामग्रहण से भी पापों की विशुद्धि होती है। जैसे **भैषज्यगुरुवैडूर्यप्रभराजसूत्र**[१] में कहा गया है—

भगवान् ने कहा—हे आनन्द, जिसके कान में तथागत का नाम प्रविष्ट होगा, उसके अपाय एवं दुर्गति में पतन होने का अवसर कदापि नहीं है।

पाप एवं आपत्ति की विशुद्धि का लक्षण

चुन्दा धारणी में कहा गया है—**तावज्जपेद्यावत्पापक्षयनिमित्तानि पश्यति स्वप्ने। तद्यथा क्रन्दनादिछर्दनदधिक्षीरादिभोजनात्तु विगतपापो भवति। वमनाद्वा चन्द्रसूर्यदर्शनादाकाशगमनाज्ज्वलितानलमहिषकृष्णपुरुषपराजयाद्।**

---

१. भगवानाह—अस्थानमानन्द, अनवकाशो येषां तस्य नामधेयं निपतेत् कर्णे, तेषां दुर्गत्यपायगमनं भवेदिति। द्र०-भैषज्यगुरुवैदूर्यराजसूत्र, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९७ ।

अर्थात् तब तक चुन्दा धारणी का जप करते रहना चाहिए जब तक पापक्षय के निमित्त (लक्षण) प्रकट न हों। जैसे—स्वप्न में भोजन का वमन होना, दही एवं दूध इत्यादि का सेवन एवं वमन होना, सूर्य एवं चन्द्र का दर्शन, आकाश में उड़ना, अग्नि में प्रवेश, भैंस और कृष्ण पुरुष से विजयी होना, भिक्षु एवं भिक्षुणी संघ का दर्शन होना, क्षीरवृक्ष (जिस वृक्ष से दूध निकलता है), पर्वत, सिंहासन, महल और नौका में आरोहण एवं धर्मश्रवण—ये सब यदि स्वप्न में दिखाई दें, तो उन्हें पापक्षय के निमित्त समझना चाहिए[१]।

स्वप्न में ३५ बुद्धों का दर्शन, महानदी पार करना, नदी में सेतु बनाना, सेतु द्वारा पार करना, स्नान करना, निर्वस्त्र शरीर पर वर्षा होना, रत्न, अलंकार को धारण करना, भिन्न-भिन्न बुद्धक्षेत्रों में गमन करने वाले बुद्धों का दर्शन करना, नए वस्त्र धारण करना, उत्तम विहारों में प्रवेश कर त्रिरत्न को नमस्कार एवं पूजा करना, गुरु के द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करना, श्वेत, पीत एवं नील पुष्प ग्रहण करना, अन्य के द्वारा स्वयं का सत्कार किया जाना, हिमगिरि पर आरोहण, अनेक धर्मों का श्रवण करना और उनका अर्थ धारण करना, धर्मदेशना एवं अनेक शास्त्रों का दर्शन करके उनका आदर करना, पुस्तक प्राप्त करना या देना, ढोल बजना, शंख बजना, महागिरि से ध्वनि का निश्चारण होना और समस्त धर्मों का दर्पण में दर्शन की भाँति अवबोध होना—इत्यादि का स्वप्न देखना भी पापविशुद्धि के लक्षण हैं।

तिब्बत के महासाधक **नामखा ग्यलछन्** ने अपनी **त्रिस्कन्धसूत्रटीका**[२] में भी कहा है कि स्वप्न में शरीर से रक्त निकलना, भालू, बिच्छू, मेंढक, बैंगची (मेंढक शिशु) आदि का शरीर से निकलना, कृष्ण पुरुष के प्राणहनन का स्वप्न दिखाई देना इत्यादि रोग से मुक्त होने के निमित्त हैं।

परहित के लक्षणों के बारे में उनका कहना है कि स्वयं के मुख अथवा नाक से रक्त निकलकर गोलाकार होना, अनेक जानवरों को पहाड़ के ऊपर खदेड़ना, अनेक सत्त्वों को भय एवं नदी से बचाना, नाव एवं सेतु का

---

१. तद्यथा क्रन्दनादिच्छर्दनदधिक्षीरादिभोजनात्तु विगतपापो भवति। वमनाद् वा चन्द्रसूर्यदर्शनाद् आकाशगमनाज्ज्वलितानलमहिषकृष्णपुरुषपराजयाद् भिक्षुभिक्षुणीसंघदर्शनात् क्षीरवृक्षगिरि-सिंहासनप्रासादनावारोहणधर्मश्रवणाच्च पापक्षयः संलक्षयितव्यः।

द्र०-चुन्दा धारणी, शिक्षासमुच्चय में उद्धृत, पृ० ९६ ।

२. तिब्बती ग्रन्थालय, धर्मशाला, ग्रन्थ सं० ४०६४, 'प' पुट्, पृ० ७८४ ।

निर्माण—इत्यादि स्वप्न दिखाई दें तो ये परहित के लक्षण हैं—ऐसा समझना चाहिए।

चतुर्थ समापन का विधान

इस समापन के विधान में भी ६ प्रकार के अनुभाग हैं, यथा—१. मन्त्र एवं धारणी का उच्चारण, २. दक्षिणा विधान, ३. कुशलमूलों की परिणामना, ४. विधिपूर्वक पूजन, ५. पुनः आवाहन एवं ६. मंगलकामना। इस सन्दर्भ में विस्तार से महासिद्ध नमखा ग्यलछन, थुहुकेन छोस क्यि ञिमा तथा डिगुङ तेनजिन छोस् क्यि लोडो द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्रटीका द्रष्टव्य है।

त्रिस्कन्धसूत्र तथा भारतीय पण्डितों द्वारा विरचित टीकाओं की सूची

(१) (आपत्तिदेशना) **त्रिस्कन्धसूत्र विनयविनिश्चय उपालिपरिपृच्छामहायान-सूत्र**-तु० कु० सं० ६८।

(२) **आर्य त्रिस्कन्धनाममहायानसूत्र**-तु० कु० सं० २४८।

(३) **आचार्य नागार्जुन** कृत-बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति-तु० कु० सं० ४००५।

(४) **आचार्य जितारि**-कृत बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति बोधिसत्त्वशिक्षाक्रम नामक-तु० कु० सं० ४००६

(५) **आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान**-कृत कर्मावरणविशोधनविधिभाष्य-तु० कु० सं० ४००७।

(६) **आचार्य कृष्णपाद**-कृत त्रिस्कन्धसाधना-तु० कु० सं० ४००८।

त्रिस्कन्धसूत्र के समान सूत्रग्रन्थों की सूची

(१) **आचार्य देवशान्ति**-कृत आपत्तिदेशनाविधि-तु० कु० सं० ३९७३।

(२) **आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान**-कृत आपत्तिदेशनाविधि-३९७४।

(३) **आचार्य मातृचेट** के द्वारा कृत पञ्चत्रिंशत् सुगतरत्नमाला स्तोत्र-११४२।

भोट विद्वानों द्वारा रचित त्रिस्कन्धसूत्रटीकाएं

(१) **साक्य लोतेरवङ्पो** कृत—बोधिसत्त्वापत्तिदेशना संक्षेपविधि भद्रगङ्गा-अधिष्ठान।

(२) **ल्होडक् नमखा ग्यलछेन्**-कृत त्रिस्कन्धसाधना वर्षा-अधिष्ठान।

(३) **लामा तारानाथ**-कृत आपत्तिदेशनाटीका।

(४) **आचार्य ग्यल्-छब्-जे** कृत आपत्तिदेशना संक्षेपटीका अथवा ३५ बुद्धों की नाम-अनुशंसा।

(५) आठवें पणछेन लामा **लोसङ् पल्-देन तेनपई ञिमा**-कृत बोध्यापत्ति-देशना अर्थटीका पापान्धकारनिवारिका।

(६) **अक्य लोसङ् जमयङ् ग्यछो**-कृत आपत्तिदेशनाविधि।

(७) **खर् गे लोडोस् ग्यछो**-कृत आपत्तिदेशनाभाष्य

(८) **चोने डक्पा शेडुप्**-कृत आपत्तिदेशनाविधि सटीक।

(९) **चङ् लुङ् पण्डित डवङ् लोसंग तनपेई ग्यलछेन**-कृत त्रिस्कन्धसूत्र कुसुमरसग्राहक पाठोपाय, ३५ बुद्धों की साधना, ३५ बुद्धों की नाम-पाठानुशंसा और ३५ बुद्धों की साधनाविधि आपत्त्यन्धकारविनाशक।

(१०) **चोसेर् ठि लोसङ् ग्यलछेन् सिंह** कृत ३५ बुद्धों पर आश्रित पाप-आपत्ति-देशनाविधि सूर्याभास।

(११) **छोस् जद् लामा तेनपा रब् ग्ये डोनमा**-कृत आपत्तिदेशनाविधि।

(१२) **शब् डुङ् छोस् जे डवङ् छेरिङ्** कृत आपत्तिदेशना के द्वारा मृत्युवञ्चन-प्रक्रिया।

(१३) **खेडुप् सङ्गे येशे** कृत बोधिसत्त्वापत्तिदेशना भाष्य सार्थकदृष्टि।

(१४) **डवङ् येशे थुपतन रब् जम्** कृत ३५ तथागत देवों की स्तुति तथा पाप-आपत्तिमलप्रक्षालनभद्र-अमृतधारा।

(१५) **लोसङ् पल्देन** अथवा **लोसङ् छुलठिम साङ्पो** कृत त्रिसन्कधसूत्रभाष्य पापान्धकारापहारक चन्द्रप्रभा।

(१६) **साक्य पण्डित**-कृत त्रिस्कन्धसूत्रपाठोपाय।

(१७) मंगोल तायङ् **जमयङ् गेस्पई शेषञेन** अथवा **लोसङ् ताडिन्** कृत बोध्यापत्तिदेशनापाठोपाय सुपाठ्यगर्भपूर्णाविच्छिन्नधाराप्रदीप।

(१८) **थुहुकेन् छोस्-क्यि ञिमा** कृत ३५ भगवान् तथागतों पर आश्रित आपत्तिदेशनाविधि परहितसूर्यप्रभा।

(१९) **डुल छु धर्मभद्र** कृत ३५ तथागत स्तोत्र प्रकरण गङ्गाजलधारा।

(२०) **यङ् छेन डुपेई दोर्जे** कृत आपत्तिदेशना तथा सामान्य देशना दोनों की टिप्पणी।

(२१) **मेद् दोङ् छम्पा रिनपोछे कर्मा डेदोन ठिनले** कृत बोध्यापत्तिदेशना की अर्थसम्बद्ध-टिप्पणी 'अमृतजलधारा'।

(२२) **डग् कर लोसंग पलदेन** कृत बोध्यापत्तिदेशना के प्रयोग हेतु पापापत्त्यन्धकारापहारक।

(२३) **जे गुङ् थङ् पा तेनपई डोनमे** कृत ३५ बुद्धों की साधनोपायविधि आपत्त्यन्धकारनिवारिका तथा दानपरिशोधनविधि आवरणान्धकारापहारक।

(२४) **उर्ग केदोर खेनपो ङ्वङ लोसङ खेडुब** कृत ३५ बुद्धों के कायवर्ण, आयुध तथा नाम (स्मरण) अनुशंसा की स्पष्ट अध्येषणा।

(२५) **शासनध्वज** कृत ३५ तथागतों की मनोकामनापूरक अध्येषणा अभिप्रायिकी-टीका मोक्षाभिलाषीप्रवेश-द्वार।

(२६) मंगोल गेशे **नङ् जेद् दोर्जे** कृत आपत्तिदेशना की विधि, आपत्तिदेशनासंक्षिप्तविधि, आपत्तिदेशनासंक्षिप्तटीका।

(२७) **थोयोन् जमयङ् ठिनले** कृत ३५ बुद्धों की साधनोपायिका।

(२८) **देपा जमयङ् थुपतेन ञिमा** कृत ३५ तथागतों की नामानुशंसा तथा कायवर्ण।

(२९) **खेन्पो ङ्वङ् थुपतेन ग्यछो** कृत आपत्तिदेशना की वन्दना एवं पूजा।

(३०) **आरोल् लोसङ् लुङ् रिग्** कृत त्रिस्कन्ध पर आश्रित पापापत्तिपरिशोधन-विधि-दोषापत्तिविशोधक अमृतजलधारा तथा आपत्तिदेशना-पाठ के अन्त में किया जानेवाला प्रणिधान।

(३१) **कोङ्पो येशे चुङ्डुस्** कृत आपत्तिदेशनाटीका।

(३२) **कोङ् टुल योनतेन ग्यछो** कृत आर्यगगनगर्भजप एवं आगम साधनोपाय तथा आपत्तिदेशना-विधि सहित आर्यमार्गरथी।

(३३) **सेर् जे ल्होपा डगदेन** कृत त्रिस्कन्धसूत्रविधि अमृतसार।

(३४) आचार्य **चोंखापा** के निर्देशानुसार भदन्त सङ् क्योङ् द्वारा रचित ३५ बुद्धों के कायवर्ण एवं आयुध तथा ३५ देवों (तथागतों) के कायमापसुदृष्टि-रूपदर्पण।

(३५) डिगुङ्पा शाक्य भिक्षु **तेनजिन छोस् क्यि लोडोस्** कृत अतिसंक्षिप्त बोध्यापत्तिदेशनाविधि कर्मावरणविशोधन।

(३६) महाविद्वान् एवं साधक कर्मा। **छक् मेद्** कृत आपत्तिदेशनाटीका।

(३७) **बोधिसत्त्व** अथवा **येशे दे** कृत आपत्तिदेशनाटीका।

(३८) **तेनपा ग्यलछेन्** कृत ३५ बुद्धों पर आश्रित सहस्र पूजा-अर्चना-विधि पापान्धकारापत्तिनिवारिका।

(३९) प्रथम पणछेन् लामा **छोस्क्यि ग्यलछेन्** कृत पापान्धकारनिवारिका चन्द्रप्रकाश तथा चतुर्बलप्रतिदेशना तथा संवर का पालन।

(४०) दो डुप् छेन् तृतीय **जिगमेद् तेनपई ञिमा** कृत त्रिस्कन्धसूत्रवर्गसंग्रह तथा त्रिस्कन्धविधि।

तिब्बत के विद्वानों द्वारा त्रिस्कन्धसूत्र पर विरचित टीकाओं का अन्वेषण करने पर अब तक इतने ग्रन्थों की सूचनाएं उपलब्ध हुई हैं, इससे अधिक ग्रन्थ हो सकते हैं। प्राप्त होने पर अगले संस्करण में उनका उल्लेख किया जाएगा।

टीकाकार का जीवन-वृत्तान्त

त्रिस्कन्धसूत्र के तीन भारतीय आचार्य टीकाकार हैं, यथा—(१) आचार्य नागार्जुन, (२) आचार्य जितारि तथा (३) आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान।

१. आचार्य नागार्जुन की टीका

सामान्य तौर पर **बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति** नामक यह ग्रन्थ आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित माना जाता है, परन्तु तिब्बत के महाविद्वान् बुदोन् रिनपोछे के द्वारा विरचित कन्ग्युर एवं तनग्युर सूची[१] में इस ग्रन्थ के नाम पर एक लघु टिप्पणी दी गई है, जिसमें कहा गया है कि इस ग्रन्थ के एक अन्य अनूदित संस्करण में इस ग्रन्थ के लेखक आचार्य नागार्जुन के स्थान पर उनके परमशिष्य नागबोधि के नाम का उल्लेख उपलब्ध होता है। अतः नागार्जुन अथवा नागबोधि इनमें से किस टीकाकार के जीवनवृत्तान्त का निरूपण करना है—यह एक समस्या मेरे सम्मुख उपस्थित है। अतः मुझे दोनों का संक्षिप्त जीवनवृत्तान्त देना समुचित प्रतीत होता है। वैसे इस त्रिस्कन्धसूत्रटीका का एक अन्य अनुवाद-ग्रन्थ, जो नागबोधि के नाम से वर्णित है, वह इस समय उपलब्ध नहीं है। यदि उपलब्ध होता तो अत्यन्त लाभदायक होता। विशेषरूप से पुनरुद्धार एवं दोनों टीकाओं में परस्पर अन्तर स्पष्ट करने में सहायता मिलती। मैंने अन्य नागबोधि के नाम से प्रसिद्ध टीका को प्राप्त करने हेतु अथक प्रयास किया, किन्तु अब तक प्राप्त नहीं कर सका। भविष्य में इस ग्रन्थ की प्राप्ति के लिए निरन्तर प्रयास करते रहना आवश्यक समझता हूँ।

तिब्बत के वरिष्ठ विद्वान् जिसमें सक्या पण्डित, सातवें दलाई लामा कलसङ् ग्यछो एवं जे गुङ्थन् रिनपोछे इत्यादि ने यहाँ तक कहा है कि नागार्जुन के नाम से विरचित इस त्रिस्कन्धसूत्रटीका को किसी भोट विद्वान् ने लिखा है और उस पर लेखक का नाम नागार्जुन लिख दिया है। लामा तारानाथ ने कहा है कि यह टीका आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित प्रतीत नहीं होती और भारतीय टीका होने में भी सन्देह उत्पन्न होता है।

(१) आचार्य नागार्जुन का जीवन-वृत्तान्त

आचार्य नागार्जुन बौद्ध दर्शन के प्रख्यात विद्वान् ही नहीं, अपितु महायान दर्शन के प्रवर्तक भी हैं। वे समस्त सूत्र, तन्त्र, शास्त्र, कला एवं चिकित्सा इत्यादि अनेक विद्याओं के पारङ्गत विद्वान् थे। अतः उनके अनेक प्रकार के जीवनवृत्तान्त उपलब्ध होते हैं। वे भी न केवल भोट भाषा में, अपितु हिन्दी, अंग्रेजी, जापानी, चाइनीज़, फ्रेञ्च आदि अनेक विभिन्न भाषाओं में भी विस्तारपूर्वक प्राप्त होते हैं।

---

१. बौद्ध धर्म का इतिहास, बुतोन निरछेनडुब, पृ० २३६, तिब्बत के टुङ्गो नामक प्रकाशन से प्रकाशित ।

इन भाषाओं में से किसी किसी में तीन नागार्जुन होने का उल्लेख प्राप्त होता है, जिसमें माध्यमिक दर्शन के प्रवर्तक नागार्जुन, तान्त्रिक नागार्जुन एवं चिकित्सा विद्या के उन्तायक नागार्जुन इस तरह तीन नागार्जुन उपलब्ध होते हैं। वास्तव में मैं यह समझता हूँ कि भगवान् बुद्ध के आगम को प्रमाण मानते हुए एक ही नागार्जुन हुए हैं, जो सूत्र, तन्त्र, शास्त्र, कला एवं चिकित्सा के निष्णात साधक हैं। वे छह सौ वर्ष तक जीवित भी रहे हैं। साधक की आयु की कोई सीमा नहीं हुआ करती और हमारे जैसे साधारण पुद्गल के द्वारा किसी विशिष्ट साधक की आयु एवं विभिन्न विद्याओं में उनकी पारंगतता में सन्देह करना उचित प्रतीत नहीं होता। क्योंकि आजकल भी ऐसे अनेक विद्वान् उपलब्ध होते हैं, जो इन सभी विषयों में पारंगत होते हैं। साधारण व्यक्ति भी आजकल विभिन्न देशों में सौ वर्षों से अधिक जीवित रहते हुए देखे जाते हैं। अतः मैं यह मानता हूँ कि आचार्य नागार्जुन एक विद्वान् ही नहीं थे, अपितु उत्तम कोटि के साधक भी थे तथा इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे छः सौ वर्षों तक जीवित रहे। एतद् हेतु स्वयं बुद्धवचन प्रमाण हैं। यथा **लंकावतार**[१] एवं **मञ्जुश्रीमूलकल्प** में कहा गया है—

निवृत्ते सुगते पश्चात्कालोऽतीतो भविष्यति ।
महामते, निबोध त्वं यो नेत्रीं धारयिष्यति ।।

दक्षिणापथवेदल्यां भिक्षुः श्रीमान् महायशाः ।
नागाह्वयः स नाम्ना तु सदसत्पक्षदारकः ।।

प्रकाश्य लोके मद्यानं महायानमनुत्तरम् ।
आसाद्य भूमिं मुदितां यास्यतेऽसौ सुखावतीम् ।।

मञ्जुश्रीमूलकल्पतन्त्रे[२]ऽपि भगवता उक्तम्—

नागाह्वयो नाम सौ भिक्षु शासनेऽस्मिं हिते रतः।
मुदितां भूमिलब्धस्तु जीवेद् वर्षशतानि षट् ।।

मायूरी नामतो विद्या सिद्धा तस्य महात्मनः ।
नानाशास्त्रार्थ-धात्वर्थनिःस्वभावार्थतत्त्ववित् ।।

---

१. लंकावतारसूत्र, १०/१६४-६६, पृ० ११८, मिथिला संस्करण, १९६४ ।
२. मञ्जुश्रीमूलकल्पतन्त्रम्, म० सू० सं०, भाग-२, परिवर्त ५३, ४४९-४५१, पृ० ४८२, मिथिला संस्करण, १९६४ ।

सुखावत्यां चोपपद्येत यदासौ त्यक्तकलेवरः ।
सोऽनुपूर्वेण बुद्धत्वं नियतं संप्रपत्स्यते ।।

जैसा मैंने बताया कि उनका जीवनवृत्तान्त अनेक भाषाओं में प्राप्त होता है, इस कारण मैं उनकी जीवनी प्रस्तुत करना नहीं चाहता। यदि कोई विस्तारपूर्वक उनकी जीवनी जानना चाहे तो इसके लिए उसे केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ से १९९३ में प्रकाशित **प्रो० नवाङ् समतेन** द्वारा विरचित **'रत्नावली'**[१] नामक तिब्बती ग्रन्थ की भूमिका का अवलोकन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त मेरे परम मित्र **डॉ० पेमा तेनजिन** द्वारा विरचित **सुहल्लेख**[२] की भूमिका का भी अवलोकन करें।

आचार्य नागार्जुन की लगभग १२५ कृतियाँ हैं, जिनका विस्तृत विवरण आचार्य नवाङ् समतेन द्वारा सम्पादित रत्नावली के परिशिष्ट में उपलब्ध है। अतः हम यहाँ वर्णन नहीं कर रहे हैं।

यदि आचार्य नागार्जुन के नाम से प्रसिद्ध त्रिस्कन्धसूत्रटीका अन्य भोट अनुवाद में आचार्य नागबोधि की रचना के रूप में उल्लिखित है तो इस मान्यता के अनुसार मैं उनकी भी संक्षिप्त जीवनी को पाठकों की जिज्ञासा हेतु यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ।

आचार्य नागबोधि का जीवनवृत्तान्त

आचार्य नागबोधि आचार्य नागार्जुन के परम शिष्यों में से एक थे। ये बौद्ध एवं बौद्धेतर सिद्धान्तों के प्रकाण्ड पण्डित थे। इन्हें अपने इष्टदेव का साक्षात् दर्शन हुआ था तथा इन्हें आयुःसिद्धि भी प्राप्त थी। विशेषतः ये तान्त्रिक अनुष्ठान के महान् साधक थे। कहा जाता है कि वर्तमान में भी ये दक्षिण भारत के नागार्जुन कोंडा के समीप किसी अज्ञात स्थान में निवास कर रहे हैं, लेकिन सिद्ध पुरुषों के अतिरिक्त अन्य साधारणजनों को इनका दर्शन होना असम्भव है। नागबोधि और नागबुद्धि ये दोनों पर्यायवाची शब्द हैं। इनके द्वारा विरचित अनेक ग्रन्थ हो सकते हैं, किन्तु इस समय भोट-अनुवाद में मात्र १५ ग्रन्थ उपलब्ध हैं।

---

१. द्र०-रत्नावली, भोट भाषा, भूमिका, पृ० २७, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ, १९९३ ।

२. द्र०-सुहल्लेख,भूमिका, पृ० ३५, केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान, सारनाथ १९९६ में प्रकाशित।

नागबोधि की कृतियाँ

	ग्रन्थ का नाम	देगे सं० सं०
(१)	समाजसाधनाव्यवस्थावली	१८०९
(२)	कर्मान्तविभंग	१८११
(३)	कर्मान्तर्भावनोपदेशनाम प्रकरण	१८१२
(४)	सर्वतथागतस्तव	४५२६
(५)	श्रीगुह्यसमाजमण्डलविंशतिविधि	१८१०
(६)	पञ्चक्रमार्थभास्करण	१८३३
(७)	पञ्चक्रमटीका मणिमाला	१८४०
(८)	कृष्णयमारिचक्रोपदेश	१९६४
(९)	यमारिसिद्धिचक्रसाधना	२०१६
(१०)	आर्य नीलाम्बरधरवज्रपाणि नाम तन्त्रटीका	२२००
(११)	बालालंकार	२२०८
(१२)	आर्य नीलाम्बरधरवज्रपाणिसाधना	२२१०
(१३)	आर्यनीलाम्बरधरवज्रपाणिसाधना	२२१३
(१४)	अतियोगभावनोपाय	२४१७
(१५)	अधिष्ठानमहाकालगुह्यसाधना	४८०१

आचार्य जितारिपाद का जीवनवृत्तान्त

त्रिस्कन्धसूत्र की दूसरी टीका **बोध्यापत्तिदेशनाविधि-बोधिसत्त्व-शिक्षाक्रम** के रचयिता आचार्य जितारि हैं। अत: इनका संक्षिप्त जीवन परिचय देना आवश्यक है।

आचार्य जितारि एक प्रख्यात बौद्ध विद्वान् होने के साथ-साथ प्रमाण, माध्यमिक शास्त्र एवं तन्त्र के प्रामाणिक विद्वान् माने जाते हैं।

आर्यावर्त भारतवर्ष के पाल राजाओं के शासनकाल में आचार्य उत्पन्न हुए थे। महाराजा वनपाल के शासनकाल में पूर्वदिशा के वरेन्द्र में सनातन नामक एक छोटा शासक हुआ। उस राजा की एक अतीव सुन्दरी रानी थी। राजा उसको अत्यन्त प्यार करता था और उसे आम लोगों से छिपाकर रखता था। उस समय राजा ने एक ब्राह्मण कुल के आचार्य गर्भपाद से गुह्यसमाज का अभिषेक ग्रहण किया और गुरु दक्षिणा के रूप में उक्त सुन्दरी रानी, अश्व, स्वर्ण एवं गज आदि

भेंट किये। कालान्तर में आचार्य गर्भपाद को दक्षिणा में प्राप्त सुन्दरी रानी से एक लक्षणवान् पुत्र का जन्म हुआ। उस बालक ने लगभग सात वर्ष की आयु में ब्राह्मणकुल के छात्रों के साथ अध्ययन के लिए गुरुकुल में प्रवेश लिया। अन्य ब्राह्मण छात्रों ने उस बालक को यह कहकर निरन्तर प्रताड़ित किया कि तुम्हारे पिता बौद्ध तान्त्रिक हैं और ऊँच-नीच के भेदभाव से रहित होकर सबके साथ एक समान व्यवहार करते हैं। इस प्रकार वे सदैव बालक को सताते थे तथा पीटते भी थे, किन्तु वह घर लौटकर भी किसी से शिकायत नहीं करता था। परन्तु एक दिन वह अपनी सहनशक्ति खो बैठा और उसने रोते हुए अपने पिता को समस्त घटनाओं से अवगत कराया। पिता ने अन्यों के द्वारा प्रताड़ना बन्द करने के लिए तथा अन्य को पराजित करने के लिए अपने पुत्र (आचार्य जितारि) को मञ्जुघोष का अभिषेक दिया और अनुज्ञा देकर उससे साधना कराई। लगभग एक वर्ष बीतने के पश्चात् सिद्धि प्राप्ति के लक्षण प्रकट हुए और उस समाधि भावना के प्रभाव से बाह्य-आभ्यन्तर (सर्वत्र) लाल-पीला प्रकाश फैला। भोजन पहुँचाने वाली माता को ऐसा भान हुआ, मानों साधना भवन में आग लग गई है। आर्तस्वर में क्रन्दन करने से समाधि भंग हो गई और प्रकाश भी लुप्त हो गया। पिता ने कहा कि यदि इस प्रकार की समाधि-अग्नि में एक सप्ताह तक स्थित रहने दिया जाता तो वह बालक स्वयं मञ्जुघोष के समकक्ष हो जाता, किन्तु कुछ विघ्न पड़ गया है। फिर भी सम्पूर्ण विद्या-स्थानों में उसकी बुद्धि अबाधगति से विकसित होगी।

तत्पश्चात् कुछ सामान्य ज्ञान तो उन्होंने बिना अध्ययन के ही प्राप्त कर लिया, जिसमें लिपि, शिल्प, छन्द, अभिधान इत्यादि संगृहीत हैं। कुछ विद्या को मात्र एक बार पढ़ लेने से जान लिया। अत्यन्त कठिन विषयों का दो-एक बार अध्ययन मात्र से ही ज्ञान हो गया। फलतः वे शीघ्र ही पण्डितमण्डलेश्वर हो गए। वे आजीवन उपासक रहे। उन्होंने अपने पिता से **गुह्यसमाजतन्त्र, चक्रसंवरतन्त्र** एवं **हेवज्रतन्त्र** इत्यादि में जितना भी ज्ञातव्य है, उस सबको विधि-विधान से प्राप्त किया। अन्य अनेक गुरुजनों का सेवन करके माध्यमिकशास्त्र, प्रमाणशास्त्र इत्यादि अनेक शास्त्रों का श्रवण कर शिक्षा प्राप्त की। सम्प्रति भोट भाषा में उपलब्ध कग्युर-तनग्युर सूची में इनके द्वारा विरचित तीन प्रमाण ग्रन्थ प्राप्त होते हैं, यथा—**हेतुतत्त्वोपदेश, धर्म-धर्मिविनिश्चय** एवं **बालावतारतर्क**।

विशेषरूप से उन्होंने अनेक ग्रन्थों का श्रवण स्वयं मञ्जुघोष से किया। उनके पिता ब्राह्मण गर्भपाद राजा महीपाल के समय मान्य पण्डित थे, किन्तु उनके

निधन के उपरान्त उन्हें राजा का प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हुआ, अतः वे विभिन्न प्रान्तों के विहारों का दर्शन एवं परिक्रमा करने के साथ-साथ पण्डितों के साथ शास्त्रार्थ करने के लिए निकल पड़े। एक बार जब वे खसर्पण गये तब द्वार पर एक आर्य अचल (बोधिसत्त्व) की मूर्ति का दर्शन हुआ, जो अत्यन्त क्रोधित मुद्रा में थी। उसे राक्षस रूप सोचकर उनके मनमें अश्रद्धा उत्पन्न हुई। उसी रात्रि उन्होंने स्वप्न में मुनीन्द्र के वक्षस्थल से अनेक अचल निर्गत होकर दुष्टों का दमन करते हुए देखा। बुद्ध के उपायकौशल के प्रति उन्होंने अश्रद्धा की है, ऐसा सोचकर उन्होंने प्रायश्चित्त किया। फलस्वरूप तारादेवी ने साक्षात् दर्शन दिया और कहा कि तुम महायान के अनेक शास्त्र रचो, इससे पापों का विशोधन होगा। ऐसा उपदेश दिया। कालान्तर में राजा महीपाल के द्वारा वृक्षपुरी नामक पुनीत स्थान आचार्य को भेंट किया गया। तत्पश्चात् विक्रमशिला महाविहार का पाण्डित्य पत्र भी उन्हें भेंट किया गया। उन्होंने अनेक धर्मप्रवचन भी दिये। फलतः उनकी ख्याति अत्यन्त विस्तृत क्षेत्र में फैल गई।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने बाल्यावस्था में आचार्य जितारि से सामान्य विद्याओं की शिक्षा प्राप्त की—ऐसा दीपंकरश्रीज्ञान के परम शिष्य डोमतोनपा द्वारा विरचित जीवनवृत्तान्त में उल्लिखित है।

आचार्य जितारि ने **शिक्षासमुच्चय, बोधिचर्यावतार** और **गगनगञ्जसूत्र** इत्यादि पर एक-एक लघु टीका की रचना की है। उन्होंने सूत्र एवं मन्त्रयान सम्बन्धी लगभग सौ विविध शास्त्रों की रचना भी की है।

आचार्य जितारि का प्रस्तुत जीवनवृत्तान्त मैंने लामा तारानाथ द्वारा विरचित **'बौद्ध धर्म का इतिहास'** नामक ग्रन्थ के आधार पर लिखा है।

सम्प्रति आचार्य (जितारि) के द्वारा विरचित ग्रन्थों में से मात्र २१ ग्रन्थ के अनुवाद ही भोट भाषा में प्राप्त होते हैं, जो इस प्रकार हैं—

	ग्रन्थ का नाम	**देगे सं० सं०**
(१)	हेवज्र अभिषेक निश्चय	१२७२
(२)	श्री दशक्रोधविद्याविधि	१२७३
(३)	श्री चतुष्पीठतत्त्वचतुष्कः	१६२०
(४)	अक्षोभ्यसाधना	२६५७
(५)	अपरिमितायुःस्तोत्र	२६९८

गुह्यजितारि के नाम से प्रसिद्ध कुछ ग्रन्थ

बुतोन कृत कन्युर एवं तन्युर सूची में इन उपर्युक्त ग्रन्थों के अतिरिक्त कुछ अन्य ग्रन्थों के नाम भी प्राप्त होते हैं। सम्भवतः गुह्यजितारि एवं आचार्य जितारि एक ही व्यक्ति हैं।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान का जीवनवृत्तान्त

त्रिस्कन्धसूत्र की तृतीय टीका आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान द्वारा विरचित है। जिसका नाम '**कर्मावरणविशोधनविधिभाष्य**' है। अतः यहाँ आचार्य का जीवन-वृत्तान्त प्रस्तुत करना उचित है। वैसे तो मैंने आचार्य का जीवनवृत्तान्त पूर्व में अपने ग्रन्थ आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान द्वारा विरचित ५ ग्रन्थों के संग्रह की भूमिका में

लिखा है[१], फिर भी यहाँ पुनः आचार्य की जीवनी लिखने का औचित्य प्रतीत होता है।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान आर्यावर्त भारतवर्ष की पूर्व दिशा में स्थित बंगाल प्रदेश के अन्तर्गत विक्रमपुरी नामक नगर के महाराजा श्रीकुशल एवं महारानी श्रीमती के द्वितीय पुत्र के रूप में ९८२ ई० में उत्पन्न हुए। बालावस्था में इनका नाम चन्द्रगर्भ था। लगभग १० वर्ष की आयु तक इन्होंने लिपि, शिल्प, चिकित्सा एवं नीतिशास्त्र का अध्ययन सम्यक् रूप से सम्पन्न किया। लगभग ११ वर्ष की आयु से २१ वर्ष तक इन्होंने व्याकरण, प्रमाण, कला, नाटक, काव्य, अभिधान एवं ज्योतिष विषयों की शिक्षा ग्रहण की। आचार्य जितारि, बोधिभद्र, युक्तिकोकिल, अवधूतीपाद एवं महायोगी राहुल गुप्त इत्यादि से इन्होंने महायान शास्त्रों का अध्ययन किया। विशेष रूप से आचार्य राहुल गुप्त से तन्त्रयान के अन्तर्गत हेवज्र का अभिषेक प्राप्त करके **'गुह्यज्ञानगर्भ'** यह गुह्य नाम प्राप्त किया तथा मन्त्रयान के अववाद का भी श्रवण किया। तत्पश्चात् छह वर्ष तक निरन्तर अवधूत चर्या अथवा युक्तिव्रतचर्या का अनुष्ठान करते हुए तन्त्रयान के क्रिया, चर्या, योग एवं अनुत्तरतन्त्र के शास्त्रों का अध्ययन सम्पूर्ण रूप से सम्पन्न किया। अनेक इष्टदेवों का भी इन्हें साक्षात् दर्शन हुआ। अनेक प्रकार की समाधि का प्रभाव चित्त में उत्पन्न हुआ। अभिज्ञाएं भी प्राप्त कीं। वज्रयोगिनी का भी साक्षात् दर्शन हुआ और उन्होंने महामण्डल का निर्माण कर आचार्य को अभिषेक प्रदान करके सम्पूर्ण मन्त्रयान का अववाद प्रदान किया। उसी समय उनमें इस जगत् के सम्पूर्ण मन्त्रयान के निष्णात विद्वान् होने का अहंकार उत्पन्न हुआ, परन्तु महायोगियों ने अन्य अनन्त मन्त्रयान-ग्रन्थों का आवाहन करके आचार्य के समक्ष प्रदर्शन किया, जिसमें कुछ ग्रन्थ तो ऐसे थे, जिनका आचार्य ने नाम तक नहीं सुना था। तब आचार्य के अहंकार का दमन हो गया।

योगी के रूप में चर्या करते हुए वे वन एवं श्मशान इत्यादि में निवास करते थे। उसी समय आचार्य को स्वप्न में मुनीन्द्र ने दर्शाया कि आप अब तक प्रव्रज्या ग्रहण न करके कहाँ भ्रमण कर रहे हो? तब आचार्य के मन में यह विचार आया कि मुनीन्द्र की इच्छा के अनुसार मुझे प्रव्रज्या ग्रहण करना चाहिए। तदनुसार उन्होंने दीक्षा ग्रहण की। तब वे महासांघिक उपाध्याय शीलरक्षित से

---

१. द्र०-आचार्य दीपंकर विरचितः पञ्चग्रन्थसंग्रहः (केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान से प्रकाशित-१९९८)।

भिक्षु की उपसम्पदा ग्रहण करके आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के नाम से लोक में प्रसिद्ध हुए। तत्पश्चात् लगभग २९ वर्ष की अवस्था में गुरु धर्मरक्षित से वैभाषिक निकाय की महाविभाषा एवं सप्त अभिधर्म इत्यादि हीनयान के अनेक ग्रन्थों का सम्यक् रूप से अध्ययन किया। उस समय उन्होंने वैभाषिक आदि चारों मूल निकायों के विनय ग्रन्थों का भी नियत रूप से श्रवण किया तथा वे आपत्तियों के अल्पमात्र दोष से भी मुक्त रहते थे। विनय के नियम के अनुसार शील का पालन करते थे।

तब उनमें शीघ्र ही सम्यक् संबुद्ध बनने की इच्छा उत्पन्न हुई और उसके लिए बोधिचित्त की शिक्षा को ग्रहण करना उन्होंने उचित समझा। उस काल में इसी विषय में पारंगत विद्वान् स्वर्णद्वीप के महाचार्य स्वर्णद्वीपीय धर्मकीर्ति के बारे में उन्हें सूचना प्राप्त हुई। तत्काल **आचार्य स्वर्णद्वीपीय धर्मकीर्ति** से मिलने की अभिलाषा से प्रेरित हुए। स्वर्णद्वीप जाने के लिए १३ महीने निरन्तर नाव के द्वारा उन्होंने यात्रा की। आचार्य स्वर्णद्वीपीय से निरन्तर १२ वर्षों तक बोधिचित्त की शिक्षा का अभ्यास अववाद के साथ सम्पूर्ण रूप से करते रहे। तत्पश्चात् आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की चित्तसन्तति में बोधिचित्त के विशिष्ट लक्षण का अवबोध हुआ। आचार्य स्वर्णद्वीपीय ने अत्यन्त प्रसन्न होकर अपने हृदय गर्भ का प्रतीक चिह्न एक स्वर्णमयी बुद्धप्रतिमा को आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के हाथ में प्रदान कर उनमें बुद्धशासन के शासक पद का हस्तान्तरण किया। पुनः आचार्य दीपंकर आर्यावर्त भारतवर्ष में लौट आये।

इस प्रकार आचार्य दीपंकर के द्वारा सर्वदा सश्रद्ध सेवन किये जानेवाले आचार्यों में आचार्य शान्तिपाद, स्वर्णद्वीपीय धर्मकीर्ति, बोधिभद्र एवं आचार्य ज्ञानश्रीमित्र प्रमुख थे। इन आचार्यों से आचार्य दीपंकर ने आचार्य नागार्जुन द्वारा प्रवर्तित गम्भीर (माध्यमिक) दर्शन की परम्परा का अववाद, आचार्य मैत्रेयनाथ द्वारा प्रवर्तित विस्तृत चर्यापक्ष अभिसमय की परम्परा का अववाद और महाजिनपुत्र आचार्य शान्तिदेव द्वारा प्रवर्तित विस्तृत बोधिचित्तचर्या की परम्परा का अववाद सम्पूर्ण रूप से ग्रहण किया।

अन्य महासाधक डोम्बी-पा द्वारा प्रवर्तित व्रतों के अधिष्ठान की परम्परा, आचार्य बलिन् द्वारा प्रवर्तित कर्मसंवर के अधिष्ठान की परम्परा, आचार्य महानाम द्वारा प्रवर्तित ऋद्धि-अधिष्ठान की परम्परा एवं आचार्य बुद्धकोटि के द्वारा प्रवर्तित वज्रवाराही अधिष्ठान की परम्पराओं को भी पूर्णतया प्राप्त किया। इस प्रकार सूत्र

एवं तन्त्र दोनों विषय में इस जगत् के समस्त पण्डितों से अतुल्य होकर महाविद्वान् का शीर्षपद प्राप्त किया।

तब शीघ्र ही महाराज धर्मपाल ने उन्हें बोधगया से विक्रमशिला महाविहार में आमन्त्रित करके बुद्धशासन के शासक पद को ग्रहण करने का निवेदन किया। तदनुसार आचार्य ने उसे स्वीकार कर बुद्धशासन के विकास को सूर्य की भाँति अत्यन्त प्रदीप्त करते हुए निवास किया।

आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के पूर्व भोट देश में बुद्धशासन की स्थिति

हिमशिखर भोट देश में तीन महान् धर्मराजाओं ने बुद्धशासन की स्थापना, विकास एवं चिरस्थिति के लिए पर्याप्त प्रयास किया, किन्तु तीसरे महाराज श्री रल्पाचेन के शासनकाल में बौद्ध धर्म के प्रति श्रद्धारहित कुछ मन्त्रियों एवं सहोदर भाई लङ् दरमा ने मिलकर परोक्ष में षड्यन्त्र रचकर राजा रल्पाचेन को मद्य पिलाकर युवावस्था में ही गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। तत्पश्चात् राजा के बड़े भाई लङ्दरमा, जो दुष्ट प्रकृति के थे, उन्हें राजसिंहासन पर बैठाया गया। उन्होंने पूर्व धर्मराजाओं द्वारा स्थापित विहारों का विनाश, संघ का वध एवं बौद्ध ग्रन्थों में आग लगाकर बौद्ध धर्म का नामोनिशान मिटा दिया। तीन वर्ष के बाद बौद्धशासन के विनाश को सहन न करके ल्हालुङ् पेल् ग्यि दोर्जे ने राजा की बाण मारकर हत्या कर दी। उसके बाद से सम्पूर्ण तिब्बत में राज करने वाला कोई राजा नहीं हुआ। इस प्रकार बिना राजा के लगभग ७० वर्ष तक मध्य तिब्बत में बौद्ध धर्म प्राय: लुप्त सा हो गया।

मध्य तिब्बत में बौद्ध धर्म के विलोप के पश्चात् तिब्बत की पूर्वदिशा में स्थित खम् प्रदेश के पश्चिम के भिक्षु लाछेन गोङ्पा रबसेल आदि ने भिक्षुसंघ का पुनर्गठन किया तथा शासन की पुन: स्थापना की। पश्चिम प्रदेश ऊचाङ् के महापुरुष येशे होद् तथा लाछेन गोङ्पा रबसेल ने भिक्षुसंघ का विस्तार किया। किन्तु विनय तथा तन्त्र में प्रधानता के विषय में परस्पर विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे शासन में विघटन हो गया। अधिकांश जनता बौद्ध धर्म से यद्यपि परिचित थी, फिर भी उसका अभ्यास और चिन्तन न होने से उसके वास्तविक अर्थ से अनभिज्ञ थी। विशेषकर जबसे लङ् दरमा ने शासन का दमन किया था, उसके बाद से शासन की पुन: स्थापना हेतु कुछ तान्त्रिकों ने कण्ठस्थ तन्त्र को लिपिबद्ध करना प्रारम्भ किया, जिसका उन्होंने अध्ययन किया था। जहाँ-जहाँ स्मरण नहीं

हो पाया, वहाँ वे अपनी ओर से रचना कर पूर्ण कर देते थे। कुछ लोगों ने नकली तन्त्रग्रन्थों की भी रचना कर उसमें सामान्य बोलचाल की भाषा का प्रयोग कर दिया। कुछ तान्त्रिकों ने अपनी पत्नी से स्वादिष्ट मदिरा पिलाने को कहा ताकि वे तन्त्रग्रन्थ की रचना कर सकें। साथ ही, इसी समय भारत से लाल आचार्य एवं नील आचार्य तिब्बत पहुँचे और उन्होंने नकली धर्म, योग और मुक्ति का प्रचार किया। उनके अनुसार स्त्री से सम्भोग योग है तथा शत्रु का विनाश मुक्ति है। कुछ नकली 'तेरतोन' (बुद्धवचनों के अन्वेषक) ने स्वयं को असली बताते हुए नकली शास्त्र-ग्रन्थों की खोज की। कुछ नकली तान्त्रिकों ने तन्त्र ग्रन्थों का गलत अर्थ निकालते हुए हिंसा आदि अनेक प्रकार के अकुशल कार्य किए। कुछ तान्त्रिकों ने जादू-टोना दिखाकर लोगों को पथभ्रष्ट किया। कुल मिलाकर यह काल शासन के लिए एक विकट काल साबित हुआ और शासन का ह्रास होता गया। नकली भिक्षु बनकर भी लोगों ने धर्म प्रचार का कार्य करना चाहा तथा उनके चरित्र एवं व्यवहार ने लोगों को गुमराह किया।

इस प्रकार शासन की दयनीय स्थिति को देखते हुए पश्चिमी तिब्बत के राजा 'येशे-होद' चिन्तित हो उठे। यह उनके लिए असह्य हो गया। पूर्व के तिब्बती महाराजाओं के द्वारा बौद्ध शासन की वृद्धि एवं विकास के लिए किए गए प्रयासों को स्मरण करते हुए उस समय की विकट स्थिति को देखकर उनका मन खिन्न हो गया। उनके मन में भी पूर्व के राजाओं की भाँति शासन की वृद्धि हेतु कुछ कर गुजरने की इच्छा प्रबल हुई। फलस्वरूप उन्होंने अपना राज्य अपने भाई 'ल्हादे' को सौंप दिया और स्वयं भिक्षु हो गए।

तत्पश्चात् "येशे होद" तथा लोछेन रिन्छेन् साङ्पो दोनों ने मिलकर विधर्म अर्थात् मिथ्याधर्म को समाप्त करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया तथा इसके विरुद्ध राजाज्ञा भी निकलवाई, किन्तु इन सबका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला, जिससे वे और अधिक चिन्तित हो उठे। अन्त में उन्होंने निर्णय किया कि इन सबको दूर करने का एक ही उपाय है कि भारत से किसी भारतीय बौद्ध आचार्य को तिब्बत आमन्त्रित किया जाए। उन्होंने भारत में तत्कालीन प्रसिद्ध आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के बारे में सुन रखा था। उन्होंने सोचा कि यदि ऐसे महान् आचार्य को तिब्बत में आमन्त्रित किया जा सका तो शासन में फैली समस्त मिथ्या दृष्टियाँ, भ्रम एवं गलत धारणाओं का समाधान हो जाएगा और तिब्बत की जनता के हित में एक महान् कार्य होगा।

तत्पश्चात् महामहिम येशे होद् ने आर्यावर्त भारतवर्ष से महापण्डित आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान को बुलाने के लिए महानुवादक 'ग्या चोन्डुस् सेङ्गे' को प्रभूत स्वर्णमुद्राएं और अनेक सेवकों के साथ भारत भेजा। दुर्भाग्य से अधिकांश स्वर्णमुद्राओं की चोरी-डकैती हो गई तथा कुछ खो गए और अधिकांश सेवकों का नेपाल तथा भारत के बीच मार्ग में गर्मी के कारण देहान्त हो गया तथा कुछ तिब्बत वापस लौट गये। मात्र ग्या चोन्डुस् सेङ्गे ही विक्रमशिला महाविहार में पहुँच सके। स्वयं अत्यन्त दरिद्र होने के कारण तथा आचार्य दीपंकर को निमन्त्रण देने के लिए मुद्रा एवं द्रव्य की कमी के कारण उनमें आचार्य को भोट देश में निमन्त्रित करने की न हिम्मत हुई न निमन्त्रण दे सके।

फिर भी येशे होद के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी और अधिक धन एकत्रित करने की अभिलाषा से सोना एकत्रित करने सीमा पर गए। वहाँ के मुस्लिम राजा (गरलोक) ने उन्हें कैद कर लिया। मुस्लिम राजा ने दो शर्तों पर उन्हें रिहा करने का प्रस्ताव रखा—१. बौद्ध धर्म त्यागकर मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लें २. अपने शरीर के वजन के बराबर सोना पेश करें। तब येशे होद ने कहा कि चाहे प्राण क्यों न चले जाए, किन्तु बौद्ध धर्म का परित्याग नहीं करूँगा। कुछ इतिहासकारों का कहना है कि 'येशे होद' गरलोक राजा से युद्ध करने गए थे और युद्ध हार कर बन्दी बना लिए गए थे"। किन्तु ये बातें सर्वथा अनुचित जान पड़ती हैं, क्योंकि वे राजगद्दी त्यागकर भिक्षु बन चुके थे। अतः युद्ध का कोई औचित्य नहीं जान पड़ता है।

बाद में येशे-होद के छोटे भाई 'जङ्छुब होद' काफी सोना लेकर अपने भाई को मुस्लिम राजा की कैद से छुड़ाने गए। जब सोना तौला गया तो 'येशे होद' के सिर के बराबर सोना कम पड़ गया। जिस कारण उन्हें कैद से रिहा नहीं किया गया और 'जङ्छुब होद' मायूस हो गए, किन्तु उन्हें अपने बड़े भाई से कैदखाने में मिलने की अनुमति दी गई, जहाँ 'येशे होद' ने बताया कि—'मुझे अपने मरने का दुःख नहीं है। तुम सारा सोना ले जाकर भारत से आचार्य दीपंकर को तिब्बत बुला सको तो मैं अपने को भाग्यशाली समझूंगा।' तब 'जङ्छुब होद' सोना लेकर वापस अपने राज्य लौट गए। इस प्रकार तिब्बत में बौद्ध शासन के पुनरुत्थान के लिए राजा 'येशे होद' ने अपने प्राणों की आहुति दे दी और मुस्लिम राजा के कैद में ही उनकी मृत्यु हो गयी।

'येशे होद' की इच्छा के अनुसार 'जङ्छुब होद' ने लोचावा 'नगछो छुलठिम ग्यलवा' को पाँच सेवकों एवं सात सौ स्वर्ण मुद्राओं सहित भारत से आचार्य दीपंकर को आमन्त्रित करने हेतु प्रस्थान कराया। भारत पहुँचकर छुलठिम ग्यलवा विक्रमशिला बौद्धविहार में अध्ययन कर रहे तिब्बती अनुवादक 'ग्या चोन्डुस् सेङ्गे' से मिले। दोनों ने विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया कि फिलहाल इस बात को गुप्त रखा जाए और अध्ययन के बहाने वहीं रहा जाए, क्योंकि यदि लोगों को पता चल गया कि वे आचार्य को आमन्त्रित करने आये हैं तो शायद ही आचार्य को जाने दें। इस प्रकार समय बीतने लगा। लोचावा ग्या चोन्डुस् सेङ्गे ने लोचावा नगछो से कहा कि हम भोटवासियों के आचार-विचार के अनुरूप सबसे उपयुक्त आचार्य मात्र दीपंकरश्रीज्ञान ही हैं। अतः उन्हें ही निमन्त्रण हेतु प्रयास करना चाहिए। वैसे तो उस समय आचार्य दीपंकर के अतिरिक्त अन्य बहुत बड़े महाचार्य भी विद्यमान थे, जिनमें आचार्य शान्तिपाद, नडपाद, डोम्बीपाद, दीपंकर भद्रपाद, अवधूतीपाद, बोधिभद्र, रत्नभद्र, जितारि, ललितवज्र, भूमिगर्भ, ज्ञानगर्भ, कल्याण धर्म और शैलेन्द्र इत्यादि लगभग ५२ वरिष्ठ विद्वान् जीवित थे। ये सभी अपने-अपने विषय के प्रकाण्ड पण्डित थे, न कि समस्त विषयों के। हम तिब्बतवासियों के लिए आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ही कल्याण करनेवाले हैं।

अतिश का भोट देश में आमन्त्रण :

एक दिन अवसर पाकर बिना किसी भारतीय आचार्य एवं शिष्यों की जानकारी के 'ग्या चोन्डुस् सेङ्गे' ने लोचावा 'छुलठिम ग्यल्वा' को आचार्य दीपंकर से एकान्त में भेंट करवाई। इस बीच उन्होंने आचार्य को एक बड़ा सोने का टुकड़ा तथा चारों तरफ स्वर्ण मुद्राओं से सजा एक 'मण्डल' भी भेंट किया। दोनों ने तिब्बत में बौद्धधर्म की स्थापना तथा सोङ्चन गम्पो, ठ्रिसोङ् देउचन एवं ठ्रि रलपाचन के काल में हुए बौद्धधर्म के विकास एवं पश्चात् लाङदारमा द्वारा सद्धर्म का विनाश, पुनः सद्धर्म का पुनरुत्थान एवं इस समय तक की सद्धर्म की उन्नति एवं ह्रास के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उस समय तिब्बत में बौद्धधर्म की जो दयनीय स्थिति थी और सद्धर्म में जो गलत धारणाएं फैल रही थीं, उन सभी समस्याओं से आचार्य को अवगत कराया। इन 'दुष्प्रवृत्तियों को दूर करने के लिए एक भारतीय आचार्य को तिब्बत में बुलाया जाना आवश्यक समझकर 'येशे होद' ने जो प्रयास किया तथा जिसके फलस्वरूप उन्हें मुस्लिम राजा ने कैद कर

लिया और वही उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए, इन सब बातों का भी विस्तारपूर्वक आचार्य से निवेदन किया। साथ ही यह संदेश भी दिया कि येशे होद ने अपने प्राणों की परवाह न कर अपने भाई जङ्छुब होद से कहा था कि तिब्बत में बौद्ध शासन की पुनः स्थापना एवं विस्तार के लिए भारत से आपको किसी भी तरह तिब्बत बुलाना परम आवश्यक है। तदनुसार हमें महाराज जङ्छुब होद ने आपको बुलाने के लिए भेजा है। वे आपके आने की प्रतीक्षा में आँखें बिछाए राह देख रहे हैं। ऐसा निवेदन करते हुए दोनों की आँखे भर आईं और उन्होंने अश्रुपूर्ण नेत्रों से आचार्य से निवेदन किया कि वे सद्धर्म की रक्षा हेतु महाराज का निमन्त्रण स्वीकार कर तिब्बत चलने की कृपा करें।

तब आचार्य ने कहा—भोट के तीनों पूर्व नरेश, लाछेन गोङ्पा रबसेल, येशे होद ये सभी बोधिसत्त्व के अवतार मालूम होते हैं। अतः मैं बोधिसत्त्वों की आज्ञा की अवमानना नहीं कर सकता। राजा जङ्छुब होद भी करुणा के पात्र हैं। उन्हें सद्धर्म की सेवा के लिए अपार धन-सम्पत्ति एवं मानव की हानि उठानी पड़ी। तिब्बत-वासियों पर दया आती है, फिर भी मेरे आचार्य रत्नाकर शान्ति बहुत ही सख्त हैं, वे शायद ही मुझे जाने की अनुमति दें। इतना ही नहीं, मैं तो अब वृद्धावस्था की ओर अग्रसर हूँ। बहुत अधिक कुञ्जियों की जिम्मेदारी का बोझ मुझ पर है और बहुत अधिक कार्य अवशिष्ट हैं। शायद ही मैं तिब्बत जा सकूँ। फिर भी मैं आज रात परीक्षण करूँगा।

उस रात आचार्य ने अपनी इष्ट देवी तारा की स्तुति कर उनसे तिब्बत जाने के बारे में निवेदन किया। तारादेवी ने उन्हें साक्षात् दर्शन दिए और भविष्यवाणी की—"तिब्बत के लोगों का कल्याण होगा। विशेषकर, एक उपासक के माध्यम से तुम्हारा सत्त्वार्थ बहुत अधिक सार्थक होगा, किन्तु तुम्हारी आयु कम हो जाएगी।

आयु कितनी कम हो जाएगी? ऐसा पूछने पर तब देवी ने कहा कि—यदि भारत में रहोगे तो तुम ९२ वर्ष जीवित रहोगे। किन्तु यदि तिब्बत गए तो २० वर्ष आयु कम हो जाएगी और तुम ७२ वर्ष जीवित रहोगे।"

भविष्यवाणी के आधार पर आचार्य ने यह निर्णय लिया कि यदि मेरी वजह से भोटवासियों का उपकार होता है तो मैं अवश्य वहाँ जाऊँगा, चाहे मेरी आयु कम क्यों न हो जाए। दूसरे दिन उन्होंने दोनों लोचावा को बुलाकर उन्होंने

तिब्बत जाने की इच्छा व्यक्त की तथा कहा कि मुझे यहाँ के शेष कार्यों को समाप्त करने में कम से कम डेढ़ वर्ष लग जाएंगे। तब तक तुम दोनों आचार्य रत्नाकर शान्ति के पास अध्ययन करो। वे दोनों आचार्य की इस स्वीकारोक्ति से फूले नहीं समाए और उन्होंने आचार्य से निवेदन किया कि आचार्य यदि आपने तिब्बत जाने का निर्णय कर लिया है तो जितना आप चाहें हम दोनों यहाँ रुकने के लिए तैयार हैं।

इस दौरान आचार्य दीपंकर ने अपने सेवकों, शिष्यों को बोधगया, नेपाल, स्वयंभू चैत्यों में पूजा करने हेतु भेजा ताकि मार्ग में बाधा न हो। एक दिन समय पाकर आचार्य ने अपने गुरु रत्नाकर शान्ति से निवेदन किया कि तिब्बत में बौद्धधर्म का बहुत ज्यादा विकास हुआ है तथा वहाँ के लोगों की बौद्धधर्म में अगाध श्रद्धा है। इसलिए मेरी वहाँ जाने की अभिलाषा है। क्या आप मुझे वहाँ जाने की अनुमति देंगे? तब आचार्य रत्नाकर शान्ति ने लोचा़वा छुलठिम ग्यलवा से कहा कि—तुमने कहा था कि तुम यहाँ अध्ययन करने आये हो लेकिन तुम तो यहाँ हमारे पण्डित को चुराने आये हो। दीपंकर तिब्बत जाने के लिए आग्रह कर रहा है। इतना ही नहीं, तिब्बत में बौद्धधर्म हेतु जो जनहानि एवं धनहानि हुई है, यहाँ तक कि येशे होद ने अपने प्राण तक त्याग दिए, उन सबका वर्णन भी तुमने आचार्य से किया है। इसलिए तुम लोगों पर दया भी आती है, अतः मैं तुम्हें मात्र तीन वर्ष के लिए आचार्य को तिब्बत ले जाने की अनुमति देता हूँ। किन्तु याद रहे, तीन वर्ष बाद आचार्य को भारत में वापस लाना होगा—ऐसी लोचा़वा छुलठिम ग्यलवा से प्रतिज्ञा करवाई।

१०४० ई० में आचार्य दीपंकर दोनों लोचा़वा एवं अपने सेवकों सहित भारत से तिब्बत की यात्रा पर निकल पड़े। एक वर्ष उपरान्त वे नेपाल पहुँचे तथा वहाँ एक वर्ष रहे। तत्कालीन नेपाल नरेश अनन्तकीर्ति आदि श्रद्धालु जनों ने आचार्य का आदरपूर्वक सत्कार किया तथा आचार्य ने उन लोगों को अपेक्षानुसार धर्म प्रवचन दिया। प्रसिद्ध 'थाङ्' विहार का निर्माण इसी समय प्रारम्भ किया गया। आचार्य इससे काफी आनन्दित हुए। इसी समय किसी तैर्थिक के काले जादू से महा-अनुवादक लोचा़वा ग्या चोन्डुस् सेङ्गे की मृत्यु हो गयी। आचार्य को गहरा आघात पहुँचा और उन्होंने कहा कि—"मेरी जीभ कट गई"। अर्थात् लोचा़वा संस्कृत के अच्छे ज्ञाता एवं विद्वान् भी थे। फलस्वरूप उन्हें तिब्बत जाने की इच्छा नहीं हुई। इस पर लोचा़वा नागछो गहरे सोच में पड़ गए और उन्होंने

उनसे काफी प्रार्थना की। साथ ही, उन्हें इस बात से भी अवगत कराया कि तिब्बत में मा गेवे लोडो, रिनछेन साङ्पो, लेगपे शेरब आदि अनेक संस्कृत के अच्छे ज्ञाता एवं लोच़ावा विद्यमान हैं। मैं स्वयं भी कुछ हद तक अनुवाद का कार्य कर सकता हूँ। अत: आप चिन्तित न होवें। आचार्य ने कहा कि—"ग्या चोन्डुस सेङ्गे जैसा कोई नहीं है। अर्थात् वे बहुत अच्छे विद्वान् थे।"

वहाँ से प्रस्थान कर वे १०४२ ई० वर्ष में तिब्बत के ङरी प्रान्त के गुगे नामक स्थान पर पहुँचे। वहाँ के राजा जङ्छुब होद ने उनका भव्य स्वागत किया। तदुपरान्त वहाँ से 'माङ् युल' तथा थोलिङ विहार पधारे।

जङ्छुब होद की बहिन आचार्य के दर्शन के लिए आई, जो एक भिक्षुणी थी। उसने आचार्य से निवेदन किया कि—मेरा हीरा जैसा एक भाई था, जिसने आपके लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस कारण मैं शोक से व्याकुल हूँ।" आज आपके तिब्बत आगमन से मेरे भाई का बलिदान सार्थक हो गया। अत: आज मुझे दु:ख से मुक्ति मिल गई। तिब्बत में प्रवास के दौरान बौद्ध शासन के विकास एवं जगत् हित के लिए आप व्यापक कार्य करें, ऐसी मेरी हार्दिक अभिलाषा है। उस समय जङ्छुब होद ने तिब्बत में विद्यमान ङरी के विद्वानों के बारे में आचार्य से निवेदन किया। उनमें से लगभग ८५ वर्ष के एक वयोवृद्ध प्रसिद्ध अनुवादक लोच़ावा रिनछेन साङ्पो भी ङरी प्रान्त में रहते थे। उन्होंने आचार्य के तिब्बत बुलाए जाने तथा वहाँ पहुँचने के बारे में सुना, किन्तु उनके मन में यह विचार आया कि वे मुझसे अधिक विद्वान् नहीं होंगे। फिर भी महाराज जङ्छुब होद के द्वारा आमन्त्रित किए जाने तथा शाही मेहमान होने के कारण उन्होंने उनका सत्कार करने का निर्णय किया। तदर्थ उन्होंने आचार्य को 'थोलिङ' विहार में आमन्त्रित किया। थोलिङ विहार के चारों मंजिलों की दीवारों पर क्रमश: चारों तन्त्रों के इष्ट देवों के चित्र बने हुए थे। जब आचार्य ने वहाँ प्रवेश किया तो उन्होंने प्रत्येक तन्त्रों के इष्टदेवों की एक-एक श्लोक द्वारा स्तुति की। इस प्रकार चारों तन्त्र देवों की चार श्लोकों द्वारा स्तुति कर आसन पर विराजमान हुए। रिनछेन साङ्पो ने आचार्य से निवेदन किया कि आपके द्वारा की गई स्तुति की रचना किसने की है? आचार्य ने उत्तर दिया कि—यह किसी की रचन। नहीं है, यह तो मैंने तत्काल इसी समय रचना कर स्तुति की है। रिनछेन साङ्पो आश्चर्यचकित होकर सहम गए। तब आचार्य ने उनसे पूछा—आप क्या-क्या जानते हैं? उन्होंने अपने सम्पूर्ण अध्ययन का विवरण संक्षेप में निवेदन

किया। तब आचार्य ने बड़े आश्चर्य के साथ कहा कि आप जैसे विद्वान् पुरुष के होते हुए मुझे तिब्बत आने की क्या आवश्यकता थी।

पुनः उन्होंने लोचावा से पूछा कि चारों तन्त्रों के अर्थों को एक में संगृहीत करके एक ही आसन पर एक ही व्यक्ति के द्वारा किस प्रकार अनुष्ठान किया जा सकेगा? लोचावा ने उत्तर दिया—"प्रत्येक तन्त्रों की अपनी व्याख्यानुसार क्रमशः पृथक्-पृथक् अनुष्ठान किया जाना चाहिए।

तब आचार्य ने कहा कि लोचावा यहाँ आप मात खा गये। मेरे तिब्बत में आगमन का प्रयोजन सार्थक है—ऐसा 'नील पुस्तक' में कहा गया है।

पश्चात् चारों तन्त्रों को एक में संगृहीत कर अभ्यास-विधि को आचार्य ने संक्षेप में बताया तथा "**गुह्यऋद्धि-आदर्श**" की टीका रची, जिससे लोचावा अति प्रसन्न हुए। तब उन्होंने सोचा कि—ये तो महा आचार्यों से भी महान हैं। अनन्तर आचार्य एवं लोचावा ने मिलकर **अष्टसाहस्त्रिकाप्रज्ञापारमिता, पञ्चविंशतिसाहस्त्रिकालोकप्रज्ञापारमिता, अष्टसाहस्त्रिकाप्रज्ञापारमितालोक** आदि पूर्व में अनूदित प्रज्ञापारमिता ग्रन्थों का संशोधन किया। महाराज जङ्छुब होद ने आचार्य को तिब्बत में बौद्धधर्म के पूर्व शासन का विकास, लाङ्दरमा द्वारा शासन का विनाश, शासन का विप्रलोप, बौद्धसंघ का पुनरुत्थान, परवर्ती शासन में तन्त्र एवं सूत्र में लोगों के द्वारा फैलाई जा रही भ्रान्तियों, गलत धारणाओं आदि से अवगत कराया। इस कारण उन्होंने आचार्य से निवेदन किया कि "बहुत अधिक न कहकर बुद्धवचनों को एक में संगृहीत कर अनुष्ठान करने का एक संक्षिप्त उपदेश दें।" हम भोटवासियों को गम्भीर एवं अद्भुत धर्म की आवश्यकता नहीं है। अतः आप कर्म-हेतुफल से सम्बन्धित धर्म का उपदेश करने की कृपा करें। इसके अतिरिक्त भी महाराज ने बौद्धधर्म से सम्बन्धित सूत्र एवं तन्त्र के दस प्रश्न किए।

आचार्य अत्यन्त प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि—कर्म एवं हेतुफल के अतिरिक्त अन्य कोई गम्भीर धर्म नहीं है। यही सबसे गम्भीर धर्म है। अतः सावधानी बरतें। धर्मविरुद्ध, गलत धारणाओं एवं धर्म के विपरीत भ्रान्तियों को दूर करने के लिए ग्रन्थ की रचना करने का निवेदन किये जाने पर आचार्य ने १०४४ में "**बोधिपथप्रदीप**" नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ की रचना की। इसके फलस्वरूप लोगों में जो गलत धारणाएं थीं एवं बौद्धधर्म में जो विप्रतिपत्तियां थीं, वे स्वतः दूर हो गईं। इस बोधिपथप्रदीप का मुख्य अभिधेय विषय मुख्य रूप से तीन प्रकार के

पुरुषों के मुक्तिमार्ग का क्रम है तथा इसमें सूत्र एवं तन्त्र दोनों का समन्वय है। यह ग्रन्थ तिब्बत में बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ। इस ग्रन्थ को आधार बनाकर तिब्बत के चारों सम्प्रदायों की परम्पराओं में अनेकों ग्रन्थों की रचनाएं हुई हैं। जैसे—गेलुग परम्परा में 'लमरिम छेनमो तथा ङगस् रिम छेनमो', साक्य में—थुबपा गोङ्सेल एवं लमडेस, कार्ग्युद में थरग्यन तथा ञिङमा में ज़-पलटुल कृत कुनसाङ लामई श्यललुङ आदि।

इस प्रकार ङरी प्रान्त में तीन वर्षों तक रहकर आचार्य ने बौद्धधर्म का प्रचार-प्रसार कर अनेक विशिष्ट विनेयजनों को निर्वाण मार्ग में प्रवृत्त कराया। तत्पश्चात् उन्होंने भारत लौटने का विचार किया, किन्तु नेपाल की सीमा पर युद्ध छिड़ जाने के कारण वे कुछ समय तक पुरङ् नामक जगह में रुक गए। पूर्व में भविष्यवाणी के अनुसार उपासक 'डोम तोनपा' उस समय खम प्रान्त में लामा सेचुन के पास अध्ययनरत थे। जब उन्होंने सुना कि आचार्य दीपंकर तिब्बत आये हुए हैं तो वे उसी क्षण अपने गुरु से अनुमति लेकर आचार्य के दर्शन के लिए ङरी की ओर चल पड़े। जब वे पुरङ् पहुँचे तो एक सकरी गली में आचार्य का दर्शन हुआ। उन्होंने जमीन पर लेटकर आचार्य को साष्टांग प्रणाम किया। आचार्य ने उनके सिर पर हाथ रखकर संस्कृत में मंगलाचरण पाठ किया तथा अपने साथ निवास स्थान पर ले गये और उन्हें "**गुह्यसमाजमञ्जुश्रीवज्र**" का अभिषेक दिया और वे आचार्य अतिश के परम शिष्य हो गये।

डोम तोनपा ने उपायकौशल से पूर्वी एवं मध्य तिब्बत में स्थित बौद्ध-विहारों, विद्वानों तथा वहीं अध्ययनरत हजारों भिक्षु-भिक्षुणियों की स्थिति को संक्षेप में आचार्य को बताया। तब आचार्य के मुँह से निकल पड़ा—इतनी अधिक संख्या में भिक्षु-भिक्षुणियाँ तो भारत में भी नहीं हैं। तब तो यह अवश्य सम्भव है कि उनमें बहुत से अर्हत् भी होंगे। उन्हें मध्य तिब्बत की ओर जाने की इच्छा हुई। उनके विचारों को जानकर नागछो लोच़ावा को बड़ी चिन्ता हुई। उन्होंने आचार्य से आचार्य रत्नाकर शान्ति के सामने स्वयं द्वारा की गई प्रतिज्ञा का स्मरण कराया और आचार्य को पकड़कर निवेदन किया कि आप मध्य तिब्बत न जाएं, बल्कि भारत लौट चलें, अन्यथा मैं स्वयं को विश्वासघाती एवं अपराधी महसूस करूँगा। इस पर आचार्य ने कहा कि—"जो कार्य नहीं किया जा सकता है, उसमें पाप नहीं होता है।" आचार्य के इस वक्तव्य से नागछो लोच़ावा को थोड़ी राहत मिली। तब आचार्य ने तदर्थ "बोधिपथप्रदीप" की संस्कृत प्रति तथा एक पत्र के

साथ दो व्यक्तियों को विक्रमशिला अपने गुरु के पास भेजा। पत्र एवं ग्रन्थ प्राप्त होने पर पण्डितों ने उनके द्वारा रचित ग्रन्थ का अवलोकन किया तथा उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि भारत से अधिक तिब्बत में आचार्य की यात्रा लाभकारी रही। यदि भारत में रहे होते तो शायद ऐसा गम्भीर एवं संक्षिप्त लघु ग्रन्थ की रचना नहीं कर पाते। तिब्बती लोग अल्पबुद्धि वाले होते हैं, अतः आचार्य ने इस प्रकार के लघु, किन्तु सरल एवं गम्भीर ग्रन्थ की रचना की है। आचार्य रत्नाकर शान्ति तथा अन्य विद्वान् पण्डितों ने एक मत होकर उत्तर में उन्हें पत्र भेजकर निवेदन किया कि इस ग्रन्थ की स्ववृत्ति लिखें तथा उन्हें यह संदेश भी भेजा कि वे तिब्बत में जब तक चाहें रह सकते हैं।

पत्रोत्तर प्राप्त होने पर डोम तोनपा (उपासक) बहुत प्रसन्न हुए। किन्तु नागछो लोचावा ने यह कहकर चैन की सांस ली कि—स्थविर ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी थी मैं आज उससे मुक्त हो गया।" तदुपरान्त उपासक ने मध्य तिब्बत में रह रहे कावा शक्या वाङ्छुग आदि अन्य तिब्बती विद्वानों को आचार्य की भावी यात्रा की सूचना दी। कावा शक्या वङ्छुग ने मध्य तिब्बत के सम्भ्रान्त व्यक्तियों को सूचित किया कि उन्हें आचार्य के स्वागत में उपस्थित होना है। उस समय प्रसारित सूचना में "**खुतोन चोन्डुस युङ्डोङ्**" नामक विद्वान् का नाम गलती से छूट गया था, जिस पर उन्होंने अपना नाम न होने का आरोप लगाया। इस पर अन्य लोगों ने उन्हें यह कहकर समझाने का प्रयत्न किया कि "आदि" शब्द से आप को भी समावेश कर लिया गया है। तब उन्होंने कहा कि मैं "आदि" शब्द के अन्तर्गत परिगणित किया जानेवाला व्यक्ति नहीं हूँ"। इस कारण वे अन्य लोगों से पहले ही आचार्य के स्वागत के लिए चल पड़े, जिस कारण अन्य लोगों में भी हड़बड़ी मच गयी और लोग उनके स्वागत में आगे पहुँचने के लिए प्रयास करने लगे। अन्ततः दो माह पश्चात् आचार्य मध्य तिब्बत के 'ञाङ तोद्' नामक स्थान पर पहुँचे। जहाँ 'खुतोन चोन्डुस युङ्डोङ्' ने उनका स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आचार्य के चरणों में अपनी टोपी रखी, जो उनके सबसे पहले पहुँचने का प्रतीक था।

वहाँ से प्रस्थान कर आचार्य 'वेन' विहार में एक माह तक रुके तथा वहाँ विहार के लोगों ने उनके आगमन के साक्षी के रूप में उन्हीं की एक मूर्ति स्थापित की।

तत्पश्चात् सपरिवार अर्थात् शिष्य मण्डली के साथ वे 'समये' महाविहार पधारे। वहाँ पद्मकरलिंग में निवास करते हुए उन्होंने अनेकों बौद्ध संस्कृत ग्रन्थों

को देखा। यहीं पर आचार्य ने महान् अनुवादक रिनछेन सांगपो के साथ मिलकर "**प्रज्ञापारमिता दुरवबोधिनी आलोक टीका**" का तिब्बती भाषा में अनुवाद किया तथा नागछो लोच़ावा के साथ आचार्य वसुबन्धु रचित "महायान संग्रह टीका" का तिब्बती भाषा में अनुवाद किया। आचार्य ने तिब्बत में हुए बौद्धधर्म के प्रचार-प्रसार एवं विकास का अवलोकन करते हुए कहा कि—"शायद ही भारत में बौद्धधर्म का इतना विकास हुआ हो, जितना तिब्बत में हुआ है"।

उन्होंने 'समये' में ऐसे अनेकों तन्त्र ग्रन्थों को देखा, जो भारत में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने आश्चर्यचकित होकर आचार्य पद्मसम्भव के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि—शायद आचार्य पद्मसम्भव इन तन्त्रों को नागलोक से लाये होंगे।

वहाँ कुछ साल रहने के पश्चात् वे 'ञेथाङ्' गये। ञेथाङ् में उन्होंने "**अभिसमयालंकार**" का संक्षिप्त एवं विस्तार से दो बार प्रवचन दिया, जिससे शिष्यगण आनन्द से गद्गद् हो उठे। उनमें से एक शिष्य 'छगदर तोनपा' भी था, जिसने आचार्य के प्रवचन को टिप्पणी के रूप में लिपिबद्ध किया। कालान्तर में इस टिप्पणी ने ग्रन्थ का रूप ले लिया तथा तिब्बत में 'खम प्रान्त के मत वाली अभिसमयालंकार की टिप्पणी' के नाम से वह बहुत लोकप्रिय हुआ और आगे चलकर इसे बहुत ही प्रसादपूर्ण माना गया। 'ञेथाङ' में ही आचार्य ने अपने परम शिष्य उपासक को तीन पुरुषों के मार्गक्रम के परम प्रवचन का उपदेश दिया।

तत्पश्चात् लोच़ावा 'ङोग लेग पेइ शेरब' ने आचार्य को ल्हासा आमन्त्रित किया तथा वहाँ "जोवो (स्वामी) शाक्यमुनि एवं मिक्यो दोर्जे" (अचलवज्र) का दर्शन कराया। उसी समय उन्होंने आचार्य एवं रिनछेन संगपो से आचार्य भव्यकृत 'तर्कज्वाला' नामक ग्रन्थ का अनुवाद करने का निवेदन किया। तदनुसार आचार्य ने रिनछेन संगपो के साथ इस ग्रन्थ का तिब्बती में अनुवाद किया। स्वयं आचार्य ने वहाँ रहते हुए 'लघु एवं विस्तृत माध्यमिक उपदेश' नामक दो ग्रन्थों की रचना की तथा उनका अनुवाद भी किया। इसके बाद वे पुनः 'ञेथाङ' लौट आए। उस वर्ष ग्रीष्मकाल के दौरान 'ङोग जङछुब जुङने' ने उन्हें 'डागयेरवा' नामक स्थान में आमन्त्रित किया। वहाँ उन्होंने बोधिसत्त्वमण्यावलि की आभिप्रायिक टीका 'पितृधर्म एवं पुत्रधर्म' का उपदेश किया। साथ ही, आचार्य असंगकृत 'उत्तरतन्त्र' की टीका का अनुवाद भी आप दोनों ने सम्पन्न किया।

तत्पश्चात् **कावा शाक्य वाङ्छुग** ने आचार्य को 'फेनपो' नामक स्थान पर आमन्त्रित किया। वहाँ पहुँचने पर एक स्थानीय 'भूमि संरक्षक देव' ने आचार्य को बाधा पहुँचानी चाही, तब आचार्य ने हयग्रीव तन्त्र के द्वारा उसका दमन किया तथा उसे परिवर्तित कर शासन की सेवा एवं संरक्षण में संलग्न किया।

इस प्रकार यदि हम तिब्बत में आचार्य की कर्मभूमि का अवलोकन करें तो ञेथाङ, ल्हासा, येरपा, लेनपा आदि जगहों पर प्रमुख रूप से आचार्य ने धर्मोपदेश किया। इसके पश्चात् आचार्य पुनः 'ञेथाङ' गये। बहुत अधिक परिश्रम करने तथा वृद्धावस्था के कारण उनका शरीर काफी दुर्बल हो गया था। आचार्य दीपंकर नागार्जुन की गुह्यसमाज परम्परा प्राप्त करना चाहते थे, जो उस समय नरोपा के शिष्य काश्मीरी पण्डित आचार्य ज्ञानाकर के पास सुरक्षित थी। सौभाग्य से वे उस समय नेपाल में निवास कर रहे थे, ऐसा एक पत्र नागछो लोच़ावा को प्राप्त हुआ। नागछ़ो स्वयं भी उस परम्परा को प्राप्त करना चाहते थे, किन्तु आचार्य के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण विवश थे। नागछ़ो लोच़ावा यह सोचकर काफी चिन्तित थे कि उन्हें शायद अब आचार्य ज्ञानाकर का दर्शन नहीं हो सकेगा। इस चिन्ता में वे स्वयं भी काफी कमजोर हो गए थे।

आचार्य दीपंकर ने उनके मन की बात जान ली तथा उन्होंने नागछ़ो लोच़ावा से कहा कि महायानी कल्याणमित्र का प्राप्त होना बहुत ही दुर्लभ है। अतः तुम नेपाल चले जाओ। नागछ़ो लोच़ावा आचार्य को इस स्थिति में छोड़कर जाना नहीं चाहते थे, किन्तु आचार्य के बार-बार समझाने पर वे जाने को तैयार हो गए। परन्तु उन्होंने जाने से पूर्व आचार्य से दो निवेदन किये—१. आप तो तुषित देवलोक में जन्म लेंगे ही, मैं भी आपके चरणों में तुषित में पैदा होऊँ तथा २. मैंने अपने मठ में आपका एक चित्र बनाया है, कृपा कर आप वहाँ पधार कर उस चित्र का परिशोधन कर आशीर्वाद प्रदान करें।

आचार्य ने लोच़ावा की दोनों बातें स्वीकार कर ली। परवर्ती कादम्पा लोगों ने वास्तविकता को न जानते हुए नागछ़ो लोच़ावा की यह कहकर निन्दा की कि "आचार्य निर्वाणोन्मुख थे, ऐसी अवस्था में आचार्य को छोड़कर नागछ़ो लोच़ावा का नेपाल प्रस्थान करना गुरु-शिष्य परम्परा में आस्था न होना लक्षित करता है।" इस पर गेशे शेरावा यह कहते हुए डाँटते हैं कि "सम्प्रति हम जो

थोड़ा बहुत सुख-शान्ति का अनुभव कर रहे हैं वह नागछो लोचावा की कृपा है। हम कादम्पा लोग व्यर्थ में ही एक-दूसरे पर परस्पर अंगुलि उठाते रहते हैं।"

सामान्यत: आचार्य तिब्बत में प्रवास के दौरान ज्यादातर समय उपासक के साथ रहे और चूँकि वे उनके प्रिय शिष्य थे, इसलिए आचार्य ने तिब्बत में शासन का भार भी उन्हें सौंपा। 'समये' विहार में रहते समय आचार्य ने अनेक गुह्यचर्या, उपाय तथा 'छिमफु' में दोहा आदि गम्भीर उपदेश उपासक को दिए। मृत्यु के पूर्व आचार्य ने उपासक से कहा कि—"मैंने अपना शासन भार तुम्हें सौंप दिया है, तुम्हें इसको सम्भालना है। साथ ही, इस परम्परा के निर्वाह एवं संरक्षण के लिए मठ एवं विहारों का निर्माण भी करना है।"

उपासक ने कहा—मैं एक अत्यन्त दरिद्र व्यक्ति हूँ, उस पर भी एक उपासक मात्र। अत: शायद ही मैं ऐसा विस्तृत कार्य कर सकूँ।

आचार्य ने कहा—शिक्षा (=विनय) के अनुसार कार्य करें, मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है। तुम्हें चिन्ता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। कालान्तर में 'कादम्पा' के प्रसिद्ध अध्ययन केन्द्र "राडेङ मठ" की स्थापना उपासक ने ही की है।

इस प्रकार आचार्य तिब्बत के डरी प्रान्त में तीन वर्ष, ञेथाङ में नौ वर्ष तथा उचाङ में पांच वर्ष रहे। इस दौरान उन्होंने तिब्बत के सौभाग्यशाली विनेयजनों को सूत्र एवं तन्त्र ग्रन्थों का प्रवचन , उपदेश एवं अववाद दिया। विनष्ट शासन परम्परा का पुनरुत्थान किया तथा जो किञ्चिद् मात्रा में अवशिष्ट था, उसका संवर्धन किया। तिब्बत में धर्म की विप्रतिपत्तियों को चन्द्रमा पर सूर्य के प्रकाश पड़ने की भाँति धूमिल किया। मलरहित शुद्ध बुद्धशासन की पुन: स्थापना की। इस जीवन के समस्त विनेयजनों की अभिलाषाओं की पूर्ति होने पर आचार्य को दूसरे लोक में जाने की इच्छा हुई। तदनुसार वे ७३ वर्ष की अवस्था में १०५४ ई० में, तिब्बती पञ्चाङ्ग के अनुसार ९वें माह की २०वीं तिथि को ञेथाङ में महापरिनिर्वाण को प्राप्त हो गए। उनके परिनिर्वाण के उपरान्त उनकी अस्थियाँ 'ञेथाङ' के 'नामोछे' में रखी गई। 'ञेथाङ' के 'होद' में उनकी अस्थियों पर एक स्तूप का निर्माण किया गया।

आचार्य अतिश द्वारा रचित, संशोधित एवं अनूदित ग्रन्थों का परिचय

सामान्यतया आचार्य के द्वारा रचित, सम्पादित एवं अनूदित लगभग सौ से भी अधिक ग्रन्थ हैं। उनके द्वारा अनूदित एवं संशोधित ग्रन्थों में कुछ प्रसिद्ध ग्रन्थ इस प्रकार हैं—जैसे **अभिसमयालंकारदुरवबोधिनी आलोकटीका** का अनुवाद इन्होंने लोछेन रिनछेन सांगपो के साथ किया। लोचा़वा छुलठिम ग्यलवा के साथ '**माध्यमिकहृदयकारिका**' एवं उसकी टीका '**तर्कज्वाला**' का अनुवाद किया। लोचा़वा **ग्या-चोन्डुस् सेङ्गे** के साथ '**माध्यमिक रत्नप्रदीप**' का अनुवाद किया।

उनकी कुछ प्रमुख स्वतन्त्र रचनाओं का उल्लेख करना चाहता हूँ। इनमें '**बोधिपथप्रदीप**' एवं उसकी स्ववृत्ति, **सत्यद्वयावतार**, लघु एवं विस्तृत माध्यमिक उपदेश, '**चर्यासंग्रहप्रदीप**' **बोधिसत्त्वमण्यावलि, महायानसूत्रसमुच्चय** आदि उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। इसके अतिरिक्त भी आचार्य की अनेकों रचनाएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण मैंने पूर्व आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान कृत पंचग्रन्थ संग्रह के परिशिष्ट में विस्तारपूर्वक दिया गया है। जिज्ञासु पाठकगण सुविधानुसार वहाँ अवलोकन करें।

भारत एवं तिब्बत में आचार्य के शिष्य—भारत एवं तिब्बत में सामान्य तौर पर आचार्य के अनेकों शिष्य हुए। फिर भी भारत में उनके प्रमुख पाँच शिष्य हुए, जो इस प्रकार हैं—१. पितोवा, २. धर्माकरमति, ३. कल्याणगुप्त, ४. ज्ञानमति तथा ५. भूमिगर्भ। तिब्बत में भी उनके अनेकों शिष्य हुए, किन्तु ङरी से लोछेन रिनछेन सांगपो, नागछो लोचा़वा छुलठिम ग्यलवा, जङ्डुब होद, चाङ प्रान्त से गोस् खुकपा ल्हाचे़, योल, छोस्, वङ तीन भाई, ल्होडाग से छब ठिछोग, ग्यलवा क्योङ, ग्याचोन्डुस् सेङ्गे, मासे लोडो, छुलठ्रिम जुङ्ने, खम प्रान्त से जङ्छुब रिनछेन, गोनपावा, शेरबदोर्जे, छागदर तोनपा, जमपल लोडो मध्य तिब्बत से खुतोन चोन्डुस् युङ्डुङ्, ङोग लेगपेई शेरब, डोमतोन ग्यलवई जुङ्ने आदि प्रसिद्ध शिष्य हैं।

अनुवादक ञग् देवघोष का जीवनवृत्तान्त

आचार्य नागार्जुन द्वारा विरचित **त्रिस्कन्धसूत्र-टीका-आपत्तिदेशनावृत्ति** नामक यह ग्रन्थ तिब्बत के पूर्व शासनकाल में भारत के आचार्य शान्तरक्षित तथा

तिब्बत के अनुवादक ञक् देवघोष के द्वारा भोट भाषा में अनूदित किया गया था। इन दोनों का नाम अधिकांश तिब्बत की कंग्युर-तंग्युर सूचियों में उपलब्ध होता है। इस अनुवादक के नाम से अनूदित यही एकमात्र ग्रन्थ है। ये इतने प्रसिद्ध अनुवादक (लोचावा) भी नहीं लगते हैं। क्योंकि मैंने इस अनुवादक के नाम से अनूदित अन्य ग्रन्थों की प्राप्ति के लिए अत्यधिक प्रयास किया, किन्तु अब तक कोई ग्रन्थ प्राप्त नहीं हो सका। इनकी जीवनी भी किसी भी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं होती। लेकिन तिब्बत के अनेक प्राचीन बौद्ध धर्म के इतिहास की पुस्तकों में इनके नाम का उल्लेखमात्र प्राप्त होता है। अतः इनकी जीवनी को प्रस्तुत करना मेरे लिए असम्भव है। भविष्य में इनकी जीवनी के सन्दर्भ में कोई सूचना प्राप्त होगी तो मैं अवश्य अगले संस्करण में उसका उल्लेख करूँगा। लेकिन मुझे आश्चर्य इस बात का है कि इन्होंने आचार्य शान्तरक्षित के साथ कार्य किया है, फिर भी इनके विषय में तिब्बतवासियों ने जानकारी देना उचित क्यों नहीं समझा। क्योंकि आचार्य शान्तरक्षित न केवल भारत के प्रसिद्ध विद्वान् थे, अपितु तिब्बत में बुद्धशासन के प्रतिष्ठापक भी थे। ऐसी स्थिति में लोचावा का जीवनवृत्तान्त भी अवश्य कहीं उल्लिखित होना चाहिए था।

छग् लोचावा का जीवनवृत्तान्त

आचार्य जितारि के द्वारा विरचित त्रिस्कन्धसूत्र-टीका **'बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति बोधिसत्त्वशिक्षाक्रम'** नामक इस ग्रन्थ का तिब्बत के प्रसिद्ध महानुवादक छग् नामक लोचावा ने संस्कृत से भोट भाषा में अनुवाद किया था। किन्तु भोट अनुवादकों में छग् नाम से दो अनुवादक प्रसिद्ध हैं। ये दोनों चाचा-भतीजा हैं और पहला छग् डाचोमपा है तथा दूसरे का नाम छग् छोस् जे पेल् है। इस ग्रन्थ का किस छग् लोचावा ने अनुवाद किया, इसका कोई विशेष उल्लेख नहीं है। इस ग्रन्थ के अन्तिम पृष्ठ में ऐसा उल्लेख प्राप्त होता है कि एक नेपाली पण्डित तथा छग् नामक लोचावा ने इसका अनुवाद किया। दोनों छग् लोचावाओं ने नेपाल की यात्रा की थी। अतः दोनों लोचावाओं का वृत्तान्त लिखना मैं उचित समझता हूँ, क्योंकि इन दोनों में से किसी एक ने अवश्य अनुवाद किया होगा।

छग् लोचावा डाचोमपा का जीवनवृत्तान्त

छग् लोचावा डाचोमपा तिब्बत के एक प्रसिद्ध अनुवादक ही नहीं, अपितु भोटदेश के एक वरिष्ठ विद्वान् तथा साधक माने जाते हैं। ये सन् ११५३ में

छग् नामक ग्राम में उत्पन्न हुए थे। इनके पिता का नाम टशी दावा था। बाल्यावस्था से ही ये पठन-पाठन एवं लेखन में अत्यन्त रुचि लेते थे और उनमें कुशल भी थे। गुरुवर छग् तोन् रिनपोछे रिन्छेन् छुलठिम से इन्होंने प्रव्रज्या प्राप्त की। तेङ् लोचावा छुलठिम जुङ् नेस् से नागार्जुन परम्परा के **गुह्यसमाजतन्त्र, कालचक्र, शब्दविद्या** एवं अनुवाद कला के विषय में शिक्षा ग्रहण की। हस्तचतुष्टय धर्मपाल के आवाहन की साधना की और निरन्तर उनसे ये आशीर्वाद प्राप्त करते रहते थे। दरमा चोन्डुस् नामक उपाध्याय आदि से भिक्षु की उपसम्पदा प्राप्त की। तदनन्तर क्रमशः गुरु शाक्यडुब्, चङ्करवा, चोगडु लोचावा ञडेन मेदपेल् और शङ् लोचावा इत्यादि भोट देश के लगभग ५० गुरुजनों का सेवन करके इन्होंने सूत्र, तन्त्र, शास्त्र एवं साधारण विद्याओं का अध्ययन कर उनमें कुशलता प्राप्त की। तत्पश्चात् आर्यावर्त भारतवर्ष की ओर प्रस्थान करके आचार्य मैत्रीचन्द्र इत्यादि अनेक भारतीय गुरुओं से अनेक विषयों की पारम्परिक रूप से शिक्षा प्राप्त की। पुनः भोट देश में लौटने के पश्चात् अनेक धनपतियों से छुमिक, ग्यल् ल्हा खङ् और थङ् पोछे इत्यादि मठों को दक्षिणा के रूप में प्राप्त किया, किन्तु उन सभी मठों में मात्र कुछ-कुछ वर्ष ही निवास किया। प्रमुख रूप से तेहुरा नामक मठ में विराजित होकर पूर्व के खण्डित मठों का पुनरुद्धार किया। तदनन्तर आर्यावर्त भारतवर्ष से आचार्य शुद्धश्री को तिब्बत में आमन्त्रित करके **जिनमार्गावतार** नामक ग्रन्थ का संस्कृत से भोटभाषा में अनुवाद किया। अन्य आचार्य शाक्यश्री, सर्वज्ञश्री तथा रत्नश्री इत्यादि आचार्यों का भी सेवन करके अनेक ग्रन्थों का अनुवाद किया। कायिक आचरण अत्यन्त विशुद्ध होने के कारण तथा शील का पालन विनय के अनुसार नियमित रूप से करने के कारण इनके शील की सुगन्ध दूर-दूर तक व्याप्त रहती थी। पाषाणों में इन्होंने हस्त एवं मस्तक के चिह्न स्पष्ट रूप से स्थापित किये, जिनका इनके अनुयायियों ने साक्षात् दर्शन किया। इस प्रकार बुद्धशासन की सेवा करते हुए अनुयायियों को प्रशिक्षित किया तथा इस जगत् हित के लिए चिरकाल तक कल्याण कार्य और सार्थक कार्य करके लगभग ६४ वर्ष की अवस्था में सन् १२१६ ई० को उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। इनके द्वारा अनूदित ग्रन्थों की सूची क्रमशः नीचे दी जा रही है—

	ग्रन्थ का नाम	देगे सं० सं०
(१)	बोधिपद्धति	३७६६
(२)	वज्रतारा साधना	१३२४
(३)	जिनमार्गावतार	३९६४

(४)	बोधिसत्त्वसंवरग्रहणविधि	३९७०
(५)	आदिकर्मिक संक्षिप्त संवरक्रम	३७२६

छग् लोचावा छोस् जे पेल् का जीवनवृत्तान्त

महान् अनुवादक छग् लोचावा छोस् जे पेल् सन् ११९७ ई० में मध्य तिब्बत के ल्होखा प्रान्त के ङेन तेहुरा गाँव में उत्पन्न हुए थे। इनके पिता का नाम छोस् क्यि जुङ् नेस् एवं माता का नाम छोस् बुम् था। ये महापण्डित साक्या कुङ्गा ग्यलछन्, डोगोन छोस् ग्यल फग्पा के समकालीन थे। उस समय आर्यावर्त भारतवर्ष में मगध के राजा बुद्धसेन, मंगोलिया में राजा कुबलई खान और तितहुरी में राजा रामसिंह भी शासन करते थे।

इन्होंने लगभग सात वर्ष की आयु से लेखन, पठन एवं कण्ठस्थीकरण आदि का अध्ययन प्रारम्भ किया। विशेष रूप से संस्कृत व्याकरण एवं भोट व्याकरण का अत्यधिक रुचि के साथ अध्ययन किया। छग् लोचावा डाचोमपा इनके चाचा थे। लगभग ११ वर्ष की आयु से २० वर्ष की आयु तक इन्होंने निरन्तर अपने चाचा छग् डाचोमपा का सेवन करते हुए चक्रसंवर का अभिषेक इत्यादि अनेक तन्त्र-ग्रन्थ, दर्शन एवं उपदेशों का श्रवण किया। उस अन्तराल में बोधिचित्तोत्पाद का अभिषेक पाँच बार प्राप्त किया। लगभग १४-१५ वर्ष की अवस्था में तिहुरा (टशी ल्हुन् पो) में निवास करते समय एकान्तवास में स्थित होकर आर्य अक्षोभ्य बुद्ध के नाम-मंत्र का २६ लाख बार जप तथा प्रणाम, उपवास आदि का अनुष्ठान परिपूर्ण किया, जिसकी वजह से इष्टदेव आर्य अक्षोभ्य बुद्ध ने साक्षात् प्रकट होकर दर्शन दिया। महापण्डित कुङ्गा ग्यलछन्, ञङ् तो लोचावा, ठोफु लोचावा, जम्पापेल्, नरथङ् पा, डोतोन् दुद्ची डक्, गुङ् थङ् ल्हाचुन् पा और चङ्पा ग्यारेवा इत्यादि भोट देश के महाविद्वानों के सांनिध्य में रहकर अनेक सूत्र, तन्त्र एवं शास्त्रों का विधिवत् अध्ययन किया। विशेष रूप से गुङ् थङ् ल्हा चुन् पा नामक गुरु से **अभिधर्मसमुच्चय** का श्रवण किया एवं आचार्य नागार्जुन परम्परा के गुह्यसमाज तन्त्र का अभिषेक ग्रहण किया। इस प्रकार लगभग १० वर्ष तक चङ् प्रदेश में अध्ययन करते रहे।

अपने प्रथम गुरु चाचा छग् लोचावा डाचोम पा की इच्छा एवं आदेश के अनुसार लगभग २० वर्ष की अवस्था में ही इन्होंने नेपाल तथा आर्यावर्त भारतवर्ष की यात्रा की। नेपाल में स्वयम्भू के महापण्डित **रत्नरक्षित** से चक्रसंवर के १३

देवों का अभिषेक ग्रहण किया तथा अन्य भाषी लोगों के लिए अनुवाद का कार्य भी सम्पन्न किया। महापण्डित उपासक **रवीन्द्रदेव** अथवा **रवीन्द्ररुचि** से आचार्य नागार्जुन परम्परा के **गुह्यसमाजतन्त्र** और **वज्रावली** इत्यादि अनेक तन्त्रों का अभिषेक लिया तथा उनका विधिवत् श्रवण किया। सूत्र एवं तन्त्रों के **सर्वकल्पसमुच्चय** नामक ग्रन्थ का भी तीन बार श्रवण करने के पश्चात् भी जब वे सन्तुष्ट न हुए तो पुनः उन्होंने पुनः देशना हेतु निवेदन किया। अत्यन्त प्रसन्न होकर इनके प्रति महापण्डित को सहानुभूति उत्पन्न हुई। इस प्रकार नेपाल में लगभग ८ वर्ष रहे—ऐसा उल्लेख मिलता है।

तत्पश्चात् इन्होंने आर्यावर्त भारतवर्ष की ओर प्रस्थान किया। भारत के महापण्डित यशोमित्र एवं राहुलश्रीभद्र इत्यादि के चरणों का निरन्तर सेवन करते हुए महायान एवं हीनयान के अनेक सूत्र शास्त्रों की शिक्षा ग्रहण की। भारत में यात्रा करते हुए मुसलमानों से युद्ध का अत्यधिक भय रहते हुए भी इन्होंने तिरहुती, बोधगया, वैशाली, नालन्दा, राजगृह, गृध्रकूट इत्यादि अनेक बौद्धतीर्थ स्थानों में तीर्थयात्रा की तथा इस क्रम में पूर्वोक्त दो गुरुजनों के दर्शन करने में दो वर्ष लग गये। भारत से वापस तिब्बत में लौटते समय तिरहुत होते हुए नेपाल के मार्ग से तिब्बत पहुँचे।

ये जब भारतवर्ष से तिब्बत पहुँचे तो महापण्डित साक्य कुङ्गा ग्यलछन् ने कहा कि महानुवादक रिन्छेन् संग्पो के पश्चात् आप भोट देश के सर्वश्रेष्ठ विद्वान् निकले—ऐसी प्रशंसा की। उसी समय साक्या पण्डित के प्रमाण के शिक्षक गुरु आचार्य दानशील ने भी ऐसी प्रशंसा की कि आप तो पण्डितों के भी महापण्डित सिद्ध हो गए।

इस प्रकार इन्होंने भारत एवं नेपाल के १२ आचार्य एवं तिब्बत के चार लोचावा तथा २१ विद्वानों से सूत्र एवं तन्त्र तथा अनेक धर्मों का अभिषेक, श्रवण, अववाद एवं अध्ययन किया।

भारत से तिब्बत लौटने के बाद महानुवादक ने नग्छो लोचावा के मठ गुङ् थङ् में शिष्यों द्वारा बार-बार निवेदन करने पर चार वर्ष निवास किया। इस अन्तराल में अनेक अनुयायियों को अनेक प्रकार की धर्मदेशना की। लगभग ६२ वर्ष की आयु में थङ् पोछे विहार में जाकर विस्तृत रूप से धर्मदेशना दी। तत्पश्चात् यरलुङ्, जुफु, देफुग, खोर दोगोन् रिगुद्, इत्यादि स्थानों की यात्रा करके

बौद्ध धर्म का प्रचार किया। साक्या मठ में जाकर महागुरु शर्वा येशे ग्यल्छन् एवं पोन छेन् कुङ्गा सङ्पो दोनों ने इन्हें अपने गुरु के रूप में स्वीकार किया।

तत्पश्चात् शेष जीवन तेहुरा में निवास करते हुए अनेक धर्मों की देशना एवं प्रचार करते हुए बुद्धशासन के संरक्षण एवं विस्तृत सत्त्वार्थ करते हुए व्यतीत किया। ये लगभग ६८ वर्ष की आयु में सन् १२६४ ई० में अपने ही मठ तेहुरा में जीवन का त्याग करके तुषित लोक में उत्पन्न हुए।

इनके परम शिष्य साक्य कुल के उपासक छोस्फेल् दरचङ् के द्वारा रचित छग् लोचावा के जीवनवृत्तान्त 'विमल गुरुवचन' में कहा गया है कि छग् छोस् जे पेल् ने पूर्वकाल में भोट भाषा में नवविद्यातन्त्र का अनुवाद किया तथा नामसंगीति की टीका एवं आचार्य चन्द्रकीर्ति विरचित प्रदीपोद्योतन के प्रथम पटल की टीका की रचना की है। ऐसा उल्लेख मिलता है, परन्तु इस समय हम लोगों की दृष्टि में यद्यपि एक भी ग्रन्थ दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है, फिर भी इनके द्वारा अनूदित कुछ ग्रन्थों का उल्लेख प्राप्त होता है, जिनकी सूचना इस जीवनवृत्तान्त के अन्त में दी जा रही है। रूस के विद्वान् रोरिक् ने छग् छोस् जे पेल् के द्वारा अनूदित तन्त्र के लगभग ३० ग्रन्थों का नाम देगे तन्ग्युर सूची से निकाल कर दिखाया है, परन्तु उनमें से कुछ ग्रन्थ छग् लोचावा छोस् जे पेल् के द्वारा अनूदित हैं—इसमें सन्देह पैदा होता है।

लोचावा गोस् शुनुपेल् ने अपने "**बौद्ध धर्म का इतिहास**" नामक **नीलपुस्तक**[१] में छग् लोचावा की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि छग् छोस जे पेल् ने ङोग मुनि के शिष्य जोचुन् तग्पा के शिष्य गुङ् थङ् गुरु ल्हा गोन्पो पेल से **गुह्यसमाजतन्त्र** की गोस् लोचावा (फुगपा-ल्हचे) की परम्परा के अनुसार अध्ययन किया। तत्पश्चात् नेपाल के महापण्डित रवीन्द्ररुचि इत्यादि से तन्त्रों की शिक्षा ग्रहण की और तन्त्रों की टीकाओं एवं पिण्डीकृत तथा पञ्चक्रम इत्यादि पूर्वानूदित ग्रन्थों का संशोधन किया। प्रदीपोद्योतन के पिण्डार्थ तथा टीका की भी रचना करके अनेक सत्त्वों का कल्याण किया। महान् विद्वान् बुस्तोन ने भी अपने "बौद्ध धर्म का इतिहास" ग्रन्थ में कहा है कि लोचावा छोस् जेपेल ने नौ तन्त्र ग्रन्थों का अनुवाद एवं प्रदीपोद्योतन के प्रथम पटल की टीका भी की है।

---

१. द्र०-नीलपुस्तक, भाग-१, पृ० ४४५, सीठोन मिरिग प्रकाशन, तिब्बत, १९८४ ।

छग् छोस जे पेल् द्वारा अनूदित ग्रन्थ

	ग्रन्थ का नाम	देगे सं० सं०
(१)	अमृतकणिका नाम आर्यनामसंगीति टिप्पणी (मूल लेखक-सूर्य श्रीज्ञान)	१३९५
(२)	कर्मान्त विभङ्ग (नागबोधिकृत)	१८११
(३)	रक्तयमान्तक साधना (विरूपा कृत)	२०१७
(४)	प्रभास्वरोदयक्रमः (विरूपा कृत)	२०१९
(५)	रक्तयमारिसाधनाविधि (वीरवज्र)	२०२१
(६)	श्री रक्तयमारिसाधना (श्रीधर कृत)	२०२३
(७)	श्री रक्तयमारिमण्डलविधि (श्रीधर)	२०२४
(८)	कृष्णयमारि रक्तयमारि पूजाविधि (श्रीधर)	२०२९
(९)	रक्तयमारिबलिविधि (श्रीधर कृत)	२०३०
(१०)	रक्तयमारिसाधना (श्रीधर कृत)	२०३१
(११)	स्वानुष्ठानक्रमोपदेशरक्तयमान्तक अभिसमय (सुमति कृत)	२०३२
(१२)	चर्यागीतिकोशवृत्ति (मुनिदत्त)	२२९३
(१३)	अरपचन साधना (अजितमित्र)	२७१४
(१४)	लोकेश्वरसाधना (नागार्जुन)	२८५०
(१५)	वज्रयानस्थूलापत्ति (नागार्जुन)	२४८२
(१६)	पञ्चरक्षाविधि (रत्नाकरशान्ति)	३१२६
(१७)	वज्रावलिनाममण्डलविधि (अभयाकरगुप्त)	३१४०
(१८)	निष्पन्नयोगावलि (अभयाकरगुप्त)	३१४१
(१९)	ज्योतिर्मञ्जरी नाम होमविधि (अभयाकरगुप्त कृत)	३१४२
(२०)	उच्छुष्मजम्भलसाधना (अभयाकरगुप्त कृत)	३७४३
(२१)	प्रज्ञालोकसाधना (कोकदत्त)	४७८७
(२२)	रक्तयमारियन्त्रतत्त्वनिर्देशनामसाधना (बोधिगर्भ)	४७२०
(२३)	यमान्तकयन्त्रविधि	४७२२

(२४)	बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति बोधिसत्त्वशिक्षाक्रमः (आचार्य जितारि)	४००६
(२५)	होमविधि	५०२१
(२६)	कालचक्रावतार (अभयाकरगुप्त)	१३८३
(२७)	श्रीवज्रडाकस्तोत्रदण्डकम् (धर्मकीर्ति)	१४४२
(२८)	निष्पन्नयोगावली (अभयाकरगुप्त)	२१४१

लोचावा छुलठिम ग्यलवा का जीवनवृत्तान्त

त्रिस्कन्धसूत्र की तीसरी टीका "**कर्मावरणविशोधन-विधिभाष्य**" नामक इस ग्रन्थ की आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान ने रचना की। इसका लोचावा छुलठिम ग्यलवा ने संस्कृत से भोट भाषा में अनुवाद किया। इस महानुवादक नगछ्रो छुलठिम ग्यलवा ने सन् १०११ ई० में ङरिजोङ् नामक प्रदेश के गुङ्थङ् नामक ग्राम में जन्म ग्रहण किया। नग्छो कुल का होने से वे 'नग्छो' कहे गये। विनय धर्म का अधिक पालन करने से एवं विनय शास्त्रों में विशिष्ट पण्डित होने से विनयवान् के नाम से भी तिब्बत में प्रसिद्ध हुए। ये बाल्यावस्था से ही अध्ययन में अत्यन्त रुचि के साथ वीर्य करने वाले तथा तीक्ष्णबुद्धि वाले भी थे। बाद में भिक्षु बनने पर ये छुलठिम ग्यलवा के नाम से प्रसिद्ध हुए। इन्होंने लोचावा ग्या चोंडुस् सेङ्गे से अभिधर्मकोशकारिका एवं स्वभाष्य का अध्ययन किया तथा अभिधर्म में भी निष्णात हो गए। सन् १०३५ ई० में लगभग २७ वर्ष की आयु में ङरि प्रान्त के शासक के भाई जङ्छुप् होद् की आज्ञा के अनुसार भारत से आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान को आमन्त्रित करने हेतु भारत में प्रस्थान किया। सन् १०४२ ई० में आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान तिब्बत के ङरी प्रदेश में पहुँचे और बोधिपथप्रदीप इत्यादि अनेक ग्रन्थों की रचना सहित धर्म प्रवचन किया और अनेक बौद्ध ग्रन्थों का संशोधन भी किया। इस प्रकार निरन्तर १८ वर्षों तक आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की सेवा में संलग्न रहे। जब आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान तिब्बत के ञेथङ् से ङरी की ओर प्रस्थान कर रहे थे उस समय आचार्य लोचावा नग्छो को अनेक धर्मोपदेश दिये। उस समय आचार्य ने त्रिसमयव्यूह की प्रतिमा लोचावा को देते हुए अनुष्ठित किया। विनयसूत्र, गुह्यसमाजतन्त्र का संस्कृत पाठ और लगभग २० असाधारण अवलोकितेश्वर गुह्यसाधना के भी अनेक आगमों की देशना की। आचार्य ने स्वयं

की अङ्गुलिमात्र प्रतिमा, जो लकड़ी पर उत्कीर्थ थी, उसे लोचावा के गले में ताबीज के रूप में बाँध दी। कालान्तर में आचार्य की आज्ञानुसार साधना करने से मंजुश्रीवज्र, तारादेवी और षडक्षरी (अवलोकितेश्वर) का साक्षात् दर्शन हुआ। विशिष्ट साधना का परिपाक (फल) चित्तसन्तति में उत्पन्न हुआ। लोचावा नग्छो ने दीपंकरश्रीज्ञान के अतिरिक्त महापण्डित आचार्य ज्ञानाकर, शान्तिभद्र और कृष्णसमयवज्र इत्यादि का सेवन करके अनेक बौद्ध दर्शन, सूत्र, तन्त्र एवं शास्त्रों का भोट भाषा में अनुवाद किया। सन् १०६४ ई० में लगभग ५३ वर्ष की आयु में ही उनका निधन हो गया। इनके द्वारा विरचित अनेक ग्रन्थ हो सकते हैं, किन्तु सम्प्रति मात्र आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान का जीवनवृत्तान्त अशीतिस्तुति के रूप में उपलब्ध होता है। वैसे तो उनके अनेक शिष्य थे, किन्तु सर्वश्रेष्ठ मात्र रोङ्पा छक् सोर ही प्रसिद्ध हुए। इन (नग्छो लोचावा) के द्वारा अनूदित लगभग १५० ग्रन्थ हैं, यहाँ कुछ प्रमुख प्रसिद्ध ग्रन्थों का उल्लेख किया जा रहा है—

	ग्रन्थ का नाम	देगे सं० सं०
(१)	श्रीज्ञानवज्रसमुच्चय	४५०
(२)	सर्वतथागतकायवाक्चित्तकृष्णयमारिर्नाम तन्त्रम्	४६७
(३)	त्रिसमयव्यूहराजतन्त्रम्	५०१
(४)	धर्मधातुस्तवः	१११८
(५)	निरुपमस्तवः	१११९
(६)	लोकातीतस्तवः	११२०
(७)	परमार्थस्तवः	११२२
(८)	त्रिकायस्तवः	११२३
(९)	योगरत्नमालानाम हेवज्रपञ्जिका	११८३
(१०)	श्रीचक्रसंवरपञ्चक्रम	१४३३
(११)	एकवीरसाधना	१४६४
(१२)	वज्रासनवज्रगीति	१४९४
(१३)	चर्यागीतिवृत्ति	१४९७
(१४)	चित्तावरणविशुद्धिर्नाम प्रकरणम्	१८०४
(१५)	पञ्चक्रमपञ्जिका	१८४१

(१६)	श्रीयमारितन्त्रपञ्जिका सहजालोको नाम	१९१८
(१७)	सकलतन्त्रसमभावसंचोदनी श्रीगुह्यसिद्धि	२२१७
(१८)	सेकनिर्देश	२२५२
(१९)	मूलप्रकृतिस्वाभरण (चतुर्मुद्रावबाद)	२२९५
(२०)	धर्मधातुदर्शनगीति	२३१४
(२१)	मूलापत्तिटीका	२४८७
(२२)	विमलोष्णीषधारणीविधि	३०८२
(२३)	आर्यतारादेवीस्तोत्र	३६७१
(२४)	मन्त्रावतार	३५१८
(२५)	पञ्चविंशतिसाहस्त्रिका प्रज्ञापारमिता	३७९०
(२६)	प्रज्ञाहृदयव्याख्या	३८२३
(२७)	मध्यमकहृदयकारिका	३८५५
(२८)	मध्यमकहृदयवृत्तिः तर्कज्वाला	३८५६
(२९)	पञ्चस्कन्धप्रकरण	३८६६
(३०)	बोधिसत्त्वचर्यावतारपिण्डार्थ	३८७९
(३१)	मध्यमकोपदेशः	३९२९
(३२)	रत्नकरण्डको नाम मध्यमकोपदेशः	३९३०
(३३)	सूत्रसमुच्चयभाष्यं रत्नालोकालंकारो नाम	३९३३
(३४)	बोधिमार्गप्रदीपपंजिका	३९४८
(३५)	सूत्रार्थसमुच्चयोपदेश	३९५७
(३६)	आर्यसर्वधर्मस्वभावसमताविप्रपञ्चसमाधिराजो नाम महायानसूत्रटीका कीर्तिमाला	४०१०
(३७)	धर्मधर्मताविभंग	४०२२
(३८)	बोधिसत्त्वभूमिवृत्ति	४०४४
(३९)	महायानसंग्रहभाष्य	४०५०
(४०)	मध्यमकावतारकारिका	५०५३

लोचावा नगछो ने मध्य तिब्बत में अनेक शिष्यों को उत्पन्न किया, परन्तु उनमें सर्वश्रेष्ठ शिष्य **रोङ्पा छग् सोर** ही अधिक प्रसिद्ध हुए। ये अपने तेरह पूर्वजन्मों की गतियों को जानने वाले एक विशिष्ट विद्वान् थे। प्रारम्भ में ये मात्र आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की कृतियों एवं उपदेशों को ही ढूँढने एवं समीक्षा करने में लगे रहे। किन्तु कालान्तर में आचार्य दीपकंर श्रीज्ञान के साक्षात् शिष्य शङ्चुन येरवा आदि १३ शिष्यों से आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के साधनोपदेश तथा आचार्य के चर्यावदान को प्राप्त करना प्रारम्भ किया। तत्पश्चात् कुछ वर्षों के अनन्तर न केवल आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के शिष्य, बल्कि आचार्य के निरन्तर १९ वर्ष तक सेवन करने वाले नग्छो लोचावा के जीवित होने की जानकारी मिलने पर उनकी शरण में जाने के लिए उन्होंने गुङ् थङ् की ओर प्रस्थान किया। प्रारम्भ में इन्होंने लोचावा नग्छो से आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के तन्त्रपक्ष के अनेक साधनोपदेश प्राप्त किये। पश्चात् प्रज्ञापारमिता साधनोपदेश का श्रवण तथा लोचावा नगछो से आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के काय, वाक् एवं चित्त की विशिष्ट गुणचर्या को प्राप्त करना प्रारम्भ किया। उनमें से विशेष रूप से आचार्य के भोट देश में आमन्त्रण के सन्दर्भ में जानकारी हेतु जिज्ञासा प्रदर्शित की। उस समय लोचावा नगछो ने अत्यन्त हर्ष एवं आनन्द के साथ आचार्य के विस्तृत जीवितावदान एवं ज्ञातृलेख का इनको उपदेश किया तथा समस्त साधनोपदेश की शिक्षा प्रदान की।

बाद में रोङ्पा ने वर्तमान जीवन के समस्त कार्यों का सम्पूर्ण रूप से त्याग कर गुरु लोचावा नगछो की आज्ञा के अनुसार एकान्त में साधना का अनुष्ठान किया। उस दौरान उन्होंने अपने सेवक तक से भी मिलने से परहेज किया। समस्त खाद्य पदार्थ (भोजन) वे खिड़की से ग्रहण करते थे। इस प्रकार निरन्तर तीन वर्ष तक साधना में रहने के पश्चात् उन्होंने आर्य अवलोकितेश्वर का साक्षात् दर्शन प्राप्त किया। तब आर्य अवलोकितेश्वर ने भविष्यवाणी की कि—तुम इसी जन्म में दर्शन मार्ग प्राप्त करोगे और अपने तीस शिष्यों को भी मेरा दर्शन कराओगे।

लगभग २४ वर्ष की आयु में उन्हें एक स्वप्न आया। जिसमें उन्हें अनेक देवियों का दर्शन हुआ और आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की अस्थि का दर्शन किया तथा आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान की अस्थि से पूर्ण एक क्लश प्राप्त किया। साथ ही

उन अस्थियों को दक्षिण तिब्बत की ओर विसर्जित करते हुए अपने को देखा। अत: इससे यह लक्षित होता है कि भविष्य में दक्षिण तिब्बत में चार परम शिष्य उत्पन्न होंगे। कालान्तर में रोङ् पा जी के चार प्रमुख पुत्र अर्थात् शिष्य दक्षिण में उत्पन्न हुए। उन चार प्रमुख शिष्यों के नाम इस प्रकार हैं, यथा—(१) जा दुलवा जिनपा, (२) रोग् छिनूफु बा, (३) नाम पर्वा एवं (४) गेशे शुलेन पा। ग्यारा तोन्जित् भी उनके परम शिष्य हैं, किन्तु वे मात्र उपासक तक भी न होने के कारण रोङ्पा के चार परम शिष्यों की गणना में संगृहीत नहीं होते। पूर्वोक्त चार शिष्यों ने आचार्य दीपंकरश्रीज्ञान के उपदेशों का श्रवण किया तथा मठों की स्थापना एवं आचार्य के वचनों की टीका-टिप्पणी की और कदम्पा परम्परा का अधिक विस्तार किया।

प्रथम परिशिष्ट भूमिका

अश्वघोष विरचित सामान्य-प्रतिदेशना की संक्षिप्त भूमिका

संक्षिप्त परिचय—सामान्य प्रतिदेशना नामक यह ग्रन्थ एक अत्यन्त लघु एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। ऐसा माना जाता है कि इसे आचार्य अश्वघोष ने त्रिरत्न के प्रति की गई निन्दा के परिशोधन हेतु रचा है। कहा जाता है कि बौद्ध धर्म में प्रविष्ट होने से पूर्व ब्राह्मण अश्वघोष ने त्रिरत्न की निन्दा की थी। आचार्य दीपंकर श्रीज्ञान के द्वारा विरचित '**आपत्तिदेशना**' नामक एक अन्य लघु ग्रन्थ भी है, जो इस ग्रन्थ से पर्याप्त मिलता-जुलता है। अत: पूर्वोक्त ग्रन्थ जो आचार्य अश्वघोष की रचना है, उस पर सन्देह उत्पन्न होता है, क्योंकि (१) यह ग्रन्थ भोट कंग्युर-तंग्युर-सूची में उपलब्ध नहीं है। (२) इस ग्रन्थ के अन्त में लेखक और अनुवादक का कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। (३) इस ग्रन्थ पर किसी भी भारतीय पण्डित द्वारा की गई टीका-टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है तथा (४) इस ग्रन्थ के बारे में किसी भी भारतीय विद्वान् के ग्रन्थ में कोई सूचना अथवा विवरण मुझे उपलब्ध नहीं हुआ है।

इस ग्रन्थ पर भोट विद्वानों की मात्र एक-दो टीकाएँ ही उपलब्ध होती हैं। इसमें से मुझे मात्र डुलछु पिता-पुत्र (गुरु-शिष्य) में से डुलछु धर्मभद्र (पिता)

के द्वारा रचित टीका प्राप्त हुई, जिसके कुछ अंशों का संशोधन एवं सम्पादन उनके परम शिष्य यङ्छेन् डुपई दोर्जे ने किया था। यह टीका धर्मभद्र की पोथी 'च' में विद्यमान है। इसके अतिरिक्त लामा तनपा रब् ग्यस् द्वारा रचित एक लघु टीका की भी सूचना मुझे प्राप्त हुई, परन्तु ग्रन्थ अब तक प्राप्त नहीं हो सका है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि पूर्वोक्त उपलब्ध (ङुङ्छु की) टीका में ऐसी कुछ भी सूचना प्राप्त नहीं है, जिससे यह मूल ग्रन्थ अश्वघोष विरचित है, यह प्रमाणित हो सके और न तो उसमें किसी भारतीय विद्वान् की टीका का भी संकेत उपलब्ध होता है। लेकिन मैं यह नहीं स्थापित कर सकता हूँ कि उक्त ग्रन्थ आचार्य अश्वघोष द्वारा पूर्णतः विरचित नहीं ही है, क्योंकि हो सकता है कि इस पर अनेक भारतीय टीकाएँ रची गई हों और कालान्तर में यवनों के आक्रमण के काल में वे जला दी गई हों या किसी तरह नष्ट हो गई हों। तिब्बत में भी भारत में हुए बौद्धधर्म के ह्रास की भाँति राजा लङ् दरमा के काल में अनेक ग्रन्थ नष्ट कर दिये गये थे। हो सकता है कि उस समय इनका भी नाश हो गया हो। यह मेरा अनुमान मात्र है।

मूल ग्रन्थ का अभिधेय

सर्वप्रथम सामान्यतया इस ग्रन्थ में प्रतिमोक्ष, बोधिचित्त तथा मन्त्रसंवर इन तीनों संवरों की आपत्तियों की प्रतिदेशना कही गई है, जिसमें प्रकृति सावद्य और प्रज्ञप्ति सावद्य के रूप में संचित दोषों की सामान्य तौर पर प्रतिदेशना की गई है। इस कारण इसे 'सामान्य प्रतिदेशना' कहा गया है।

ग्रन्थ के प्रारम्भ में 'उहू' (हा हा) शब्द प्रयुक्त है, जिसमें परिदेव (विलाप) का संकेत मिलता है। पूर्वकाल में प्रमाद के आचरण द्वारा दोष और आपत्तियों के प्रति अत्यन्त कौकृत्य (पछतावा) से उत्पन्न असह्य शोक होने से दीर्घकाल तक विलाप होने पर भोट भाषा में 'हू' के पूर्व 'उ' का योग करके 'उहू' शब्द का प्रयोग हुआ है—ऐसा यङ् छेन् डुपई दोर्जे ने अपनी सामान्य प्रतिदेशना टीका में कहा है।

सर्वप्रथम तीन संवरों से प्रयुक्त पुद्गल की प्रतिदेशना के विषय के रूप में महागुरु वज्रधर, दश दिशाओं में स्थित बुद्ध-बोधिसत्त्व तथा संघों का प्रतिपादन किया गया है। तत्पश्चात् दोषी व्यक्ति का स्वयं का नामोच्चारण करना तथा समस्त

मूल ग्रन्थ के अभिधेय के रूप में की जानेवाली प्रतिदेशना के पाप विषय का परिचय एवं मूलप्रतिदेशना दिखाई गई है।

परिचय भी दो प्रकार का है, यथा--(क) प्रतिदेशना एवं परिणामना की विस्तृत संख्या तथा (ख) अर्थ का संक्षिप्त अभिधान।

(क) प्रतिदेशना एवं परिणामना की विस्तृत संख्या

प्रतिदेशना एवं परिणामना की विस्तृत संख्या को छह प्रकार से कहा गया है। यथा—(१) काल (२) हेतु (३) मार्ग (४) कर्म (५) विषय एवं (६) प्रयोग।

(१) काल—"अनादिसंसारात् प्रभृति प्रत्युत्पन्नपर्यन्तं" अर्थात् अनादि जन्मों से लेकर अब तक काल की अवधि दिखाई गई है।

(२) हेतु—"रागद्वेषमोहवशात्" अर्थात् राग, द्वेष एवं मोह रूपी क्लेशों के वशीभूत होकर--यहाँ तक हेतु का प्रदर्शन किया गया है।

(३) मार्ग—"कायवाङ्मनोभिः" इसके द्वारा काय, वाक् एवं चित्त इनमें से किसी भी मार्ग के द्वारा पाप का संचय दिखाया गया है।

(४) कर्म—"दशाकुशलानि कृतवान्, पञ्चानन्तर्याणि, पञ्च तत्सभागानि प्रातिमोक्षसंवरविरोधः, बोधिसत्त्वसंवरविरोधः गुह्यमन्त्रसमयादिविरोधः" अर्थात् जो दश अकुशल कर्म, पांच आनन्तर्य कर्म, पाँच आनन्तर्य सभाग-कर्म, प्रातिमोक्षसंवर का उल्लंघन एवं बोधिसत्त्वशिक्षा का उल्लंघन आदि कर्म किये गये हैं। ये ही कर्म हैं। इनमें से जिन्होंने काय, वाक् एवं चित्त के द्वारा अकुशल कर्म तथा माता-पिता का वध आदि पाँच आनन्तर्य कर्म, उद्भूयमान बोधिसत्त्व का वध, सोत-आपन्न का वध, भिक्षुणी माता को दूषित करना, स्तूप का विनाश एवं संघद्रव्य का अपहरण ये पाँच आनन्तर्य सभाग-कर्म, आठ प्रातिमोक्षसंवर में से किसी का भी उल्लंघन, बोधिसत्त्व की १८ मूल आपत्तियों में से किसी का उल्लंघन तथा ४६ दुष्कृत्यों से किसी का भी उल्लंघन किया है, ये सब कर्म हैं। इसके अतिरिक्त और भी कर्म हैं, जिनमें १४ मूल आपत्ति एवं आठ स्थूल आपत्ति का उल्लंघन तथा गुह्यमन्त्र के समय का उल्लंघन तक कर्म का प्रदर्शन किया गया है।

(५) विषय—"मातापित्रोरनादरः.........सत्त्वाहितकरं कर्म एवमादीनि कर्माणि कृतवान्"—अर्थात् 'इस जन्म के माता-पिता के अनादर से लेकर सत्त्वों को हानि पहुँचाने वाले कर्म किये गये हैं, तक विषय का प्रतिपादन किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से इस जन्म के माता-पिता का अनादर, विनय के आचार्य, वज्रधरगुरु, तन्त्र का अभिषेक प्रदान करने वाले और जिससे शिक्षा प्राप्त की है—ऐसे गुरुजनों एवं साथ में संवर ग्रहण करनेवाले सब्रह्मविहारी मित्रों के प्रति अनादर आदि विषय अन्तर्भूत होते हैं। अन्य और भी विषय हैं, जिनमें त्रिरत्न का प्रतिघात करनेवाला कर्म एवं कर्म-फल व्यवस्था के प्रति अविश्वास करके सद्धर्म का परित्याग, एक से अधिक संख्या वाले आर्यसंघ और चार से अधिक पृथग्जन की अवमानना या निन्दा, किसी सत्त्व के काय, प्राण, सम्पत्ति, भवन एवं वस्त्र आदि को हानि पहुँचाने वाला कर्म आदि तथा पूर्वोक्त दश अकुशल कर्म भी प्रतिदेशना के विषय के रूप में प्रतिपादित किये गये हैं।

(६) प्रयोग—"यान्युकुशलान्यहं कृतवान्, यानि चान्यैः कारितवान्, यान्यन्यकृतान्यनुमोदितवान्" अर्थात् जो अकुशल पाप मेरे द्वारा किये गये हैं, दूसरों के द्वारा कराये गये हैं तथा दूसरों के द्वारा किये गये अकुशल कर्मों का अनुमोदन किया गया है—यहाँ तक प्रयोग दिखलाया गया है। इसके द्वारा स्वयं के काय एवं वाक् के द्वारा साक्षात् किये गये अकुशल कर्म तथा विशेष रूप से वाक् के द्वारा अन्यों को पापकर्म करने के लिए प्रेरित करना एवं चित्त के द्वारा अन्यों के द्वारा किये गये पापकर्मों के प्रति हर्ष एवं गौरव का भाव प्रदर्शित करना—ये सभी कर्म प्रतिदेशना के प्रयोग के रूप में प्रदर्शित किये गये हैं।

(ख) अर्थ का संक्षिप्त अभिधान

"**संक्षेपेण ये च**" यहाँ से लेकर "**तान् सर्वान्**" तक सम्पूर्ण ग्रन्थ में उल्लिखित दोष एवं आपत्तियों के पिण्डार्थ का प्रतिपादन किया गया है। इस संक्षेपार्थ में अभ्युदय एवं निःश्रेयस की प्राप्ति में प्रमुख बाधा प्रकृतिसावद्य एवं प्रज्ञप्तिसावद्य आपत्तियाँ कही गई हैं।

"**गुरुवज्रधरादीनां**" से लेकर "**अनन्तरं संवरमापत्स्ये**" तक के द्वारा इन आपत्तियों की प्रतिदेशना करने के लिए विषय (आलम्बन) के रूप में

गुरुवज्रधर इत्यादि कहे गये हैं। इन गुरुवज्रधर इत्यादि के समक्ष समस्त आपत्तियों की प्रतिदेशना करना और प्रतिदेशना द्वारा दोष एवं आपत्तियों को स्वीकार करना दोनों बातें कही गयी हैं। "जो मैंने छिपाया है", इस प्रकार के दोषों के प्रति अत्यन्त कौकृत्य के साथ प्रतिदेशना एवं उनकी अभिव्यक्ति करनी चाहिए। पुनः भविष्य में प्राणों की आहुति देकर भी इस प्रकार की आपत्तियों को देश, काल एवं किसी भी परिस्थिति में न करने हेतु चित्त में दृढ़ प्रतिज्ञा के साथ संवर ग्रहण करना कहा गया है।

"**प्रतिदेशनायां कृतायां**" इत्यादि के द्वारा इस प्रकार के दोष एवं आपत्तियों का विशोधन हो जाने पर मुझे स्वर्ग एवं मोक्ष का सुख प्राप्त हो सकता है। प्रतिदेशना एवं प्रायश्चित्त न किये जाने पर वैसा सुख प्राप्त नहीं हो सकेगा। अतः निश्चित रूप से प्रतिदेशना एवं अभिव्यक्ति (प्रकट) करके संवर ग्रहण करने हेतु प्रयत्न करना—इस वाक्य द्वारा परोक्ष रूप में कहा गया है।

आचार्य अश्वघोष विरचित 'सामान्य प्रतिदेशना' नामक यह लघु ग्रन्थ की टिप्पणी का परिचय समाप्त॥

आर्यावर्त में गणनातीत
नक्षत्रगण की भाँति हैं विद्वत् समूह,
कुछ ही उनमें हैं पारंगत
सम्पूर्ण बौद्ध विद्यास्थानों में ।

बुद्ध वचनों में विकसित बुद्धिवाले
विद्वानों में अग्रणी रामशङ्कर त्रिपाठी के
पादों में चिरकाल सेवन कर, यत्न से
प्राप्त हुआ सौभाग्य मुझे ग्रन्थ के प्रणयन का ।

पूर्वाचार्य, विद्वान् व सिद्धों के प्रामाणिक
अनेक वचनों की परम्परा का कर अनुसरण,
परार्थ आशय से मैंने जो लिखा है इसमें
क्षमा प्रार्थी हूँ त्रुटित व भ्रान्त अंश हेतु ।

समस्त अनन्त सत्त्वों सहित मैंने जो
पाप आवरण का किया संचय अनादि से,
पैंतीस सुगतों के प्रभाव व आनुभाव से
परिशुद्ध हो वह, प्राप्त होवे कायद्वय मुझे ।


मैत्री-करुणा व अध्याशय से सिञ्चित
बोध्यापत्तिदेशना की भूमिका लिखने से
प्राप्त पुण्य से षड्गति के समस्त सत्त्व
प्राप्त करें पद पैंतीस उत्तम सुगतवत् ।

कार्तिक पूर्णिमा
दिनांक : ३० नवम्बर, २००१

लोसङ दोर्जे (रबलिङ)
शोध सहायक, शोध अनुभाग



མགོན་པོ་ཀླུ་སྒྲུབ་ལུགས་ཀྱི་ལྟུང་བཤགས་ཀྱི་ལྷ་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་སྐུ་བརྙན།
आर्य नागार्जुन के मतानुसार आपत्तिदेशना के ३५ बुद्धों के चित्र



མགོན་པོ་ཀླུ་སྒྲུབ་ལུགས་ཀྱི་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་མཚན།

1 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཤཱཀྱ་ཐུབ་པ། 2 རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོ་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ། 3 རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ། 4 ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ། 5 དཔའ་བོའི་སྡེ། 6 དཔའ་དགྱེས། 7 རིན་ཆེན་མེ། 8 རིན་ཆེན་ཟླ་འོད། 9 མཐོང་བ་དོན་ཡོད། 10 རིན་ཆེན་ཟླ་བ། 11 དྲི་མ་མེད་པ། 12 དཔའ་སྦྱིན། 13 ཚངས་པ། 14 ཚངས་པས་བྱིན། 15 ཆུ་ལྷ། 16 ཆུ་ལྷའི་ལྷ། 17 དཔལ་བཟང་། 18 ཙནྡན་དཔལ། 19 གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས། 20 འོད་དཔལ། 21 མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ། 22 སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ། 23 མེ་ཏོག་དཔལ། 24 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ། 25 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པདྨའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ། 26 ནོར་དཔལ། 27 དྲན་པའི་དཔལ། 28 མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་གྲགས། 29 དབང་པོ་ཏོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་པོ། 30 ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ། 31 གཡུལ་ལས་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ། 32 རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པའི་དཔལ། 33 ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ། 34 རིན་ཆེན་པདྨས་རྣམ་པར་གནོན་པ། 35 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ།



ཆོས་རྗེ་ས་པཎ་ཀུན་དགའ་རྒྱལ་མཚན་ལུགས་ཀྱི་ལྟུང་བཤགས་ཀྱི་ལྷ་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་སྐུ་བརྙན།

साक्य पण्डित कुनाग्यलछेन के मतानुसार आपत्तिदेशना के ३५ बुद्धों के चित्र

1	2	3	4	5
6	7	8	9	10
11	12	13	14	15
16	17	18	19	20
21	22	23	24	25
26	27	28	29	30
31	32	33	34	35


ཆོས་རྗེ་ས་པཎ་ཀུན་དགའ་རྒྱལ་མཚན་ལུགས་ཀྱི་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་མཚན།

1 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཤཱཀྱ་ཐུབ་པ། 2 རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོ་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ། 3 རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ། 4 ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ། 5 དཔའ་བོའི་སྡེ། 6 དཔའ་དགྱེས། 7 རིན་ཆེན་མེ། 8 རིན་ཆེན་ཟླ་འོད། 9 མཐོང་བ་དོན་ཡོད། 10 རིན་ཆེན་ཟླ་བ། 11 དྲི་མ་མེད་པ། 12 དཔའ་སྦྱིན། 13 ཚངས་པ། 14 ཚངས་པས་བྱིན། 15 ཆུ་ལྷ། 16 ཆུ་ལྷའི་ལྷ། 17 དཔལ་བཟང་། 18 ཙནྡན་དཔལ། 19 གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས། 20 འོད་དཔལ། 21 མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ། 22 སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ 23 མེ་ཏོག་དཔལ། 24 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ། 25 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པདྨའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ། 26 ནོར་དཔལ། 27 དྲན་པའི་དཔལ། 28 མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་གྲགས། 29 དབང་པོ་ཏོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་པོ། 30 ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ། 31 གཡུལ་ལས་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ། 32 རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པའི་དཔལ། 33 ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ། 34 རིན་ཆེན་པདྨས་རྣམ་པར་གནོན་པ། 35 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ།



རྗེ་ཙོང་ཁ་པའི་ལུགས་ཀྱི་ལྟུང་བཤགས་ཀྱི་ལྷ་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་སྐུ་བརྙན།

जे चोङ्खापा के मतानुसार आपत्तिदेशना के ३५ बुद्धों के चित्र



ཁམས་གསུམ་ཆོས་ཀྱི་རྒྱལ་པོ་རྗེ་ཙོང་ཁ་པའི་ལུགས་ཀྱི་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔའི་མཚན།

1 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཤཱཀྱ་ཐུབ་པ། 2 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོ་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ། 3 དེ་བཞིན་
གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ། 4 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ། 5 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔའ་
བོའི་སྡེ། 6 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔའ་དགྱེས། 7 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་མེ། 8 དེ་བཞིན་
གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་ཟླ་འོད། 9 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མཐོང་བ་དོན་ཡོད། 10 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་
ཆེན་ཟླ་བ། 11 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དྲི་མ་མེད་པ། 12 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔའ་སྦྱིན། 13 དེ་
བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པ། 14 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པས་བྱིན། 15 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཆུ་ལྷ།
16 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཆུ་ལྷའི་ལྷ། 17 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔལ་བཟང་། 18 དེ་བཞིན་གཤེགས་
པ་ཙནྡན་དཔལ། 19 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས། 20 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་འོད་
དཔལ། 21 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ། 22 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ
23 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མེ་ཏོག་དཔལ། 24 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་
པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ། 25 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པདྨའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ།
26 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ནོར་དཔལ། 27 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དྲན་པའི་དཔལ། 28 དེ་བཞིན་
གཤེགས་པ་མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་གྲགས། 29 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དབང་པོ་ཏོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་
པོ། 30 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ། 31 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་གཡུལ་ལས་
ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ། 32 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པའི་དཔལ། 33 དེ་བཞིན་
གཤེགས་པ་ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ། 34 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་པདྨས་རྣམ་པར་གནོན་པ།
35 དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ།

གཞུང་དངོས་གཞི།

मूल ग्रन्थ

འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོ་འཕགས་པ་ཉེ་བར་འཁོར་གྱིས་ཞུས་པའི་མདོར་གསལ་བ་བཞུགས་སོ།།

༄༅། །དེ་ལ་བཤགས་པ་ནི་འདི་ཡིན་ཏེ། བདག་མིང་འདི་ཞེས་བགྱི་བ།

སངས་རྒྱས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
ཆོས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
དགེ་འདུན་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །

དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་ཤཱཀྱ་[1] ཐུབ་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རྡོ་རྗེ་[2]སྙིང་པོས་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ་[3]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔའ་བོའི་སྡེ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔའ་དགྱེས་[4]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་མེ་[5]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་ཟླ་འོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མཐོང་བ་དོན་ཡོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་ཟླ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དྲི་མ་མེད་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔས་བྱིན་[6]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཚངས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཚངས་པས་བྱིན་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཆུ་ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཆུ་ལྷའི་

---

1 ཤཱགྱ་- པེ།
2 རྡོ་རྗེའི་- སྡེ། ཅོ།
3 འཇོམ་- པེ།
4 དཔལ་དགྱེས་- སྡེ། ཅོ། སྣ། པེ་བཅས་སུ་གསལ་ཡང་ལེགས་སྦྱར་མ་དཔེར་ཝཱི་རནནྡི་སྟེ་དཔའ་དགྱེས་གསལ་བས་ལེགས་སྦྱར་གྱི་ཚིག་དོན་གྱི་འགྱུར་བཟང་ཞིང་ལེགས་པ་མངོན་སྟེ་བཞག
5 ལེགས་སྦྱར་མ་དཔེར་རཏྣ་ཤྲཱི་སྟེ་རིན་ཆེན་དཔལ་ཞེས་པའི་ཚིག་འགྱུར་ཡིན་ཡང་ཡོངས་གྲགས་རིན་ཆེན་མེ་གྲགས་པས་རང་སོར་བཞག
6 དཔལ་བྱིན་- པེ། སྣ། ལེགས་སྦྱར་ལྟར་ན་དཔའ་བྱིན་དགོས།

ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔལ་བཟངས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཙན་དན་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །འོད་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མེ་ཏོག་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས[1]མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།། དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པད་མའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་[2]མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ནོར་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དྲན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་བསྒྲགས་[3]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དབང་པོ་ཏོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །གཡུལ་ལས་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་པད་མས་རྣམ་པར་གནོན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་རིན་པོ་ཆེའི་པད་མ[4]ལ་རབ་ཏུ་བཞུགས་པ་རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ[5]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

དེ་དག་ལ་སོགས་པ་[6]ཕྱོགས་བཅུའི་འཇིག་རྟེན་གྱི་ཁམས་ཐམས་ཅད་ན་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་ཇི་སྙེད་ཅིག་བཞུགས

1 རོལ་བ་- པེ། རོལ་པ་- སྣ།

2 རོལ་བ་- པེ། རོལ་པ།

3 ཡོངས་སྒྲགས་- པེ།

4 པད་མོ་- སྣ།

5 རི་དབང་རྒྱལ་པོ་- པེ།

6 དེ་དག་ལས་སྩོགས་པ་- པེ།

དེ་འཚོ་ཞིང་གཞེས་པའི[1]སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་ཐམས་ཅད་བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། བདག་གིས་སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་ཐོག་མ་དང་། ཐ་མ་མ་མཆིས་པ་ནས་འཁོར་བ་ན་[2]འཁོར་བའི་སྐྱེ་བ་གཞན་དག་ཏུ་སྡིག་པའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་སྩལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[3] མཆོད་རྟེན་གྱི་དཀོར་རམ། དགེ་འདུན་གྱི་དཀོར་རམ། ཕྱོགས་བཞིའི་དགེ་འདུན་གྱི་དཀོར་ཕྲོགས་པ་དང་།[4] འཕྲོག་ཏུ་སྩལ་བའམ།[5] འཕྲོག་པ་[6]ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[7] མཚམས་མ་མཆིས་པ་ལྔའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་སྩལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[8] མི་དགེ་བ་བཅུའི་ལས་ཀྱི་ལམ་ཡང་དག་པར་བླང་བ་ལ་ཞུགས་པ་དང་། འཇུག་ཏུ་སྩལ་བ་དང་། འཇུག་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[9] ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་གང་གིས་བསྒྲིབས་ནས་བདག་སེམས་ཅན་[10]དམྱལ་བར་མཆི་བའམ། དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་སུ་མཆི་བའམ། ཡི་དྭགས་ཀྱི་ཡུལ་དུ་མཆི་བའམ། ཡུལ་མཐའ་འཁོབ་ཏུ་སྐྱེ་བའམ། ཀླ་ཀློར་སྐྱེ་བའམ། ལྷ་ཚེ་རིངས་པོ་རྣམས་སུ་སྐྱེ་བའམ། དབང་པོ་མ་ཚང་བར་འགྱུར་

1 མཆོ་ཞིང་བཞེས་པའི་- པེ། འཚོ་ཞིང་བཞེས་པའི་- སྣ།

2 འཁོར་བ་ནས་- སྣ།

3 ཡིད་རང་བའམ་- པེ། སྣ།

4 མཆོད་རྟེན་གྱི་སྐོར་རམ། དགེ་འདུན་གྱི་སྐོར་རམ། ཕྱོགས་བཞིའི་དགེ་འདུན་གྱི་སྐོར་ཕྲོགས་པ་དང་།- པེ།

5 སྩལ་བ་དང་- སྣ། པེ།

6 འཕྲོག་པ་- སྣ།

7 ཡིད་རང་བ་- པེ། སྣ།

8 ཡིད་རང་བ་- པེ། སྣ།

9 ཡིད་རང་བ་- པེ། སྣ།

10 གང་གིས་སྒྲིབས་ནས་བདག་སེམས་ཅན་- པེ།

བའམ། ལྷ་བ་ལོག་པ་འཛིན་པར་འགྱུར་བའམ། སངས་རྒྱས་འབྱུང་བ་ལ་མཉེས་པར་མི་བགྱིད་པར་འགྱུར་བའི་ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་གང་ལགས་པ་དེ་དག་ཐམས་ཅད་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་པ། སྤྱན་དུ་གྱུར་པ། དཔང་དུ་གྱུར་པ། ཚད་མར་གྱུར་པ། མཁྱེན་པ།[1] གཟིགས་པ་དེ་དག་གི་སྤྱན་སྔར་མཐོལ་ལོ། །འཆགས་སོ།[2] །མི་འཆབ་བོ།[3] །སླན་ཆད་ཀྱང་སྡོམ་པར་བགྱིད་ལགས་སོ། །

སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། བདག་གིས་[4]སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་ཐོག་མ་དང་ཐ་མ་མ་མཆིས་པ་ནས་འཁོར་བ་ན་[5]འཁོར་བའི་སྐྱེ་བ་[6]གཞན་དག་ཏུ་སྦྱིན་པ་ཐ་ན་དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་སུ་སྐྱེས་པ་ལ་ཟས་ཁམ་གཅིག་ཙམ་[7]སྩལ་བ་གང་ལགས་པ་དང་། བདག་གིས་[8]ཚུལ་ཁྲིམས་བསྲུངས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་།[9] བདག་གིས་ཚངས་པར་སྤྱོད་པ་ལ་གནས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་། བདག་གིས་སེམས་ཅན་ཡོངས་སུ་སྨིན་པར་བགྱིས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་། བདག་གི་བྱང་ཆུབ་ཀྱི་སེམས་ཀྱི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་། བདག་གི་བླ་ན་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དེ་དག་ཐམས་ཅད་གཅིག་ཏུ་བསྡུས་ཤིང་བསྒྲུམས་

---

1 མཁྱེན་པར།- སྣ།

2 བཤགས་སོ།- པེ།

3 མི་འཆབ་བོ། མི་སྦེད་དོ།- སྣ།

4 བདག་གི་- པེ།

5 འཁོར་བ་ནས་- སྣ།

6 སྐྱེ་བའི་- པེ།

7 ཅིག་ཙམ་- པེ། སྣ།

8 བདག་གི་- པེ། བདག་གི་- སྣར་ཐང་དཔར་མར་མི་སྣང་།

9 ཚུལ་ཁྲིམས་བསྲུངས་པ་གང་ལགས་པ་དང་- སྣ།

དེ་[1]བསྒོམས་[2]ནས་བླ་ན་མ་མཆིས་པ་[3]དང་། གོང་ན་མ་མཆིས་པ་དང་། གོང་མའི་ཡང་གོང་མར་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བས་བླ་ན་མེད་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་བྱང་ཆུབ་ཏུ་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བར་བགྱིའོ།།

ཇི་ལྟར་འདས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་ཀྱིས་ཡོངས་སུ་བསྔོས་པ་དང་། ཇི་ལྟར་མ་འོངས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བར་འགྱུར་བ་དང་། ཇི་ལྟར་ད་ལྟར་བྱུང་བའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་ད་ལྟར་ཡོངས་སུ་སྔོ་[4]བར་མཛད་པ་དེ་ལྟར་[5]བདག་གིས་ཀྱང་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བར་བགྱིའོ།།

སྡིག་པ་ཐམས་ཅད་འཆགས་སོ།[6] །བསོད་ནམས་ཐམས་ཅད་ཀྱི་[7]རྗེས་སུ་ཡི་རང་ངོ་།[8] །སངས་རྒྱས་ཐམས་ཅད་ལ་གསོལ་བ་འདེབས་སོ། །བདག་གི་[9]ཡེ་ཤེས་བླ་ན་མེད་པའི་མཆོག་ཏུ་གྱུར་ཅིག

མི་མཆོག་རྒྱལ་བ་གང་དག་ད་ལྟར་བཞུགས་པ་དང་། །
གང་དག་འདས་པ་དག་དང་དེ་བཞིན་གང་མ་བྱོན། །

---

1 སྒྲུམས་དེ་- པེ། སྣ།
2 སྒོམ་- སྣ།
3 བླ་ན་མས་མཆིས་- སྣ།
4 བསྔོ་- པེ། སྣ།
5 ད་ལྟར་- པེ་ཅིང་དང་སྣར་ཐང་དཔར་མར་མི་སྣང་།
6 བཤགས་སོ།- སྣ། པེ།
7 ཐམས་ཅད་རྗེས་སུ་- སྣ། ཐམས་ཅད་ལ་- སྣ།
8 ཡིད་རང་ངོ་།- སྣ།
9 བདག་གིས་- པེ།

ཡོན་དན་[1]བསྔགས་པ་མཐའ་ཡས་རྒྱ་མཚོ་འདྲ་ཀུན་ལ། །
ཐལ་མོ་སྦྱར་བ་བགྱིས་ཏེ་སྐྱབས་སུ་ཉེ་བར་མཆིའོ།[2] །

(འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པ་ཞེས་བྱ་བ་ཐེག་པ་ཆེན་པོའི་མདོ་འཕགས་པ་ཉེ་བ
འཁོར་གྱི་ཞུས་པའི་མདོ་ལས་ཕྱུང་བ་རྫོགས་སོ།། །།)

1 ཡོན་གདན་- སྣ།
2 མཆི།- སྣ།

འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོ་བསླབ་བཏུས་སུ་བཞུགས་པ་བཞུགས་སོ།།

༄༅། །དེ་ལ་ལྟུང་བ་བཤགས་པ་ནི་འདི་ལྟ་སྟེ། བདག་མིང་འདི་ཞེས་བགྱི་བ།

སངས་རྒྱས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
ཆོས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
དགེ་འདུན་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །

དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་ཤཱཀྱ་ཐུབ་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོས[1]རབ་ཏུ་འཇོམས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།། རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔའ་བོའི་སྡེ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔལ་དགྱེས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་མེ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་ཟླ་འོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མཐོང་བ་དོན་ཡོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་ཟླ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དྲི་མ་མེད་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔས་བྱིན་[2]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཚངས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཚངས་པས་བྱིན་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཆུ་ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཆུ་ལྷའི་ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དཔལ་བཟང་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཙནྡན་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །འོད་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།། མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།། སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མེ་ཏོག་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པདྨའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

---

1 སྙིང་པོ་- པེ།

2 དཔལ་བྱིན་- པེ།

ནོར་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དྲན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་བསྒྲགས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དབང་པོ་ཏོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཤིན་[1]ཏུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །གཡུལ་ལས་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །རིན་ཆེན་པད་མོས་རྣམ་པར་གནོན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་རིན་པོ་ཆེའི་པདྨ་ལ་རབ་ཏུ་བཞུགས་ཏེ་རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

དེ་དག་ལ་སོགས་པ་[2]འཇིག་རྟེན་གྱི་ཁམས་ཐམས་ཅད་ན་[3]དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་ཇི་སྙེད་ཅིག་བཞུགས་ཏེ་[4]འཚོ་ཞིང་གཞེས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། གང་[5]བདག་གིས་[6]སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་[7]གཞན་[8]དག་[9]ཐོག་མ་མ་མཆིས་པའི་[10]སྐྱེ་བ་ནས་འཁོར་བར་འཁོར་བ་ན། སྡིག་པའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་སྩལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ། མཆོད་རྟེན་གྱི་དང་དགེ་

1 གཤིན་- གསེར་བྲིས།

2 དེ་དག་ལ་སོགས་པ་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་- པེ།

3 འཇིག་རྟེན་གྱི་ཁམས་ཐམས་ཅད་ན་- གསེར་བྲིས་སུ་མི་སྣང་།

4 ཇི་སྙེད་ཅིག་འཇིག་རྟེན་གྱི་ཁམས་ཐམས་ཅད་ན་བཞུགས་ཏེ་- གསེར་བྲིས།

5 གང་- གསེར་བྲིས་སུ་མི་སྣང་།

6 བདག་གི་- གསེར། པེ།

7 སྐྱེ་བའམ་- པེ།

8 སྐྱེ་བ་གཞན་དང་- པེ།

9 གཞན་དག་དང་- གསེར་བྲིས།

10 ཐོག་མ་མ་མཆིས་པའི།- གསེར་བྲིས།

འདུན་གྱི་དང་ཕྱོགས་བཞིའི་དགེ་འདུན་གྱི་ནོར་ཕྲོགས[1]པ་དང་། འཕྲོག་ཏུ་སྩལ་བ་དང་། འཕྲོག་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བར་གྱུར་པ་དང་། མཚམས་མ་མཆིས་པའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་སྩལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བ་གྱུར་པ་དང་། མི་དགེ་བ་བཅུའི་ལས་ཀྱི་ལམ་བཟུང་སྟེ་སྤྱོད་པ་དང་སྤྱོད་དུ་སྩལ་བ་དང་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བར་གྱུར་པ་དང་། ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་གང་གིས་བསྒྲིབས་ནས་[2] སེམས་ཅན་དམྱལ་བར་མཆི་བའམ། དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་དང་གཤིན་རྗེའི་ཡུལ་དུ་མཆི་བའམ། ཡུལ་མཐའ་འཁོབ་ཀྱི་ཀླ་ཀློ་རྣམས་སུ་སྐྱེ་བར་འགྱུར་བའམ། ལྷ་ཚེ་རིང་པོར་སྐྱེ་བར་འགྱུར[3]བའམ།[4] དབང་པོ་མ་ཚང་བར་འགྱུར་བ་དང་། ལོག་པར་ལྟ་བ་ཡོངས་སུ་འཛིན་པ་དང་། སངས་རྒྱས་འབྱུང་བ་ལ་མཉེས་པར་མི་བགྱིད་པའི་ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ[5]དེ་དག་ཐམས་ཅད་[6]ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་པ། སྤྱན་དུ་གྱུར་པ། དཔང་དུ་གྱུར་པ།[7] ཚད་མར་གྱུར་[8]པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་མཁྱེན་ཅིང་གཟིགས་པ་དེ་དག་གི་སྤྱན་སྔར་སོ་སོར་བཤགས་སོ། །མཐོལ་ལོ། །མི་འཆབ་བོ། །སླན་ཆད་ཀྱང་སྡོམ་པར་བགྱིའོ། །

སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། གང་བདག་གིས་སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་གཞན་དང་ཐོག་མ་མ་མཆིས་པའི་སྐྱེ་བ་ནས་

---

1 ཕྲོག་པ་- གསེར་བྲིས།
2 བསྒྲིབས་ཏེ་- གསེར། པེ།
3 འགྱུར་- གསེར་བྲིས་སུ་མི་སྣང་།
4 ལྷ་ཚེ་རིང་པོར་སྐྱེ་བའམ་- པེ།
5 སྒྲིབས་པ་- པེ།
6 དེ་ཐམས་ཅད་- པེ།
7 དཔང་དུ་གྱུར་པ།- གསེར་བྲིས།
8 ཚད་མར་གྱུར་ཏེ།- གསེར། པེ།

འཁོར་བར་འཁོར་བའི་ཚེ།[1] ཐ་ན་དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་སུ་གྱུར་པ་ལ་ཟན་ཆང་ཅིག་ཙམ་[2]སྦྱིན་པ་སྩལ་བ་དང་། ཚུལ་ཁྲིམས་བསྲུངས་པར་གྱུར་པ་དང་། གང་བདག་གིས་ཚངས་པར་སྤྱད་པར་གནས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་དང་། གང་[3]བདག་གིས་སེམས་ཅན་ཡོངས་སུ་སྨིན་པར་བགྱིས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་དང་། གང་བདག་གིས་བྱང་ཆུབ་ཀྱི་སེམས་ཀྱི་དགེ་བའི་རྩ་བ་དང་། གང་བདག་གིས་བླ་ན་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་དགེ་བའི་རྩ་བ་དེ་དག་ཐམས་ཅད་[4]གཅིག་ཏུ་བསྡུས། གཅིག་ཏུ་སྒྲུངས་བཙལ་ཏེ།[5] མངོན་པར་བསྡུས་ནས་བླ་མའི་ཡང་བླ་མ་བླ་ན་མེད་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་བྱང་ཆུབ་ཏུ་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བས་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བར་བགྱིའོ།།

ཇི་ལྟར་འདས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་ཀྱིས་ཡོངས་སུ་བསྔོས་པ་དང་། ཇི་ལྟར་མ་བྱོན་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་ཡོངས་སུ་བསྔོ་བར་འགྱུར་བ་དང་། ཇི་ལྟར་ད་ལྟར་བྱུང་བའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་རྣམས་[6]ཡོངས་སུ་བསྔོ་བ་དེ་བཞིན་དུ་[7]བདག་གིས་ཀྱང་ཡོངས་སུ་བསྔོའོ།།

སྡིག་པ་ཐམས་ཅད་སོ་སོར་བཤགས་སོ། །བསོད་ནམས་ཐམས་ཅད་ཀྱི་རྗེས་སུ་ཡི་རང་ངོ་། །སངས་རྒྱས་ཐམས་ཅད་ལ་གསོལ་བ་གདབ་བོ། །བདག་བླ་ན་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་ཅིག

---

1 འཁོར་བའི་ཚེ་ན།- ཡེ།

2 ཟན་ཆངས་གཅིག་ཙམ་- ཡེ།

3 གང་- གསེར་པེ་གཉིས་སུ་མི་སྣང་།

4 དེ་ཐམས་ཅད་- ཡེ། གསེར།

5 བཙལ་ཏེ་- ཡེ།

6 རྣམས་སུ་- གསེར།

7 བསྔོ་བ་བཞིན་དུ་- གསེར།

མི་མཆོག་རྒྱལ་བ་གང་དག་ད་ལྟར་བཞུགས་པ་དང་། །
གང་དག་འདས་པ་དག་དང་དེ་བཞིན་གང་མ་བྱོན། །
ཡོན་ཏན་བསྔགས་པ་མཐའ་ཡས་རྒྱ་མཚོ་འདྲ་ཀུན་ལ། །
ཐལ་མོ་སྦྱར་བ་[1]བགྱིས་ཏེ་སྐྱབས་སུ་ཉེ་བར་མཆི། །

(འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པ་ཞེས་བྱ་བ་ཐེག་པ་ཆེན་པོའི་མདོ་སློབ་དཔོན་ཞི་བ་ལྷས་མཛད་པའི་བསླབ་པ་ཀུན་ལས་བཏུས་པར་བཞུགས་པ་རྫོགས་སོ།།) །།

1 བར་- པེ།

སློབ་དཔོན་པེར་ཙན་རཀྵིཏས།

ཕྱིག་པ་བཤགས་དང་སངས་རྒྱས་ལ། །
གསོལ་འདེབས་བསོད་ནམས་རྣམས་ལ་ནི། །
རྗེས་ཡི་རང་རྣམས་བསོད་ནམས་ཀྱི། །
ཕུང་པོ་ཡིན་ཕྱིར་ཕུང་པོ་གསུམ། །

བསླབ་བྱ་མེ་ཏོག་གི་ཕྲེ་མ།

འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོ་བོད་ནང་ཡོངས་གྲགས་འདོན་སྒྲོལ་ཁག་ཅིག་བཞུགས་སོ།།

༄༅། །ན་མོ། བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའི་ལྟུང་བ་བཤགས་པ།[1] བདག་མིང་འདི་ཞེས་བགྱི་བ།

དུས་རྟག་ཏུ་བླ་མ་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ།[2] །
སངས་རྒྱས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
ཆོས་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །
དགེ་འདུན་ལ་སྐྱབས་སུ་མཆིའོ། །

སྟོན་པ་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་ཤཱཀྱ་ཐུབ་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་[3]རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོས་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་འོད་འཕྲོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ

---

1 འདི་ལ་བཤགས་པ་ནི་འདི་ལྟ་སྟེ- ཉེར་འཁོར་མདོ། འདི་ལ་ལྟུང་བ་བཤགས་པ་ནི་འདི་ལྟ་སྟེ- བསླབ་བཏུས།

2 ཉེར་འཁོར་མདོ་དང་བསླབས་བཏུས་གཉིས་སུ་མི་སྣང་།

3 བོད་གངས་ཅན་གྱི་ལྗོངས་སུ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོ་འདོན་སྐབས་འཕགས་པ་ཉེ་བར་འཁོར་གྱིས་ཞུས་པའི་མདོ་དང་། བསླབ་བཏུས་གཉིས་ཀྱི་ནང་བཞུགས་པ་ལྟར་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མ་སྤྱར་བར་འདོན་སྲོལ་ཞིག་དང་། རྗེ་རིན་པོ་ཆེའི་སྐབས་ནས་དར་བའི་སངས་རྒྱས་སོ་ལྔ་ཚང་མར་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྦྱར་ནས་འདོན་སྲོལ་ཁག་གཉིས་འདུག་པས་གོང་སྨོས་ཉེར་འཁོར་མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་ཀྱི་ཁུངས་གཉིས་པོ་དེར་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་བཞི་ཙམ་ལ་མ་གཏོགས་ལྷག་མ་རྣམས་ལ་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྦྱར་བ་མ་མཆིས་ཀྱང་། བཀའ་བསྟན་གཞུང་ཆེན་དུ་མ་ཞིག་ཏུ་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དེ་དག་ལས་ཕལ་མོ་ཆེར་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྦྱར་བ་སྣང་བ་དང་། རྗེའི་གཟིགས་སྣང་དུའང་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྦྱར་དགོས་པ་སྣང་བ་བཅས་ལ་བརྟེན། དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྦྱོར་དགོས་པའི་རྒྱུ་མཚན་བཅས་ཀྱི་སྒོར་རྒྱས་པ་གླེང་བརྗོད་དུ་གཟིགས་པ་འཚལ།

ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔའ་བོའི་སྡེ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔལ་དགྱེས་[1]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་མེ་[2]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་ཟླ་འོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མཐོང་བ་དོན་ཡོད་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་ཟླ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དྲི་མ་མེད་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ལ་དཔའ་བྱིན་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པས་སྦྱིན་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཆུ་ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཆུ་ལྷའི་ལྷ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དཔལ་བཟང་[3]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཙནྡན་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་འོད་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མྱ་ངན་མེད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་སྲེད་མེད་ཀྱི་བུ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མེ་ཏོག་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་བས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།། དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་པདྨའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་བས་མངོན་པར་མཁྱེན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ནོར་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དྲན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་གྲགས་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དབང་པོ

1 ལེགས་སྦྱར་མ་དཔེར་དཔའ་དགྱེས་གསལ།

2 ལེགས་སྦྱར་མ་དཔེར་རིན་ཆེན་དཔལ་གསལ་མོད་ཀྱང་སློབ་དཔོན་ཀླུ་སྒྲུབ་ཀྱི་འགྲེལ་པ་དང་བོད་འགྲེལ་ཕྱི་འགྱུར་ཡོངས་ལ་རིན་ཆེན་མེ་གསལ་བས་རང་སོར་བཞག

3 བཟངས་- ཉེར་འཁོར་མདོ།

དོག་གི་རྒྱལ་མཚན་གྱི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཤིན་དུ་རྣམ་པར་གནོན་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་གཡུལ་ལས་ཤིན་དུ་རྣམ་པར་རྒྱལ་བ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པའི་[1]དཔལ[2]ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་རིན་ཆེན་པདྨ[3]རྣམ་པར་གནོན་པ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ། །དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་རིན་པོ་ཆེ[4]དང་[5]པདྨ་ལ་རབ་ཏུ་བཞུགས་པ[6] རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ་ལ་ཕྱག་འཚལ་ལོ།།

དེ་དག་ལ་སོགས་པ་ཕྱོཀ་བཅུའི་[7]འཇིག་ཧྟེན་གྱི་ཁམས་ཐམས་ཅད་ན་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་དགྲ་བཅོམ་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་གང་ཇི་སྙེད་ཅིག་[8]བཞུགས་ཏེ་འཚོ་ཞིང་གཞེས་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་ཐམས་ཅད་[9]བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། བདག་[10]གིས་སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་[11]ཐོག་མའི་ཐ་མ་མ་མཆིས་པ་ནས་འཁོར་བ་ན་འཁོར་བའི་སྐྱེ་གནས་ཐམས་

1 པ།- ཉེར་འཁོར་མདོ།
2 དཔལ་- མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
3 པདྨས་- བསླབ་བཏུས།
4 ཆེའི་- ཉེར་འཁོར་མདོ།
5 དང་- ཉེར་འཁོར་མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་སུ་མི་སྣང་།
6 བཞུགས་དེ་- ཉེར་འཁོར་མདོ། བསླབ་བཏུས།
7 ཕྱོགས་བཅུའི་- བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
8 ཅིག་- བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
9 ཐམས་ཅད་- བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
10 གང་བདག་- བསླབ་བཏུས།
11 གཞན་དག་ཐོག་མ་མ་མཆིས་པའི་སྐྱེ་བ་ནས།- བསླབ་བཏུས།

ཅན་དུ་[1]སྡིག་པའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་བསྐུལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[2] མཆོད་རྟེན་གྱི་[3]དཀོར་རམ། དགེ་འདུན་གྱི་དཀོར་རམ་ཕྱོགས་བཅུའི་[4]དགེ་འདུན་གྱི་དཀོར་ཕྲོགས་པ་དང་། འཕྲོག་ཏུ་བཅུག་[5]པ་དང་། འཕྲོག་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[6] མཚམས་མ་མཆིས་པ་ལྔའི་[7]ལས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་བསྐུལ་བ་དང་། བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[8] མི་དགེ་བ་བཅུའི་ལས་ཀྱི་ལམ་ཡང་དག་པར་བླང་བ་ལ་ཞུགས་པ་དང་། འཇུག་ཏུ་བསྐུལ་བ་དང་། འཇུག་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བའམ།[9] ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་གང་གིས་བསྒྲིབས་ནས་བདག་[10]སེམས་ཅན་དམྱལ་བར་མཆི་བའམ། དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་སུ་[11]མཆི་བའམ། ཡི་དྭགས་ཀྱི་ཡུལ་དུ་མཆི་བའམ།[12] ཡུལ་མཐའ་

---

1 སྐྱེ་བ་གཞན་དག་ཏུ།- ཉེར་འཁོར་མདོ།
2 རྗེས་སུ་ཡི་རང་དང་།- བསླབ་བཏུས།
3 མཆོད་རྟེན་གྱི་དང་། དགེ་འདུན་གྱི་དང་། ཕྱོགས་བཞིའི་དགེ་འདུན་གྱི་ནོར་ཕྲོགས་པ་དང་།- བསླབ་བཏུས།
4 ཕྱོགས་བཞི་- ཉེར་འཁོར་མདོ། བསླབ་བཏུས།
5 འཕྲོག་ཏུ་སྐུལ་བའམ།- ཉེར་འཁོར་མདོ། བསླབ་བཏུས།
6 རྗེས་སུ་ཡི་རང་བར་གྱུར་པ་དང་།- བསླབ་བཏུས།
7 ལྔའི་- བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
8 ཡི་རང་བར་གྱུར་པ་དང་།- བསླབ་བཏུས།
9 ལས་ཀྱི་ལམ་བཟུང་སྟེ་སྤྱོད་པ་དང་། སྤྱོད་དུ་སྐུལ་བ་དང་། རྗེས་སུ་ཡི་རང་བར་གྱུར་པ་དང་།- བསླབ་བཏུས།
10 བདག་- བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།
11 དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་དང་།- བསླབ་བཏུས།
12 གཤིན་རྗེའི་ཡུལ་དུ་མཆི་བའམ།- བསླབ་བཏུས།

འཁོབ་ཏུ་སྐྱེ་བའམ། ཀླ་ཀློར་སྐྱེ་བའམ།[1] ལྷ་ཚེ་རིང་པོ་རྣམས་སུ་[2]སྐྱེ་བའམ།[3] དབང་པོ་མ་ཚང་བར་འགྱུར་བའམ།[4] ལྟ་བ་ལོག་པར་[5]འཛིན་པར་འགྱུར་བའམ།[6] སངས་རྒྱས་འབྱུང་བ་ལ་མཉེས་པར་མི་བགྱིད་པར་འགྱུར་བའི་ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་གང་ལགས་པ་དེ་དག་ཐམས་ཅད་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་པ།[7] སྤྱན་དུ་གྱུར་པ། དཔང་དུ་གྱུར་པ། ཚད་མར་གྱུར་པ། མཁྱེན་པས་[8]གཟིགས་པ་དེ་དག་གི་སྤྱན་སྔར་མཐོལ་ལོ། །འཆགས་སོ།[9] །མི་འཆབ་བོ། །མི་སྦེད་དོ།[10] །སླན་ཆད་ཀྱང་གཅོད་ཅིང་[11]སྡོམ་པར་བགྱིད་ལགས་སོ།།[12]

སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་དེ་དག་ཐམས་ཅད[13]བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། བདག་གིས་[14]སྐྱེ་བ་འདི་དང་། སྐྱེ་བ་ཐོག་མའི་ཐ་མ་མ་མཆིས་པ་

---

1 ཡུལ་མཐའ་ཁོབ་ཀྱི་ཀླ་ཀློ་རྣམས་སུ་སྐྱེ་བར་འགྱུར་བའམ།- བསླབ་བཏུས།

2 ལྷ་ཚེ་རིངས་པོ་རྣམས་ཀྱི་ནང་དུ་- ཉེར་འཁོར་མདོ།

3 ལྷ་ཚེ་རིང་པོར་སྐྱེ་བར་འགྱུར་བའམ།- བསླབ་བཏུས།

4 འགྱུར་བ་དང་།- བསླབ་བཏུས།

5 ལོག་པ་- ཉེར་འཁོར་མདོ།

6 ལོག་པར་ལྟ་བ་ཡོངས་སུ་འཛིན་པ་དང་།- བསླབ་བཏུས།

7 མི་བགྱིད་པའི་ལས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་དེ་དག་ཐམས་ཅད་ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་པ།- བསླབ་བཏུས།

8 མཁྱེན་པ་- ཉེར་འཁོར་མདོ།

9 ཚད་མར་གྱུར་པའི་སངས་རྒྱས་བཅོམ་ལྡན་འདས་མཁྱེན་ཅིང་གཟིགས་པ་དེ་དག་གི་སྤྱན་སྔར་སོ་སོར་བཤགས་སོ།།- བསླབ་བཏུས།

10 མི་སྦེད་དོ། །མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་གཉིས་སུ་མི་གསལ་ནའང་སློབ་དཔོན་ཀླུ་སྒྲུབ་ཀྱི་འགྲེལ་པར་གསལ་བས་རང་སོར་བཞག

11 གཅོད་ཅིང་- མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།

12 སླན་ཆད་ཀྱང་སྡོམ་པར་བགྱིའོ།- བསླབ་བཏུས།

13 ཐམས་ཅད་- ཉེར་འཁོར་མདོ་དང་བསླབ་བཏུས་སུ་མི་གསལ།

14 གང་བདག་གིས་- བསླབ་བཏུས།

ནས་འཁོར་བ་ན་འཁོར་བའི་[1]སྐྱེ་གནས[2]གཞན་དག་ཏུ་སྲིན་པ་ཐ་ན་དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས་སུ་སྐྱེས་པ་ལ་ཟས་ཁམ་གཅིག་ཙམ་བསྩལ་བའི་[3]དགེ་བའི་རྩ་བ[4] གང་ལགས་པ་དང་།[5]བདག་གིས་ཚུལ་ཁྲིམས་བསྲུངས་བའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་།[6] བདག་གིས་ཚངས་པར་སྤྱོད་པའི་[7]དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་།[8] བདག་གིས་[9]སེམས་ཅན་ཡོངས་སུ་སྨིན་པར་བགྱིས་པའི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ[10] དང་། བདག་གིས་བྱང་ཆུབ་མཆོག་ཏུ་སེམས་བསྐྱེད་པའི[11]དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་དང་།[12] བདག་གིས་ [13]བླ་ན་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་དགེ་བའི་རྩ་བ་གང་ལགས་པ་[14]དེ་དག་ཐམས་ཅད་གཅིག་ཏུ་བསྡུས་ཤིང་བཟླུམས་ཏེ་བསྡོམས་ནས་བླ་ན་མ་མཆིས་པ་དང་། གོང་ན་མ་མཆིས་པ་དང་། གོང་མའི་ཡང་གོང་མ་བླ་མའི་ཡང་བླ་མར་[15]ཡོངས་སུ་བསྔོ་བས་བླ་ན་མེད་པ་ཡང་དག་པར་རྫོགས་པའི་བྱང་ཆུབ

---

1 སྐྱེ་བ་གཞན་དང་ཐོག་མ་མ་མཆིས་པའི་སྐྱེ་བ་ནས་འཁོར་བར་འཁོར་བའི་ཚེ།- བསླབ་བཏུས།

2 སྐྱེ་བ- ཉེར་འཁོར་མདོ།

3 སྩལ་བ- ཉེར་འཁོར་མདོ།

१. द्र० (क) शान्तिदेव, शिक्षासमुच्चये उद्धृतम्, पृ० १८२ मिथिलाविद्यापीठप्रकाशितम् १९६०
(ख) तोहोकू–145 देगे–काग्युर दोदे 'पा' पृ० ७४ख

दोषकारणानि **आनन्तर्यकर्माणि** इत्यादि । यैः पितृघातादीनि कृतानि इत्यादीनि तावत् तीव्रदुःखानुभवे अवीचिनरके पतितसत्त्वेभ्यः नरकान्तरीयदुःखेभ्यो विशिष्टदुःखकारणात् जन्मान्तरालाभावकारणाच्च **आनन्तर्याणि** इति । अत इमानि आत्यन्तिकदुःखदोषकारणानीत्य-भिधीयन्ते । सर्ववस्तुसङ्गृहीतानि अकुशलानि **दशाकुशलानि** इत्यादि । तिसृषु दुर्गतिषु यथायोग्यं भोगायतनादिसर्ववस्तुविपाकानां कर्माणि । यथा—प्राणातिपातादीनि त्रीणि कायाश्रितानि, मृषावादादीनि चत्वारि वागाश्रितानि तथा व्यापादादीनि चित्ताश्रितानि । एभिस्त्रिभिः सर्ववस्तुसङ्ग्रहो **अकुशलकर्मपथसङ्ग्रहः** इति । तदितरं तदनुरूपम् आवरणं कर्मावरणमित्यादि । तान्यपि कृतानि स्व-परार्थसाधनेऽसमर्थकराणि व्यवहितजन्मग्राहकाणि च भवन्ति, यथोक्तम् :

> नरकप्रेततिर्यञ्चो म्लेच्छासंज्ञिकनिर्जराः ।
> मिथ्यादृग्बुद्धनिःश्रद्धौ मूकताऽष्टाक्षणाः स्थिताः[१] ॥

---

१. द्र0—बोधिचर्यावतारपंजिका, प्रज्ञाकरमतिकृता, पृ0 ५ (मिथिला—सस्करण १९६०) ।
के तावदष्टौ अक्षणाः इत्यस्मिन् विषये बहुविधा गणनाप्रक्रिया समुपलभ्यते । जिज्ञासुभिरधोलिखितानि स्रोतास्यवलोकनीयानि—

१. आर्य विनयविनिश्चय—उपालिपरिपृच्छा नाम—महायानसूत्र, देगे ६८. कोनचेग 'च' पुट्, पृ. १२0ख;
२. समन्तभद्र—साधनावृत्ति., देगे. १८६७, तन्त्र, 'दी' पुट् पृ १४१ख;
३. श्रीसमन्तभद्र—साधनावृत्ति., देगे. १८६८, तन्त्र, 'दी' पुट् पृ. १८९ख;
४. चतुरंगसाधनाटीका—सारमञ्जरीनाम, देगे. १८६९, तन्त्र, 'मी' पुट् पृ. ३क;
५ आर्य नामसगीतिटीका—मन्त्रार्थावलोकिनीनाम,देगे. २५३३, तन्त्र, 'खु' पुट् पृ. १0९क;
६. आर्य मञ्जुश्री नामसगीतिटीका, देगे. २५३४, तन्त्र, 'खु' पुट् पृ २९३ख, २९८ख;
७ बोधि पद्धति नाम, देगे. ३७६६, तन्त्र, 'छु' पुट् पृ. ११९ख;
८ आर्य—पञ्चविंशति—साहस्रिका—प्रज्ञापारमितोपदेशशास्त्र—अभिसमयालकार—वृत्तिः, देगे. ३७८७ शेरछिन, 'क' पुट् पृ. १४७ख;
९. आर्य अष्टसाहस्रिका—प्रज्ञापारमिता—व्याख्या—अभिसमयालंकारालोक—नाम, देगे ३७९१, शेरछिन, 'छ' पुट् पृ. २४८क;

एतदुत्पादकारणानि गम्भीरधर्मपरित्यागः, सूक्ष्मापत्तिभ्योऽपि अनपत्राप्यम्, सम्पत्तिष्वभिष्वङ्गः, मात्सर्यादिष्वनुरागणाद् अल्पमात्रमपि

---

१०. अभिसमयालंकार–वृत्तिः–कीर्तिकला–नाम, देगे. ३७९९, शेरछिन, 'ञ' पुद् पृ. २३४क;
११. आर्य–अष्टसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता वृत्तिः–मर्मकौमुदी–नाम, देगे. ३८०५, शेरछिन, 'द' पुद् पृ. १५३ख;
१२. शतसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता वृत्ति· वृहद्टीका, देगे. ३८०७, शेरछिन, 'न' पुद् पृ. १९ख;
१३. शतसाहस्रिका–पंचविशतिसाहस्रिका–अष्टसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता बृहद्टीका, देगे. ३८०८, शेरछिन, 'फ' पुद् पृ. २९क;
१४. मध्यमकहृदयवृत्ति·–तर्कज्वाला, देगे. ३८५६, उमा, 'ज़' पुद् पृ. ४९क;
१५. बोधिचर्यावतारपञ्जिका, देगे. ३८७२, उमा, 'ल' पुद् पृ. ४५क;
१६. बोधिसत्त्वचर्यावतारपञ्जिका, देगे. ३८७५अ, उमा, 'श' पुद् पृ. ९७क;
१७. बोधिचर्यावतार–तात्पर्य–पञ्जिका–विशेषद्योतनी–नाम, देगे. ३८८०, उमा, 'श' पुद् पृ. १९७ख;
१८. मुनिमतालंकारः, देगे. ३९०३, उमा, 'अ' पुद् पृ. २३०ख;
१९. सूत्रसमुच्चयः, देगे. ३९३४, उमा, 'की' पुद् पृ. १४९ख;
२०. सूत्रसमुच्चय–भाष्य–रत्नालोकालंकार–नाम, देगे. ३९३५, उमा, 'की' पुद् पृ. २२२ख, २२४ख;
२१. शिक्षाकुसुम–मञ्जरी–नाम, देगे. ३९४३, उमा, 'खी' पुद् पृ. २१६क;
२२. आर्य–अक्षयमतिनिर्देशटीका, देगे. ३९९४, दो–डेल 'ची' पुद् पृ. २७ख;
२३. बोध्यापत्तिदेशनावृत्तिः, देगे. ४००५, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १८५ख;
२४. बोध्यापत्तिदेशनावृत्तिः–बोधिसत्त्वशिक्षाक्रमः, देगे. ४००६, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १९०क;
२५. कर्मावरण–विशोधन–विधि–भाष्य–नाम, देगे. ४००७, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १९५ख;
२६. आर्य सर्वास्तिवादी–मूलभिक्षुणी–प्रतिमोक्षसूत्र–वृत्तिः, देगे. ४११२, विनय 'चु' पुद् पृ. १२क;
२७. अष्टाक्षणकथा, देगे. ४१६७, टियिग्, 'गे' पुद् पृ. १७५क;
२८. सुभाषित रत्नकरण्डक कथा, देगे. ४१६४, टिंयिग्, 'गे' पुद् पृ. १७९क;
२९. सुहृल्लेख रत्नकरण्डककथा, देगे. ४१८२, टिंयिग्, 'ङे' पुद् पृ. ४३ख;
३०. व्यक्तपादसुहृल्लेखटीका, देगे. ४१९०, टिंयिग्, 'ङे' पुद् पृ. ९६ख;
३१. महाव्युत्पत्ति, देगे. ४३४६, न–छोग, 'चो' पुद् पृ. ४५क ।
३२ नागार्जुनविरचित· धर्मसंग्रहः, पृ० ८१ तिब्बतीसंस्थान, १९८८ ।

उपरिलिखितानि स्रोतांसि भारतीयपण्डितैर्विरचिताभ्यष्टीकाभ्य· संकलितानि । भोटपण्डितैर्विरचितेषु ग्रन्थेषु त्वनेकानि स्रोतांसि सन्ति ।

दानमकृत्वा सञ्चयनम्, बुद्धादीनाम् अनादरः, उपायकौशल्याभावाद् असंज्ञिसमापत्तिमनसिकारः, परेषां **चक्षुरिन्द्रियविकलता**पादनम्, **मिथ्यादृष्ट**याभिमुख्यम्, प्रणिधानानभ्यासः, यथायोग्यानि अन्यानि असंख्यानि अतिसूक्ष्माणि तानि सर्वाणि भवन्तीति । तानि वस्तूनि कथं देशितानीति **बुद्धानां भगवताम्** इत्यादि । बुद्धा हि साक्षात्कृत्य प्रतिदेशयन्ति तदनन्तरं संवरः । **ज्ञानभूतानाम्** इति यथावदाकाराः परमार्थाः, यावन्तः स्वभावाः सांवृतिकाः सर्वज्ञतास्वरूपाः । **चक्षुर्भूतानाम्** इति पञ्चचक्षुर्विशुद्ध्या ज्ञानम् । **साक्षिभूतानाम्** इति अशेषाणामर्थानाम् अविपर्यस्तं ज्ञानम् । **प्रमाणभूतानाम्** इति साक्षिभूतानामिति । **'अवबोधनात्'** ज्ञानम् । **दर्शनं** तु तेषां चक्षुःसम्मुखीभावः । अथवा षडभिज्ञायोग इति केचित् । **प्रतिदेशनम्** इति तु स्वयं मयैवं कृतमिति वाचाभिधानम् । अनेकविधान् दोषान् दृष्ट्वा तान् चित्तप्रतिकूलांश्च गृहीत्वा स्वदोषाविष्करणं **प्रतिदेशना** । **अप्रतिच्छादनं तु** स्वकृतपापानि माऽन्ये जानीयुरिति विचिन्त्य तदुपायमनसिकरणम् । **आयत्यां संवरम्** इति प्रतिपक्षमुपादाय पूर्वकम् अननुसृत्य सन्तति-विच्छेदापादनम् । एभिः सर्वैः स्वकृत- सञ्चितपापकर्मणां प्रहायकानि चतुर्बलान्यपि प्रदर्शितानि भवन्ति, (**यथा–**) आश्रयबलम्, विदूषणाबलम्, प्रतिपक्षसमुदाचारबलम्, प्रत्यापत्तिबलं च । अत्र तानि दोषप्रतिदेशनाश्रयाणि त्रिरत्नानि तथागतांश्च शरणं गच्छति । नमस्करणम् आश्रयबलम्, कृतप्रकारान् विमृशन् तांश्च अनेकविधदोषजनकान् इति मनसि निधाय स्वयमहं दोषभागित्यावेदनं विदूषणाबलम्, तत्तत्प्रतिपक्षान् मनसि कृत्वा तत्पुनरप्रत्यागमनं प्रतिपक्षसमुदाचारबलं प्रत्यापत्तिबलं च । एतानि चत्वारि बलानि मनसि कुर्वन् हृदन्तेन पठनात् कर्मावरणानि सर्वथा तनूभवन्तीति, **यथोक्तम्**[१]— यथा "चतुर्भिर्मैत्रेय, धर्मैः कृतोपचितं पापमभिभवति ।

---

१. शिक्षासमुच्चय. पृ० ८९, तोहोकू–चतुर्धर्मनिर्देशसूत्रम् 249 देगे–काञ्जुर–दोदे–५९ क।

कतमैश्चतुर्भिः ? यदुत आश्रयबलं विदूषणाबलं प्रतिपक्ष-समुदाचारबलं प्रत्यापत्तिबलं च" । अतः यो बोधिसत्त्वः पापकर्माण्यभिभवितुमिच्छति, तेन सूत्रमिदं बहुलं मनसिकर्तव्यं वाचयितव्यञ्च इत्युक्तम् । एवं कर्मावरणानि प्रतिदेश्य सम्प्रति स्वकृतेषु कुशलमूलेषु सम्यक्परिणामनया अपरिगृहीतेषु निष्फलानि हीनफलानि स्युरिति भवसागरोत्तरणाय कुशलानि परिणामयेत् । यथा आकरोद्धृतं स्वर्णपिण्डं कुशलकर्मकारेण अलङ्काररूपतया परिणामितं स्व-परोभयकृते हितकरं भवति, तथा यथेष्टफलदायकानि भवन्ति । अत्र येषां समक्षं परिणामयितव्यं तत्र प्रार्थनं **बुद्धाः** इत्यादि । परिणामनाकर्मणि कानि कुशलानि ? **मया** इत्यादि । **माम्** इति तु पूर्ववत् ।

त्रिविधो भवति कुशलानां स्वभावः— दानमयः शीलमयः भावनामयश्च । दानमयं[१] तावत् **दानं.....अन्तशः** इत्यादि । योग्यपात्राय धर्मदानं प्रणीतदानम्, भीतेभ्यः अभयदानम्, मैत्रीदानम्[२], आमिषदानं चक्षुरादिवस्त्वारभ्य समस्तपरित्यागः, विशिष्टजनेभ्यः बाह्यसत्त्वान्तर्गतपुत्रादिपरित्यागः, तदतिरिक्तं चतुर्द्वीपादिपारित्यागश्च, सम्पूर्णं राज्यं राज्यार्धं वा,राष्ट्रं जनपदः नगरादीनि[३] खाद्यपेयादीनि इत्येतेषां परित्यागः, अन्तशस्तिर्यग्योनिगतेभ्यः कवलैकग्रासमात्रं खाद्यदानं यावत् क्षेत्राणि वस्तूनि चातिहीनानि ।

---

१. बोधिसत्त्वपिटकम्, देगे-संस्करण ५६ सूत्रं 'कोनछेग' 'ग'-पुटे, १७३ 'क' ।

२. सामान्यतया त्रीणि दानानि परिदृश्यन्ते, किन्त्वत्र चत्वारि कथितानि । सूत्रेऽप्येवं प्राप्यते । द्र०-आर्यताराकुरुकुल्लाकल्पः, देगे-संस्करणं ४३७ सूत्रं, 'तन्त्रम्' 'च'-पुटे-पृ० ३७ 'ख' ५ ।

३. राज्यं त्यजिष्ये तथपि च राजधानी
हिरण्य सुवर्ण तथ मणिमुक्तरत्नान् ।
घातेयमात्मा स्वय शास्त्र गृह्य
निहीनकर्मास्मिह बालबुद्धिः ॥ द्र०-समाधिराजसूत्रं, पृ० २४० मिथिलासंस्करणं १९६१; देगे-संस्करणं १२७ सूत्रं 'द'-पुटे, अध्याय ३६, पृ० १३४ 'ख' ।

शीलमयं कुशलं सर्वेषु यानेषु प्रातिमोक्षसंवरसंगृहीतम् । उपसम्पदाम् आदाय उपासकपर्यन्तं शीलसामान्यसंरक्षणं विद्यते । प्रव्रज्यापन्नं तु ब्रह्मचर्यमात्रे स्थितम् । बोधिसत्त्वेष्वेव सत्त्वपरिपाकोऽधिकृतः । बोधिचित्तं कुशलमूलम् । प्रयोगैः सत्त्वपरिपाकः, आशयैश्च बोधिचित्तापरित्याग एव बोधिसत्त्वानां परिशुद्धं शीलम् । अन्यथा दश कुशलकर्मपथाः कल्पकोटिपर्यन्तं अकुशलावसराप्रदानेनापि विशुद्धानि शीलानीति कथयितुं न युज्यते । एवंविधैः आशयप्रयोगैः वीर्ये सम्पादिते सति पञ्चकामगुणसहितमपि आचरणं विशुद्धं शीलमित्युच्यते ।

यथोक्तं भगवत्याम् :

यदि पञ्च कामगुण भुञ्जति बोधिसत्त्वो
बुद्धं च धर्म शरणागतु आर्यसङ्घम् ।
सर्वज्ञता च मनसी भविष्यामि बुद्धो
स्थितु शीलपारमित वेदयितव्य विज्ञो ॥

यदि कल्पकोटि दशभी कुशलैः पथेभि-
श्चरमाणु प्रत्ययरहत्त्वस्पृहां जनेति ।
तद् खण्डशीलु भवते अपि छिद्रशीलो
पाराजिको गुरुतरो अयु चित्तुपादो[१] ॥

इदमपि परार्थस्यैव प्रधानत्वात् प्रामुख्येन निर्धारितं तथाऽपि न तावत् स्वार्थस्य (सर्वथा) निषेधः ।

.

भावनामयं तावत् कुशलमूलम् अनुत्तरज्ञानमुच्यते । सर्वाकारज्ञतैव अनुत्तरज्ञानमिति । इदं तज्ज्ञानं यत् संवृतिसंगृहीत-

---

१. रत्नगुणसञ्चयगाथा, २८२-२८३ का०, महायानसूत्रसङ्ग्रहः, प्रथमो भागः, पृ० ३९३ (मिथिलाविद्यापीठप्रकाशितः १९६०) तोहोकू १३ देगे काञ्जुर 'क' पृ० १८ ख

यावत्परमार्थसंगृहीतयथावत्स्थितसर्वज्ञत्वं सर्वश्रावकादिप्रतिविशिष्टम् । अस्य स्वभावशून्य–मायोपमधर्मभावनामयरूपत्वात् तदभ्यासातिशये सति सर्वप्रपञ्चानां समुच्छेदो जायते, (तदा) स्पष्टं निःस्वभावतायाः प्रस्फुटीभावेन किञ्चिदप्युपलम्भाभावनयेन सर्वधर्मस्वभावशून्यतां यथावद् विषयीकरोति । मायानिभानर्थान् आकाशसमान् विषयान् हेतुफलसंगृहीतान् सर्वधर्मान् करतलगतामलकसदृशान् आवरणमलप्रहाणेन साक्षात्करोतीति । अत एवाचार्य**शान्तिदेवेन** अप्युक्तम् :

क्लेशज्ञेयावृतितमःप्रतिपक्षो हि शून्यता ।
शीघ्रं सर्वज्ञताकामो न भावयति तां कथम्[१] ॥

इत्येवं शून्यताभावना सर्वज्ञज्ञानस्य हेतुरित्युक्ता । एवमेव दान–शील–भावनामयाः सर्वे परिणामयितव्याः ।

कथं परिणामना कर्त्तव्येति ? परिणामनाप्रकारस्तु **ऐकध्यं....... अभिसंक्षिप्य** इत्यादि । तेषु सर्वेषु बुद्ध्या पिण्डीकरणेन अन्येभ्यो वैशिष्ट्यम् । **ऐकध्यं सङ्क्षिप्य** इति स्वस्वरूपेण । **तुलयित्वा** इति क्रियया । **सङ्क्षिप्य** इति सामर्थ्येन। 'अनुत्तरादित्रीणि' श्रावक–प्रत्येकबुद्ध–बोधिसत्त्वविशिष्टानि । एवं हि परिणामयितव्यम् । कीदृश्यां परिणामनायां ? **अनुत्तरायाम्** इत्याद्यवस्थायामिति । केन प्रकारेण (उपायेन) परिणामना ? **'यथा'** इत्यादि । **अतीतादि** परिणामनावत् । तदपि यथा **बुद्धा भगवन्तः** कुशलमूलानि तत्त्वतोऽसत्यानीति जानन्तोऽपि तानि सम्मुखीकृत्य यैः कुशलमूलपरिणायकैश्चितैः यस्यां परिणामना क्रियते (तस्यां) अनुत्तरबोधिावपि परमार्थतः निमित्तोद्ग्रहणलेशमपि अकृत्वा सत्त्वेभ्यः अनुत्तरबोधये परिणामयन्ति, तथैव अहमपि परिणामयामीति । अथवा

---

१. द्र0–शान्तिदेव., बोधिचर्यावतार· ९ ५५ पृ0 २११ (मिथिलाविद्यापीठप्रकाशितः १९६0)

तेन प्रकारेण (उपायेन) स्वयं साक्षात्कर्तुम् असमर्थत्वेऽपि यथा भगवता बुद्धेन कुशलमूलानि परिणामितानि, तथा अहमपि तानि कुशलमूलानि परिणामयामीत्येवंविधा परिणामना बुद्धप्रदत्तोपायसहिता परिणामना।

एवं पापदेशनायाः कुशलपरिणामनायाः कथनानन्तरं महोबोधिप्रापकान् उपायान् सङ्क्षेपेण कथयितुं **सर्वं पापं प्रतिदेशयामि** इत्यादि। भवचारके परिभ्रमतां महाबोधेः अनधिगमकारणं तावत् स्वकृतपापकर्मसञ्चयः, परकीयकुशलेषु द्वेषः, बुद्धशासनाभावः, तस्य लोके चाविद्यमानत्वम्, विपरीतप्रणिधानम्, बुद्धानादरः, तच्छरणराहित्यम् इतीमे दोषाः। क्रमशः पापदेशनादिकरणेन महाबोधिः प्राप्यते। अतः **आचार्य–वसुबन्धुनाऽप्युक्तम्** [१]–'महाबोधिप्राप्तिहेतोः **सर्वं पापं प्रतिदेशयामि, सर्वं पुण्यमनुमोदयामि, सर्वान् बुद्धानध्येष्यामि, भवतु मे ज्ञानमनुत्तरम्** इति। पूर्वोक्तैश्चतुर्बलैः स्वकृतानां सञ्चितपापानां देशनया सास्रवानास्रवकुशलचिकीर्षया च सातिशया मुदिता प्राप्यते। यो हि भगवान् बुद्धः धर्मचक्रप्रवर्तनाय अनभिलाषुकः, अल्पोत्सुकस्तथा महापरिनिर्वातुकामश्चेत्यतः जगदर्थं धर्मचक्रप्रवर्तनाय (प्रार्थनं) अपरिनिर्वृत्तः सन् असंख्यान् कल्पान् स्थितये अध्येषणम्, यानि यानि कुशलानि आचरितानि तेषामहम् उत्तमसर्वाकारज्ञता–ज्ञानाय (परिणामनं) करोमि। बुद्धान् प्रति अञ्जलिकरणं वन्दना। शरणोपगमनं तु सर्वभयत्रातुर्ग्रहणमित्यत एतद् बुद्धेष्वादरभावेन सह शरणग्रहणमेव। एभिः सूत्रान्तरेषु त्रिस्कन्धेति नाम्ना निर्निष्टान्यपि संगृह्यन्ते। पापदेशना तावत् देशनास्कन्धः, कुशलमूलपरिणामनं

---

१. त्रिस्कन्धसूत्रे मन्यते वसुबन्धोरपि काचित् टीका स्यात्, तत्रत्यान्येवेमानि वचनानि, किन्तु संस्कृते सा नोपलभ्यते, नापि भोटभाषायामप्यनूदितेति। मया टीकेयं भूरिशोऽन्विष्टा, किन्तु तादृशी टीका कुत्रापि नोपलब्धा। उपर्युक्तोद्धरणे 'महाबोधिप्राप्तिहेतोः' इदं वचनं विहाय अवशिष्टोंऽश सूत्रे प्राप्यते। अतो नास्त्यस्य उद्धरणस्य किमपि वैशिष्ट्यम्।

परिणामनास्कन्धः, महाबोधिप्राप्त्युपायभूता पापदेशना, अनुमोदना परिणामनाङ्गं भवति, यतो हि अनुमोदनया कुशलमूल- परिणामना निष्पद्यते, याचनैव याचनास्कन्धः । प्रणिधानमपि परिणामनारूपमेव । वन्दना शरणग्रहणं च आश्रयबलं संवर्तते । इदं तावत् पापदेशनास्कन्धान्तर्गतं भवति । एतेषां निरन्तरं नक्तं दिवा त्रिः मनसिकरणेन बोधिसत्त्वः सर्वाणि कर्मपथावरणानि प्रहाय इष्टफलं साक्षात्करोतीति । अत एतदर्थं यत्न आस्थेयः । **आचार्य-शान्तिदेवेनाप्युक्तम्** :

रात्रिन्दिवं च त्रिस्कन्धं त्रिष्कालं च प्रवर्तयेत् ।
शेषापत्तिशमस्तेन बोधिचित्तजिनाश्रयात्[१] ॥

यथा बोधिसत्त्वानां कर्मावरणानि अनेन परिशोध्यन्ते, तथा अन्यापत्तयोऽपि धर्मानुसारं प्रत्यापाद्येरन् । शेषाणि कर्मावरणानि अनेनैव परिशोधनीयानि भवन्ति । अन्योऽपि यः कश्चन कर्मावरण-क्षयमिच्छेत्, तेन अस्मिन्नेव यत्नः करणीयः । एवं कर्मावरणानि क्षीयन्ते । भगवान् खलु बुद्धः सर्वान् दोषान् समुन्मूल्य अभ्रान्तमवबुध्य ज्ञानवान् महाकारुणिकः परदुःखापनयनाभिलाषी महात्मा, अतो नात्र मनागपि संशयः कार्यः, यतः असम्भवा अनृता वाक् ।

अगोचरे महेच्छेभ्यः यत्नमास्थितावानहम् ।
परात्महितबुद्ध्यैव क्षम्यतामेष साधुभिः[२] ॥

---

१. शान्तिदेव, बोधिचर्यावतार ५-९८ पृ०-७५ (मिथिलाविद्यापीठप्रकाशितः १९६०)

२. तु०- तथाप्यगोचरीभूते यत्नमास्थितवानहम् ।
परात्महितबुद्ध्यैव क्षम्यतामेष साधुभिः ॥
-स्फुटार्था, अभिसमयालङ्कारवृत्ति, हरिभद्रविरचिता, परिणामना, पृ०९४ (केन्द्रीयोच्चतिब्बतीशिक्षासंस्थानम् १९७७) ।

एतत्कृतेषु यत्पुण्यं लब्धं समयवज्रतः ।
तेनाशेषं जगद् भूयाद् घोरयाऽविद्या विना ॥

आचार्यदीपङ्करश्रीज्ञान-विरचितं कर्मावरणविशोधनविधिर्नाम भाष्यं समाप्तम् ।

तेनैव पण्डितेन लोचावा (लोकचक्षुषा) छुलठिम ज्ञल-वा-भिक्षुणा (शीलविजयेन) अनूदितम् ।

•

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र[1]

यहाँ यह (आपत्ति)[2] देशना इस प्रकार है[3]– मैं अमुक नामवाला बुद्ध की शरण में जाता हूँ। धर्म की शरण में जाता हूँ और संघ की शरण में जाता हूँ[4]। [5]तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध[6] शाक्यमुनि को नमस्कार। व्रजगर्भ[7] प्रमर्दिन् को नमस्कार। रत्नार्चिष् को नमस्कार। नागेश्वरराज को नमस्कार।

---

१. भोट भाषा में आर्य त्रिस्कन्धसूत्र के नाम से दो अलग–अलग अनुवाद उपलब्ध हैं, इसमें एक लघु (संक्षिप्त) एवं एक विस्तृत ग्रन्थ। बड़ा ग्रन्थ देगे संस्करण की सूत्रसंख्या २८५ में उपलब्ध है। इस सूत्र का लघु अर्थात् संक्षिप्त ग्रन्थ स्वतन्त्र रूप से प्राप्त नहीं है। यह ग्रन्थ रत्नकूट वर्ग के अन्तर्गत आर्यविनयविनिश्चय–उपालिपरिपृच्छासूत्र के अन्तर्गत में स्थित है, यह सूत्र वर्तमान में संस्कृत में अप्राप्त है मात्र भोट अनुवाद प्राप्त होता है। परन्तु यह लघु आर्यत्रिस्कन्धसूत्र आचार्य शान्तिदेव कृत शिक्षा समुच्चय में पूर्ण रूप में उद्धृत है। तदनुसार प्रस्तुत सूत्र शिक्षा समुच्य से लिया गया है।

भोट देश में लघुत्रिस्कन्ध सूत्र की पाठ–विधि के बारे में दो अलग मत है। गेलुग सम्प्रदाय के अतिरिक्त अन्य तीनों सम्प्रदायों के अनुयायियों का मानना है कि इस सूत्र का पाठ यथासूत्र (सूत्र के अनुसार) ही किया जाना चाहिए। परन्तु गेलुग सम्प्रदाय के अनुयायियों की मान्यता इससे कुछ भिन्न है। उनके अनुसार चोङखा–पा जी ने साष्टाग प्रणाम के साथ–साथ इस सूत्र का पाठ किया, फलस्वरूप उन्हे ३५ तथागतों के दर्शन हुए किन्तु सभी के मुखमण्डल गायब थे। उन्हे बहुत आश्चर्य हुआ। पश्चात् सभी बुद्धों के प्रारम्भ में तथागत जोड़कर सूत्रपाठ करने पर उन्हें सभी तथागतों के पूर्णकायों का दर्शन प्राप्त हुआ। तबसे लेकर गेलुग सम्प्रदाय के अनुयायियों में इस सूत्र का पाठ करते समय प्रारम्भ में तथागत को जोड़ने की प्रथा चल पड़ी।

२. सभी भोट पाठ में 'आपत्ति' उपलब्ध है परन्तु उपलब्ध सस्कृत पाठ (शिक्षासमुच्चय) में उपलब्ध नहीं है।

३. सर्वत्र भोट सस्करणों में सूत्र के प्रारम्भ में "नमो बोधिसत्त्व–आपत्तिदेशना" कहकर सूत्र को प्रणाम किया गया है। यह भोट ग्रन्थकारों की अपनी शैली है। तत्पश्चात् "आपत्तिदेशना इस प्रकार है" ऐसा कहा गया है।

४. संस्कृत पाठ में त्रिशरणगमन की ही चर्चा है किन्तु भोट अनुवाद में त्रिशरणगमन के पूर्व एक और "गुरुशरणगमन" अधिक जोड़ा गया है इस प्रकार भोट सस्करण में चार शरणगमन उल्लिखित हैं।

५. संस्कृत पाठ में "शास्ता भगवान्" प्राप्त नहीं है भोट पूजा–पुस्तकों के पाठ में "शास्ता भगवान्" अधिक है।

६. "सम्यक्सम्बुद्धा भगवन्तः", भोट पाठ, संस्कृत में भगवन्तः" अनुपलब्ध है।

७. सभी भोट पाठ में उपलब्ध है।

वीरसेन को नमस्कार। वीरनन्दिन् को नमस्कार। रत्नाग्नि[1] को नमस्कार। रत्नचन्द्रप्रभ को नमस्कार। अमोघदर्शिन् को नमस्कार। रत्नचन्द्र को नमस्कार। निर्मल[2] को नमस्कार। शूरदत्त को नमस्कार। ब्रह्मन् को नमस्कार। ब्रह्मदत्त को नमस्कार। वरुण को नमस्कार। वरुणदेव को नमस्कार। भद्रश्री को नमस्कार। चन्दनश्री को नमस्कार। अनन्तौजस् को नमस्कार। प्रभासश्री को नमस्कार। अशोकश्री को नमस्कार। नारायण को नमस्कार। कुसुमश्री को नमस्कार। तथागत ब्रह्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ को नमस्कार। तथागत पद्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ को नमस्कार[3]। घनश्री को नमस्कार। स्मृतिश्री को नमस्कार। सुपरिकीर्तितनामधेयश्री को नमस्कार। इन्द्रकेतुध्वजराज को नमस्कार। सुविक्रान्तश्री को नमस्कार। सुविजितसंग्राम को नमस्कार। विक्रान्तगामिन् को नमस्कार। समन्तावभासव्यूहश्री को नमस्कार। रत्न-पद्मविक्रामिन् को नमस्कार। तथागत अर्हत् सम्यक् संबुद्ध रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराज को नमस्कार।

इनके साथ ही जो (पैंतीस बुद्ध) प्रमुख[4] दशों दिशाओं[5] में सभी लोक धातुओं में जितने तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध स्थित हैं, जीवन्त हैं, यापन कर रहे हैं, वे सभी भगवान् बुद्ध मेरी ओर ध्यान दें। मेरे द्वारा इस जन्म में या अन्य जन्मों में, अनादि और अनन्त संसार में संसरण करते हुए जो पाप कर्म

---

१. सभी मूल भोट पाठ में "रत्नाग्निये" उपलब्ध है मात्र शिक्षा समुच्चया के इस सस्कृत पाठ में "रत्नश्री" है अत· मूल टीकाओं के आधार पर रत्नाग्नि सही लगता है।
२. सस्कृत के पाठ में निर्मल एव विमल दो उपलब्ध है परन्तु सभी भोट पाठ में एक ही 'निर्मल' उपलब्ध है।
३. उपलब्ध सस्कृत पाठ में उपलब्ध नहीं है।
४. उपलब्ध भोट पाठों में उल्लेख नहीं मिलता।
५. उपलब्ध संस्कृत पाठ में नहीं है।

किये गये हों या कराये गये हों, किये जा रहे हों, अथवा अनुमोदित हों, स्तूप या संघ के धन का अपहरण किया हो, अपहरण कराया गया हो, या अपहरण किया जा रहा हो, या अनुमोदित हों, पाँच आनन्तर्य (पाप) कर्म किये गये हों, कराये गये हों, किये जा रहे हों, या अनुमोदित हों, दश अकुशल कर्मपथों का ग्रहण करके आचरण किया गया हो, दूसरों को प्रेरित किया गया हो, करने वालों का अनुमोदन किया गया हो, जिन कर्म–आवरणों से आवृत होकर मैं नरक में जन्म लेने वाला होऊं, तिर्यग्योनि या यमलोक में, प्रत्यन्त जनपद या म्लेच्छ देशों में जन्म लेने वाला होऊं, दीर्घायुष्क देवों में उत्पन्न होऊं, अथवा इन्द्रियविकलता को प्राप्त होऊं या मिथ्यादृष्टि को प्राप्त होऊं, या बुद्धोत्पाद को नापसन्द करने वाला होऊं, उन सब कर्म–आवरणों की वे भगवान् बुद्ध जो ज्ञानभूत हैं, चक्षुर्भूत[१] हैं, साक्षिभूत एवं प्रमाणभूत हैं, जो (सब कुछ) जानते या देखते हैं, उनके समक्ष मैं प्रतिदेशना कर्ता हूँ, प्रकट करता हूँ, कुछ भी छिपाता नहीं हूँ, भविष्य में भी (ऐसे पाप कर्मों) से (बचकर=) संवर ग्रहण करूंगा ।

(वे सभी) बुद्ध भगवान् मेरी ओर ध्यान दें । जो मैंने इस जन्म में या अन्य जन्मों में, या अनादि और अनन्त इस संसार में संसरण करते हुए दान दिया हो, अन्तिमशः तिर्यग् योनि के जीवों को कौर मात्र भोज का दान दिया हो अथवा शील की रक्षा की हो या जो मेरा ब्रह्मचर्यवास नामक कुशलमूल हो, या जो मेरा सत्त्वपरिपाक नामक कुशलमूल हो, या जो मेरा बोधिचित्त नामक कुशलमूल हो, या जो मेरा अनुत्तरज्ञान नामक कुशलमूल हो, उन सबको एक जगह एकत्र कर, जोड़कर, अभिसंक्षिप्त कर अनुत्तर सम्यक् संबोधि में उत्तरोत्तर[२] परिणामना के द्वारा मैं उसी

---

१. उपलब्ध संस्कृत पाठ में उपलब्ध नहीं हैं ।
२. भोट भाठों में उत्तरोत्तर और गुरुगुरुणा ऐसा दो प्रकार का उल्लेख मिलता है ।

तरह परिणामित करता हूँ, जिस तरह अतीत के भगवान् बुद्धों ने परिणामित किया है, अनागत के भगवान् बुद्ध परिणामित करेंगे तथा इस समय के दशों दिशाओं[१] में विद्यमान भगवान् बुद्ध परिणामित कर रहें हैं, उसी प्रकार मैं भी परिणामना करता हूँ ।

मैं सभी पापों की प्रतिदेशना करता हूँ[२] । तथा सभी पुण्यों की अनुमोदना करता हूँ । सभी बुद्धों से अध्येषणा करता हूँ । मुझे अनुत्तर ज्ञान प्राप्त हो ।

नरोत्तम (भगवान्) बुद्ध जो अतीत में हो चुके हैं, अनागत में आने वाले हैं, और जो सम्प्रति विराजमान हैं, जो अनन्त प्रशस्त गुणों के सागर के समान हैं, मैं अंजलिबद्ध होकर उन सभी की शरण में जाता हूँ ।

(आर्यत्रिस्कन्धमहायानसूत्र समाप्त)[३]

---

१. अनूदित भोट पाठों में उपलब्ध नहीं है ।
२. उपलब्ध संस्कृत मूल पाठ (शिक्षासमुच्चय) में उपलब्ध नहीं है ।
३. सभी भोट संस्करणों में इस लघु सूत्र ग्रन्थ के अन्त में "आर्यत्रिस्कन्धसूत्रसमाप्त" ऐसा प्राप्त होता है । किन्तु प्राप्त एक मात्र संस्कृत पाठ के अन्त में ऐसा स्पष्ट उल्लेख नहीं है । शायद प्रारम्भ एव अन्त में भोट अनुवाद के अनुरूप इस लघु त्रिस्कन्धसूत्र की स्वतन्त्र सत्ता सस्कृत में भी रही होगी । ऐसा प्रतीत होता है ।

भारतीय (हिन्दी) भाषा में : बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति
आर्यमञ्जुश्री को नमस्कार
भगवान् शाक्यमुनि को नमस्कार

सुगत, जिन्होंने निर्विकल्पकता का अधिगम कर समस्त अविकल्पितों को जाना है और महाकरुणा के द्वारा जगत् हित करने वाले हैं, (उस) गौतम को प्रणाम कर समस्त सत्त्वों के हित के लिए (मैं) आगम एवं उपदेश के (अनुसार) बोधिसत्त्वों की आपत्तियों को विशुद्ध करने वाले बोध्यापत्तिदेशना (नामक त्रिस्कन्ध सूत्र) की व्याख्या करने जा रहा हूँ।

त्रिकाय[1] से युक्त, सर्वाकार के ज्ञाता बुद्ध भगवान् शाक्यमुनि के द्वारा समस्त सत्त्वों के (हित) के लिए अनेक प्रकार के सद्धर्मों की देशना दी गई है। संग्रह (की दृष्टि से) उन सबको संगृहीत करें तो परियत्ति (पर्याप्ति) धर्म (बुद्धवचन) बारह अंगों में संगृहीत हो जाते हैं। यह (त्रिस्कन्धसूत्र)[2] उन (बारह अंगों) में से 'सूत्र' अंग में आता है। (यों) बारह (अंग)[3] भी तीन पिटकों में संगृहीत हो जाते हैं। उस (त्रिपिटक) में से यह (त्रिस्कन्धसूत्र) सूत्रपिटक के अन्तर्गत आता है। मुख्यतः यह महायान विनय है (क्योंकि इसमें विनय के) वस्तु एवं अंग (स्कन्धक=खन्धक) दोनों का निर्देश है।

इसकी पौराणिक (कथा) इस प्रकार है—कौतुक आदि पैंतीस आदिकार्मिक (बोधिसत्त्वों द्वारा) राजगृह में पिण्डार्थ चारिका करते समय मद्यविक्रेता के (एक) पुत्र के दबकर मर जाने के

---

१. धर्मकाय, सम्भोगकाय एव निर्माणकाय।

२. नमस्कार स्कन्ध, पापदेशना-स्कन्ध एव परिणामना स्कन्ध। (इसका गणना में विभिन्न मान्यताए हैं)।

३. सूत्रं गेयं व्याकरण गाथोदानावदानकम्।
इतिवृत्तकं निदानं वैपुल्यं च सजातकम्॥
उपदेशाद्धुतौ धर्मौ द्वादशाङ्गमिदं वच.।
सारोत्तमा (आलोक में उद्धृत, पृ० २८८, मि.सं. १९६०)

(कारण) (इसकी) आपत्तिदेशना के लिए **आर्य उपालि**[१] द्वारा प्रार्थना करने पर भगवान् (बुद्ध) ने इसकी देशना दी । (इसकी) अनुवृत्ति बोधिसत्त्व कुल के मार्ग के अंग के रूप में हैं ।

अथवा राजगृह के पुरोज (धातुजात) नामक एक ब्राह्मण द्वारा पैंतीस मछुवारों को गलत रास्ता दिखलाए जाने पर पैंतीस सिर वाली एक मछली (के रूप में उसका जन्म) हुआ । उसके लिए (बुद्ध ने यह सूत्र कहा) है । ऐसा कुछ (ग्रन्थों में) कहा गया है पर यह रत्नकूट (सूत्र)[२] का वचन नहीं है ।

इसी (बोध्यापत्ति देशना) की व्याख्या के प्रयोजन आदि चार प्रकार जानना चाहिए । वे (चार) कौन हैं ? इनके विषय पाँच प्रकार के हैं । अभिधेय- बोधिसत्त्व (आदिकार्मिक लोगों) की आपत्तियां और उनके शुद्धिकरण का उपाय है । ग्रन्थगत सभी वचन अभिधान हैं । प्रयोजन- (उक्त) आपत्तियों का शुद्धिकरण है । प्रजोजन-प्रजोजन- इसके द्वारा बुद्धत्व की प्राप्ति है और सम्बन्ध तो उपायोपेयभाव है जो, अर्थतः निर्दिष्ट है । संक्षिप्त अर्थ है- त्रिस्कन्ध या सप्त (अङ्ग) की शुद्धि करना अथवा चार बल हैं ।[३] साथ ही तीन (तरह के) विवाद-चोद्य-परिहार भी जानना चाहिए ।

---

१. आर्य उपालि शूद्र जाति के थे । बौद्धधर्म में दीक्षित होने के अनन्तर उन्होंने अर्हत् पद प्राप्त किया । प्रथम संगीति के समय आर्य उपालि ने विनयसूत्रों का सगायन किया ।

२. यह अनेक सूत्रों का सग्रह ग्रन्थ है, इसमें छोटे-छोटे अड़तालीस सूत्रों का संग्रह है । प्रस्तुत त्रिस्कन्धसूत्र रत्नकूट सूत्र के अन्तर्गत उपालिपरिपृच्छासूत्र में विद्यमान है ।

३. प्रस्तुत सूत्र को तीन प्रकार से सगृहीत माना गया है—१. त्रिस्कन्ध के द्वारा (यह ऊपर कहा जा चुका है) २. सप्त स्कन्ध द्वारा (वदन पूजन देशनतायानुमोदना ध्येषणयाचनताय । यच्च शुभं मयि सचित किंचिद् बोधये नामयमि अहु सर्वम् ॥ अवतंसक, देगे. सं. ४४, "अ" पुद्, पृ. ३५९ 'ख' । ३. चार बलों द्वारा (आलयबल, विदूषणा बल, प्रतिपक्षसमुदाचार बल एव प्रत्यापत्ति बल—चतुधर्म निर्देशसूत्र, देगे सं. २४९, सूत्र "स" पुद्, पृ. ५९ब) शिक्षासमुच्चय मिथिला सस्करण, पृ० ८९ ।

(इसका) उपदेश (अर्थात्) अभिप्राय (अभिसमय) यह (समझना) है कि आनन्तर्य आदि (पाँच)[१] महापाप (भी) निरन्तर अत्यन्त पश्चात्ताप के द्वारा (उक्त) चार बलों के आधार पर मास अथवा वर्ष (पर्यन्त) पाँच (काय) अंगों[२] द्वारा भूमि में स्पर्श (करते हुए प्रणाम) करके प्रतिदेशना करने से (जब) शुद्ध होने के लक्षण प्राप्त होते हैं (तब) विशुद्ध हो जाते हैं। मध्य (पापों से पीड़ित) होने पर एक मास पर्यन्त (प्रतिदिन) छहों प्रहर (प्रतिदेशना) करनी चाहिए। क्षुद्र (पापों के लिए) (प्रतिदिन) तीन याम, इस तरह सात दिन पर्यन्त (उक्त विधि से प्रतिदेशना करना) होता है। आपत्तियों के लग जाने की आशंका हो, तो धर्म के एक अंग के द्वारा प्रतिदेशना करनी चाहिए। यह उपदेश का (आभिप्रायिक) अर्थ है।

यदि पूर्व में **'एवं मया श्रुतम्'** आदि तथा अन्त में (भगवतो भाषितमभ्यनन्दन्) इस प्रकार आद्यन्त (वचनों) के न होने के कारण (यह बुद्ध) वचन नहीं है; ऐसा कहें, तो ऐसा (भी) नहीं है। क्योंकि आर्यरत्नकूटधर्मपर्यायशतसाहस्रिका में निदानादि ये सब कहे गये हैं और यह (त्रिस्कन्धसूत्र) उस (समूह) में से निकाला गया (एक खंड) होने के कारण इसमें (एवं मया श्रुतमादि उदान) न होने से (उक्त) विरोध (का कोई दोष) नहीं है। (ऐसा है) तो (यहाँ) आपत्ति का मूल न होने से (किसी की भी) प्रतिदेशना नहीं जानी जा सकती है ?— ऐसा कहें, तो ? यह तो इस (ग्रन्थ) के आदि (पूर्व) एवं अन्त (अंश) से (जाना जा सकता) है। पैंतीस बुद्धों की ही निश्चित संख्या का होना पूर्वोक्त पैंतीस विनेय लोगों का इष्ट सम्पादन (उक्त पैंतीस) बुद्धों की निकटता के अभिप्राय से है। इसका अर्थ यह नहीं है कि अन्य (बुद्धों का इसमें) सम्मिलित न होना या उन्हें नमस्कार

---

१. पञ्चानन्तर्याणि कर्मावरणम्। तद्यथा—मातृवध, पितृवध, अर्हद्वध, संघभेद तथागतशरीराद् दुष्टचित्तेन रुधिरोत्पादनम्। —अभि.को.भा. ४/९६, पृ. ७२२, बौ.भा.प्र १९८७।

२. दो हाथ, दो पैर एवं माथा।

(आदि) न करना है । इस (ग्रन्थ) में ही आगे 'इत्यादि' कह (कर) (पैंतीस के अलावा बुद्धों को भी नमस्कार किया गया) है । (यहाँ) विशेष दिशा (से मतलब) नहीं है, अपितु (बुद्ध के) निर्माणकाय की दीर्घ आयु होने, तदनुकूल (दिशाओं में) विद्यमान रहने एवं दश दिशाओं में (रहते हुए सत्त्वों) के हित के लिए दिशाओं पर आश्रित होने से यहाँ 'दश दिशा' कहा गया है । अतीत एवं अनागत बुद्धों को यहाँ साक्षी के रूप में नहीं रखा गया है । क्योंकि संवृतितः विरोध हो जाता है । (यहाँ प्रयुक्त) सभी (बुद्धों के नाम के साथ) तथागत (शब्द प्रयुक्त) नहीं है । चार के साथ ही है । (अतः) अर्थतः (सब के साथ तथागत का विद्यमान होना) जानना चाहिए । (और) मन से आलम्बन करना चाहिए । (शब्दशः तथागत शब्द) जोड़ दें तो वचन विरोध हो जाएगा । क्योंकि (यह) समस्त पदों द्वारा दी गई देशना है ।

(यहाँ) चार बलों से ही पापदेशना करना (कहा गया) है । क्योंकि बुद्ध ने **'चतुधर्मनिर्देश'**[१] **(सूत्र)** और **'अजातशत्रुकौकृत्य-विनोदनसूत्र'** [२] में इन चार (बलों) की बड़ी प्रशंसा की है । (ये सूत्र) दो बोधिसत्त्वों के लिए उपदिष्ट हैं । यहाँ (त्रिधर्मस्कन्ध में प्रयुक्त) 'धर्म' क्या है ?- ऐसी आर्य उपालि द्वारा परिपृच्छा[३] की गई है । यह, उस समय भगवान् बुद्ध के अन्तेवासी होने की वजह से तथा उपालि को विनय-वचनों का संगायन करने को कहा जाने के कारण (वह अर्हत् थे । अतः यह सूत्र) उस अर्हत् की परिपृच्छा से (उक्त) 'विनयविनिश्चय' है अतः महायान की आपत्ति-वस्तु आदि इसके द्वारा निश्चित की गई है, अतः यह (त्रिधर्मस्कन्धसूत्र के) विशिष्ट वचन हैं । सामान्यतः (इसे) 'रत्न कूट' कहा जाता है । इसे 'त्रिस्कन्ध' (सूत्र) ऐसा भी कहा गया है । (अर्थात्) नमस्कार और प्रतिदेशना आदि अपरिमित 'पुण्यस्कन्ध' आदि का (निर्देश करने वाला) यह लघु त्रिस्कन्ध है,

---

१. देगे संस्करण, २४९ सूत्र, 'स़' पुद् ।
२. देगे संस्करण, २१६ सूत्र, 'छ' पुद् ।
३. देगे संस्करण, ६८ रत्नकूट, 'च' पुद् ।

न कि बृहत्[1] । 'बोध्यापत्तिदेशना'-(इसमें) बोधि (का तात्पर्य) महाबोधि के हेतु से है । 'सत्त्व' (यह) उसका अवशिष्ट (पद) है । अथवा बोधि से पतित (=च्युत) करने के कारण बोध्यापत्ति इस प्रकार तृतीया का प्रयोग करना चाहिए । ये भी आदिकर्मिक बोधिसत्त्व एवं अधिमुक्तिचर्या (भूमि) में स्थित लोग हैं । न कि प्राथमभूमिक आदि बोधिसत्त्व है—ऐसा जानना चाहिए । इस (सूत्र में निर्दिष्ट) आपत्ति होने पर (व्यक्ति) दुर्गति में जाता है । यह आपत्ति भी स्थूल, सूक्ष्म, पाराजयिक, दुष्कृत, अदुष्कृत[2] के क्रम से इसी सूत्र के पूर्व भाग से एवं अन्यों (ग्रन्थों) से जानना चाहिए । प्रतिदेशनागत उपायों को इसी सूत्र के अन्त में विस्तार से जानना चाहिए । यह तो उन आपत्तियों का विशोधन मात्र है । उन आपत्तियों के लगने पर प्रतिदेशना करना ही विशुद्धि है । वह भी द्विविध हैं । (१) पारमार्थिक प्रतिदेशना- (यह तो अजातशत्रु) कौकृत्यविनोदन सूत्र के अनुसार सर्वधर्म निःस्वभावता का चिन्तन करना है । (यह) महाप्रतिदेशना है" । जैसे कहा गया है—[3] "सीधे बैठकर सम्यक् रूप से अवलोकन करें, सत्यो को सत्य के रूप में देखें, सत्य का दर्शन होने पर विमुक्त हो जाता है, यही महाप्रतिदेशना है" । (२) संवृतितः प्रतिदेशना— यह तो चार बल एवं कौकृत्य (=पश्चात्ताप) युक्त मन से नमस्कार आदि सब कुछ मायोपम बुद्धि से करना है । (यह) लघु प्रतिदेशना है ।

(यह भी) सर्वप्रथम इस (सूत्र) के लिए (उपालि आदि द्वारा) निवेदन करते समय भगवान् ने उन बोधिसत्त्वों के लिए

---

१. बृहत्-त्रिस्कन्धसूत्र एक अन्य सूत्र है, जो काजुर 'ये' तो० २८४ और सूत्र संग्रह के अन्तर्गत है ।

२. इन सभी आपत्तिया के बारे में आचार्य गुणप्रभ कृत "विनय सूत्र" एवं इसकी टीका में संस्कृत में विस्तार से द्रष्टव्य है ।

३. आचार्य विमलकीर्ति ने अपने ग्रन्थ "सकृतप्रावेशिकनिर्विकल्पभावनार्थ" में इस उद्धरण को "आर्यमहामोक्षदिशुनपुष्यक्रोक्रम्त्य पापंशोधन-नाम-विहरति स्म" ग्रन्थ का अंश माना है किन्तु खोजने पर इस ग्रन्थ में उपर्युक्त उद्धरण प्राप्त नहीं हो सका । भोट विद्वान् दग-पो रिनपोछे ने "मोक्षालकार में इस उद्धरण को "कर्मविशुद्धसूत्र" का माना है किन्तु इस प्रकार का सूत्र देगे कग्युर संग्रह में उपलब्ध नहीं है ।

(अपनी) रश्मि के द्वारा वहाँ से दशों दिशाओं (में स्थित) चौंतीस बुद्ध आदि अनेकों का आवाह्न किया ।

यहाँ आकाश में विराजमान (आहूत उन बुद्ध बोधिसत्त्वों के सम्मुख उक्त आपत्ति वाले) बोधिसत्त्वों ने कौकृत्य (पश्चात्ताप) से युक्त होकर पूजा एवं (बोधि) चित्तोत्पाद कर शरण गमन ग्रहण किया और नमस्कार से लेकर पाप देशना आदि (कर्म) एक बार करने से ही वे समस्त पापों से विशुद्ध (होकर) प्रथम भूमि आदि में स्थित हो गए । (उसके पश्चात्) उन के अनुयायियों की तो एकान्त (विविक्त) स्थानों में मण्डल, पूजा एवं (उक्त पैंतीस बुद्धों के) चित्रों को सम्मुख रख कर गुरु के उपदेश से चित्तोत्पाद आदि करके प्रतिदेशना करने से सभी पापों से विशुद्धि होगी । फल (के रूप में) सम्यक्सम्बुद्धत्व प्राप्त होगा । यही इसकी विधि है ।

उसके बाद सर्वप्रथम वास्तविक प्रतिदेशना तो आश्रय (बल) के द्वारा इस प्रकार पाप देशना करना है—मैं **'अमुक नामा'** इत्यादि के द्वारा कहा गया है । यहाँ ज्ञातव्य है कि आश्रय पैंतीस बुद्ध आदि की पूजा अर्चना करके दो तरह के बोधिचित्त[1] का उत्पाद करना है । उसके बाद द्वितीयतः शरण गमन करना है । यहाँ 'मैं अमुक नामा' यह सामान्य होने पर भी विशेषकर अपने साधारण नाम को कहना चाहिए । यह भीमसेनों में से 'महाभीमसेन' की भाँति है । केवल स्वयं ही नहीं, अन्य कल्याणमित्र, जो अपने उपकार करने वाले हैं, (साथ ही) माता-पिता, जो कृतज्ञता के पात्र हैं, अनन्त सत्त्व यानि आकाशपर्यन्त व्यापी सत्त्व, जो स्वयं द्वारा उपकार के विषय हैं, इन सभी के साथ शरण में जाना है । किस (की शरण) में ? बुद्ध इत्यादि की । कैसे ? वाक् एवं चित्त के द्वारा । (इस प्रकार) शरण गमन के स्वरूप आदि को भी जानना चाहिए ।

---

१. तद्बोधिचित्तं द्विविधं विज्ञातव्यं समासतः ।
बोधिप्रणिधिचित्तं च बोधिप्रस्थानमेव च ॥ —बो.च., १/१५

यहाँ बुद्ध (से तात्पर्य दो प्रकार का) है—शास्ता एवं फलगत (बुद्ध), जो त्रिकायात्मक है । हमारा उनकी शरण में जाने का (तात्पर्य) बौद्धिक दृष्टि से उस पर निर्भर (विश्वास रखना) हो जाना है । यहाँ नमस्कार करने का तात्पर्य काय, वाक् एवं चित्त द्वारा वैसा सुनियत हो जाना है । उसी प्रकार धर्म भी पर्याप्ति (परियत्ति) एवं प्रतिपत्ति (द्विविध) है । वह भी आगम, अधिगम, एवं परमार्थ यानि हेतु एवं फल के स्वरूप में है । संघ—प्रतिपन्न, आश्रय और अभेद्य होने के अर्थ में 'संघ' कहा गया है । वह भी बोधिसत्त्व, श्रावक एवं प्रत्येकबुद्ध संघ—(इस तरह तीन प्रकार का होता) है । पर यहाँ बोधिसत्त्व संघ से (तात्पर्य) 'अवैवर्तिक संघ' ही है-ऐसा जानना चाहिए ।

इस प्रकार आश्रय बल दिखाने के बाद अब विदूषणा समुदाचार बल के द्वारा पाप देशना करने के लिए **'तथागत'** इत्यादि कहा गया है । वह भी पाप वस्तुओं की प्रतिदेशना के अंग के रूप में पैंतीस बुद्धों को नमस्कार करना है, इससे पाप की शुद्धि हो जाती है । भविष्य में भावना करते समय उनमें (क्रमशः) आनेवाले उन सभी बुद्धों को अपने सम्मुख रत्न, सिंह, पद्म और चन्द्र (मण्डल) के आसन पर प्रव्रजित—निर्माणकाय, जो लक्षण और अनुव्यञ्जनों से (एवं) प्रभा से युक्त हैं, कायवर्ण, क्षेत्र, दिशा, दिशान्तर, चीवर आदि (वस्त्र) आयुध (धारण कर) वज्रपर्यंक मुद्रा में स्थित (हैं, उन बुद्धों) को अनेक पर्षदों के साथ आगे आने वाले क्रमानुसार मध्य भाग से प्रारम्भ कर क्रमशः दशों दिशाओं में विराजमान को आलम्बन करना (चाहिए) तथा (उनको लक्ष्य कर नमस्कार करना चाहिए) । (वह भी कल्पना में) अनेक कायों का निर्माण कर वचन एवं चित्त की अधिमुक्ति के द्वारा उनके चरणों में नमस्कार करना चाहिए । अथवा मन्द बुद्धि (जो उपर्युक्त आलम्बनों की भावना नहीं कर सकते, वे) लोग सभी बुद्धों को जो एक मुखी, दो हाथ, धर्मदेशना मुद्रा में विराजमान हों या पिण्डपात के लिए चारिका कर रहे हों या भूमि स्पर्श आदि मुद्रा में स्थित हों- ऐसा चिन्तन

करें और (सभी बुद्धों को) श्वेत वर्ण आदि, यथारुचि समान (वर्ण के) चिन्तन करके नमस्कार करना चाहिए । ये सब हमारे प्रमुख शास्ता हैं, इन्हें छोड़कर शेष (अन्य बुद्धों को) अनेकों कल्प तक विराजमान रहने वाले समझना चाहिए ।

१. इनमें से पहले मध्य में विराजमान उस लोकपति बुद्ध का गुण (कहने के लिए) **'तथागत'** इत्यादि कहा गया है । (तथागत का तात्पर्य) शब्द के बल से **'तथता'** वाला कहा गया है । अधिगम तथा तथता में लीन होने से, पुनः आगमन करने से (उन्हें तथागत कहा जाता है) । इसीलिए यह सभी (आर्यपुद्गलों एवं देवों) से विशिष्ट हैं । अर्हत्–का (तात्पर्य) क्लेश एवं ज्ञेय आवरण रूपी शत्रुओं का हनन करने वाले से है । इसके द्वारा बोधिसत्त्वों से (बुद्ध की) विशेषता दिखाई गई है । **सम्यक्** का तात्पर्य अविपरीत है । इसके द्वारा संसार एवं हीनयान से (विशिष्टता दिखाई गई) हैं । **सम्पन्न** का (तात्पर्य) दो सम्भार एवं स्व–परार्थ (सम्पद् से सम्पन्न) दो कायों से है । बुद्ध तो प्रहाण एवं ज्ञान (सम्पदाओं के) इन दो भेदों से होते हैं । इन दोनों के द्वारा (बुद्ध को) संसार एवं निर्वाण (में स्थित) सभी पुद्गलों से विशिष्ट दिखाया गया है । इसका लक्षण **'शाक्यमुनि'** है । (अर्थतः) उनका ज्ञान, सामर्थ्य एवं गुण ही है । यहाँ (शाक्य के) **'शा'** का (तात्पर्य) ज्ञान से है । (अर्थात्) अशेष (ज्ञान) । **क्य्** का (तात्पर्य) अवबोध से है । **मुनि**–का (तात्पर्य) अद्वय रूप से युक्त होना है । (अर्थतः) मुनि या सामर्थ्य का (तात्पर्य) शाक्यराजवंश होने से उसका अर्थ जन्मों और दोषों को जीतने वाला होता है । (यह उसका) कारित्र है । गुण (की दृष्टि से) 'शाक्य' (का तात्पर्य) अति विशिष्ट हैं । काय, वाक् एवं चित्त[1] के असाधारण संवरण के कारण ही ये मुनि हैं । उसको नमस्कार करने (का अर्थ) श्रद्धा प्रसाद युक्त होकर तीनों द्वारों से नमस्कार करना है । यह (बुद्ध) भी बीच के आसन में

१. काय में ३२ महापुरुष लक्षण तथा ८० व्यञ्जन होते हैं, वाक् में ६० ब्रह्मस्वर होते हैं तथा चित्त में २७ कर्म होते हैं ।

(विराजमान) एवं पीत वर्ण तथा धर्म उपदेश मुद्रा से युक्त है-ऐसा समझना चाहिए ।

पूर्व **(शाक्यमुनि)** की भाँति पाँच विशेषणों एवं तीन तरह की व्याख्याओं को बाद के (सभी तथागतों के) बारे में भी जानना चाहिए । ज्ञानादि का (तात्पर्य) उपमा तथा शब्दार्थ बल से सम्पन्न है (इस प्रकार) दो (शब्द) तथा एक (शब्द) द्वारा अर्थ भी कहूँगा ।

२. ऊपरी (दिशा में स्थित) गगनगर्भ (बुद्ध-) क्षेत्र में स्थित जो नील (वर्ण) एवं दोनों हाथों से दो वज्र धारण किए हुए हैं, (वह तथागत) **वज्रगर्भ प्रमर्दिन्** है । यहाँ **वज्र** से (तात्पर्य) वज्रोपम निर्विकल्प ज्ञान से है, वही (ज्ञान) सभी गुणों का उत्पत्ति-स्थान होने से **'गर्भ'** है । क्लेशादि सभी (विपक्ष-आवरणों) का प्रहाण करना इसका कारित्र है ।

३. (तथागत) **रत्नार्चिष्** (ये बुद्ध) पूर्व दिशा में रत्नभव (नामक बुद्ध) क्षेत्र के (शास्ता) हैं । (ये बुद्ध) श्वेतवर्ण एवं (दोनों हाथों में क्रमशः) वज्र एवं सूर्य मण्डल धारण किए हुए विराजमान है । यहाँ **रत्न** का (तात्पर्य) रत्न के समान बल (प्रातिहार्य) आदि सभी प्रकार के गुणों को प्राप्त होने से यह (इनका) गुण है । **(अर्चिष्—)** (का तात्पर्य) ज्ञानरूपी प्रकाश से है, यह स्वभाव स्फुट होने से अज्ञान अन्धकार को दूर करता है । (इस प्रकार) '**अर्चिष्** (उनका) कारित्र है, 'जिससे समस्त सत्त्वों के अज्ञान का विनाश किया जाता है ।

४. (तथागत) **नागेश्वरराज** (ये बुद्ध) दक्षिण-पूर्व (दिशा में स्थित) नाग व्याप्त (नामक बुद्ध क्षेत्र) के (शास्ता) हैं । ये नील वर्ण, (दोनों हाथों में क्रमशः) नागलता (की शाखा) एवं नीलवर्ण के सर्पों को धारण किए हुए हैं । **'नाग'** का (तात्पर्य) ज्ञान से है । (जैसे नाग में) शीतलता और दुष्टता है, उसी प्रकार ज्ञान भी क्लेशों (के संताप) से रहित एवं निमित्तों का हनन करता है । आधिपतित्व (उनका) कृत्य है, जिसके द्वारा सभी (गुणों) पर

अधिपत्य किया जाता है । **राजा** का (तात्पर्य) उसका गुण है, जो राजा की भाँति प्रताप एवं मनोज्ञता से (युक्त) और सभी से निर्भय है ।

५. (तथागत) **वीरसेन** दक्षिण (दिशा में स्थित) वीरवती (बुद्ध) क्षेत्र के (शास्ता) हैं । (यह) पीतवर्ण हैं एवं दोनों (हाथों में क्रमशः) पोथी एवं खड्ग् धारण किए हुए विराजमान हैं । **वीर** (से तात्पर्य) ज्ञान है, (जो) निर्द्वन्द्व एवं अदम्य है । अथवा 'वीर' (से तात्पर्य) कर्म है, (जिसके द्वारा) सत्त्वों के सभी (प्रकार के) सांसारिक रणों का विनाश होता है । **'सेन'** उनका गुण है, ये अनेक गुणों की राशि से युक्त हैं ।

६. (तथागत) **वीरनन्दिन्**[१] (ये) दक्षिण-पश्चिमी (दिशा में स्थित) नन्दवती (बुद्ध) क्षेत्र के हैं, और पिङ्गल वर्ण हैं । (दोनों हाथों में क्रमशः) सूर्य (मण्डल) एवं लाल पद्म धारण किए हुए हैं । यहाँ **वीर** (का तात्पर्य) ज्ञान एवं कर्म से है । (जिनका अर्थ) पूर्व की भाँति जानना चाहिए । **नन्दन** (इनका) गुण है, यानि महाकरुणा से युक्त मन के द्वारा ये सत्त्वार्थ करने में प्रवृत्त हैं ।

७. (तथागत) **रत्नाग्नि** पश्चिम (दिशा में स्थित) आभासवती (बुद्ध) क्षेत्र (के शास्ता) हैं, (जो) रक्तवर्ण हैं । मणिरत्न एवं अग्नि मण्डल धारण किए हुए (विराजमान) है । यहाँ **रत्न** का (तात्पर्य) ज्ञान से है, (जिससे रत्न के समान) कल्पना रहित (ज्ञान) से अर्थ की प्राप्ति होती है । अथवा (उनका) गुण ही रत्न है । (जिससे) समाधि (आदि) सभी लोकोत्तर सम्पदाएँ प्राप्त होती हैं । **अग्नि** का (तात्पर्य) उनके (कर्म) या कारित्र से है, (जिससे) वे ज्ञान एवं महान् वीर्य

---

१. प्रायः सभी भोट संस्करणों में इसका भिन्न पाठ "श्रीनन्दिन्" ऐसा प्राप्त होता है किन्तु संस्कृत तथा भोट मूल सूत्र ग्रन्थ में "वीरनन्दिन्" प्राप्त होता है । अतः यहाँ "वीरनन्दिन्" पाठ को शुद्ध माना गया है ।

(अग्नि) के द्वारा सत्त्वों का हित करके क्लेशादि को जला देते हैं ।

८. (तथागत) **रत्नचन्द्रप्रभ** (ये बुद्ध) शुक्ल वर्ण हैं (और) पश्चिमोत्तर दिशा में स्थित सुप्रभ (नामक बुद्ध) क्षेत्र के हैं । (हाथ में) **रत्न** एवं **चन्द्र** (मण्डल) धारण किए हुए हैं । यहाँ भी पूर्ववत् रत्न (उनका) गुण है और चन्द्र उनका ज्ञान है । यानि (उनका) ज्ञान परिपूर्ण, अत्यन्त शीतल एवं प्रकाशमान है । **'प्रभा'** उनका कार्य है । अर्थात् वह कर्म और क्लेश आदि (आवरणों) को हटाकर अर्थ की धर्मता को स्पष्ट करते हैं ।

९. (तथागत) **अमोघदर्शन** (ये बुद्ध) हरितवर्ण हैं (और) उत्तर दिशा में स्थित दुन्दुभिघोष (नामक बुद्ध) क्षेत्र में स्थित हैं । (ये दोनों हाथों द्वारा) दो बुद्ध चक्षु धारण किए हैं । उनका ज्ञान दर्शन है । अर्थात् अनावरण ज्ञान है । अथवा **दर्शन** (का तात्पर्य) उनके गुण से है । (यानि) वह प्रज्ञा एवं महाकृपा रूपी चक्षु के द्वारा धर्मता प्रकाशित करते हैं एवं सत्त्वों का हित करते हैं । **अमोघ** (यह) इन का कारित्र है, जिसके द्वारा वे समस्त सत्त्वों को अभ्युदय एवं निःश्रेयस फल में निश्चित ही नियत करते हैं ।

१०. (तथागत) **रत्नचन्द्र** (ये बुद्ध) पूर्वोत्तर दिशा के 'मरीचिका' (नामक बुद्ध क्षेत्र में स्थित हैं), इनका वर्ण श्वेत-हरित है । (दोनों हाथों में) **रत्न** तथा चन्द्र धारण किए हुए बुद्ध हैं । **रत्न** उनके गुण (का प्रतीक) है । **चन्द्र** (का तात्पर्य) ज्ञान से है, जो इन का कारित्र है । (इसे) पूर्ववत् जानना चाहिए ।

११. इसके बाद (तथागत) **निर्मल** भस्मव्यापी क्षेत्र में स्थित विराजमान हैं । (इनका) वर्ण धूम या भस्म की तरह है । (दोनों हाथों में) क्रमशः निर्मल दो आदर्श धारण किए हुए विद्यमान हैं । यहाँ **निर्मल** का (तात्पर्य) ज्ञान से है, (जो) आवरणों का प्रहाण करता है । अन्य (सत्त्वों) को निर्मल करने का उनमें सामर्थ्य हैं । आगन्तुक मलों के बल आदि से रहित

होने के कारण अतिप्रकाशमान होना (उनका) गुण है । इन्हें पूर्व की भाँति नमस्कार करना है । यह पहला दशक है ।

१२. दूसरा दशक–शूरदत्त इत्यादि है । तथागत **शूरदत्त** ऊपरी दिशा में स्थित 'श्रीवत्स' (नामक) बुद्ध क्षेत्र के हैं और शुक्ल (वर्ण) के हैं । ये फल–पत्र से युक्त श्रीफल वृक्ष (को दोनों हाथों में) धारण किए हुए विराजमान है (और) सत्त्वार्थ करते हैं । यहाँ इन्हें ऊपरी ओर आसन पर बैठे मानकर अपनी ओर से नमस्कार करने से पापों की विशुद्धि होती है । यहाँ **'शूर'** का तात्पर्य अद्वयज्ञान के द्वारा सभी विकल्पों के प्रहाण से है । अथवा शूर (का तात्पर्य) गुण से है । ये दूसरों को सभी सुख सामग्री सर्वदा निर्बाध रूप से प्रदान करते हैं । **'दत्त'** से (उनके) कार्य का प्रदर्शन होता है । तीनों धातुओं के सभी सत्त्वों को यथेच्छ वस्तु प्रदान करते हैं । उन्हें (काय, वाक् एवं चित्त) तीनों द्वारों से प्रसादयुक्त होकर नमस्कार करना चाहिए ।

१३. पूर्व दिशा के 'विगतावरण' (नामक बुद्ध) क्षेत्र में (तथागत) **ब्रह्मन्** (शास्ता) स्थित हैं । ये पिङ्गल वर्ण हैं और (दोनों हांथों में क्रमशः) पद्म एवं सूर्य (मण्डल) धारण किए हुए (विराजमान) है । यहाँ सभी प्रकार के आवरणों से रहित ज्ञान ही **'ब्रह्मा'** हैं । अथवा समस्त सत्त्वों को सांसारिक (मलों) से ब्रह्मा की भाँति शुद्ध करने वाले (होने से) ये 'ब्रह्मा' है । (क्योंकि) यही इनका कारित्र है । अथवा ब्रह्म (का तात्पर्य) स्वयं और अन्य (दोनों को) विशुद्ध करने वाले अपरिमित गुणवान् होने से है, अतः (इन्हें) **'ब्रह्मा'** (कहा गया) है । यह उनका गुण है ।

१४. (तथागत) **ब्रह्मदत्त** दक्षिण–पूर्व दिशा के 'अशोक' नामक बुद्ध क्षेत्र के शास्ता हैं । इनका वर्ण पीत है, (दोनों हाथों में क्रमशः) चन्द्र (मण्डल) एवं पद्म धारण किए हुए हैं । यहाँ **'ब्रह्म'** का तात्पर्य उनके ज्ञान एवं गुण से है । (इसकी) (व्याख्या) पूर्ववत् है । (उस गुण) के द्वारा समस्त सत्त्वों के लिए विशुद्ध सुख प्रदान करना इनका कारित्र है ।

१५. (तथागत) **वरुण** दक्षिण दिशा में (स्थित) 'विमल' नामक (बुद्ध क्षेत्र) के (शास्ता) हैं । ये नील वर्ण के हैं और जलमण्डल (के मध्य) में धर्मप्रवचन मुद्रा में (विराजमान) है । वरुण (जल) से तात्पर्य उनका ज्ञान है, जो अत्यन्त विमल एवं स्वच्छ है । अथवा (जल से तात्पर्य उनका) कार्य है, (यानि) महाकरुणा द्वारा सत्त्वों की सन्तति को (सद्धर्म से) आर्द्र करते हैं, (इसलिए वह) (वरुण) जल हैं । **'देव'** उनका गुण (वाचक) है, जो शक्ति, ऋद्धि आदि से युक्त है ।

१६. (तथागत) **'वरुणदेव'** दक्षिण–पश्चिम दिशा में (स्थित) आभावती (नामक बुद्ध क्षेत्र) के शास्ता है । (इनका वर्ण) श्वेत है । दोनों (हाथों में क्रमशः) जलदेवमण्डल एवं आदर्श (यानि दर्पण) धारण किए हुए विद्यमान है । यहाँ जल यानि **वरुण** (का तात्पर्य) ज्ञान से है, (जिसकी व्याख्या) पूर्ववत् है । देव का तात्पर्य (उनके) कार्य से है, (जो) ऋद्धि आदि के द्वारा सभी सत्त्वों का अर्थ (हित) करते हैं । यह **'देव'** (शब्द) भी गुण (वाचक) है ।

१७. (तथागत) **भद्रश्री** पश्चिम दिशा में स्थित 'सुखावती' (बुद्ध) क्षेत्र के (शास्ता) हैं । ये रक्तवर्ण हैं । (ये दोनों हाथों में क्रमशः) पद्म एवं कल्प वृक्ष (की शाखा) धारण किए हुए (विराजमान) हैं । (यहाँ) **'श्री'** का तात्पर्य 'गुण' से है, जो स्वार्थ और परार्थ (दोनों) संपत्तियाँ हैं । **'भद्र'** का तात्पर्य ज्ञान एवं कारित्र से है । (अर्थात् अपने) अत्यन्त उत्तम ज्ञान से है । अन्य लोगों को ये भद्र निर्वाणप्रापक मार्ग से निर्वाण तक आकृष्ट करते हैं ।

१८. (तथागत) **चन्दनश्री** उत्तर–पश्चिम दिशा में स्थित 'सुगन्ध व्यापी' नामक बुद्ध क्षेत्र (के शास्ता) हैं । ये पिङ्गल वर्ण के हैं और हाथ में चन्दन का वृक्ष एवं श्रीफल धारण किए हुए विराजमान हैं । (यहाँ) उनका ज्ञानं ही **'चन्दन'** है, (क्योंकि इससे) अविद्यादि का संताप अपगत एवं शीतल होता है । अथवा

चन्दन का (तात्पर्य) (उन के) गुण से है (जो) बलादि महागुणों से सभी में व्याप्त है । **'श्री'** (का अर्थ) कारित्र से है । जिसका अर्थ पूर्ववत् है–ऐसा जानना चाहिए ।

१९. (तथागत) **'अनन्तौजस्'** लाल (वर्ण) के है और ये उत्तर दिशा के तेजस्वती (बुद्ध क्षेत्र) के (शास्ता) हैं । (ये दोनों हाथों में क्रमश)) दो सूर्यमण्डल धारण किए हुए बहुत से अनुयायियों के साथ विराजमान हैं । इनका ज्ञान ही यहाँ **ओजस्** है । प्रकाशमान ज्ञान के द्वारा विपरीत (=अन्धकारों) को प्रकाशित करते हुए उन्हें प्रभावित करने की क्षमता वाले हैं । **'अनन्त'** (का तात्पर्य उनके) कर्म और गुण से हैं, जिनके द्वारा असंख्य सत्त्वों का कल्याण होता है । और वे अपरिमित रूपी और अरूपी गुणों से युक्त हैं ।

२०. (तथागत) **प्रभासश्री** श्वेत वर्ण के हैं (और वे) उत्तर–पूर्व दिशा के अमोघवती (क्षेत्र) के (शास्ता) हैं । (वे अपने कर कमलों में) श्वेतप्रभामण्डल धारण किए हुए तथा जीवन यापन करते हुए विराजमान हैं । **प्रभास** (शब्द) का तात्पर्य इनके ज्ञान से है । उनके सूर्य सदृश ज्ञान से स्व और पर (दोनों) के ज्ञेय और क्लेश आवरणरूपी अन्धकार का अपगम होता है । **'श्री'** का तात्पर्य गुण एवं कर्म से है, जिसे पूर्व की भाँति दो प्रकार से जानना चाहिए ।

२१. (तथागत) **अशोकश्री** हलके नील (वर्ण के) हैं । (वे) अधो दिशा–स्थित 'विगतावरण' बुद्धक्षेत्र के (शास्ता) हैं । हाथ में अशोक वृक्ष की (शाखा) धारण किए हुए विराजमान हैं । **अशोक** का (तात्पर्य) ज्ञान से है, जो संसार से अपगत और समस्त आवरणों से रहित है । अथवा (अशोक का तात्पर्य) कर्म से है, (क्योंकि) समस्त सत्त्वों को शोक यानि दुःख और संसार से मुक्त कराने वाले होने से (उन्हें शोक) रहित (कहा गया) है । **'श्री'** (उनका) गुण है । इन्हें पूर्ववत् तीनों द्वारों से प्रसादयुक्त होकर नमस्कार करना चाहिए । यह दूसरा दशक है ।

२२. (अब) तीसरा दशक (कहा जा रहा है) यथा—उर्ध्व दिशा में (स्थित) 'विगततृष्ण' (नामक) (बुद्ध क्षेत्र के शास्ता) (तथागत) **नारायण** हैं, वे नील वर्ण के हैं । मेरु एवं पद्म मुद्रा में स्थित (वे शिष्य) परिवार को धर्म प्रवचन करते हुए सत्त्वों का (जीवन) यापन करते हैं । यहाँ भी तृष्णा रहित होने का तात्पर्य उनके ज्ञान से है, (जो सभी प्रकार की) कल्पनाओं से रहित है । (सभी) सत्त्वों को सांसारिक आसक्ति एवं तृष्णा से रहित करने में (सदा) तत्पर रहना उनका 'कार्य' है । यहाँ अपत्य (पुत्र) से (तात्पर्य) बुद्ध है, जो इससे उत्पन्न है और मैत्री आदि गुणों से युक्त है । इसलिए 'पुत्र' या सन्तान कहा गया है ।

२३. (तथागत) **कुसुमश्री** पूर्व दिशा में स्थित 'कुसुमविकास' नामक बुद्ध क्षेत्र के (शास्ता) हैं । (इनका वर्ण) पीत है (ये हाथ में क्रमशः) पीत कुसुम एवं श्रीफल लिए हुए विराजमान हैं । उनकी कायसम्पद् लक्षण आदि से सुशोभित एवं व्याप्त है । उनका ज्ञान **कुसुम** की भाँति विकसित है । **'श्री'** का तात्पर्य 'उनके' कर्म से है । (क्योंकि) ये उसी प्रकार श्री की सम्पत्ति से युक्त हैं ।

२४. दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित 'ब्रह्मव्यापी' (बुद्ध क्षेत्र के) **तथागत 'ब्रह्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ'** हैं । (वे) श्वेत (वर्ण के) हैं । वे एक हाथ में पद्म और दूसरे हाथ में प्रकाश पुञ्ज धारण किए हुए (विराजमान) हैं । **तथागत** का (अर्थ) यहाँ भी पूर्ववत् है तथा अर्हत् इत्यादि भी पूर्व की भाँति द्रष्टव्य हैं । (सूत्र के) बीच में दो बुद्धों के साथ **'तथागत'** विशेषण का निर्देशन किया गया है, अतः पूर्व एवं बाद के (सभी बुद्धों में भी इसे) जानना चाहिए । इसमें **'ब्रह्म'** (का तात्पर्य) ज्ञान से है और प्रकाश बल है, (क्योंकि वे) अतिप्रकाशमान (एवं) बल से युक्त हैं । **'विक्रीडित'** से (उनका) कार्य द्योतित होता है (यानि) ऋद्धि-आदि अभिज्ञा से सत्त्वों का अर्थ (कल्याण) किया जाता

है । चित्त या ज्ञान के द्वारा (कल्याण) कार्य (अर्थ) करने के उपाय आदि का स्पष्ट रूप से जानना ही **'अभिज्ञा'** है ।

२५. दक्षिण दिशा (में स्थित) पद्मावती (नामक बुद्ध) क्षेत्र में **तथागत 'पद्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ'** विराजमान हैं, (वे) रक्तवर्ण के हैं, जो पद्म एवं सूर्य मण्डल धारण किए हुए मुद्रा में हैं । यहाँ **पद्म** का तात्पर्य उनके ज्ञान से है, जो पद्म (जल एवं पङ्क के) दोष से निर्लिप्त और विराग (के साथ) विकसित होता है । **ज्योति** उनका गुण है । **विक्रीडित** आदि (उनका) कारित्र है ।

२६. दक्षिण–पश्चिमी दिशा में स्थित मणिवर्तन (नामक बुद्ध क्षेत्र में) **धनश्री** (तथागत) श्वेत प्रकाश से युक्त, रक्तवर्ण हैं । (जो हस्त) मुद्रा द्वारा दो रत्न (मणि) (धारण किए हुए विराजमान) हैं । यहाँ **धन** (शब्द से) ज्ञान यानि अक्षय महाज्ञान कहा गया है और (चिन्ता) मणि के गुणों के समान महागुणों से युक्त हैं, इस कारण समस्त इच्छाओं की पूर्ति करना ही उनका कर्म है । गुण से (तात्पर्य) **श्री** से है, जो दो (प्रकार की) है ।

२७. पश्चिम दिशा में (स्थित) प्रभावती नामक बुद्ध क्षेत्र के (शास्ता) (तथागत) **स्मृतिश्री** है, (जिनका वर्ण) पीत है और (दोनों हाथों में क्रमशः) पोथी एवं खड्ग (धारण किए हुए विराजमान) हैं । यहाँ **स्मृति** का (अर्थ) उनके ज्ञान से है । (क्योंकि वे) 'अविस्मृत महाज्ञान' (नामक) धारणी से युक्त है अथवा उनका (प्रमुख) गुण स्मृति है । (क्योंकि उनमें) अचिन्त्य विमुक्ति नामक गुण है (यही) **श्री** उनका कर्म है ।

२८. पश्चिमोत्तर (दिशा) में (स्थित) अनिमित्त नामक (बुद्ध) क्षेत्र में हरित (वर्ण वाले) (तथागत) **सुपरिकीर्तितनामधेयश्री** दोनों हाथों से तथागत के उष्णीष को अपने सिर पर धारण किए हुए (विराजमान) हैं । **नामधेय** (से अभिप्राय उनके) ज्ञान से है । (ये) अक्षय ज्ञान ग्रहण किए हुए है । **श्री** से (तात्पर्य) कर्म है । **सुपरिकीर्तित** का अभिप्राय

उनके गुण से है । (समस्त) लोकधातुओं में विख्यात होना ही सुपरिकीर्तित हैं ।

२९. उत्तर दिशा में (स्थित) इन्द्रप्रभ नामक (बुद्ध) क्षेत्र में पीत वर्ण (तथागत) **इन्द्रकेतुध्वजराज** (अपने दोनों हाथों में क्रमशः) रत्नकेतु एवं ध्वज (धारण किए हुए) हैं । **इन्द्रकेतु** (का तात्पर्य) उनके ज्ञान से है । जिस प्रकार इन्द्रियों के द्वारा विषय ज्ञात होते हैं, उसी की भाँति उस ज्ञान से वे धर्मता को जानते हैं और उसी से सुशोभित होने के कारण वे केतु है । **ध्वज** (का अर्थ) उनका गुण है, (क्योंकि यह) समस्त (सत्त्वों को) संसार से विजय दिलाने वाले गुण से युक्त हैं । कर्म ही (यहाँ) **राजन्** है, जो समस्त कार्य करता है ।

३०. उत्तर–पूर्व दिशा में (स्थित) लीलावती (नामक बुद्ध) क्षेत्र में श्वेत वर्ण वाले (तथागत) **सुविक्रान्तश्री** भूमि–स्पर्श मुद्रा में स्थित है । **सु** का (तात्पर्य) उनके ज्ञान से है, जो सम्यग् ज्ञान है । **विक्रान्त** का (तात्पर्य उनके) कर्म से है, जिससे समस्त सत्त्वों के मार, क्लेश आदि का दमन करते हैं । **श्री** उनका गुण है । (जिसकी व्याख्या) पूर्व की भाँति दो प्रकार की है ।

३१. अधो दिशा में (स्थित) अक्लिष्ट नामंक (बुद्ध) क्षेत्र में (तथागत) **विजितसंग्राम** श्याम वर्ण के हैं । (वे दोनों हाथों में) कवच एवं खड्ग धारण किए हुए (विराजमान) हैं । इनका कर्म है संग्राम में **विजय** प्राप्त करना । (क्योंकि इससे) वे समस्त सत्त्वों के कर्म–क्लेशों के **संग्राम** का निवारण करते हैं । **'वि'** से (तात्पर्य) ज्ञान है । विजेता होना (उनका) गुण है । (क्योंकि) यही स्वकीय और परकीय संसार में विजय प्राप्त करने की क्षमता है ।

३२. पुनः उन (उपर्युक्त बुद्ध क्षेत्र के) बाहर पूर्व दिशा में (स्थित) श्रीवत्स (नामक बुद्ध) क्षेत्र में (तथागत) **विक्रान्तगामिन्** (शास्ता) श्वेत वर्ण, भूमिस्पर्श एवं अभयदान

मुद्रा में (विराजमान) है । **विक्रान्त** से उनका कर्म (दर्शाया गया) है । (इसकी व्याख्या) पूर्व की भाँति है । **गामिन्** का (तात्पर्य उनके) ज्ञान से है (जो) अन्तिम अवबोध है । श्री पूर्ववत् उनका गुण है ।

३३. दक्षिण दिशा में (स्थित) अवभासव्यूह नामक (बुद्ध) क्षेत्र में (तथागत) **समन्तावभासव्यूहश्री** पीले वर्ण के हैं । (अपने दोनों हाथों में वे क्रमशः) सूर्य (मण्डल) एवं रत्नदण्ड धारण किए हुए हैं । **समन्तावभास** का तात्पर्य (उनके) कर्म से है, (क्योंकि) वे ज्ञान के द्वारा सत्त्वों की अविद्या का निवारण करते हैं । **"व्यूह"** का (तात्पर्य) ज्ञान से है, (जो) अपरिमित (परिपूर्ण) ज्ञान है । **"श्री"** गुण की (विशेषता) है ।

३४. पश्चिमी दिशा में (स्थित) श्रीवत्स (नामक बुद्ध) क्षेत्र में (तथागत) **रत्नपद्मविक्रामिन्** रक्तवर्ण वाले हैं । (दोनों हाथों में वे क्रमशः) मणिरत्न एवं पद्म धारण किए हुए (विराजमान) हैं । यहाँ **रत्न** से (तात्पर्य) उनका गुण है । पद्म (उनका) ज्ञान है, जो मल से रहित है । **विक्रामिन्** उनका कारित्र है । (इसका अर्थ) पूर्व की भाँति है ।

३५. उत्तर दिशा के रत्नभूमि (नामक बुद्ध क्षेत्र) में **रत्नपद्मसुप्रतिष्ठित शैलेन्द्रराज** (नामक) **तथागत**, अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध विराजमान जीवन यापन कर रहे हैं । उनका आसन पद्म, सिंह, रत्न एवं चन्द्र (मण्डल) है । उनका वर्ण आकाश के समान नीला है । (वे) दोनों हाथों में मेरु पर्वत उठाकर (धारण किए हुए) हैं ।

(इस प्रकार) आवाहन करके प्रतिदेशना करनी चाहिए । साधक को उस प्रकार (सपरिवार सभी बुद्धों को सामने) समझकर देशना करनी चाहिए । तथागत इत्यादि (शब्दों का अर्थ) पूर्व की भाँति जानना चाहिए । यहाँ **रत्न, पद्म** आसन इन (शब्दों) के द्वारा गुण, कार्य एवं ज्ञान बताया गया है । यहाँ अन्यों से इनके आसन (की विशेषता) को जानना चाहिए । किसी

किसी में 'चन्द्र' ऐसा भी (लिखा मिलता) है, उसे कर्म के रूप में जानना चाहिए। (लेकिन) यह (पद्म आसन) सभी (बुद्धों) में जानना चाहिए। **शैलेन्द्र** का (तात्पर्य) ज्ञान और गुण से है। पर्वतराज के समान अचल ज्ञान है, मेरु पर्वत के समान गुण है। **राज** (का तात्पर्य उनके) कारित्र से है। उनको श्रद्धा से तीनों द्वारों (काय, वाक्-चित्त) से नमस्कार करना चाहिए। ये (सब) पद-अर्थ हैं। ये सब पूर्ववर्ती बोधिसत्त्वों को आपत्ति न लगने से (मात्र) औपचारिक हैं। अनागतों के लिए (ही यह) अववाद है। (ऐसा) विचार करते हुए देशना करनी चाहिए।

इस प्रकार नमस्कारों की व्याख्या के पश्चात् (अब) उन सभी (बुद्धों) के समक्ष देशना (करनी चाहिए)। एतदर्थ इन बुद्धों का ध्यान (अपनी ओर) आकृष्ट करने के लिए—**'एवं प्रमुख'** इत्यादि प्रार्थना कही गई है। इसमें (प्रतिदेशना) करते समय) स्वयं के दोनों जानु भूमि में प्रतिष्ठित कर (दोनों) हाथ शिर में अञ्जलिबद्ध करके सादर (उक्त बातें) कहने पर (उन्हें) अपने साक्षी के रूप में समझना चाहिए। यहाँ 'एवं' का (तात्पर्य) पैंतीस बुद्धों से हैं।

एवं (से तात्पर्य) विनेय (लोगों) के प्रति (बुद्धों का) ध्यान (आकृष्ट) करना है। अन्यत्र **'प्रमुख'** (=आदि) से उन सब को साक्षी बनाना है। पूर्व इत्यादि समस्त लोक की दश दिशाएं हैं (जिनमें) आकाश पर्यन्त सभी बुद्धों का आलम्बन करना है। तथागत इत्यादि (का अर्थ) सुगम है। **'यावन्तः'** से (तात्पर्य) संख्या का असंख्य होना है। **'यापयन्ति'** का तात्पर्य महाकृपादृष्टि से (हमेशा) सत्त्वों को देखना और पालन करना है। **'ध्रियन्ते'** का अर्थ तिष्ठन्ति है (जो) यावत् संसार (जीवित) रहना है। **'भगवन्तः'** का (तात्पर्य) सौभाग्यवान् होना और चार मारों[1] का दमन (प्रहाण) करना है। **'ते'** का तात्पर्य सभी पैंतीस

---

१. स्कन्धमार, क्लेशमार, देवपुत्रमार तथा मृत्युमार। -धर्मसंग्रह, पृ. ४५, नागार्जुन, ति.सं., १९८८।

(बुद्धों) इत्यादि से हैं । **'माम्'** (के साथ) अपना प्रथम नाम कहना चाहिए । **'समन्वाहरन्तु'** का (तात्पर्य) चित्त के अन्यथा न होने के लिए अध्येषणा करना है ।

द्वितीय देशना के स्वरूप का काल की दृष्टि से निर्देश करने के लिए **'मया (अस्यां) जातौ'** इत्यादि कहा गया है । 'मैंने इतने काल तक इतना पाप किया— ऐसा मन में सोचकर कौकृत्य (पश्चात्ताप) होना है । यहाँ **'अस्यां जातौ'** का (तात्पर्य) इस जन्म में कृत पाप का स्मरण करना है । उससे पूर्व अतीत से लेकर अपरिमित अनादिकाल तक संसार है । अनादिकाल का अभिप्राय सामान्यतया सांसारिक जीवों का आकाश की तरह अनन्त होना है । उन (कालों) में संसरण का (अर्थ) चक्र की भाँति पुनः पुनः उत्पन्न होकर विनष्ट होना है । वह भी, जैसे पूर्व जन्मों में संसरण होता रहा है, उसी की भाँति इस (जन्म) एवं आने वाले (जन्मों में भी होना) है । **'अन्यासु वा जातिषु'** का तात्पर्य तिर्यक् आदि छः योनियों में (जन्म लेना) है ।

तीसरा स्वभावतः अपने पापों की देशना करना **'पापकम्'**– इत्यादि इस प्रकार है । यह भी, 'मैंने (अब तक) इतना पाप किया' इस प्रकार विप्रतिसारपूर्वक अपना मानसिक कष्ट प्रकट करते हुए देशना करनी चाहिए । (यही) इसका अर्थ है । पाप कर्म भी कारणभूत अविद्या का आश्रय लेकर राग आदि तीन प्रत्ययों के द्वारा काय आदि तीन (द्वारों) से किए जाते हैं । वे (कर्म) भी तीन प्रकार के होते हैं । कृत–असञ्चित, अकृत–सञ्चित और कृत–सञ्चित । (ये) तीन पाप हैं । इन सब (पापों) को सूत्रों के अनुसार जानना चाहिए । यहाँ पाप का तात्पर्य (उन पापों से हैं,) (जिनका) दुर्गति में पतन के पूर्व आभास होता है । फल के रूप में दुर्गति में उत्पन्न होने और सज्जनों के द्वारा निन्दनीय होने से इन्हें अकुशल कहा गया है ।

कर्म (उसे कहते हैं, जो काय आदि स्कन्धों में) उपश्लिष्ट या वासित होते हैं । काय आदि के द्वारा कृत प्राणातिपात आदि दश (अकुशल) होते हैं । गुरु, लघु आदि (पापों का) अन्तर समझना चाहिए । ये (कर्म) भी तीन प्रकार के होते हैं– साक्षात् स्वयं कृत कर्म, दूसरों से कराए गए (कर्म) और किए गए (कर्मों) का अनुमोदन करना । (इन) तीनों का विपाक (फल) समान होता है । विशेषकर **'कृत'** का तात्पर्य किए गए (कर्म) से है, ये सब महायान में (वर्णित) हैं । यह सब तो सर्वसाधारण है । विशेषकर अदत्तादान आदि गुरुतर पाँच में से यहाँ (केवल) तीन ही (निर्दिष्ट) हैं । (जैसे) सत्त्वों के (हित) के लिए अष्ट (विध) चैत्यों[१] के लिए (समर्पित) सुवर्णादि धन (स्तौपिकं) है । संघ (का तात्पर्य) अभेद्य होना है । बोधिसत्त्व एवं श्रावक के भेद (से संघ दो तरह के होते) हैं । वह भी, प्रथम (संघ) में तो दो (बोधिसत्त्वों का होना) आदि (माना गया) है । दूसरे में चार भिक्षुओं (का संघ) आदि होना है । उससे भी गुरुतर चारों दिशाओं के संघ (सांघिक) और अतिथि आदि का धन चुराना या साक्षात् लूटना है । अत्यन्त गुरुतर पांच आनन्तर्य (कर्म) हैं । यह (आनन्तर्य) भी वह है, (जिसके फलस्वरूप प्राप्त) दुःखों (के बीच) अन्तराल नहीं है (तथा) जिस पाप के फल की कोई सीमा नहीं है । (साथ ही) निर्दोषता एवं अल्पदोषता को भी जानना चाहिए । और भी कहा है अन्यों का प्राणातिपात आदि दश (अकुशल) करने वाले (उस व्यक्ति) के उसी मास में ही बिना किसी हिचकिचाहट के प्रतिदेशना करने में प्रविष्ट होने को भी जानना चाहिए । इन्हें आदीनव के रूप में प्रदर्शित करने के लिए 'कर्मावरण' इत्यादि (यहाँ) कहे गए है । तथाहि– इसी प्रकार दाहक विपाकों को सोचकर अपने चित्त के दोषों को निकालते हुए अत्यन्त विप्रतिसार (पश्चात्ताप) के साथ प्रतिदेशना करनी चाहिए । यही वाक्यार्थ है । वह भी, इन कर्मों के द्वारा आवृत होने का (तात्पर्य) ज्ञान को अस्पष्ट करने से है ।

---

१. सुगतचैत्य, बोधिचैत्य, धर्मचक्रचैत्य, प्रातिहार्यचैत्य, देवावतरणचैत्य, भेदयोगचैत्य, विजयचैत्य और निर्वाणचैत्य ।

इनका विपाक किस प्रकार का है ? नारकीय सत्त्व आदि अष्ट अक्षणों[1] से युक्त हैं। (क्योंकि इन सब में) सद्धर्म के लिए अवसर नहीं होता है। कोई इस समय दुःखों से पीड़ित हैं तो कोई बाद में प्राप्त होने वाले दुःखों से। इस प्रकार अवसर न होने से उनके लिए क्षणसंपद्[2] नहीं है। उन में से (पहला) **नरक** आत्यन्तिक दुःखों से युक्त है। (ये भी दो प्रकार के हैं) भूयिष्ठ एवं अभूयिष्ठ[3]। उनमें से पहले (के अन्तर्गत) शीत (८ नरक[4] एवं ८) उष्ण नरक[5] ये सोलह प्रकार के (नरक) आते हैं। द्वितीयतः स्थान की (दृष्टि) से ये भी दो प्रकार के होते हैं। ये सब **महास्मृत्युपस्थानसूत्र** के अनुसार जानना चाहिए। (ये सब नरक) अतिमात्र कृत दुष्ट कर्मों के फल हैं। **तिर्यक्** अज्ञानी होते हैं। ये जरायुज योनि आदि के होते हैं। यह (तिर्यक् योनि) भी दो प्रकार के होते हैं। आकार (की दृष्टि से ये) चार प्रकार के होते हैं। ये नीच (योनि) के हैं।

---

१. नरकप्रेततिर्यञ्चो म्लेच्छा दीर्घायुषोऽमराः।
मिथ्यादृग्बुद्धकान्तारौ मूकताष्टाविहाक्षणाः॥ बो.च.पं., पृ. ८, बौ.भा.प्र. १९८८।
'सूत्रों एवं शास्त्र में आठ अक्षणों की गणना में कुछ भिन्नताएं प्राप्त होती हैं जैसे आचार्य नागार्जुन के धर्मसंग्रह में है, जो इस प्रकार है—नरकोपपत्ति, तिर्यगुपपत्ति, यमलोकोपपत्ति, प्रत्यन्तजनपदोपपत्ति, दीर्घायुषदेवोपपत्ति, इन्द्रियविकलता, मिथ्यादृष्टि, चित्तोत्पादविरागिता।
—धर्मसंग्रह, पृ. ८१, नागार्जुन, तिब्बती संस्थान, सारनाथ, १९८८।

२. आठ अक्षणों से वियोग को क्षण कहते हैं। संपद् दस होते हैं। इसमें पांच स्व-संपद् तथा पांच पर-संपद् हैं। पाँच स्व-संपद् इस प्रकार हैं—मनुष्य होना, मध्यदेश में जन्म लेना, इन्द्रिय पूर्णता, कर्मान्त से न लौटना, बुद्धशासन में श्रद्धा होना, पांच पर-संपद् इस प्रकार हैं—बुद्धोत्पाद, सद्धर्म का उपदेश, शासन की स्थिति, शासन का अनुसरण करना तथा कल्याणमित्रों का होना।

३. सामान्यतया भूमिष्ठ एवं अभूमिष्ठ को नरक का भेद नहीं मानते हैं। इन्हें तिर्यग् योनि का भेद माना जाता है। यहाँ इन्हें नरक का भेद कहा गया है। मैंने अन्यत्र सूत्रों में तथा सम्बन्धित ग्रन्थों का अवलोकन किया परन्तु मुझे कही भी इन दोनों की जानकारी नरक के भेद के रूप में नही मिली।

४. अर्बुद, निरर्बुद, अटट, अपप, हाहाधर, उत्पल, पद्म, महापद्म।
—धर्मसंग्रह, पृ. ७५।

५. संजीव, कालसूत्र, संघात, रौरव, महारौरव, तापन, प्रतापन, अवीचि।
—धर्मसंग्रह, पृ. ७५, ति.सं. १९८८।

मध्यकर्मिक (का तात्पर्य) **प्रेत** से है। जिनको अन्न इत्यादि की इच्छा होने पर भी नहीं मिलता है। उनका स्थान दुष्ट यमलोक हैं। उसे भी दो प्रकार से जानना चाहिए। अथवा इन तीनों दुर्गीतियों के हेतु अधिकतर प्राणातिपात, मत्सर एवं मोह (कर्मों के फल से) जानना चाहिए। (अतः) इन तीनों को दुर्गीति (कहते) हैं। अन्ततः लघु दुष्कर्मों का फल प्रत्यन्त (में जन्म) है। (यह) मनुष्य एवं देव (योनियों) में (होने वाले) अक्षण हैं। ये सब दुष्ट गति होने से दुर्गीति हैं। जिस प्रदेश में धर्म आदि का अभाव होता है, उसे प्रत्यन्त कहते हैं। यह देशगत प्रत्यन्त है। **म्लेच्छ** का (तात्पर्य) प्रकृत्या मूढ एवं अज्ञानी होना और सुष्ठु भाषा न होना आदि से है। अथवा प्रत्यन्त मलेच्छ ऐसा भी कुछ लोग (अर्थ) करते हैं। वे लोग इसी कारण दुष्कर्म करने से दुर्गीति में गमन करते हैं। **दीर्घायु** वाले **देवता** पुण्यबहुल होने के साथ-साथ महान् अहंकारी होते हैं। वे अपरिमित कल्पों तक स्थित होते हैं। वे **मिथ्यादृष्टि** वाले होते हैं और (प्रायः) रूप-धातु में रहते हैं। अथवा चित्तनिरोध का अभ्यास करके संज्ञानिरोध करते (असंज्ञी) है-ऐसा भी कहा गया है। वे सब (लोग) मरण के पश्चात् नरक में जाते हैं। (संयोग से) मनुष्य योनि में जन्म लेने पर (भी) रूपादि पर अधिपत्य करने वाले चक्षु आदि पाँच या छः इन्द्रियों में दोष आ जाने से वे सद्धर्म का अर्थ जानने वाले भाग्यवान् नहीं होते हैं। उनमें एक, या दो, तीन, चार, पाँच या सभी छः **(इन्द्रियों)** से **विकल** होना सम्भव है। (इनमें से) "दुर्" का तात्पर्य मनइन्द्रिय में दोष आने के कारण अत्यन्त हानिकारक होने से है। सम्यग् दृष्टि से रहित सत्त्वों की 'बुद्ध आदि नहीं हैं'- ऐसा सोचने वाली विपरीत दृष्टि ही उच्छेददृष्टि है। (यह) सभी अकुशलों में गुरुतर है। अन्य शाश्वत आदि दृष्टि भी (मिथ्यादृष्टि ही) हैं। इस प्रकार से (अक्षण) आठ हो जाते हैं। बुद्ध का (लोक में) प्रादुर्भाव सामान्य होता है, पर वे (बुद्ध के) लोक में आगमन के समय नमस्कार आदि न कर (उसके विपरीत) अपवाद करते हैं। अपि

च, इसे लक्ष्यकर बुद्ध (शासन) शून्य स्थानों में उत्पन्न होना भी आठवाँ है ।

इस प्रकार (पापों के) अपने स्वरूप प्रदर्शित करने के बाद किसके समक्ष प्रतिदेशना करना है (इसे) 'बुद्ध'–इत्यादि (द्वारा कहा) है । यही मात्र सम्यग् साक्षी हैं, न कि अन्य । यहाँ **भगवान् बुद्ध** का (तात्पर्य) वही शाक्यमुनि आदि से हैं । उन्हें सर्वज्ञता होने से **'ज्ञानभूत'** (कहा गया) है । पुण्य एवं पाप आदि को स्पष्ट रूप से जानने से वे **'चक्षुर्भूत'** हैं । **साक्षिभूत** से तात्पर्य शुभ एवं अशुभ के अन्तर को हृदयङ्गम करना है । शब्द आदि में भ्रान्ति न होने से वे **'प्रमाणभूत'** है यानि, वे अविसंवादक हैं । मन के द्वारा सब कुछ ज्ञात होने से वे **'ज्ञाता'** हैं । प्रज्ञाचक्षु के द्वारा सब का दर्शक होने से वे 'विपश्यक' हैं । अग्रतः से (तात्पर्य) सम्प्रति सामने उपस्थित होना है ।

किस विधि से प्रतिदेशना करनी है ? **'आविष्करोमि'** आदि अर्थात् वह (कथन) सम्यग् रूप से है, न कि सम्प्रलाप आदि । यहाँ वचन से बोलना ही आविष्करण है । देशना या न छिपाना (अप्रतिच्छादना) का (तात्पर्य) मन के द्वारा अलग–अलग प्रतिदेशना करने से है । इसे स्वीकार कर लेने से वाक्य में **अप्रतिच्छादन** है, **'न प्रतिच्छादयामि'** का तात्पर्य विशदीकरण से है । अर्थात् इस प्रकार प्रतिदेशना करने पर (सभी पापों से) शुद्धि हो जाएगी ।

इस प्रकार दो बलों का प्रदर्शन करने के बाद अब प्रत्यापत्ति बल के द्वारा पाप देशना के लिए **'आयत्यां संवरमापद्ये'** ऐसा कहा है । वह भी, पूर्व (काल में कृत पाप कर्म का स्मरण करके) कौकृत्य करता है, इस समय प्रतिदेशना करता है और भविष्य में (पाप) न करने की प्रतिज्ञा करता है । प्रतिदेशना (करने के बाद) फिर से (पाप) का आचरण किया तो पाप की वृद्धि होगी, जैसे (भोजन पानी से यदि) रोग में हानि पहुँचती है तो फिलहाल भोजन पानी बन्द कर देना चाहिए ।

इसके बाद भी दश अकुशल आदि दोषों का प्रवाह विच्छेद करना है और भविष्य में (इस तरह के पाप) न करने का संवर या प्रतिज्ञा ग्रहण करना है । (इसके द्वारा समस्त) पापों की विशुद्धि हो जाएगी ।

इस प्रकार तीन बलों का प्रदर्शन करने के बाद अब चौथे प्रतिपक्षसमुदाचार बल के लिए- **'बुद्धाः'** इत्यादि कहा है । यहाँ सभी पापों की पुनः वृद्धि न होने (देने के लिए) और पुण्य संचित करने के लिए संतति में कुशल होने का प्रदर्शन करना है, (इसे) औषधि की भाँति जानना चाहिए । यहाँ समस्त परिणामनाएं बोधिसत्त्व की छह पारमिताओं से युक्त है । इसके द्वारा उनका ग्रहण होने से ये पारमिताओं के समान हैं । वह भी, दो प्रकार की हैं । उसमें से सोत्तर तो समस्त के अनुकूल है । उसने भद्र जन्म प्राप्त किया है- ऐसा भी जानना चाहिए । यह त्रैधातुक योनियों में से देव और मनुष्य आदि हैं । दान[1] के अनुकूल का तात्पर्य **'दानं...... अन्तशः'** से है । उसमें उत्तम होना भी जानना चाहिए । तिर्यग्योनि का तात्पर्य श्वान आदि से है । वह तो लघु गोचर है, महान् (विषय) भी ग्रहण करना (चाहिए) । 'आलोपः' का तात्पर्य लघु वस्तु (प्रतीत होती) है । बड़ी वस्तु भी जान लेना चाहिए । शील का तात्पर्य शीलों के अनुकूल होना है (जैसे)-संवरशील[2] आदि (तीन प्रकार के शील) हैं । अत्यन्त अवदात या शुद्ध (कुशल) का उत्पाद होने से कुशलमूल (कहा गया) है । क्षान्ति[3] के अनुकूल ब्रह्मचर्य है, (जो) पाप से रहित रहते हुए मैत्री आदि में स्थित होकर आक्रुष्ट को फिर से आक्रुष्ट न करना अर्थात् अप्रत्याक्रुष्ट आदि श्रमण धर्मों से युक्त

---

१. दान तीन प्रकार के होते हैं—धर्मदान, आमिषदान, मैत्रीदान । मैत्रीदान के लिए अधिकांश सूत्रों में 'अभयदान' ऐसा भी प्राप्त होता है । -धर्मसंग्रह, पृ. ६९

२. संवरशील, कुशलसंग्रहशील, सत्त्वार्थक्रियाशील । -धर्मसंग्रह, पृ. ६९

३. क्षान्ति तीन प्रकार के हैं—धर्मनिध्यानक्षान्ति, दुःखाधिवासनक्षान्ति, परोपकारधर्मक्षान्ति किन्तु अन्तिम के लिए शि.समु. में 'परापकारमर्षवक्षान्ति' प्राप्त होता है ।
-धर्मसंग्रह, पृ. ६९

होना है । राग से रहितों को (आकृष्ट कर्म) नहीं करना चाहिए । वीर्य[1] के द्वारा अनुकूल सत्त्वों का परिपाक करता है । महावीर्य में स्थित मेरे द्वारा पाँच अभिज्ञाओं से सभी सत्त्वों को विपरीत दृष्टि एवं विपरीत मार्ग से हटाकर (चित्त) संतति को परिपक्व करने के पश्चात् सम्यग् (मार्ग) में निक्षिप्त किया जाता है । (अर्थात्) मुक्त एवं कृतार्थ सदृश जानना चाहिए । ध्यान[2] के अनुकूल प्रणिधि (चित्तोत्पाद) तथा प्रस्थान (चित्तोत्पाद) (अर्थात्) संवृत्ति एवं परमार्थ बोधि चित्तोत्पाद करना होता है । इनमें (चित्त का) एकाग्रतया स्थित होना, अविपर्यस्त मार्ग है ।

अनुत्तर ज्ञान[3] (अर्थात्) प्रज्ञापारमिता के अनुसार परिणामना करना होता है । यह निरुत्तर ज्ञान अर्थात् अद्वय-धर्मता का अवबोध होना है । (अर्थात्) (इसे) ज्ञान-संभार (कहते) हैं । इन (छह पारमिताओं में से पूर्ववर्ती) चार (पारमिताएं) पुण्य संभार में संगृहीत मानी जाती हैं । और पाँचवीं (ध्यान पारमिता) दोनों (सम्भारों में संगृहीत) हैं । छठवीं (अर्थात्) (प्रज्ञापारमिता) तदतिरिक्त (अर्थात् ज्ञानसम्भार मानी जाती) है । (इस प्रकार ये) सभी छह पारमिताएं दो संभारों में संगृहीत होती हैं ।

इन सभी छह पारमिताओं की स्थिति (या नय) किस प्रकार है ? इसके लिए (मूल में) **'एकध्यं पिण्डयित्वा...'** आदि कहा गया है । प्रत्येक कुशल और (सभी) वस्तुओं को एक में सम्पिडन किया जाता है (अर्थात्) इसे सम्मिश्रण या मेलन (कहा

---

१. वीर्य तीन प्रकार का है—संनाहवीर्य, प्रयोगवीर्य (सामान्यतया यह वीर्य कुशलपक्षधर्मसंग्रहवीर्य के नाम से ज्यादा प्रसिद्ध है), परिनिष्ठावीर्य (सामान्यतया यह 'सत्त्वार्थकवीर्य' के नाम से प्रसिद्ध है । ऐसा बोधिसत्त्व भूमि में कहा गया है) -धर्मसंग्रह, पृ. ७०

२. ध्यान के तीन भेद हैं—सदोषापकर्षध्यान, सुखवैहारिकध्यान, अशैषवैभूषितध्यान, -धर्मसंग्रह, पृ. ७०

३. प्रज्ञा भी तीन प्रकार की है—परमार्थाधिगतप्रज्ञा, संवृत्यधिगतप्रज्ञा, सत्त्वार्थक्रियाप्रज्ञा । ये प्रज्ञा के प्रसिद्ध भेद हैं । इसके अतिरिक्त भी तीन प्रकार की प्रज्ञाएं कही गई हैं—श्रुतमयीप्रज्ञा, चिन्तामयीप्रज्ञा, भावनामयीप्रज्ञा । -धर्मसंग्रह, पृ. ७१

जाता) है । अविच्छेद करने का तात्पर्य 'संवर' करना है, प्रकृतितः असम्भिन्न करना है । कहाँ परिणामना करें ? अनुत्तर बुद्धों के (समक्ष परिणामना करना) है । वह (परिणामना) श्रावकादि से विशिष्ट होने के कारण अनुत्तर (कही गई) है । निरुत्तर (अर्थात्) बुद्ध है । उत्तर (अर्थात्) लोक के उत्तर स्थित । वह दो है । इन सभी के उत्तर बोधिसत्त्व है । गुरु (उत्तर) तो बोधिसत्त्वों को (कहते) हैं । उससे गुरु या उत्तर तो भगवान् बुद्ध है । (क्योंकि) उससे उत्तर कोई नहीं है । वही 'बोधिसत्त्व महासत्त्व' हैं 'से' (अर्थात्) वही सर्वज्ञ है ।

सभी के लिए परिणामना करना तो परिशुद्ध त्रिमण्डल को कहा गया है, जो अनुपलम्भ है । यह सामान्य बोधिसत्त्वों की परिणामना है । अनुत्तर बुद्धत्त्व के लिए परिणामना करना उपायकौशल है । इस प्रकार परिणामना के लिए **'यथा'** इत्यादि कहा गया है । स्वयं परिणामना करना नहीं जानता है तो इस प्रकार (पूर्वोक्त विधि से) परिणामना करना प्रणीत आदि द्वारा आदरपूर्वक (परिणामना करना उचित) है । त्रैकालिक बुद्धों द्वारा कृत परिणामना की भाँति मेरे द्वारा भी आदरपूर्वक परिणामना करना महा (अववाद) या उपदेश है । त्रिस्कन्ध[१] के अनुसार परिणामना तो– **'सर्वं पापं प्रतिदेशयामि'** आदि द्वारा कही गई हैं । यह पाप देशना स्कन्ध और शुद्ध एवं अशुद्ध कुशल के (द्वारा) अनुमोदन यह सब विषय के रूप में प्रस्तुत करें तो यह आनन्द स्कन्ध या (अनुमोदन स्कन्ध) है । सभी बुद्धों का महापरिनिर्वाण न होने की (प्रार्थना करना) और धर्मचक्र परिवर्तन करने के लिए अध्येषणा करना याचना स्कन्ध में (संगृहीत होते) हैं । इन तीन के द्वारा अपरिमित पुण्यस्कन्ध संचित किया जाता है ।

---

१. ऊपर त्रिस्कन्ध की पृथक्-पृथक् तीन प्रकार की गणना की गई थी । शिक्षा समुच्चय में इसकी गणना में भिन्नता बताई गई है । —पृ. ९, मि.सं. १९६१

इन (सब) के प्रसंग (के बाद) प्रणिधान करना (अर्थात्) बुद्धत्व की प्राप्ति के लिए प्रणिधान करते समय अनुत्तर ज्ञान प्राप्त हो (ऐसा प्रणिधान किया जाता) है । समस्त पापों के प्रतिपक्षभूत शरणगमन करना श्रेष्ठ है । यहाँ भी शरणगमन करने का तात्पर्य **'नरोत्तमा जिनाः'** इत्यादि (द्वारा कहा गया) है । (शरणगमन आदि) पूर्व में सामान्यतया प्रदर्शित किये जा चुके हैं । 'तथापि' का तात्पर्य बुद्ध मात्र के ही शरणगमन की निष्ठा होने से है । (धर्म एवं संघ की शरणगमन) यहाँ नहीं कहा गया है । यहाँ **'नरोत्तमाः'** (का तात्पर्य) मनुष्य रूप में जन्म लिया हुआ 'निर्माणकाय' है । गुण का तात्पर्य बुद्ध के (दश) बल इत्यादि हैं । **'वर्णान्'** का तात्पर्य विशेष रूप से स्तुति करना है । अनन्त से तात्पर्य इन पैंतीस (बुद्धों) आदि से है । सागर को यहाँ उपमा के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अक्षय है अर्थात् संख्यातीत व्यक्त करना है । अंजलि का तात्पर्य काय के द्वारा (प्रणाम करने) से है । शरणगमन चित्त एवं वाक् के द्वारा (किया जाता) है ।

इस प्रकार चार बलों द्वारा (प्रतिदेशना) करने से समस्त पापों की विशुद्ध होती है (और दोनों) सम्भार सम्पन्न होकर बुद्धत्व की प्राप्ति होती है, अतः सभी (व्यक्तियों को) इसे जानना चाहिए ।

यहाँ (मैंने) संक्षिप्त रूप में व्याख्या की है । विस्तृत रूप से जानकारी सूत्र से होगी । इस प्रकार जानकर यत्नपूर्वक एवं बल पूर्वक (समस्त) पाप की प्रतिदेशना करनी चाहिए ।

रत्न रूपी इस (मनुष्य) काय को प्राप्त करना प्रशंसनीय है । कौसीद्य एवं तन्द्रा रहित होना चाहिए । अपने द्वारा अपने चित्त को देखकर मान, स्त्यान नहीं करना चाहिए, यह महान् आश्चर्य (करने योग्य) है ।

मैंने करुणा के बल (प्रेरणा) से सत्त्वार्थ के लिए बोध्यापत्तिदेशना की यह वृत्ति की है, इससे उत्पन्न विमल कुशल

(पुण्य) के द्वारा सत्त्वों को नागराज की भाँति (अर्थात् तथागत नागेश्वरराज की भाँति) बुद्धत्व प्राप्त हो ।

समस्त दृष्टि का प्रहाण करने वाले (तथा) सम्यग् मार्ग दिखाने वाले बुद्ध, (जो) सिंह की भाँति (चार) मारों का दमन करने वाले हैं, उन गौतम (बुद्ध) को (मैं) प्रणाम करता हूँ ।[१]

बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति महान् आचार्य आर्य नागार्जुन द्वारा विरचित समाप्त । भारतीय महापण्डित शान्तरक्षित और भोट देश के लोचावा (अनुवादक) ञे-देवघोष के द्वारा अनूदित एवं संशोधित ।

●

१. इसी प्रकार का एक श्लोक मध्यमककारिका में प्राप्त होता है तुलनीय—
सर्वदृष्टिप्रहाणाय यः सद्धर्ममदेशयत् ।
अनुकम्पामुपादाय तं नमस्यामि गौतमम् ॥ —भू. म. कारिका २७/३०

भारतीय भाषा में : बोध्यापत्तिदेशनावृत्तिः बोधिसत्त्वशिक्षाक्रमो नाम

आर्यगण को (मेरा) नमस्कार

जिस (तथागत) ने समस्त (धर्मों) का अवलोकन किया है, (उस) सर्वज्ञ को नमस्कार करके मैं बोधिसत्त्वशिक्षा (त्रिस्कन्ध-सूत्र की टीका) को श्रद्धापूर्वक लिखूँगा।

यहाँ जो (लोग) बोधिचित्तोत्पाद करके निःश्रेयस की प्राप्ति के लिए इच्छुक हैं, उनको दोषों से व्यावृत्ति के उपायों की जानकारी के लिए यह त्रिस्कन्ध-सूत्र कहा गया है। यह दोष भी पाराजयिक कुल के अंतर्गत और दोषकृत कुल के अन्तर्गत (आने वाले ये दो प्रकार के) हैं[१]। (पहला) पाराजयिक कुल के अन्तर्गत आने वालों के भी श्रावक साधारण एवं असाधारण ये दो प्रकार के भेद हैं। इन सभी से निवृत्त होकर चित्तोत्पाद करके तीन प्रकार के संवर[२] प्राप्त करना है। दोषों से निवृत्ति तो त्रिपुद्गल[३] के (समक्ष) प्रतिदेशना करना, एक पुद्गल[४] के

---

१. ये दोनों दोष प्रहेय आपत्ति के भेद हैं। इस कारण पाराजिक एवं दोषकृत दो भेद किए जाते हैं। पाराजिक के बारे में विस्तार से बोधिसत्त्वभूमि एवं गगनगर्भसूत्र में द्रष्टव्य है। बोधिसत्त्वभूमि में उल्लिखित चार पाराजिकों को "विंशतिसंवर" में भी कहा गया है। आचार्य अतीश ने आठ पाराजिकों को कहा है। गगनगर्भसूत्र में उल्लिखित ११ पाराजिकों को शिक्षा समुच्चय में भी कहा गया है किन्तु यहाँ १५ पाराजिकों की बात कही गई है। किन्तु पन्द्रहवें पाराजिक के बारे में भोट विद्वानों में मतभेद है। इनका विभाजन कर पुनः ३७ पाराजिक कहे गए हैं। सवरशील, पाराजिक कुल (जाति) है। कुशलसंग्रह षड्पारमिता के विपक्ष तथा सत्त्वार्थशील के विपक्ष दोषकृत कुल (जाति) हैं।

२. प्रतिमोक्षसंवर, बोधिसत्त्वसंवर, वज्रसंवर (तन्त्र)।

३. द्रष्टव्य-श्रावक पुद्गल, महायानी पुद्गल, सम्भोगी पुद्गल।
–"विशतिसंवरव्याख्या"–देगे. ४०८३, सेमचम "हि" पुद, पृ. २०२ख।

४. द्रष्टव्य-श्रावक पुद्गल, महायानी पुद्गल, सम्भोगी पुद्गल।
–"विंशतिसंवरव्याख्या"–देगे. ४०८३, सेमचम "हि" पुद, पृ. २०२ख।

समक्ष प्रतिदेशना करना और पैंतीस बुद्धों[1] के (समक्ष) प्रतिदेशना करना है ।

सर्वप्रथम विशिष्ट पूजास्थान के सम्मुख शरणगमन करना है और उसके बाद प्रणाम करके पाप की देशना करना है । तत्पश्चात् भविष्य में संवर से च्युत न होने की प्रतिज्ञा करनी है । उसके बाद समस्त कुशल मूल की अनुत्तर बोधि में परिणामना करें । भविष्य में संवरों की स्थिति के लिए पापदेशना करना, अध्येषणा करके याचना करना, कुशल मूल की परिणामना करना और शरण–गमन करना चाहिए । यह (सब) संक्षिप्त अर्थ है ।

अब अवयवों का अर्थ कहना चाहता हूँ । **'मैं अमुक नामक'** से तात्पर्य देवदत्त या यजन आदि व्यक्ति हैं । बुद्ध की शरणगमन करता हूँ, धर्म की शरण–गमन करता हूँ और संघ की शरण–गमन करता हूँ । प्रहाण एवं अधिगम से युक्त होने के कारण बुद्ध हैं । वह (बुद्ध) तीन काय से (युक्त) है—धर्मकाय, संभोगकाय और निर्माण काय, (बुद्ध) (का तात्पर्य) तद्विषयक हैं । यहाँ 'की' विषय के अधिकरण में सप्तमी विभक्ति है । शरणगमन का (तात्पर्य) हिंसा आदि क्लेशों से रक्षा करना है । धर्म का (तात्पर्य) आगम तथा अधिगम धर्म[2] से है । संघ का (तात्पर्य) श्रावक, प्रत्येकबुद्ध तथा बोधिसत्त्व हैं । श्रावक भी चार प्रकार के प्रतिपन्नक[3] और चार प्रकार के फलस्थ[4] हैं । प्रत्येकबुद्ध भी एकान्तचारी और गणचारी (द्विविध) हैं । बोधिसत्त्व

---

१. उपालिपरिपृच्छासूत्र (उद्धृत–शि.सम., पृ. ९४, मि.सं. १९६१) ।
२. सद्धर्मो द्विविधः शास्तुरागमाधिगमात्मकः । –अभि.को. ८/३९ ।
३. स्रोतापत्तिप्रतिपन्नक, सकृदागामीप्रतिपन्नक, अनागामीप्रतिपन्नक, अर्हत्प्रतिपन्नक ।
४. स्रोतापन्नफलस्थ, सकृदागामीपलस्थ, अनागामीफलस्थ, अर्हत्फलस्थ ।
–धर्मसंग्रह, पृ. ६३, ति.सं. १९८८

भी विनियत और अविनियत (दो प्रकार के) हैं । शेष की व्याख्या (पूर्व) में की जा चुकी है ।

(१) **'नमो भगवते शाक्यमुनये तथागताय अर्हते सम्यक्सम्बुद्धाय'** का तात्पर्य बलसहित समस्त मारों का महासंग्राम में विनाश करने वाले होने से **'भगवत्'** है । तथागत का तात्पर्य अविपर्यस्त तथता की देशना देनेवाले से है । **अर्हत्** का तात्पर्य समस्त मनोरथों को प्राप्त करने वाले से है तथा अनुत्तर पुण्य क्षेत्र और पूजा के योग्य होने से है । सर्वधर्मों के परमार्थ रूप के यथावत् ज्ञाता होने से **'सम्यक्सम्बुद्ध'** ऐसा कहा गया है । **शाक्यमुनि** से तात्पर्य समस्त क्लेशों के प्रहाणान्त को प्राप्त, आदेयवचन, सम्पन्नकुल और सम्पन्न ऐश्वर्य होने से है ।

(२) (तथागत) **वज्रगर्भप्रमर्दिन्** का (तात्पर्य) प्रपञ्च रहित होने से, वस्तुग्राह का प्रहायक होने से, हीरक की **भाँति** है । समस्त उसके गर्भ में है और वही विनाशक है । **अथवा वज्र** (अर्थात्) रत्न, **गर्भ** (अर्थात्) भीतर है । **प्रमर्दिन्** अर्थात् आनुभावसम्पन्न है ।

(३) (तथागत) **रत्नार्चिष्** से (तात्पर्य) **रत्न**मणि के समान होने से, ऐसा कहा गया है । जैसे देवों का द्रव्य रत्नमणि तो हल्का है, प्रभास्वर है, समस्त उपद्रवों को निवृत्त करता है, गुणवान् है तथा रमणीयादि धर्म से युक्त है । उसी प्रकार सम्यग्रत्न भी समस्त गुणों की **अर्चिष्** से युक्त है और उपकारी है ।

(४) (तथागत) **'नागेश्वरराज'** (का तात्पर्य) नागेश्वरराज की ऋद्धि से सम्पन्न होना है । वह समस्त शस्य पर वर्षा करता है । 'उनका **ईश्वर**' का (तात्पर्य) अधिपति होने से है । इन सबके राजा का अर्थ भगवान् बुद्ध है ।

(५) (तथागत) **वीरसेन** का तात्पर्य **वीर**कुल से है । (जो) विपक्ष का विनाश करता है ।

(६) (तथागत) **'वीरनन्दिन्'** उसमें **आनन्दित** होने से **वीरनन्दिन्** है ।

(७) (तथागत) **रत्नाग्नि** में **रत्न** का तात्पर्य दुर्लभ, महर्ध इच्छापूरक होने से है । वह क्लेशों रूपी इन्धन को जला देता है । (अतः **अग्नि** है)

(८) (तथागत) **रत्नचन्द्रप्रभ** का तात्पर्य चन्द्र की भाँति शीतल होने से है और अविद्या रूपी अन्धकार से विगत होने से है । विकल्पों की उष्णता से असंतप्त है ।

(९) (तथागत) **अमोघदर्शी** का तात्पर्य समस्त विनेयजनों के साक्षात् द्रष्टा होने से है । वह पात्र के अनुकूल हित करके (संसार) से उद्धार करता है ।

(१०) (तथागत) **रत्नचन्द्र** का तात्पर्य बोधिसत्त्वसमन्तभद्र से है । शेष (शब्दार्थ) पूर्व की भाँति है ।

(११) (तथागत) **विमल** से (तात्पर्य) समस्त क्लेशमलों एवं ज्ञेयमलों का दर्शन एवं भावना (मार्ग) के द्वारा प्रहाण करने वाले से है । अर्थात् साम्रवविज्ञान के प्रहाण से है । वही श्रीभूत होने से (**विमल**श्री) है । वह हित करने में श्रेष्ठ है ।

(१२) (तथागत) **शूरदत्त** का तात्पर्य समस्त सत्त्वों का हितकारी होने से है ।

(१३–१४) (तथागत) **ब्रह्मन्** से तात्पर्य रूपधातु के प्रथम ध्यान के अधिपति से है । उनकी विभूति या ब्रह्म का तात्पर्य क्लेश, कर्मों के क्षय से परिनिवृत्त होने से है । इस प्रकार वह अन्य द्वारा दत्त होने से **'ब्रह्मदत्त'** है । इसीलिए (ब्रह्मन् और दत्त

में) प्रथमा विभक्ति लगाई गई है या इस प्रकार उनके द्वारा दत्त होने से (तथागत) **ब्रह्मदत्त** है । इसलिए तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया गया है । फलतः 'ब्रह्मदत्ताय' ऐसा निष्पन्न हुआ ।

(१५) (तथागत) **'वरुण'** का तात्पर्य सत्त्वों की सन्तति अहंकार से उन्नत, द्वेष (क्रोध) रूपी अग्नि से सन्तप्त, अविद्या से व्याप्त एवं स्थूल क्लेशों से परिपूर्ण है, उसे वह शिथिल एवं शान्त करता है । साधारण व्यक्ति रहते समय वह छत्रवान् (छातावाले) थे । उन्होंने रत्नबुद्ध पूज्य को छाया प्रदान की फलतः वे वरुण बुद्ध-काय को धारण करने वाले हुए ।

(१६) (तथागत) **वरुणदेव** क्षेत्र पालन करने वाले नाग कुल के अन्तर्गत (होने से) **वरुण** है । उनके द्वारा (जगत्) में शान्ति प्रदान की जाती है ।

(१७) (तथागत) **भद्रश्री** का तात्पर्य अद्वय ज्ञान से है । लोक के क्लेशों एवं कर्मों का अभिभव करने से वे विशिष्ट हैं ।

(१८) (तथागत) **चन्दनश्री** का तात्पर्य अनेकविध अन्नों का संग्राहक होने से है । जैसे **चन्दन** का विशिष्ट गन्ध सहज उत्पन्न होता है, उसके द्वारा घ्राण इन्द्रिय का उपकार किया जाता है, उसी प्रकार वे सर्व सत्त्वों का निरन्तर निर्विकल्प (ज्ञान) द्वारा कल्याण करते हैं इसलिए, **'श्री'** कहा गया है ।

(१९) (तथागत) **तेजस्** का तात्पर्य प्रभा से है, क्योंकि प्रभा के द्वारा समस्त जगत् में प्रकाश प्रदान किया जाता है, अतः **'तेजस्'** ऐसा कहा गया है ।

(२०) (तथागत) **प्रभाश्री** का तात्पर्य **प्रभा** के द्वारा स्फुट अवभास करते है । श्री से तात्पर्य सम्यग् ज्ञान से असंमुष्ट चित्त

द्वारा वह समस्त (धर्मों) को जानने में अप्रतिहत और असक्त है।

(२१) (तथागत) **अशोकश्री** का तात्पर्य प्रहाण एवं ज्ञान युक्त होने से है, क्लेश आवरण का प्रहाण करने से असतप्त है तथा ज्ञेय आवरण का प्रहाण करने से वे चार निर्विकल्प ज्ञानों से युक्त होने से **श्री** है।

(२२) (तथागत) **नारायण** का तात्पर्य प्रभूत बल होने से है, वह अन्यों का विनाश करने के लिए ख्यात है।

(२३) (तथागत) कुसुमश्री का तात्पर्य मनोहर एवं रमणीय होना है।

(२४) **ब्रह्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञतथागत** में **ब्रह्म** का तात्पर्य विशुद्ध होने से है। समस्त आवरणों का क्षय करके कल्पनाओं के मल से रहित हैं। **ज्योति** का तात्पर्य उपकार, सुख तथा विमुक्ति ये तीन द्वार हैं। जैसे ऋद्धिप्रातिहार्य, आदेशनाप्रतिहार्य एवं अनुशासनीप्रतिहार्य के द्वारा **विक्रीडित** होते हुए समस्त ज्ञेयों को एक क्षण में प्रत्यक्षतः जानते हैं।

(२५) **पद्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ तथागत** का तात्पर्य **पद्म** की भाँति दोषों से अलिप्त होना है। अवशिष्ट (शब्दार्थ) पूर्व की भाँति है।

(२६) (तथागत) **धनश्री** का तात्पर्य सात **धनों** की **श्री** के अवबोध से है, (जैसे)— श्रद्धा (धन) आर्य शील (धन) श्रुत (धन) त्याग (धन) ह्री (धन) अपत्राप्य (धन) प्रज्ञा (धन) से स्वभाव है।[1]

---

१. इसका विवरण सूत्र तन्त्र एवं शास्त्रों में इस प्रकार है—
विनय-उत्तरग्रन्थ, देगे. ७अ, सूत्र (विनय) ,'प' पुद्, पृ. ३१ख
अवतंसक, देगे. ४४, सूत्र (फलछेन), 'क' पुद्, पृ. ३३३ख;

(२७) (तथागत) **स्मृतिश्री** का तात्पर्य चार **स्मृत्यु**पस्थानों (के अवबोध) से है । काय (स्मृत्युपस्थान), चित्त (स्मृत्युपस्थान), वेदना (स्मृत्युपस्थान) और धर्म (स्मृत्युपस्थान) इन चारों की **श्री** से युक्त है । मध्यगत शब्द अप्रकाशित हैं ।

(२८) (तथागत) **सुपरिकीर्तितनामधेयश्री** का तात्पर्य बत्तीस लक्षणों के उपलब्ध होने से वे अत्यन्त विशुद्ध लोक धातु में प्रसिद्ध हैं ।

(२९) (तथागत) **इन्द्रकेतुध्वजराज** का तात्पर्य इस प्रकार है- पाँच इन्द्रिय अर्थात् श्रद्धा (इन्द्रिय), वीर्य, स्मृति, समाधि तथा प्रज्ञा **इन्द्रिय** (ये पाँच) हैं । **केतु** का तात्पर्य (छह) अभिज्ञाएँ प्रतीत होती हैं । (१) ऋद्धिविध, (२) दिव्यश्रोत्र, (३) चित्तपर्यायज्ञान, (४) पूर्वनिवासानुस्मृति, (५) च्युत्युत्पत्तिज्ञान, (६) आस्रवक्षयज्ञान (ये छह) अभिज्ञाएं हैं । ये तथागत इन्द्रिय तथा अभिज्ञाओं के केतुवाले होने से चक्रवर्ती राजा हैं ।

(३०) (तथागत) **सुविक्रान्तश्री** का तात्पर्य विशेष रूप से (दमन) करना है । अर्थात् वह **सुविक्रान्त** है (जो) जड़ से उखाड़ता है । **'वि'** का तात्पर्य विकल्प है (अर्थात्) (क्लेशों) अर्थात् विकल्पों को जड़ से निकालता है ।

बोधिसत्त्वपिटक, देगे. ५६, सूत्र (कोनचेग), 'ग' पुद्, पृ. ७४ख;
आर्य महायानोपदेश-नाम-महायानसूत्र, देगे. १६९, सूत्र 'ब', पुद्, पृ. २९७क;
आर्य रत्नमेघसूत्र, देगे. २३१, सूत्र, 'व', पुद्, पृ. ५०ख;
अवमानप्रदीपमान, देगे. ३७२९, तन्त्र 'छु' पुद्, पृ. ५९क;
आर्य शतसाहस्रिका-पञ्चविंशतिसाहस्रिका-अष्टसाहस्रिका-प्रज्ञापारमिता वृहट्टीका, देगे. ३०८, शेरछिन 'फ' पुद्, पृ. ४८ख;
बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति-बोधिसत्त्वशिक्षाक्रम, देगे. ४००६, 'जी' पुद्, पृ. १८९क;
सूत्रालंकारवृत्तिभाष्य, देगे. ४०३४, सेमस्-चम 'मी' पुद्, पृ. १६ख;
व्याख्यायुक्तिटीका, देगे. ४०६९, सेमस्-चम, 'सी' पुद्, पृ. १७९क;
विनयवस्तुटीका, देगे. ४११३, विनय, 'चु', पुद्, पृ. २१९ख;
विनय-विभङ्ग-पदव्याख्यान, देगे. ४११४, विनय, 'छु', पुद्, पृ. ६९ख ।

(३१) (तथागत) **सुविजितसंग्राम** का तात्पर्य है—शत्रुगण, जो चार मार हैं, उन पर विजय प्राप्त करने वाला । **सु** का तात्पर्य विशिष्ट है । (जिसने) समस्त (मारों) पर विजय (प्राप्त) की है ।

(३२) (तथागत) **विक्रान्तगामिश्री** का तात्पर्य बाधाघातक बल से सभी लोक धातुओं में विनेयजनों का यथावत् कल्याण करता है ।

(३३) (तथागत) **समन्तावभासव्यूहश्री** का तात्पर्य है-सुन्दर होने के लिए जैसे युवती को आभूषण से अलंकृत किया जाता है, वैसे वे (अलंकृत) हैं ।

(३४) (तथागत) **रत्नपद्मविक्रामिन्** पूर्ण मनोरथ होने पर भी संसार के दोषों से अलिप्त रहते हुए अभिभव करते हैं ।

(३५) **(रत्नपद्मसुप्रतिष्ठितशैलेन्द्रराज)** ये तथागत इच्छा पूर्ति चाहने वाले राग आदि दोषों से अलिप्त रहते हुए भय से रहित पर्वत के राजा सुमेरु की भाँति अभिभव करने वाले हैं ।

पाप की प्रतिदेशना करने का तात्पर्य दोषरूपी मलों को धोने से है । (जो) नमस्कार करना इत्यादि है । ध्रियन्ते एवं यापयन्ति का तात्पर्य अन्य दशदिशाओं में विद्यमान सभी (बुद्ध) हैं । वही **'यावन्त'** (का तात्पर्य) है । अन्य (पदों) का अर्थ सरल है । **'माम् समन्वाहरन्तु'** मेरी ओर ध्यान दें— का तात्पर्य मन में रखने से है । मैं अभी जन्म लेकर जीवित हूँ । मैंने अनादिकाल में अनेक जन्म ग्रहण किए हैं, (जिसमें) संस्वेदज, उपपादुक, अण्डज योनियों में जो जन्म लिए हैं, वे सभी इससे अतिरिक्त हैं । पाप अर्थात् अकुशल होने के कारण **'पापकर्म'** कहा गया है । जो काय, वाक् एवं चित्त तीनों के द्वारा किया गया है । (वह भी तीन प्रकार से है) (क) स्वयं के द्वारा करना, (ख) अन्यों से करवाना और (ग) अन्यों द्वारा किए

हुए का अनुमोदन करना । इनकी प्रतिदेशना करनी चाहिए । स्तूप का (तात्पर्य) बुद्धों के काय, वाक्, अवशेष एवं विहार इत्यादि से है । संघ का तात्पर्य वर्ग से है । दश दिशा के संघ का तात्पर्य अन्य (सत्त्वों को संसार से) निकालने वाले नायकों से है । इन संघों के धन (द्रव्य) का अपहरण करने वाला तो (अवश्य) नरक में जाएगा । "स्तूप एवं विहार को तोड़ने वाला और त्रिरत्न के धन को छिपाकर स्वयं के लिए उपयोग करने वाला जो व्यक्ति है, वह मृत्यु के पश्चात् महानरक अर्थात् अवीचि में पतित होगा"[१]— ऐसा (बुद्ध वचनों में) कहा गया है । "संघ का धन चुराने वाला (मृत्यु के पश्चात्) घानी (कोल्हू) पीसने वाले बैल एवं गधों में जन्म लेगा । संघ से बार-बार धन मांगकर बाद में परोक्ष में (उन पर) आरोप लगाने वाला (व्यक्ति) (मृत्यु के पश्चात्) कबूतर (योनि) में जन्म लेगा । संघ का भोजन करने वाला (मृत्यु के पश्चात्) सब्जी के भीतर रहने वाले कीड़े की योनि में जन्म लेगा"[२]— ऐसा (सूत्र) में कहा गया है । (ये उक्त पाप) स्वयं के द्वारा किया गया हो या अन्यों के द्वारा कराया गया हो या, अन्यों के द्वारा किए हुए का अनुमोदन किया गया हो, उन (सब) की प्रतिदेशना करनी चाहिए । पाँच प्रकार के आनन्तर्य ये हैं- (१) (स्वयं के) माता एवं (२) पिता का वध, (३) अर्हद्-वध, (४) दुष्ट चित्त से तथागत के शरीर से रुधिरोत्पाद तथा (५) संघ भेद करना (ये पाँच) हैं । इन (उक्त पाँचों) का आचरण किया गया है तो (वह) अवीचि नरक में जाता है ।

दश अकुशल (कर्म) (इस प्रकार हैं) (१) प्राणातिपात, (२) अदत्तादान, (३) काम मिथ्याचार, (४) मृषावाद, (५) पैशुन्य,

---

१. आर्यशुभाशुभकार्यकारणभावनिर्देश-नाम-महायानसूत्र, देगे. ३५४, सूत्र, 'अ' पुद्, पृ. २०४ख ।

२. आर्यशुभाशुभकार्यकारणभावनिर्देश-नाम-महायानसूत्र, देगे. ३५४, सूत्र, 'अ' पुद्, पृ २०१ख ।

(६) पारुष्य, (७) संभिन्नप्रलाप, (८) अभिध्या, (९) व्यापाद (१०) मिथ्यादृष्टि (ये दश) है । "इन सबका निरन्तर आचरण करने वाले नरक में जाएँगे, तिर्यक् (में जन्म) लेंगे, अन्ततः प्रेत (योनि) में जन्म लेंगे"[१] । अल्प (अकुशल) कर्म होने पर अन्य कुशल (कर्म) के बल से मनुष्य योनि में जन्म लेने पर भी "(१) प्राणघात के द्वारा अल्पायु तथा अनेक रोग से ग्रस्त रहेगा । (२) अदत्तादान से (हमेशा) दरिद्र, व्यसनी और अपने धन में स्वतन्त्र नहीं रहेगा, (उसके धन का) दूसरों के द्वारा उपयोग होगा । अब्रह्मचर्य से गर्भस्थान के अलावा (अन्य स्थान में) जन्म नहीं लेगा और विकलांग के रूप में (जन्म) लेगा । (३) "काममिथ्याचार (करने वाले) (अपनी) पत्नी का अन्यों के द्वारा उपभोग कराएगा, हमेशा पत्नी के साथ विवाद रहेगा और जानते हुए मित्रता नहीं करेगा"[२] । (४) मृषावाद (झूठ बोलने) से अधिक निन्दा होगी तथा अन्यों के द्वारा विसंवाद होगा । (५) पैशून्य से अशुचि परिवार मिलेगा एवं प्रेमिका से विच्छेद होगा । (६) पारुष्य के द्वारा अप्रिय शब्द सुनना होगा तथा जो भी (शब्द) बोलेंगे उससे विवाद उत्पन्न होगा (७) संभिन्नप्रलाप से अन्यों को अविश्वास होगा तथा अन्यों के शब्दों को समझ नहीं पाएगा । (८) अभिध्या से लोभी एवं असन्तुष्ट होगा तथा खोजने पर भी (अर्थ) की प्राप्ति नहीं होगी । (९) व्यापाद से अन्यों को (हानि पहुँचाने के लिए) अवसर खोजने वाला तथा दूसरों को हानि पहुँचाने वाला होगा । (१०) मिथ्यादृष्टि के द्वारा शठता से युक्त और मिथ्यादृष्टि वालों के कुल में जन्म लेगा[३] ।"

---

१. शुभाशुभकर्मविपाकनिर्देशसूत्र, देगे. ३५५, सूत्र, 'व', पुद्, पृ. २११क ।

२. आर्यशुभाशुभकार्यकारणभावनिर्देश–नाम–महायानसूत्र, देगे. ३५४ सूत्र 'अ' पुद्, पृ. २०६क ।

३. इमे खलु पुनर्दशाकुशलाः कर्मपथा अधिमात्रत्वादासेविता भाविता बहुलीकृता निरयहेतुर्मध्यत्वात् तिर्यग्योनिहेतुर्मृदुत्वाद्यमलोकहेतुः । तत्र प्राणातिपातो निरयमुपनयति, तिर्यग्योनिमुपनयति, यमलोकमुपनयति । अथ चेत्पुनर्मनुष्येषु उपपद्यते, द्वौ

वही (दश अकुशल) कर्मपथ हैं। छह बातें यहाँ भी समान हैं। **'समादाय वर्तितं स्यात्'** का (तात्पर्य) इन सभी को करने में हर्ष होना तथा उसके प्रतिपक्ष के उत्पाद के लिए प्रयत्न नहीं करना है। उसके अतिरिक्त षड् पारमिता के विपक्ष[1], आठ प्रकार के मिथ्या (दृष्टि)[2] तथा नव प्रकार के अभिध्या चित्त[3] आदि बोधिसत्त्व पिटक आदि में विस्तृत रूप से कहे गए हैं। वही (हमने) यहां पर भी कहा है।

उसके फलस्वरूप आठ प्रकार के अक्षण प्राप्त होते हैं। **'येन कर्मावरणेन'** का तात्पर्य पहले एवं दूसरे दोनों से है। पूर्वोक्त (पञ्चानन्तर्य) में से जो भी हो (उसके ऊपर) भिक्षुणी दूषण करना, धर्म का अपवाद करना और उपाध्यायादि को काय एवं वाक् के द्वारा हानि पहुँचाने के कर्म करना भी साक्षात् रूप में समान हैं। तीव्र क्लेश के द्वारा मध्य नरक अर्थात् तिर्यक् योनि में पैदा होगा। मृदु (क्लेश से) प्रेत के समान प्रान्त स्थान में तथा सूक्ष्म या प्रतिरूप (क्लेश से) प्रान्त स्थान आदि में (जन्म) होगा। और भी (जिसने) "स्तूप का विनाश, विहार का

विपाकावभिनिर्वर्तयति अल्पायुष्कता च बहुग्लान्यतां च। अदत्तादानं....पेयालं.... परीत्तभोगतां च साधारणभोगतां च। काममिथ्याचारो....अनाजानेयपरिवारतां च ससपत्नदारतां च। मृषावादो...अभ्याख्यानबहुलतां च परैर्विसंवादनतां च। पैशुन्यं... .भिन्नपरिवारतां च हीनपरिवारतां च। पारुष्यं...अमनापश्रवणतां च कलहवचनतां च। संभिन्नप्रलापो....अनादेयवचनतां च अनिश्चितप्रतिभानतां च। अभिध्या....असंतुदिरतां च महेच्छतां च। व्यापादो....अहितैषितां च परोत्पीडनतां च। मिथ्यादृष्टि....... कुदृष्टिपतितश्च भवति शठश्च मायावी। एवं खलु महतोऽपरिमाणस्य दुःखस्कन्धस्य इमे दशाकुशलाः कर्मपथाः समुदागमाय संवर्तन्ते।

–दशभूमि, पृ. १६, मि.सं. १९६७।

आर्यसागरनागराजपरिपृच्छा–नाम– महायानसूत्र, देगे. १५४, सूत्र 'फ', पुद्, पृ. २०२ख।

१. आर्य गृहपति उग्रपरिपृच्छानाम महायानसूत्र बोधिसत्त्वपिटक देगे. ६२, 'ङ', पुद्, पृ. २६२क।

२. बोधिसत्त्वपिटक देगे. ५६, 'ग', पुद्, पृ. ३२क।

३. बोधिसत्त्वपिटक देगे. ५६, 'ग', पुद्, पृ. ३२क।

विनाश और चोरी-छिपे त्रिरत्न के धन का स्वयं के लिए उपयोग किया है, वह मृत्यु के बाद अवीचि नरक में पतित होगा। उससे मुक्त होने पर भी फिर निम्न प्रकार की तिर्यक् योनि का शरीर (धारण) करेगा, जैसे- कबूतर, चिड़िया (पक्षी) गौरैया, तोता, चक्रवाक, नीलपक्षी, मछली, कछुवा, वानर, मृग (आदि) का शरीर धारण करेगा। सौ जन्म लेने के बाद मनुष्य का शरीर प्राप्त होने पर भी नपुंसक, नारी, द्विलिङ्गी, अलिङ्गी तथा वेश्या" आदि के रूप में (जन्म लेगा ऐसा सूत्र में)[१] कहा है।

और भी कहा है- "इस जन्म में पूजा-वस्तुओं को चुराकर रात में भोजन करने वाले जो व्यक्ति है, वे भूखे प्यासे प्रेतों के रूप में जन्म लेंगे (और) सौ हजार वर्षों तक उन्हें खान, पान की प्राप्ति नहीं होगी। गमन करते समय पूरे शरीर में अग्नि से जलन होगी"[२]- ऐसा (सूत्र) में कहा है। और भी कहा है—"धर्मों का अपवाद करने से व्यक्ति मूक होता है[३]। धर्मश्रवण में अप्रियता से बधिर के रूप में जन्म होगा"[४]। "दुःशील करने से इन्द्रियविकलता या विकलांगता होती है"[५]। "परोक्ष में गुरु का अपवाद करने से हकलाने वाला होता है"[६]। (जो लोग) "धनुष चलाने एवं सवारी करने में आनन्द की अनुभूति करते हैं (वे

---

१. ३५४ शुभाशुभकार्यकारणभावनिर्देशसूत्र, देगे. सूत्र, 'अ', पुद्, पृ. २०४ख;
३५५ शुभाशुभकर्मविपाकनिर्देशसूत्र, देगे. सूत्र, 'अ', पुद्, पृ २१३क।

२. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २०५क;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१३ख।

३. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. १९९ख;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०क।

४. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।

५. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।

६. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
शुभा.कर्म.वि सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।

अगले जन्म में) म्लेच्छ योनि में जन्म लेते हैं"[१]। "अध्यापक एवं गुरुओं का दर्शन होने पर भी अनादर के कारण हाथ और पैर से अपंग होते हैं"।[२] "गुरुओं का दर्शन होने पर बहाना करके भाग जाने से ओछी गर्दन वाला होता है"[३]– ऐसा (सूत्र) में कहा है।

मैत्रायणीपुत्र लोकप्रमुख पूर्ण का तात्पर्य शब्दार्थ पर अभिनिवेश करने वाले से है, वह अधिकतर दुर्गति में जन्म लेगा। (पूर्वोक्त) "यह सभी अधिकतर तथागत के वचन से प्राप्त अर्थ है। (क्योंकि) "बोधिचित्तोत्पाद, सत्त्वों का कल्याण, चार वस्तुओं का संग्रह इन सभी का प्रहाण तथा दान आदि पारमिताओं का प्रहाण, (बोधिसत्त्व) भूमि और मार्ग का प्रहाण तथा बोधिचर्या का प्रहाणकर विपरीतार्थ पर अभिनिवेश करता है तो इस कारण से (पूर्वोक्त) (इन) सभी दुर्गतियों में पतन होगा। (बुद्ध) वचन के अनुसार धर्म के आचरण का तात्पर्य उनके प्रतिपक्ष से है"[४]–ऐसा (सूत्र में) कहा है। और भी कहा है—"दूसरों के आवास में (निवास करने वाले) बोधिसत्त्व के प्रति ईर्ष्या एवं मात्सर्य करने से वह (व्यक्ति) दीर्घ आयु तक जीवित तो रहेगा, परन्तु उसे तीन प्रकार से महाभय (उत्पन्न) होंगे। वह (तीन प्रकार के महाभय) क्या हैं ? (१) नरक में पतन होने का भय, (२) जात्यन्ध होने का भय, (३) प्रान्त स्थान में जन्म लेने का

---

१. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।
२. शुभा. कार्य भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. १९९ख;
शुभा.कर्म.वि. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।
३. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
शुभा.कर्म.वि सूत्र, देगे. सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख।
४. यह सूत्र बहुत खोजने पर भी प्राप्त न हो सका।

भय (इस प्रकार) तीन हैं"[१] । "यदि भिक्षुणी दूषण किया गया है तो (वह) व्यक्ति अन्ध नरक (स्थान) में जन्म लेगा"[२] । "प्राणघात करने से असिपत्रवन में जन्म लेगा । शिकार करने से कालसूत्र नामक (नरक) में (पतन होकर) आरे के द्वारा काटा जाएगा । काममिथ्याचार करने से प्रज्वलनशील रांगे के भवन में डाला जाएगा तथा तीव्र लाल लोहे के आसन वाले नरक में सुलाया जाएगा"[३] । "मद्य पीकर नशा करने वाले को (जिसमें) गर्म लोहे का द्रव पिलाया जाता है- ऐसे नरक में जन्म होगा । संघ के फलों को चुराने वाला तप्त अयःपिण्ड खाने वाले नरक में जन्म लेगा । अन्त्र एवं माँस खाने वाले परिक्लेद (गन्दगी) से भरे हुए नरक में जन्म लेंगे । पैशून्य करके विग्रह फैलाने वाला जीव (सत्त्वों) के द्वारा लोहे के लांगल को चलाये जाने वाले नरक में जन्म लेगा । अप्रियवचन बोलने वाला जीभ काटे जाने वाले नरक में जन्म लेगा । अधिक मृषा बोलने वाला जीभ में लोहे की कील ठोंकने वाले नरक में जन्म लेगा । प्राणघात करके विपरीत देवों का पूजन करने वाला लोहे के मूसल से कूटे जाने वाले नरक (लोक) में जन्म लेगा"[४] । ऐसा (सूत्रों) में कहा है । यथा किसी (सूत्र) में कहा है-[५]

"दो पुद्गलों को छोड़कर समानपक्ष वाले एक धर्म में आधार करता है, वे दोनों महाकामरागवान् हैं"- ऐसा उक्त है ।

---

१. आर्यप्रशान्त विनिश्चय प्रातिहार्यसमाधि-नाम-महायान सूत्र, देगे. १२९, सूत्र, 'द', पुद्, पृ. १९७ख; यह शिक्षा समुच्चय में भी उद्धृत है-४ अध्याय. पृ. ५०. मि.सं. १९६० ।

२. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, पृ. २०२ख; सूत्र एवं यहाँ के अर्थ पर कुछ विपाक भिन्न है ।

३. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, पृ. २०२ख;

४. शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, पृ. २०३क;

५. आर्यमहासमयवैपुल्यसूत्रम्, देगे. २६५ सूत्र 'ह', पृ. २७१क ।

वे भगवान् बुद्ध जो **ज्ञानभूत** है, **चक्षुर्भूत** है, **साक्षिभूत** एवं **प्रमाणभूत** है, जो (सब कुछ) जानते या देखते हैं का तात्पर्य समस्त दोष राशि की प्रतिदेशना है। "सर्वाकारज्ञता, साक्षात्कारित्व, (असंमोष) 'मुखरता' अमृषावाद, लीला एवं महाकारुणिकता, ये तथागत के छह प्रकार के गुण हैं"[१]। शेष (का अर्थ) तो स्पष्ट है।

आगे भी (ऐसे पाप कर्मों) से (बचकर) संवर करूँगा का तात्पर्य स्वीकार करना है। "(पाप) दोष लगने पर प्रतिदेशना करनी चाहिए, करुणा एवं मैत्री विद्यमान है तो पूर्व में किए गए दोषों से (करुणा एवं मैत्री) के द्वारा विशुद्ध होगा। प्रतिदेशना करने पर भी बाद में निरन्तर संवर नहीं किया गया तो प्रतिदेशना करने पर भी मल (पाप) विशुद्ध नहीं होगा"[२]। ऐसा कहा है।

(वे सभी) बुद्ध भगवान् मेरी ओर ध्यान दें। 'जो मैंने इस जन्म में या अन्य जन्मों में, या अनादि और अनन्त संसार में' का तात्पर्य कुशल मूल परिणामना करने के लिए मन को अर्पित करने से है। वह क्या है ? इस (जन्म) में कृत तथा अन्य (जन्म) में कृत (कुशल) से है। अनन्त (में अन्त) का तात्पर्य पूर्व के अन्त से है। (आर्य मञ्जुश्री) **बुद्धक्षेत्रगुणव्यूह सूत्र**[३] में कहा है :

---

१. तथागत के ये छह गुण किसी भी सूत्र में प्राप्त नहीं हो सके। ये पृथग्-पृथग् रूप में उपलब्ध होते हैं किन्तु तीसरा गुण भोटभाषा में सुस्पष्ट नहीं है, अतः मुखरता ही समीचीन प्रतीत हुआ।

२. यह श्लोक बहुत खोजने पर भी प्राप्त नहीं हो सका।

३. यावती प्रथमा कोटिः संसारस्यान्तवर्जिता ।
तावत्सत्त्वहितार्थाय चरिष्याम्यमितां चरिम् ॥
देगे ५९ कोन्छेग 'ग', पृ. २७९क; यह शिक्षा समुच्चय में भी उद्धृत है। १ अध्याय, पृ. ११ मि.सं. १९६०।

क्योंकि (संसार का कोई) पूर्वान्त नहीं होता, इसलिए संसार अन्त रहित होता है । और तब तक सत्त्वों के हित के लिए मैं अपरिमित चर्याओं का आचरण करूंगा ।

अब प्रथमतः अपरिमित जन्मों में कृत (समस्त कुशल) की परिणामना करके 'संसार में संसरण करते हुए' का तात्पर्य 'अन्य जन्मों अर्थात् देव, मनुष्य, प्रेत, तिर्यक् तथा नरकादि योनि वाले संसार में जन्म (पतन) लेते समय' से है । 'सत्त्वों को लेश मात्र दिए गये दान का तात्पर्य अन्तिमशः तिर्यग् योनि में उत्पन्न जीवों को एक कौर मात्र दिया हुआ होने से है । बहुत प्रदान करने का कहना ही क्या है । और भी, विशिष्ट स्थान में अर्पित प्रभूत प्रदान, कुशल मन से प्रदान (अर्थ) भी है । (अब) दान देने के योग्य बनने के पश्चात् शील का पालन करने की इच्छा होने पर संवर ग्रहण करें । (वह भी) अन्ततः उपवास का (संवर) ग्रहण (करना चाहिए) । (अथवा) उपासक या श्रमण या भिक्षु, जिसका (संवर) पालन कर पाए सभी (संगृहीत) हैं । विशिष्ट रूप के वश से कहें तो ब्रह्मचर्य में स्थित सभी कुशलों से है । वह भी, भगवान् बुद्ध ने कहा है— "तिर्यक् योनि में पतितों को दान किया गाया है तो सौ गुने से अधिक (पुण्य) प्राप्त होगा । एक साधारण व्यक्ति को दान दिया गया है तो हजार गुणा अधिक (पुण्य) प्राप्त होगा । शीलवान् भिक्षु को दान करने से दस हजार गुना अधिक (पुण्य) प्राप्त होगा । वही धर्मोपदेश देने वाले व्यक्ति को दान दिया गया है तो अपरिमित (पुण्य) प्राप्त होगा"[१]— ऐसा (बुद्ध वचन में) कहा गया है ।

---

१. (क) आर्यश्रद्धाबलाधानावतारमुद्रासूत्र, देगे. २०१ सूत्र 'छ', पृ. ५३ख; यह शिक्षा समुच्चय में भी उद्धृत है ४ अध्याय पृ. ५२ मि.सं. १९६० ।
(ख) आर्यप्रशान्त विनिश्चय प्रातिहार्यसमाधि नाम महायानसूत्र देगे. १२९ सूत्र 'द', पुद्, पृ. २०६ख; ।
(ग) शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. ३५४, पृ. २०७ख;
(घ) शुभा. कर्म. वि. सूत्र, देगे. ३५५, पृ. २१५क ।

(और) भी (कहा है) "यदि तथागत, माता, पिता और रोगियों को अल्पमात्र भी अन्न दान में दिया गया है तो अपरिमित (पुण्य) फल प्राप्त होगा"[१]— ऐसा (सूत्र) में कहा गया है । **आर्य प्रशान्त विनिश्चयप्रातिहार्य समाधि**[२] नामक महायान सूत्र में कहा है- बोधिसत्त्व पिण्ड प्राप्त करके कृश, लाचार, गरीब तथा शिष्यों को बाँटकर दान करें तो उस कुशल मूल से वह (अन्य) जन्मों में चक्रसंवरराज महाऋद्धिवत् हो जाएगा— ऐसा (सूत्र) में कहा गया है । "जिसकी षड् इन्द्रियाँ पूर्ण है, उसने (पूर्व जन्मों में) शील का संरक्षण (अच्छी) तरह से किया है, उसकी वजह से ऐसा हुआ है"[३]- ऐसा सूत्र में उक्त है । **आर्य रश्मिसमन्तमुक्तनिर्देश सूत्र**[४] में कहा है कि

कदाचित् एक ही प्रभा से दस प्रकार के वर्ण प्राप्त होते हैं (उसी प्रकार) मृदु, मध्य एवं उत्तम पृथक् पृथक् दान से उत्पन्न होते हैं ।

कदाचित् एक ही सम्मिश्रण से (जैसे) बीस प्रकार के वर्ण प्राप्त होते हैं (उसी प्रकार) मृदु, मध्य एवं उत्तम भिन्न भिन्न शील के पालन से उत्पन्न होते हैं ।

"शील संवर करने वाले श्रमण तथा विशुद्ध शील का पालन करने वाले भिक्षुओं को प्रत्येक पन्द्रहवें (दिन) में पोषध करना चाहिए । (उस समय) प्रज्ञप्ति-चीवर धारण करना है ।

पात्र एवं खक्खर आदि धारण करके विशुद्ध भिक्षु को विशुद्ध पिण्ड भी ग्रहण करना चाहिए ।

---

१. (क) शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. ३५४, सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २०७ख;
(ख) शुभा. कर्म. वि. सूत्र, देगे. ३५५, सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१५ख ।
२. देगे. १२९ सूत्र, 'द', पुद्, पृ. १९६ख ।
३. (क) शुभा. कार्य. भाव. सूत्र, देगे. ३५४, सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २००ख;
(ख) शुभा. कर्म. वि. सूत्र, देगे. ३५५, सूत्र 'अ', पुद्, पृ. २१०ख ।
४. देगे. ५५ कोन्छेग 'ख', पृ. १९७ख ।

(उससे) समस्त देव आनन्दित होकर आदर से अञ्जलि बाँधकर प्रणाम करते हैं, उसके पश्चात् हमें (अर्थात् हम देवों को) उन मनुष्यों का सेवन करना चाहिए । जिस प्रकार देवों के राजा इन्द्र का त्रायस्त्रिंश के अन्य देव सत्कार करते हैं । उसी प्रकार आदर करने की भाँति हैं ।

इस जन्म में श्रेयस् प्राप्त होगा और अन्य जन्मों में अचिन्त्य (फल प्राप्त होगा, अतः) प्रव्रजित होकर शील का संवर करें, (इससे) बुद्ध की अनुकम्पा एवं सत्कार सिद्ध हो जाते हैं"[१]- ऐसा (बुद्ध के वचन में) कहा गया है ।

इस प्रकार प्रतिमोक्ष[२] संवर में (अपने को) अच्छी तरह शिक्षित करें । बोधिचित्तोत्पाद करने का तात्पर्य विस्तृत संवर के आश्रयण की भाँति है । वह भी प्रणिधिचित्त तथा प्रस्थानचित्त के द्वारा द्विधा विभक्त किया जाता है । **गण्डव्यूहसूत्र**[३] में कहा है "कि कुलपुत्र, सत्त्वलोक में वे सत्त्व दुर्लभ हैं, जो अनुत्तर सम्यक् संबोधि के लिए प्रणिधान करते हैं । सम्यक् सम्बुद्ध (होने) का जो अनुत्तर प्रणिधिचित्त है, (वह) अत्यन्त दुर्लभ है, उससे भी अधिक दुर्लभ तो अनुत्तर सम्यक् सम्बुद्ध (होने) का प्रस्थानचित्त है"- ऐसा कहा गया है । **रत्नोल्का सूत्र**[४] में कहा है—

---

१. (क) आर्य घनजा–महामृकफुलकर्मविर्नशोध्य–भूधरकुसुमसचय–नाम–महायानसूत्र, देगे. २६४, सूत्र, 'ह', पुद्, पृ. २८७क ।
(ख) आर्य महासमय–वैपूल्यसूत्रोद्धृत–नमस्कारानाम्सगीति–गुणनि–दानानाम्–त्रिकाल–सर्वतथागत–नामसंगीति–नमस्काराणाम्–देशनानाम्–च परिवर्त्ताः स्वल्पसंशोधिश्च । देगे. २६५, सूत्र, 'ह', पुद्, पृ. २५३क ।

२. सप्तप्रतिमोक्षसंवर—भिक्षुसंवर, भिक्षुणीसंवर, श्रामणेरसंवर, श्रामणेरीसंवर, उपासकसवर, उपासिकासंवर, शिक्षमाणासंवर ।
—अभि.को. ४/१४, पृ. ६०६, बौ.भा.प्र. १९८७

३. देगे. सं. ४४ सूत्र फेलछेन 'ग' ३२३ख

४. ये सदधिष्ठित सर्वजिनेत्रिस्तेषुपपद्यति बोधयि चित्तम् ।
येषुपपद्यति बोधयि चित्तं ते अभियुक्त महर्षिगुणेषु ॥

"जिनको बोधिचित्त का उत्पाद होता है, वे जिन (तथागतो) द्वारा अधिष्ठित किए जाते हैं । जो लोग बोधि के लिए चित्तोत्पाद करते हैं, वे (लोग) श्रेष्ठ महर्षि (तथागत) के गुणों को साधित करते हैं"– ऐसा कहा है ।

आर्य त्रिस्कन्ध सूत्र[१] में भी कहा है– उस बोधिचित्त के द्वारा अव्याप्त कोई भी धर्मधातु नहीं है । बोधिचित्तोत्पाद के लिए (संचित किए गए) कोई भी कुशल मूल त्रिकाल में अव्याप्त नहीं है । और भी (कहा गया है)– जहाँ जिसने चित्तोपाद किया है, उसके उस समय उत्पन्न पुण्यसंभार अत्यन्त ज्यादा है । चक्रवर्ती (राजा), लोकपाल, इन्द्र, ब्रह्मा, श्रावक एवं प्रत्येकबुद्ध हो जाने पर (भी) उनका पुण्य संभार उतना नहीं है, जितना समस्त सत्त्वों के लिए बोधिचित्तोत्पाद का है— ऐसा कहा है । यथा (**आचार्य चन्द्रगोमी ने**) कहा भी है[२]– गुरु स्वयं संवर में स्थित है, अतः विद्वान् तथा समर्थ (गुरु) से संवर ग्रहण कर लेना चाहिए ।

यदि इस तरह का (गुरु) नहीं है तो बुद्ध रत्न से (संवर) ग्रहण कर लेना चाहिए । अब 'अनादिकाल' का तात्पर्य जिस समय आर्य लोग विद्यमान होते हैं, उस समय से है । उसके बाद श्रुत, चिन्ता एवं भावना आदि से परिपक्व होकर उससे (समस्त) सत्त्वों का परिपाक किया जाता है । "श्रावकों को कुलवानों को श्रावक बोधि में स्थापित करना चाहिए तथा प्रत्येकबुद्धों को कुलवानों को प्रत्येकबुद्ध मार्ग में स्थापित करना चाहिए । बोधिसत्त्वों को कुलवानों को अनुत्तर बोधि में स्थापित करना चाहिए"[३]— ऐसा सूत्र में कहा है । "दानादि के विपक्ष से रहित

शि.समु. पृ. ५, शो. १३, मि.सं.–१९६० ।
देगे. स. १४५, सूत्र, पुद्, ' प ', पृ. ६४ख ।

१. देगे. सं. २८४ सूत्र 'य', पृ. ६९ क ।
२. आचार्य चंद्रगोमी द्वारा कृत बोधिसत्त्वसंवरविंशिका, देगे. ४०८१, सेमच़म 'ही', पृ. १६६ख ।
३. यह सूत्र प्राप्त नहीं हो सका ।

(विच्युत) होने से, निर्विकल्पज्ञान तथा समस्त इच्छाओं की परिपूर्ति से और समस्त सत्त्वों के परिपाक से तीन प्रकार की बोधि सिद्ध होगी"[१]– ऐसा कहा है ।

उसके बाद अन्ततः निर्विकल्पज्ञान का विषय, जो परमार्थ (सत्य) बोधिचित्त है, उसका तात्पर्य अनुत्तर कुशल मूल से है ।

यथा **रश्मिसमन्तमुक्तनिर्देश सूत्र**[२] में कहा है– जो (लोगों में) इस सूत्र के प्रति अत्यन्त श्रद्धा हैं, उन्हें अक्षयस्वभाव अभिज्ञान होगा । उसके द्वारा साक्षात् समाधि सिद्ध हो जाने पर अनुत्तर परिज्ञान होने में कोई कठिनाई नहीं होगी– ऐसा कहा गया है । और भी कहा है[३]– "भिक्षु हो या अन्य, किसी के द्वारा अनुत्तर ज्ञान की गवेषणा करने के लिए अत्यन्त श्रद्धालु मन से इस सूत्र में यथायोग्य वीर्य (सोत्साह प्रयत्न) करना चाहिए" ।

"जो (व्यक्ति) अनुत्तर ज्ञान को खोजता है, उसे संसार से कोई भय नहीं है । वह समस्त पापों का प्रहाण करके उत्तम कल्याण को प्राप्त होगा"[४] । 'जो मेरे द्वारा किया गया है, उन सब' का तात्पर्य कथित एवं अकथित से है । यह भी क्या है ? दश पारमिता[५], चार स्मृत्युपस्थान[६], चार सम्यक्प्रहाण[७],

---

१. यह उद्धरण प्राप्त नहीं हो सका ।
२. देगे सं. ५५ कोनछेग, 'ख', पुद्, पृ. २०५ ख ।
३. देगे सं. ५५ कोनछेग, 'ख', पुद्, पृ. २०७ क ।
४. देगे सं. ५५ कोनछेग, 'ख', पुद्, पृ. २०८ क ।
५. (१) दानपारमिता, (२) शीलपारमिता, (३) क्षान्तिपारमिता, (४) वीर्यपारमिता, (५) ध्यानपारमिता, (६) प्रज्ञापारमिता, (७) उपायपारमिता, (८) प्रणिधिपारमिता, (९) बलपारमिता एवं (१०) ज्ञानपारमिता । यह दश हैं । धर्मसंग्रह, पृ. ९ ।
६. (१) कायस्मृत्युपस्थान, (२) वेदनास्मृत्युपस्थान, (३) चित्तस्मृत्युपस्थान, (४) धर्मस्मृत्युपस्थान यह चार हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २४ ।
७. (१) उत्पन्नाना कुशलमूलानां संरक्षणम्, (२) अनुत्पन्नानां समुत्पादः, (३) उत्पन्नानामकुशलानां धर्माणां प्रहाणम्, (४) अनुत्पन्नानां पुनरनुत्पाद । यह चार हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २४ ।

चार ऋद्धिपाद[१], पाँच इन्द्रियाँ[२], पाँच बल[३], सप्त बोध्यङ्ग[४], आर्याष्टाङ्गिकमार्ग[५], चार आर्य सत्य[६], चार अप्रामाण्य[७] (ब्रह्मविहार), चार संग्रहवस्तु[८], ध्यान[९] एवं विमोक्षादि[१०] सभी ग्रहण करने योग्य हैं ।

'एकध्यं, पिण्डयित्वा, तुलयित्वा' का तात्पर्य इसी जन्म के लिए परिणामना न करने से **'एकध्यं'** कहा गया है, लोक सम्पत्ति के लिए परिणामना न करने से **'पिण्डयित्वा'** कहा गया है, श्रावक तथा प्रत्येकबुद्ध के लिए परिणामना न करने से तुलयित्वा' (कहा गया) है । अन्यथा लौकिक हीनयान तथा अपने (स्वयं के) लिए आदि का तात्पर्य 'क्रमशः' से है ।

---

१. (१) छन्दसमाधिप्रहाणासंस्कारसमन्वागतऋद्धिपाद, (२) चित्तऋद्धिपाद, (३) वीर्य-ऋद्धिपाद (४) मीमांसासमाधिप्रहाणाय संस्कारसमन्वागतऋद्धिपाद । यह चार हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २५, ति.सं. १९८८ ।

२. (१) श्रद्धा, (२) समाधि, (३) वीर्य, (४) स्मृति, (५) प्रज्ञा । यह पाँच इन्द्रियाँ हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २५, ति.सं. १९८८ ।

३. (१) श्रद्धाबल, (२) वीर्यबल, (३) स्मृतिबल, (४) समाधिबल, (५) प्रज्ञाबल । यह पाँच हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २६, तिं. सं. १९८८ ।

४. (१) स्मृतिसंबोध्यङ्ग, (२) धर्मविचयसबोध्यङ्ग, (३) वीर्यसंबोध्यङ्ग, (४) प्रीतिसंबोध्यङ्ग, (५) प्रस्रब्धिसंबोध्यङ्ग, (६) समाधिसंबोध्यङ्ग, (७) उपेक्षासंबोध्यङ्ग । यह सात हैं । धर्मसंग्रह, पृ. २६, ति. सं. १९८८ ।

५. (१) सम्यग्दृष्टि, (२) सम्यक्संकल्प, (३) सम्यगवाक् , (४) सम्यक्कर्मान्त, (५) सम्यगाजीव, (६) सम्यग्व्यायाम, (७) सम्यक्स्मृति (८) सम्यक्समाधि । यह आठ हैं । धर्मसंग्र, पृ. २७, ति. सं. १९८८ ।

६. (१) दुःख सत्य, (२) समुदयेसत्य, (३) निरोधसत्य, (४) मार्गसत्य ।

७. (१) मैत्री, (२) करुणा, (३) मुदिता, (४) उपेक्षा । इनको चार ब्रह्मविहार से भी प्रसिद्ध हैं । पृ. १०

८. (१) दान, (२) प्रियवचन, (३) अर्थचर्या, (४) समानार्थता । पृ. १०

९. प्रथम ध्यान, द्वितीय ध्यान, तृतीय ध्यान एवं चतुर्थी ध्यान ।

१०. (१) रूपी रूपाणि पश्यति शून्य, (२) अध्यात्मारूपसंज्ञी बहिर्धारूपाणि पश्चति शून्यं, (३) आकाशानन्त्यायतनं पश्यति शून्यं, (४) विज्ञानानन्त्यायतनं पश्यति शून्यं, (५) आकिंचन्यायतनं पश्यति शून्यं, (६) नैवसंज्ञानासंज्ञायतनं पश्यति शून्यं, (७) विघ्नापहशुभं पश्यति शून्यं, (८) संज्ञावेदयितनिरोधं पश्यति शून्यं । यह आठ हैं । धर्मसंग्रह, पृ. ३१, ति. सं. १९८८ ।

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र[१] में कहा है- "मेरे (द्वारा) आदि से अन्त तक (संचित) किए गए कुशलमूल की सर्वज्ञता के लिए जो परिणामना की गई है, मेरे द्वारा (संचित) किए गए संस्कृत वस्तुओं की अभिसिद्धि के लिए जो कुशल मूल की परिणामना है; मेरे द्वारा (संचित) किए गए जो कुशल मूल है (वे) श्रावक एवं प्रत्येकबुद्धों की अभिसिद्धि के लिए कुशलमूल हैं । मेरे द्वारा अर्जित कुशलमूल से निष्पादित सार्वकालिक संचित तथागत ज्ञान से जो ज्ञात हैं, उन सभी को (मैं) पिण्डीकृत, तुलित एवं अभिसंक्षिप्त करता हूँ" । और भी (कहा है)- "इन सभी को पिण्डीकृत करके अनुत्तर 'सम्यग्सम्बोधि में परिणामना करता हूँ"[२]- ऐसा कहा है । अनुत्तरायां, सम्यक्संबोधौ उत्तरोत्तरया उत्तमोत्तमया परिणामयामि का तात्पर्य परिशुद्ध परिणामना है । गुरु के समान अन्य कोई उत्तम नहीं है, (क्योंकि) (समस्त) गन्तव्य निष्ठागत होने से वह उत्तर से रहित ही है, (वह) अन्य सभी गुरुओं का गुरु तथा उत्तर है । वही का तात्पर्य परिनिष्ठा से है । परिनिर्वाण का तात्पर्य उत्तर से है (वह) आर्य श्रावक तथा प्रत्येकबुद्ध है । इन सभी के उत्तर महायान के बोधि (सत्त्व) है । बोधिसत्त्वों के उत्तर का (तात्पर्य) समस्त सत्त्वों का हित करने से है । उसका उत्तर भगवान् बुद्ध है, सर्व सम्यग् गुण सम्पन्न धर्मकाय का तात्पर्य बोधि से है । (वह) चिन्तन, वचनादि से रहित होने के कारण समस्त प्रपञ्चों से उपशान्त एवं स्वप्रत्यात्माधिगम-ज्ञानसद्गोचर होता है ।

आर्यरश्मिसमन्तमुक्तनिर्देशसूत्र[३] में कहा है- "अरूप में गमन तथा आगमन नहीं है । दिशा तथा विदिशा भी नहीं है ।

---

१. देगे. २८४ सूत्र 'य', पुद्, पृ. ६९ख ।
२. देगे २८४ सूत्र 'य', पुद्, पृ. ६९ख ।
३. देगे. ५५ कोनछेग 'ख', पुद्, पृ. २४४ख ।

वह अनिमित्त, अवाच्य, समस्त प्रपञ्चों से अतीत है। बोधिसत्त्वों के द्वारा साध्य निष्पन्न होने पर (निश्चित ही) अत्यन्त शान्त (सर्वज्ञपद) प्राप्त होगा" ।

तथा और भी (इस सूत्र में कहा) है–

"कुशल की प्रेरणा से (समस्त) क्लेशों का दमन कर उपशम में स्थित होगा (और) विशिष्ट गुणों की (भी) प्राप्ति होगी" ।

गुण तथा प्रज्ञा अत्यन्त विशाल सागर की भाँति हैं, क्षान्ति आदि का आपादन होगा, चित्त अत्यन्त सुखी होकर अचल हो जाएगा । (ऐसी) बोधिसत्त्वों के द्वारा सदा भावना की जाती है । विद्वानों के द्वारा अत्यन्त प्रशंसित होगा"[१]— ऐसा कहा है ।

जिस तरह अतीत के भगवान् बुद्धों ने परिणामना की है, अनागत के भगवान् बुद्ध जैसे परिणामना करेंगे तथा इस समय के (दशों दिशाओं) में विद्यमान भगवान् बुद्ध परिणामना कर रहे हैं, उसी प्रकार मैं भी परिणामना करता हूँ ।

मैं सभी पापों की प्रतिदेशना करता हूँ । तथा सभी पुण्यों का अनुमोदन करता हूँ । सभी बुद्धों से अध्येषणा करता हूँ कि मुझे अनुत्तर ज्ञान प्राप्त हो ।

नरोत्तम (भगवान्) बुद्ध जो अतीत में हो चुके हैं, अनागत में आने वाले हैं, और जो सम्प्रति विराजमान हैं, जो अनन्त प्रशस्य गुणों के सागर के समान हैं, मैं अंजलिबद्ध होकर उन सभी की शरण में जाता हूँ ।

---

१. देगे. ५५ सूत्र कोनचेग 'ख', पृ. २४४ख ।

इत्यादि का अर्थ सरल होने के कारण मैंने (यहाँ) (व्याख्या) नहीं की है ।

आचार्य जितारि विरचित बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति बोधिसत्त्वशिक्षाक्रम नामक समाप्त ।

नेपाली पण्डित (रविरक्षित)[१] एवं भोट देश के लोचावा (अनुवादक)
छक् (छोस् जे पेल) द्वारा अनूदित ।

●

१. भोटदेशीय महाविद्वान् कोङ्कटुलयोनतेन ग्याछो कृत शैजा कुनख्यबज़ोद् में अनुवादक छक् छोस जे पेल का गुरु नेपाली पण्डित रविरक्षित है ऐसा उल्लेख मिलता है । भाग १, पृ० ५५०, तिब्बत की मिरिग प्रकाशन से प्रकाशित, १९८२

भारतीय (संस्कृत) भाषा में–कर्मावरणविशोधनविधिभाष्य

सभी बुद्धों और बोधिसत्त्वों को (मेरा) नमस्कार

मलों से निर्लिप्त, सुविशद ज्ञानमण्डलवाले, वाणी की प्रभाग्नि से समस्त सत्त्वों के आवरण को जलाने वाले सूर्य मुनि की जय हो ।

जो वीर विशाल दुःख समुद्रों में निमग्न जगत् से मन खींचकर इसके उद्धार करने का इच्छुक होकर बोधि में परायण है (उसे) उसकी प्राप्ति के सन्मार्ग में विचलित न होते हुए उस कार्य के संवर्धन के उपायों में उद्यम करना चाहिए । यदि किसी कारण से हानि हो भी जाए तो तदनन्तर पुनः प्राप्ति के उपायों के लिए यत्न करना चाहिए । "पाराजिका वस्तु का आचरण हो जाए तो पुनः संवर ग्रहण करना चाहिए । मध्य आस्रव भूत की तीन बार (बोधिसत्त्वों के समक्ष) प्रतिदेशना करें । लघु भूत (पापों) की एक बार देशना करें, इनसे अवशिष्ट तो अपने चित्त द्वारा संवरणीय हैं, आचरण के अनुरूप धर्म के अनुसार उज्जीवित करना चाहिए"[१] । इनसे अवशिष्ट (जो) कर्मावरण और अन्य अनादिकाल से परिसंचित सघन आवरण हैं, इनके द्वारा महाबोधि में बाधा न होने देने के लिए मुनि द्वारा प्रदत्त इस **"बोधिचित्तापत्तिदेशनाविधि"** द्वारा अहोरात्र के छह प्रहरों में प्रतिदेशना करने का प्रयत्न करना चाहिए । यहाँ भी जिनके प्रति अपने आवरणों की देशना की जाती है, उन सबको शरण के रूप में मानकर सादर नमस्कार करके अध्येषणा करनी चाहिए ।

---

१. (क) आचार्य शान्तरक्षित कृत "संवर विंशिका वृत्ति" देगे. ४०८२, शास्त्र, सेमच़म "ही" पुट्‌ पृ. १७२क; (ख) आचार्य बोधिभद्र कृत "बोधिसत्त्व संवर विंशिका पञ्जीका" देगे. ४०८३, शास्त्र, सेमच़म पुट्‌ "ही" पृ. २०२ख ।

अतः प्रथम शरण गमन (इस प्रकार है)— "मैं अमुक नाम वाला बुद्ध की शरण में जाता हूँ" इत्यादि । सम्यक् संबुद्ध, धर्म और उसका अनुष्ठान करने वाला संघ— ये क्रमशः संसार को पार करने का मार्ग दिखाने वाले, मार्ग और उसकी साधना में सहायक होते हैं । न कि इतर बलशाली हरि, हर, हिरण्यगर्भ आदि तथा कपिल कणाद आदि । क्योंकि (वे सब) स्वयं भव कारागार में तीव्र क्लेश एवं कर्म की जंजीरों से आबद्ध हैं और मृत्यु आदि भयानक राक्षसों के द्वारा सर्वदा विनष्ट होते रहते हैं । अतः इन सबकी भव कारागार से मुक्ति भी मात्र बुद्ध पर ही निर्भर करती है । बुद्ध आदि (त्रिशरण) को त्यागकर कौन बुद्धिमान् इतर लोगों की शरण में जाएगा ?

नमस्कार करना तो **तथागत अर्हत् सम्यक् संबुद्ध शाक्यमुनि** को (मेरा) नमस्कार— इत्यादि है । इन पैंतीस तथागतों ने बोधि- सत्त्वचर्या के आचरण के काल में "अनुत्तर सम्यक् संबोधि में मेरे अभिसम्बुद्ध हो जाने पर जो हमारा नाम लेकर नमस्कार करेंगे, उनके कर्मावरण क्षीण हो जाएं"–ऐसा प्रणिधान किया है । अतः प्रणिधान बल से युक्त होने के कारण ये ही वन्दनायोग्य हैं, दूसरे वन्दनीय नहीं हैं- ऐसा नहीं कहा जा सकता । यहाँ सभी धर्मों की तथता की अधिगति अथवा उस (तथता) का अध्यवसाय **"तथागत"** है ।

'अर' का तात्पर्य अरि (शत्रु) या अर (पहिये के नीचे का भाग=अरा) है, उनको जो मारता या दबाता है, वह **'हत्'** है । वासनासहित क्लेशों का पुनः उत्पाद न होने देने के लिए प्रहाण करनेवाला होने से अथवा प्रतीत्यसमुत्पाद (के ज्ञान) के द्वारा (क्लेशरूपी) शत्रुओं का नाशकारी होने से **'अर्हत्'** कहलाता

है। अथवा तीनों धातुओं में पूजा के योग्य होने के कारण 'अर्ह' का अर्थ 'योग्य' है। सभी धर्मों को सर्वथा सम्यक् रूप से और समरूप से जानने वाला होने से **'सम्यक् संबुद्ध'** कहा जाता है। इसके द्वारा प्रहाण और गुण (अधिगम) ये दो महत्त्व कहे गये हैं, (इसी तरह) अन्य गुणों को जानना चाहिए। शाक्यकुल में उत्पन्न होने के कारण (वे) **'शाक्यमुनि'** इस प्रकार कहे गये हैं। अभेद्य होने के कारण सम्यक् सम्बुद्ध का ज्ञान ही 'वज्र' है। इस (वज्र) के गर्भ में रहने के कारण सत्यकायदृष्टि आदि समस्त विपक्षभूत धर्मों का प्रमर्दन करने से **'वज्रगर्भप्रमर्दिन्'** कहा जाता है। इसी प्रकार अन्य नामों के गुणों का अनुसरण करके यथायोग्य नाम के अर्थों का निर्वचन करना चाहिए। गुणों के अनन्त होने से प्रत्येक (बुद्ध) में सभी (३५ बुद्धों के) नामों (गुणों) का आख्यान हो जाने पर भी उन उन हेतुओं के विद्यमान होने से स्वातन्त्र्य दोष की आशंका नहीं करनी चाहिए। 'एवं प्रमुखाः' इत्यादि के द्वारा 'अध्येषणा' कही गई है। सभी दोषों को भग्न करने के कारण अथवा 'श्री' आदि गुणों से युक्त होने के कारण **'भगवान्'** (शब्द प्रयुक्त) है। **'यावन्तः'** का अर्थ निरवशेष है। **'तिष्ठन्ति', 'ध्रियन्ते'** और **'यापयन्ति'** के द्वारा क्रमशः धर्मकाय आदि तीनों काय कहे गये हैं। **'मां समन्वाहरन्तु'** इसके द्वारा अपने चित्त का आवर्जन करने के लिए **'अध्येषणा'** है। मेरी यह अध्येषणा (भी) प्रतिरूपिका (कृत्रिम) है, क्योंकि असम्प्रमोष धर्मता से युक्त होने के कारण कोई भी एक ऐसा सत्त्व (प्राणी) नहीं है, जो बुद्धों के द्वारा कभी भी विस्मृत हो, इस (विस्मृत होने) की कुछ भी सम्भावना ही नहीं है।

यदि ऐसा है तो (वे) सभी प्राणियों को व्यापक संसार-दुःख से क्यों मुक्त नहीं कर देते ?

सत्त्वों के अपने-अपने दोषों की वज़ह से (ऐसा होता है) । जैसे सूर्यमण्डल की तीक्ष्ण प्रभा के सभी दिग्-दिगन्त में सम्मुख विद्यमान होने पर भी जात्यन्ध (जन्म से अन्धे) लोगों को दिखाई नहीं देता, उसी तरह जानना चाहिए । इसीलिए **रत्नोल्का धारणी**[1] में भी कहा गया है : "सूर्य जैसे जात्यन्ध के द्वारा दिखाई नहीं देता, वह 'नहीं है'-ऐसा नहीं है, अपितु वह लोक में उदित होता है । चक्षुष्मान् लोग (उसे) देख कर अपने अपने कार्यों में प्रवृत्त हो जाते हैं" ।

इत्यादि के द्वारा यही अर्थ विस्तारपूर्वक दिखलाया गया है । जिनके समक्ष देशनीय आवरण (पाप)-वस्तु जो (इस प्रकार) है, वे **'मया कृतानि'** (मेरे द्वारा की गई है) इत्यादि (द्वारा कही गई है) । 'मया' (मेरे द्वारा) इसके द्वारा कर्ता का निर्देश किया गया है । **अस्यां जातौ अन्यासु वा जातिषु** (इस जन्म में अथवा अन्य जन्मों में) इसके द्वारा 'कृत्यकाल' दिखलाया गया है । **अनवराग्रे जातिसंसारे** (अनादि अनन्त जन्मप्रवाह में) इसके द्वारा 'कृत्यस्थान' कहा गया है । सामान्य रूप से किए हुए पापों का स्वभाव कहने के लिए **पापकं कर्म** (पाप कर्म) इत्यादि कहा गया है । जो कुछ भी दुःखमूलक कर्म स्वयं (मैंने) किया है, अन्यों से करवाया है, ऐसा (किया अथवा करवाया गया) न होने पर भी दूसरे के द्वारा किए गए का

---

१. सूर्य यथा जात्यन्ध न पश्यी नो च स नास्ति उदेति स लोके ।
चक्षुसमेत उदागमु ज्ञात्वा सर्व प्रयुज्य स्वकस्वक धर्मे ॥
-शि.समु. १८ अध्या., पृ0 १८२, मि.सं. १९६0
देगे १४५ सूत्र पुट् "प" पृ. ७४ख; यह उद्धरण शि.समु. में उद्धृत है—

प्रीतिपूर्वक अनुमोदन किया गया है, विशेषरूप से भारी विपाक देने वाले **स्तौपिकं** वा (स्तूप सम्बन्धी अथवा) इत्यादि के द्वारा (निर्देश किया गया है), वह भी **अदत्तादानं** (चोरी) में गुरुतर (है, क्योंकि) श्रद्धालु दायकों के द्वारा आठ महातीर्थों में अर्पित सामग्री–समूह है । (वह) चारों दिशाओं के संघों द्वारा अधिकृत, पृथग्जनों के द्वारा परिगृहीत नहीं है, उसका **अपहृतं** (अपहरण करना) इत्यादि है । इनके द्वारा तीव्र दुःख वाले तीन प्रकार के अपाय दुर्गतिपर्यन्त भोगे जाते हैं । इनका प्रतीकार कठिन होने से इनका विपाक गुरुतर होता है । अत्यन्त दुःखों को देने वाले दोषों के कारण **'आनन्तर्य कर्म'** इत्यादि कहे गये हैं, जिनके द्वारा पितृघात आदि पाप किये गये हैं, इत्यादि तो तीव्र दुःखों का अनुभव कराने वाले अवीचि नामक नरक में अन्य नारकीय दुःखों से विशिष्ट दुःखों का कारण होने से और मध्यवर्ती जन्म के लाभ का कारण न होने से **'आनन्तर्य'** कहे गये हैं । इसलिए ये आत्यान्तिक दुःख और दोष के कारण हैं– इस प्रकार कहे जाते हैं । सभी वस्तुओं में संगृहीत अकुशल तो दस अकुशल हैं– इत्यादि । तीन दुर्गतियों में भोगायतन आदि यथायोग्य सभी वस्तुओं का विपाक देने वाले कर्म होते हैं । जैसे प्राणातिपात आदि तीन कायाश्रित, मृषावाद आदि चार वागाश्रित तथा व्यापाद आदि (तीन) चित्ताश्रित (कर्म) आदि हैं । इन तीनों के द्वारा सभी वस्तुओं का संग्रह **'अकुशल कर्मपथसंग्रह'** कहलाता है । इससे भिन्न इसके समान आवरण **'कर्मावरण'** है । वे भी किये जाने पर स्व एवं पर का हित सम्पादन करने में असामर्थ्य पैदा करने वाले होते हैं तथा (मार्ग में) बाधाकारक जन्मों को पैदा करने वाले होते हैं । कहा भी गया है :

नरक, प्रेत, तिर्यक्, म्लेच्छ, असंज्ञिदेव, मिथ्यादृष्टि, बुद्ध के प्रति अश्रद्धा और मूकता— ये आठ अक्षण (मार्ग के लिए अनवसर) हैं[१] ।

---

१. द्रष्टव्य—नरकप्रेततिर्यञ्चो म्लेच्छा दीर्घायुषोऽमराः ।
मिथ्यादृग्बुद्धकान्तारौ मूकताष्टाविहाक्षणाः ॥
–बो.च.पं., पृ. ५, मि.सं. १९६०

आठ अक्षणों की परिगणना में अनेक भिन्नताए हैं । जिज्ञासु पाठकों को निम्न लिखित स्रोतों का अवलोकन करना चाहिए ।

१. आर्य विनयविनिश्चय–उपालिपरिपृच्छा नाम–महायानसूत्र, देगे. ६८. कोनचेग 'च' पुट्, पृ. १२०ख;
२. समन्तभद्र साधनावृत्ति, देगे. १८६७, तन्त्र, 'दी' पुट् पृ. १४१ख;
३. श्रीसमन्तभद्र साधनावृत्ति, देगे. १८६८, तन्त्र, 'दी' पुट् पृ. १८९ख;
४. चतुरंग साधनाटीका–सारमञ्जरीनाम, देगे. १८६९, तन्त्र, 'नी' पुट् पृ. ३क;
५. आर्य नामसंगीतिटीका–नाम–मन्त्रार्थावलोकिनीनाम,देगे. २५३३, तन्त्र, 'खु' पुट् पृ. १०९क;
६. आर्य मञ्जीश्री नामसंगीतिटीका, देगे. २५३४, तन्त्र, 'खु' पुट् पृ. २९३ख, २९८ख;
७. बोधि पद्धति नाम, देगे. ३७६६, तन्त्र, 'छु' पुट् पृ. ११९ख;
८. आर्य–पञ्चविंशति–साहस्रिका–प्रज्ञापारमितोपदेशशास्त्र–अभिसमयालंकार–वृत्ति, देगे. ३७८७ शेरछिन, 'क' पुट् पृ. १४७ख;
९. आर्य अष्टसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता–व्याख्या–अभिसमयालंकारालोक–नाम, देगे. ३७९१, शेरछिन, 'छ' पुट् पृ. २४८क;
१०. अभिसमयालंकार–वृत्ति–कीर्तिकला–नाम, देगे. ३७९९, शेरछिन, 'ञ' पुट् पृ. २३४क;
११. आर्य–अष्टसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता वृत्ति–मर्मकौमुदी–नाम, देगे. ३८०५, शेरछिन, 'द' पुट् पृ. १५३ख;
१२. शतसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता वृत्ति वृहद्टीका, देगे. ३८०७, शेरछिन, 'न' पुट् पृ. १९ख;
१३. शतसाहस्रिका–पचविंशतिसाहस्रिका–अष्टसाहस्रिका–प्रज्ञापारमिता बृहद्टीका, देगे. ३८०८, शेरछिन, 'फ' पुट् पृ. २९क;
१४. मध्यमकहृदयवृत्ति–तर्कज्वाला, देगे. ३८५६, उमा, 'ज़' पुट् पृ. ४९क;
१५. बोधिचर्यावतारपञ्जिका, देगे. ३८७२, उगा, 'ल' पुट् पृ. ४५क;
१६. बोधिसत्त्वचर्यावतारपञ्जिका, देगे. ३८७५क, उमा, 'श' पुट् पृ. ९७क;
१७. बोधिचर्यावतार–तात्पर्य–पञ्जिका–विशेषद्योतनी–नाम, देगे. ३८८०, उमा, 'श' पुट् पृ. १९७ख;
१८. मुनिमतालंकार, देगे. ३९०३, उमा, 'अ' पुट् पृ. २३०ख;

इनके उत्पादक कारण तो–गम्भीर धर्मों (शून्यता आदि) का परित्याग, सूक्ष्म आपत्तियों से भयभीत न होना, (नाना प्रकार की) सम्पत्तियों के प्रति आसक्ति, मात्सर्य आदि के प्रति झुकाव होने से अल्पमात्र सम्पत्ति का भी दान न करके उसका संचय करना, बुद्ध आदि के प्रति अनादरभाव, उपायकौशल्य का अभाव होने से असंज्ञिसमापत्ति के प्रति मनसिकार (मानसिक लगाव), दूसरों को चक्षु आदि इन्द्रियों से विकल (रहित) करना, मिथ्यादृष्टि की ओर अभिमुख होना, प्रणिधान का (सम्यग्) अभ्यास न करना इत्यादि अन्य भी यथायोग्य असंख्येय अतिसूक्ष्म सब (कर्मावरण) होते हैं। उन वस्तुओं की देशना किस प्रकार की गई है (इसे दिखाने के लिए) **बुद्धानां भगवतां** (बुद्ध भगवान् का) इत्यादि कहा गया है। बुद्ध भगवान् साक्षात् करके देशना करते हैं, उसके बाद 'संवर' होता है। 'यहाँ **ज्ञानभूत**' का तात्पर्य यथावत् आकार परमार्थ तथा यावत् स्वभाव सांवृतिक, सभी सर्वज्ञतास्वरूप हैं। **चक्षुर्भूत** का तात्पर्य पाँच चक्षुओं की विशुद्धि द्वारा 'जानना'

---

१९. सूत्रसमुच्चय, देगे. ३९३४, उमा, 'की' पुद् पृ. १४९ख;
२०. सूत्रसमुच्चय–भाष्य–रत्नालोकालंकार–नाम, देगे. ३९३५, उमा, 'की' पुद् पृ. २२२ख, २२४ख;
२१. शिक्षाकुसुम–मञ्जरी–नाम, देगे. ३९४३, उमा, 'खी' पुद् पृ. २१६क;
२२. आर्य–अक्षयमतिनिर्देशटीका, देगे. ३९९४, दो–डेल 'ची' पुद् पृ. २७ख;
२३. बोध्यापत्तिदेशनावृत्ति, देगे. ४००५, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १८५ख;
२४. बोध्यपत्तिदेशनावृत्ति–बोधिसत्त्वशिक्षाक्रम, देगे. ४००६, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १९०क;
२५. कर्मावरण–विशोधन–विधि–भाष्य–नाम, देगे. ४००७, दो–डेल 'जी' पुद् पृ. १९५ख;
२६. आर्य सर्वास्तिवादी–मूलभिक्षुणी–प्रतिमोक्षसूत्र–वृत्ति, देगे. ४११२, विनय 'चु' पुद् पृ. १२क;
२७. अष्टाक्षण कथा, देगे. ४१६७, टिङ्यग, 'गे' पुद् पृ. १७५क;
२८. सुभाषित रत्नकरण्डक कथा, देगे. ४१६८, टिङ्यिग, 'गे' पुद् पृ. १७९क;
२९. सुहृल्लेख रत्नकरण्डककथा, देगे. ४१८२, टिङ्यिग, 'ङे' पुद् पृ. ४३ख;
३०. व्यक्तपादसुहृल्लेख टीका, देगे. ४१९०, टिङ्यिग, 'ङे' पुद् पृ. ९६ख;
३१. महाव्युत्पत्ति, देगे. ४३४६, न–छोग, 'चो' पुद् पृ. ४५क।
३२. धर्मसग्रहः पृ० ८१, ति० सं०, सारनाथ, १९८८

है । **साक्षिभूत** का तात्पर्य समस्त विषयों का अविपरीत ज्ञान है । **प्रमाणभूत** का तात्पर्य समस्त विषयों का अविपरीत ज्ञान है । प्रमाणभूत का तात्पर्य साक्षिभूत से है । अवबोध करने के कारण 'ज्ञान' कहा जाता है । आँख के सामने होना तो 'दर्शन' है । अथवा दर्शन छह अभिज्ञाओं से योग है– ऐसा कुछ लोग मानते हैं । स्वयं मैंने ऐसा किया है– ऐसा वाणी के द्वारा कथन 'प्रतिदेशना' है । अनेक प्रकार के उन दोषों को देखकर उन्हें चित्त के प्रतिकूल ग्रहण करके अपने दोषों को प्रकाशित करना **'प्रतिदेशना'** है । अपने द्वारा किए पापों को दूसरे न जान पाएं– ऐसा सोचकर उसके उपाय का चिन्तन **'अप्रतिच्छादन'** है । **'आयति** (भविष्य) में संवर' संवर का तात्पर्य है– प्रतिपक्ष (मार्ग) का उपादान (ग्रहण) करके पहले (गृहीत) का अनुसरण न करके (उसकी) सन्तति का विच्छेद करना ।

इन सबके द्वारा अपने द्वारा कृत एवं संचित पाप कर्मों को क्षीण करने वाले चार बल भी प्रदर्शित किये गये हैं, यथा– (१) आश्रयबल, (३) विदूषणाबल, (३) प्रतिपक्षसमुदाचारबल एवं (४) प्रत्यापत्तिबल ।

इनमें से दोषों (आवरणों) की प्रतिदेशना (आविष्करण) के आश्रय तीन रत्नों और तथागतों की शरण में गमन किया जाता है, उनको प्रणाम करना 'आश्रय बल' है । (अपने द्वारा) कृत कर्मों की विधियों का विमर्श करते हुए उन्हें अनेक दोषों के जनक के रूप में मन में रखकर 'मैं स्वयं दोषी हूँ' इस प्रकार कहना 'विदूषणाबल' है । उन (आवरणों) के प्रतिपक्षों को मन में रख कर उन (दोषों) का पुनः अप्रत्यागमन 'प्रतिपक्षसमुदाचारबल' और 'प्रत्यापत्तिबल' हैं ।

इन चार बलों को मन में रखते हुए हृदय के भीतर पाठ करने से (ये) कर्मावरण सभी प्रकार से दुर्बल होते हैं । जैसे

कहा गया है[१] : मैत्रेय, इन चार धर्मों के द्वारा किया हुआ और संचित पाप अभिभूत हो जाता है । कौन चार के द्वारा : यथा आश्रयबल, विदूषणाबल, प्रतिपक्षसमुदाचारबल एवं प्रत्यापत्तिबल । इसलिए जो बोधिसत्त्व पापों का अभिभव करने की इच्छा करता है, उसे इस सूत्र का अनेक बार पाठ करना चाहिए और मन में धारण करना चाहिए– ऐसा कहा गया है ।

इस प्रकार कर्मावरणों की प्रतिदेशना करके अब अपने द्वारा कृत कुशल मूल सम्यक् परिणामना द्वारा गृहीत न होने पर निष्फल या हीनफल हो जाते हैं– ऐसा सोचकर भवसागर से (पार) उतरने के लिए कुशल की परिणामना करें । जैसे खान से निकाला गया स्वर्णपिण्ड कुशल कारीगर द्वारा अलङ्कार (आभूषण) के रूप में परिणामित होने पर अपने और दूसरों के लिए हितकारी होता है, उसी प्रकार (परिणामित कुशल भी) यथेष्ट फल प्रदान करने वाले होते हैं । यहाँ जिनके समक्ष परिणामना करना चाहिए, वहाँ **'बुद्ध'** इत्यादि (द्वारा) प्रार्थना (कही गई है) । परिणामना कर्म में कुशल कौन है ? **'मया'** (मेरे द्वारा) इत्यादि (द्वारा कथित है) । **'माम्'** (मुझको) इसका (अर्थ) पूर्व की भाँति है ।

कुशल का स्वभाव तीन प्रकार का होता है– दानमय, शीलमय और भावनामय । [२]दानमय तो **दानं**...... **अन्तशः** (दान से लेकर अन्तशः पर्यन्त) इत्यादि । योग्य पात्र के लिए धर्मदान करना प्रणीत (उत्तम) दान, भयभीतों को अभयदान, मैत्री–दान,

---

१. "चतुर्भिर्मैत्रेय, धर्मैः कृतोपचितं पापमभिभवति । कतमैश्चतुर्भिः ? यदुत आश्रयबलं विदूषणाबलं प्रतिपक्षबलं प्रतिपक्षसमुदाचारबलं प्रत्यापत्तिबलं च"
चतुर्धर्मनिर्देशसूत्र, देगे. २४९, सूत्र, 'श' पुद् पृ. ५९ख;
शिक्षासमुच्चय में भी उद्धृत है; पृ. ८९, मि0 सं0, १९६१
२. बोधिसत्त्वपिटक, देगे. ५६, कोनचे़ग, 'ग' पुद् पृ. १७३क;

चक्षु आदि वस्तुओं से लेकर समस्त का त्याग करना आमिषदान[१], विशिष्ट लोगों के लिए बाह्य सत्त्वों में परिगणित पुत्र आदि का त्याग करना, इसके अलावा चारों द्वीप का त्याग करना, सम्पूर्ण राज्य, या उसका आधा, राष्ट्र, जनपद, नगर आदि एवं खाद्य-पेय आदि का त्याग करना[२], अन्ततः तिर्यग् योनि में जन्में सत्त्वों के लिए एक कवल ग्रास मात्र खाद्यदान से लेकर और वस्तु (पर्यन्त त्याग) अत्यन्त हीन हैं ।

शीलमय कुशल सभी यानों में प्रातिमोक्ष संवर में संगृहीत है । उपसम्पदा से लेकर उपासक (संवर) पर्यन्त साधारण शील का संरक्षण है । प्रव्रज्या में आपन्न (शील) ब्रह्मचर्य में ही स्थित है । बोधिसत्त्वों में ही सत्त्वपरिपाक अधिकृत है । बोधिचित्त ही कुशल मूल है (क्योंकि) प्रयोग के द्वारा बोधिचित्त का परित्याग न करना ही बोधिसत्त्वों का विशुद्ध शील है । अन्यथा (नहीं तो) दश कुशल कर्मपथों को, कोटि कल्प पर्यन्त अकुशलों के लिए अवसर न देने पर भी (उन्हें) विशुद्ध शील कहना युक्त नहीं है । इस प्रकार आशय एवं प्रयोग द्वारा उद्यम करने पर पाँच कामगुणों के साथ आचरण भी विशुद्ध शील कहा जाता है । जैसे भगवती (प्रज्ञापारमिता) में कहा गया है[३] :

---

१. सामान्यतया सर्वत्र तीन दानों की चर्चा परिलक्षित होती है परन्तु यहां चार प्रकार के दान कहा गया है । ऐसा सूत्र में भी प्राप्त होता है । द्रष्टव्य-आर्य ताराकुरुकुल्लाकल्प देगे. ४३७, तन्त्र 'च' पुद्, पृ. ९७ख

२. समाधिराजसूत्र, देगे. १२७, सूत्र, 'द' पुद्, ३६ अध्या., पृ. १३४ख ।
द्रष्टव्यम्—
राज्यं त्यजिष्ये तथपि च राजधानीं
हिरण्य सुवर्ण तथ मणिमुक्त रत्नान् ।
घातेयमात्मा स्वय शस्त्र गृह्य
निहीनकर्मास्मिह बालबुद्धिः ॥
—समाधिराजसूत्र ३५/३४, पृ. २४० मि.सं. १९६१ ।

३. यदि पञ्च कामगुण भुञ्जति बधिसत्त्वो
बुद्धं च धर्म शरणागतु आर्यसङ्घम् ।

पाँच कामगुणों का भोग करता हुआ भी बोधिसत्त्व बुद्ध, धर्म और आर्य संघ की शरण जाता है, (मैं) बुद्ध होऊँगा (ऐसा) सर्वज्ञत्व का मनस्कार करता है तो विद्वानों को यह जानना चाहिए कि (वह व्यक्ति) शील पारमिता में स्थित है ।

यदि कोई कोटि कल्प पर्यन्त दश कुशल कर्मपथों का आचरण करता हुआ भी यदि (अपने में) प्रत्येकबुद्धत्व या अर्हत्व प्राप्त करने की इच्छा उत्पन्न करता है तो अखण्ड शीलवान् होने पर भी वह छिद्रयुक्त शीलवान् है । इस प्रकार का चित्तोत्पाद पाराजिकों में गुरुतर (सबसे भारी) है ।

यह भी परार्थ की प्रधानता के कारण प्रमुख रूप से निर्धारित किया गया है, फिर भी स्वार्थ का (सर्वथा) निषेध नहीं है ।

भावनामय कुशलमूल तो अनुत्तरज्ञान है । सर्वाकारज्ञता ही अनुत्तरज्ञान है । यह वह ज्ञान है, जो संवृति में संगृहीत यावत् (समस्त विषय) तथा परमार्थ में संगृहीत यथावत् विषयों की सर्वाकारज्ञता है, जो श्रावक आदि सभी (ज्ञानों) से विशिष्ट है । इसके सर्वधर्म स्वभावशून्यता और मायोपमधर्मता के भावनामय स्वरूप होने से उनकी भावना का प्रकर्ष (अतिशय) होने पर सभी प्रपञ्चों का उच्छेद हो जाता है । (तब) निःस्वभावता का स्पष्ट रूप से प्रस्फुटन होने के कारण कुछ भी उपलब्ध न होने वाले नय के द्वारा सर्वधर्म स्वभावशून्यता को यथावत् (अपना) विषय बनाता है । मायासदृश अर्थ, आकाश के समान विषय,

---

सर्वज्ञता च मनसी भविष्यामि बुद्धो
स्थितु शीलपारमित वेदयितव्य विज्ञो ॥
यदि कल्पकोटि दशभी कुशलैः पथेभिश्चरमाणु प्रत्ययरहत्त्वस्पृहां जनेति ।
तद् खण्डशीलु भवते अपि छिद्रशीलो पाराजिको गुरुतरो अयु चित्तुपादो ॥
प्रज्ञापारमितासंचयगाथा, देगे. १३ शेरछिन, 'क' पुद्, पृ. १८ख;
रत्नगुणसंचयगाथा, २८२–२८३ का0, म0सू.सं., भाग–१, पृ.३९३, मि.सं. १९६०

कार्य-कारण में संगृहीत समस्त धर्म का करतल में स्थित आंवले की भाँति आवरण मल का प्रहाण कर देने से साक्षात्कार करता है । इसीलिये आचार्य शान्तिदेव ने भी कहा है[१] :

शून्यता (समस्त) क्लेशावरण और ज्ञेयावरण रूपी अन्धकार को नष्ट करने वाला प्रतिपक्ष है । शीघ्र सर्वज्ञता प्राप्त करने का अभिलाषी उसकी भावना क्यों नहीं करता ।

इस प्रकार शून्यता की भावना सर्वज्ञज्ञान का हेतु कही गई है । इस तरह दानमय, शीलमय और भावनामय सभी की परिणामना करना चाहिए ।

कैसे परिणामना करना चाहिए ? परिणामना का प्रकार तो **'एकध्यं**............... **अभिसंक्षिप्य** (एकत्र से लेकर.......... संगृहीत करके) इत्यादि (द्वारा बतलाया गया है) । उन सभी को बुद्धि के द्वारा पिण्डीकृत करने से अन्यों से (इसका) वैशिष्ट्य है । **'ऐकध्यं संक्षिप्य'** इससे अपने स्वरूप के द्वारा । **'तुलयित्वा'** (तौल कर) इससे क्रिया के द्वारा । **'अभिसंक्षिप्य'** (एकत्र करके) इससे सामर्थ्य के द्वारा । अनुत्तर आदि तीन का तात्पर्य श्रावक, प्रत्येकबुद्ध और बोधिसत्त्व से विशिष्ट होना है । इस प्रकार परिणामना करना चाहिए । किस प्रकार की परिणामना में ? **'अनुत्तरायाम्'** अनुत्तर इत्यादि अवस्था में । किस प्रकार से अर्थात् उपाय से परिणामना करना चाहिए । **'यथा'** इत्यादि (द्वारा कहा गया है) । जैसे अतीत आदि की परिणामना के समान । वह भी बुद्ध भगवान् ने कुशलमूलों को तत्त्वतः असत्य जानते हुए भी उन्हें सम्मुख करके उन कुशलमूलों की परिणामना करने वाले जिन चित्तों के द्वारा, जिसमें परिणामना की जाती है, उस

---

१. क्लेशज्ञेयावृतितमः प्रतिपक्षो हि शून्यता ।
शीघ्रं सर्वज्ञताकामो न भावयति तां कथम् ॥
बो०च०, देगे. ३८७१, शास्त्र, उमा, 'ल' पुट् ९/५५, पृ. ३३क;
द्रष्टव्य-बो.च. ९/५५ पृ. २११, मि.सं. १९६० ।

अनुत्तर बोधि में भी परमार्थतः निमित्तोद्ग्रहण का लेशमात्र भी न करके सत्त्वों के (हित के) लिए अनुत्तर बोधि में जैसे परिणामना की है, उसी प्रकार मैं भी परिणामना करता हूँ । अथवा उस प्रकार से अर्थात् उपाय से साक्षात्कार करने में स्वयं असमर्थ होने पर भी जैसे भगवान् बुद्ध ने कुशल मूलों की परिणामना की, उसी प्रकार मैं भी उन कुशलमूलों की परिणामना करता हूँ— इस प्रकार की परिणामना बुद्धों द्वारा प्रदत्त उपायों से युक्त परिणामना है ।

इस प्रकार पापदेशना और कुशल परिणामना का कथन करने के अनन्तर महाबोधि को प्राप्त कराने वाले उपायों का संक्षेप से कथन करने के लिए **'सर्वं पापं प्रतिदेशयामि'** (सभी पापों की प्रतिदेशना करता हूँ) इत्यादि (कहा है) ।

संसाररूपी कारागार में भटक रहे (प्राणियों) को महाबोधि प्राप्त न हो सकने के हेतु :

(१) अपने द्वारा किये हुए पाप कर्मों का संचय,

(२) दूसरों के द्वारा किये हुए कुशल कर्मों के प्रति द्वेष होना,

(३) बुद्धशासन का अभाव,

(४) उन बुद्ध का लोक में अविद्यमान रहना,

(५) विपरीत प्रणिधान करना,

(६) बुद्ध का आदर न करना,

(७) उन (बुद्धों) की शरण से रहितता–इत्यादि तो दोष हैं ।

क्रमशः पापदेशना आदि करने से (दोषों के समाप्त हो जाने के कारण) महाबोधि प्राप्त होती है । अतः आचार्य वसुबन्धु

ने भी कहा है[1] : 'महाबोधि की प्राप्ति के लिए सभी पापों की प्रतिदेशना करता हूँ, सभी पुण्यों का अनुमोदन करता हूँ, सभी बुद्धों की अध्येषणा करता हूँ, मुझे अनुत्तर ज्ञान की प्राप्ति हो– इत्यादि । पूर्वोक्त चार बलों के द्वारा अपने द्वारा कृत एवं संचित पापों की देशना से सास्रव और अनास्रव कुशलों को करने की इच्छा से अतिशय मुदिता की प्राप्ति होती है । जो भगवान् बुद्ध धर्मचक्रप्रवर्तन के अभिलाषी नहीं थे या अल्प उत्सुक थे और जो महापरिनिर्वाण प्राप्त करना चाहते थे, उनसे जगत् के कल्याण के लिए धर्मचक्रप्रवर्तन करने की प्रार्थना, परिनिर्वाण को प्राप्त न करके असंख्य कल्पों तक (लोक में) स्थित रहने के लिए अध्येषणा तथा जो जो मैंने कुशल कर्मों का आचरण किया है, उनकी मैं उत्तम सर्वाकारज्ञता ज्ञान की प्राप्ति के लिए परिणामना करता हूँ । बुद्धों के प्रति अञ्जलि बाँधना 'वन्दना' है । सभी भयों से रक्षा करने वाले का ग्रहण तो शरण–गमन है, इसलिए यह बुद्धों के प्रति आदरभाव के साथ शरण–ग्रहण ही है । इन (सब) के द्वारा दूसरों सूत्रों में **'त्रिस्कन्ध'** नाम से निर्दिष्ट का भी संग्रह होता है । पापदेशना तो **'देशना स्कन्ध'** है । कुशलमूलों की परिणामना **'परिणामना–स्कन्ध'** है । पापदेशना महाबोधि की प्राप्ति की उपायभूत है, अनुमोदना तो परिणामना की अङ्गभूत है, क्योंकि अनुमोदना के द्वारा परिणामना निष्पन्न होती है । याचना ही **'याचना–स्कन्ध'** है । प्रणिधान भी परिणामना रूप ही है । वन्दना और शरण–ग्रहण 'आश्रयबल' होते हैं । यह (सब) पापदेशना–स्कन्ध के अन्तर्गत हैं । इनका निरन्तर दिन और रात

---

१. मैंने आचार्य वसुबन्धु कृत त्रिस्कन्धसूत्र की टीका का अन्वेषण किया, किन्तु सभी स्रोतों का अध्ययन करने के पश्चात् भी मुझे ऐसी कोई टीका प्राप्त नहीं हो सकी । यहां जो उद्धरण दिया गया है उसमें "महाबोधि की प्राप्ति के लिए" इन शब्दों को छोड़कर बाकी उसी रूप में सूत्र में प्राप्त होता है । इसलिए इस उद्धरण का यहां कोई विशेष महत्त्व नहीं दिखाई पड़ता है ।

में तीन बार मनसिकार करने से बोधिसत्त्व सभी कर्मपथ–आवरणों का प्रहाण करके इष्ट फल का साक्षात्कार करता है । अतः इसके लिए प्रयत्न करना चाहिए । **आचार्य शान्तिदेव** ने भी कहा है[१] :

दिन और रात में तीनो समय तीन बार त्रिस्कन्ध में प्रवृत्त होना (पाठ करना) चाहिए । जिन (बुद्ध) और बोधिसत्त्वों का आश्रय करके अवशिष्ट आपत्तियों का शमन करें ।

जैसे बोधिसत्त्वों के कर्मावरण इससे परिशोधित किये जाते हैं, उसी प्रकार अन्य आपत्तियों की भी धर्म के अनुसार प्रत्यापत्ति (परिशुद्धि) करें । शेष कर्मावरण भी इसी के द्वारा परिशुद्ध किये जाते हैं । अन्य भी जो कोई इस कर्मावरण का क्षय चाहता हो, उसे इसी में प्रयत्न करना चाहिए । इस प्रकार कर्मावरण क्षीण होते हैं । भगवान् बुद्ध निश्चय ही सभी दोषों का क्षय करके (धर्मों की यथार्थ स्थिति को) अभ्रान्त रूप से जानकर (अनुत्तर) ज्ञानवान्, महाकारुणिक, दूसरों के (समस्त) दुःखों को दूर करने के अभिलाषी महात्मा हैं– इसमें अल्पमात्र भी सन्देह नहीं करना चाहिए, क्योंकि (उनके द्वारा) झूठ बोलना (सर्वथा) असम्भव है ।

बड़े महत्त्वाकांक्षी लोगों के भी अगोचर इस विषय में मैंने अपने और दूसरों के हित की बुद्धि से ही प्रयत्न किया है । सज्जन लोग मुझे क्षमा करें ।[२]

---

१. रात्रिन्दिव च त्रिस्कन्धं त्रिष्कालं च प्रवर्तयेत् ।
शेषापत्तिशमस्तेन बोधिचित्तजिनाश्रयात् ॥
बो.च., देगे. ३८७१, शास्त्र, उमा 'ल' पुद्, ५/९८, पृ. १४क । बो.च. ५/९८, पृ ७५, मि.सं. १९६० ।

२. तुलनीयम्—
तथाप्यगोचरीभूते यत्नमास्थितवानहम् ।
परात्महितबुद्धयैव क्षम्पतामेष साधुभिः ॥
–स्फुटार्था, अभिसमयालंकारवृत्ति, ति.सं. संस्करण, पृ. ९४, १९७७ ।

इस ग्रन्थ को रचने से समयवज्र (की कृपा) से जो पुण्य उपलब्ध हुआ है, उससे सम्पूर्ण संसार घोर अविद्या से रहित हो जाए ।

आचार्य दीपङ्करश्रीज्ञान द्वारा विरचित कर्मावरणविशोधनविधि–भाष्य समाप्त ॥

उन्हीं भारतीय पण्डित तथा लोचावा (लोकचक्षु) भिक्षु छुलठिम् ज्ञल्–व (शील विजय) के द्वारा अनूदित ।

•

ཁ་སྐོང་ལྷན་ཐབས་ཀྱི་སྡེ་ཚན་བཅུ།

परिशिष्ट-१० भाग

ཁ་སྐོང་ལྷན་ཐབས་དང་པོ།

སློབ་དཔོན་དཔའ་བོས་མཛད་པའི་སྤྱི་བཤགས་བཞུགས་སོ།།

༄༅། །ཨུ་ཏུ་ལགས། བླ་མ་རྡོ་རྗེ་འཛིན་པ་ཆེན་པོ་ལ་སོགས་པ་ཕྱོགས་བཅུ་ན་བཞུགས་པའི་སངས་རྒྱས་དང་བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའ་ཐམས་ཅད་དང་། དགེ་འདུན་བཙུན་པ་རྣམས་བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ། །བདག་མིང་འདི་ཞེས་བགྱི་བས་ཚེ་རབས་འཁོར་བ་ཐོག་མ་མ་མཆིས་པ་ནས་ད་ལྟ་ལ་ཐུག་གི་བར་དུ། ཉོན་མོངས་པ་འདོད་ཆགས་དང་ཞེ་སྡང་དང་གཏི་མུག་གི་དབང་གིས་ལུས་ངག་ཡིད་གསུམ་གྱི་སྒོ་ནས་སྡིག་པ་མི་དགེ་བ་བཅུ་བགྱིས་པ་དང་། མཚམས་མ་མཆིས་པ་ལྔ་བགྱིས་པ་དང་། དེ་དང་ཉེ་བ་ལྔ་བགྱིས་པ་དང་། སོ་སོར་ཐར་པའི་སྡོམ་པ་དང་འགལ་བ་དང་། བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའི་བསླབ་པ་དང་འགལ་བ་དང་། །གསང་སྔགས་ཀྱི་དམ་ཚིག་དང་འགལ་བ་དང་། ཕ་དང་མ་ལ་མ་གུས་པ་དང་། མཁན་པོ་དང་སློབ་དཔོན་ལ་མ་གུས་པ་དང་། གྲོགས་ཚངས་པར་མཚུངས་པར་སྤྱོད་པ་རྣམས་ལ་མ་གུས་པ་དང་། དཀོན་མཆོག་གསུམ་ལ་གནོད་པའི་ལས་བགྱིས་པ་དང་། དམ་པའི་ཆོས་སྤངས་པ་དང་། འཕགས་པའི་དགེ་འདུན་ལ་སྐུར་བ་བཏབ་པ་དང་། སེམས་ཅན་ལ་གནོད་པའི་ལས་བགྱིས་པ་ལ་སོགས་པ། སྡིག་པ་མི་དགེ་བའི་ཚོགས་བདག་གིས་བགྱིས་པ་དང་། བགྱིད་དུ་སྩལ་བ་དང་། གཞན་གྱིས་བགྱིས་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བ་ལ་སོགས་པ། མདོར་ན་མཐོ་རིས་དང་ཐར་པའི་གེགས་སུ་གྱུར་ཅིང་འཁོར་བ་དང་ངན་སོང་གི་རྒྱུར་གྱུར་པའི་ཉེས་ལྟུང་གི་ཚོགས་ཅི་མཆིས་པ་ཐམས་ཅད་བླ་མ་རྡོ་རྗེ་འཛིན་པ་ཆེན་པོ་ལ་སོགས་པ་ཕྱོགས་བཅུ་ན་བཞུགས་པའི་སངས་རྒྱས་དང་བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའ་ཐམས་ཅད་དང་། དགེ་འདུན་བཙུན་པ་རྣམས་ཀྱི་སྤྱན་སྔར་མཐོལ་ལོ། །མི་འཆབ་བོ། །འཆགས་སོ། །ཕྱིན་ཆད་ཀྱང་སྡོམ་པར་བགྱིད་ལགས་སོ། །མཐོལ་ཞིང་བཤགས་ན་བདག་བདེ་བ་ལ་རེག་པར་གནས་པར་འགྱུར་གྱི། མ་མཐོལ་མ་བཤགས་ན་ནི་མི་འགྱུར་རོ།། **སློབ་དཔོན་དཔའ་བོས་མཛད་པའི་སྤྱི་བཤགས་རྫོགས་སོ།།**

प्रथम परिशिष्ट

आचार्य-अश्वघोषविरचिता

सामान्यप्रतिदेशना

(पुनरुद्धृत संस्कृत पाठ)

अहो महागुरवो वज्रधरादयः, दशदिगवस्थिता बुद्धा बोधिसत्त्वाः संघाश्चभदन्तः, मां समन्वाहरन्तु। अहमेवंनामा अनादिसंसारात् प्रभृति प्रत्युत्पन्नपर्यन्तं राग-द्वेष-मोहवशात् कायवाङ्मनोभिः दशाकुशलानि कृतवान्, पञ्चानन्तर्याणि, पञ्च तत्सभागानि, प्रतिमोक्षसंवरविरोधः, बोधिसत्त्वशिक्षाविरोधः, गुह्यमन्त्रसमयादिविरोधः, मातापित्रोरनादरः, आचार्योपाध्यायानादरः, सब्रह्मविहारिणां मित्राणामनादरः, त्रिरत्नप्रतिघातकं कर्म, सद्धर्मपरित्यागः, आर्यभिक्षुसंघनिन्दनम्, सत्त्वाहितकरं कर्म-एवमादीनि कर्माणि कृतवान्, यान्यकुशलान्यहं कृतवान्, यानि चान्यैः करितवान्, यान्यन्यकृतान्युनुमोदितवान्।

संक्षेपेण ये च स्वर्गापर्गविघ्नभूतानां संसारदुर्गतिपतनहेतुभूतानां केऽपि आपत्तिदोषराशयः (सन्ति) तान् सर्वान् गुरुवज्रधरादीनां दशदिगवस्थितानां बुद्ध-बोधिसत्त्वानां संघस्य भदन्तस्य जाग्रतः प्रतिदेशयामि, आविष्करोमि, न प्रतिच्छादयामि, अनन्तरं संवरमापत्स्ये। प्रतिदेशनायां कृतायां कृते च प्रायश्चित्ते स्पर्शविहारो मे भविष्यति, अन्यथा प्रतिदेशनायाम् अविहितायाम् अकृते चाविष्करणे तथा (स्पर्शविहारः) न भविष्यति।

(अश्वघोषविरचिता सामान्यप्रतिदेशना समाप्ता)

प्रथम परिशिष्ट

आचार्यअश्वघोषविरचित

(हिन्दी अनुवाद)

सामान्यप्रतिदेशना

अहो महागुरु वज्रधर आदि, दशो दिशाओं में स्थित बुद्ध, बोधिसत्त्व एवं संघ सभी मेरी ओर ध्यान दें। मैं अमुक नाम के व्यक्ति ने अनादि जन्मों से लेकर अब तक राग, द्वेष तथा मोह रूपी क्लेशों के वशीभूत होकर काय, वाक् एवं चित्त के द्वारा जो दश अकुशल पाप किए हैं, पाँच आनन्तर्य कर्म किए हैं, पाँच आनन्तर्यसभाग कर्म किये हैं, प्रतिमोक्ष संवर का उल्लंघन, बोधिसत्त्वों की शिक्षा का उल्लंघन, गुह्य मन्त्र के समय का उल्लंघन, माता-पिता का अनादर, आचार्य तथा उपाध्याय का अनादर, सब्रह्मविहारी मित्रों का अनादर, त्रिरत्न को बाधा देनेवाले कर्म किये हैं, सद्धर्म का परित्याग, आर्यभिक्षुसंघ की निन्दा और सत्त्वों को हानि पहुँचाने वाले कर्म आदि किये हैं। जो अकुशल पाप कर्म मेरे द्वारा किये गये हैं, दूसरों के द्वारा कराये गये हैं, दूसरों के द्वारा किए गए (अकुशल कर्मों)का अनुमोदन आदि किये गये हैं।

संक्षेप में स्वर्ग तथा मोक्ष प्राप्ति के बाधक, संसार एवं दुर्गति में पतन के हेतुभूत आपत्ति-दोषों की जो भी राशि है, उन सभी की मैं महागुरु वज्रधर आदि, सभी दशो—दिशाओं में स्थित बुद्ध, बोधिसत्त्वों और संघ तथा भदन्त के समक्ष प्रतिदेशना करता हूँ, प्रायश्चित्त करता हूँ, नहीं छिपाता हूँ और बाद में भी उनका संवर करूँगा। प्रतिदेशना एवं प्रायश्चित्त किया जाने पर मैं सुख स्पर्श की स्थिति में रहूँगा। अन्यथा अर्थात् प्रतिदेशना एवं आविष्करण न किया जाने पर वैसा नहीं हो सकेगा।

(आचार्य अश्वघोष के द्वारा विरचित सामान्यप्रतिदेशना समाप्त)

ཁ་སྐོང་ལྷན་ཐབས་གཉིས་པ།

द्वितीय परिशिष्ट

འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོ་དང་རྒྱ་འགྲེལ་གསུམ་དང་སྤྱི་བཤགས་ནང་གསལ་བའི་བོད་དང་ལེགས་སྦྱར་གྱི་བརྡ་སྐད་ཤན་སྦྱར།

འཕགས་པ་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོའི་བོད་དང་ལེགས་སྦྱར་གྱི་བརྡ་སྐད་ཤན་སྦྱར།

आर्यत्रिस्कन्धसूत्र शब्द-सूची

ཚིག	ཤོག་གྲངས།	शब्द	पृष्ठ
ཀུན་ནས་སྣང་བ་བཀོད་པའི་དཔལ།	2	समन्तावभास व्यूहश्री	116
ཀླ་ཀློ།	3	म्लेच्छ	116
ཀླུ་དབང་གི་རྒྱལ་པོ།	1	नागेश्वरराज	115
སྐྱེ་བ་ཐོག་མ་དང་ཐ་མ་མ་མཆིས་པ།	4	अनवराग्र जाति	116
སྐྱབས་སུ་མཆིས་པ།	1	शरण (गमन)	115-117
འཁོར་བ།	3	संसार	116
འཁོར་བའི་སྐྱེ་བ།	3	जाति संसार	116
མཁྱེན་པ་གཟིགས་པ།	4	जानतां पश्यताम्	117
གོང་ན་མ་མཆིས་པ།	5	अनुत्तरायां	117
གོང་མའི་ཡང་གོང་མ།	5	उत्तरोत्तरया	117
དགེ་འདུན།	1	संघ	115
དགེ་འདུན་གྱི་དཀོར་ཕྲོགས་པ།	3	सांघिकं द्रव्यमपहृतं	116
དགེ་བའི་རྩ་བ།	4	कुशलमूल	117
བགྱིད་དུ་སྩལ་བ།	3	कृतं स्यात्	116
བགྱིད་པ་ལ་རྗེས་སུ་ཡི་རང་བ།	3	क्रियमाण वा अनुमोदित	116
དགྲ་བཅོམ་པ།	1	अर्हत्	115-116

ཙནྡན་དཔལ།	2	चन्दनश्री	116
གཅིག་ཏུ་བསྡུས་པ།	4	ऐकध्यं पिण्डयित्वा	117
ཆུ་ལྷ།	2	वरुणदेव	116
ཆོས།	1	धर्म	115
འཆགས་པ།	4	प्रतिदेशना	117
འཆགས་སོ།།	5	प्रतिदेशना	117
མཆོད་རྟེན་གྱི་དཀོར།	3	स्तौपिक द्रव्यमपहृतं	116
ཇི་སྙེད་ཅིག	2	यावन्तः	116
རྗེས་སུ་ཡི་རང་བ།	5	अनुमोदना	116
འཇིག་རྟེན་གྱི་ཁམས།	2	लोकधातु	116
ལྟ་བ་ལོག་པ་འཛིན་པ།	3	मिथ्यादृष्टि	116
ལྟུང་བ་བཤགས་པ།	1	आपत्तिदेशना	115
ཐལ་མོ་སྦྱར་བ།	6	कृताञ्जलि	117
མཐོང་བ་དོན་ཡོད།	1	अमोघदर्शिन्	116
མཐའ་ཡས་རྒྱ་མཚོ།	6	अनन्तसागर	117
ད་ལྟར་བྱུང་བའི་སངས་རྒྱས།	5	प्रत्युत्पन्ना बुद्धाः	117
དུད་འགྲོའི་སྐྱེ་གནས།	3	तिर्यग्योनि	116
དེ་བཞིན་གཤེགས་པ།	1	तथागत	116-117
དྲན་པའི་དཔལ།	2	स्मृतिश्री	116
དྲི་མ་མེད་པ།	1	निर्मल	116
རྡོ་རྗེ་སྙིང་པོས་རབ་ཏུ་འཇོམས་པ།	1	वज्रगर्भप्रमर्दिन्	115
སྡིག་པ་ཐམས་ཅད།	5	सर्वपाप	117
སྡིག་པའི་ལས།	3	पापकर्म	116
བདག་གིས་སྐྱེ་བ་འདི།	3	यन्मया अस्यां जातौ	116
བདག་ལ་དགོངས་སུ་གསོལ།	4	मां समन्वाहरन्तु	116
འདས་པའི་སངས་རྒྱས།	5	अतीतबुद्ध	117
ནོར་དཔལ།	2	धनश्री	116
རྣམ་པར་གནོན་པས་གཤེགས་པའི་དཔལ།	2	विक्रान्तगामिन्	116

ཚངས་པར་སྤྱོད་པ་ལ་གནས་པའི་ དགེ་བའི་རྩ་བ།	4	ब्रह्मचर्यवासकुशलमूल	117
ཚངས་པའི་འོད་ཟེར་རྣམ་པར་རོལ་པའི་ མངོན་པར་མཁྱེན་པ།	2	ब्रह्मज्योतिर्विक्रीडिताभिज्ञ	116
ཚངས་པས་བྱིན།	1	ब्रह्मदत्त	116
ཚད་མར་གྱུར་པ།	4	प्रमाणभूत	117
ཚུལ་ཁྲིམས་བསྲུངས་བ།	4	शीलं वा रक्षितं	117
མཚན་དཔལ་ཤིན་ཏུ་ཡོངས་བསྒྲགས།	2	सुपरिकीर्तितनामधेयश्री	116
མཚམས་མ་མཆིས་པ་ལྔ།	3	पञ्च आनन्तर्याणि	116
འཚོ་ཞིང་གཞེས་པ།	3	ध्रियन्ते यापयन्ति	116
ཟས་ཁམ་གཅིག་ཙམ་སྩལ་བ།	4	आलोपो दत्तः	117
གཟི་བརྗིད་མཐའ་ཡས།	2	अनन्तौजस्	116
བཀྲུམས་ཏེ་བཟློམས་ནས།	5	पिण्डयित्वा	117
འོད་དཔལ།	2	प्रभासश्री	116
ཡང་དག་པ་རྫོགས་པའི་སངས་རྒྱས།	2	सम्यक्संबुद्ध	115
ཡང་དག་པར་བླངས་བ་ལ་ཞུགས་པ།	3	समादाय वर्तितं स्यात्	116
ཡི་དྭགས་ཀྱི་ཡུལ་དུ་མཆི་བ།	3	यमविषयं वा गच्छेयं	116
ཡུལ་མཐའ་འཁོབ་ཏུ་སྐྱེ་བ།	3	प्रत्यन्तजनपद	116
ཡེ་ཤེས་ཀྱི་མཆོག	5	अनुत्तरज्ञान	117
ཡེ་ཤེས་སུ་གྱུར་པ།	4	ज्ञानभूत	117
ཡོན་ཏན་བསྔགས་པ།	6	प्रशस्त गुण	117
ཡོངས་སུ་བསྔོ་བ།	5	परिणामनया	117
གཡུལ་ལས་ཤིན་ཏུ་རྣམ་པར་རྒྱལ།	2	सुविजितसंग्राम	116
རི་དབང་གི་རྒྱལ་པོ།	2	शैलेन्द्रराज	116
རིན་ཆེན་པདྨས་རྣམ་པར་གནོན་པ།	2	रत्नपद्मविक्रामिन्	116
རིན་ཆེན་མེ།	1	रत्नाग्नि	116
རིན་ཆེན་ཟླ་བ།	1	रत्नचन्द्र	116
རིན་ཆེན་ཟླ་འོད།	1	रत्नचन्द्रप्रभ	116

སློབ་དཔོན་ཀླུ་སྒྲུབ་ཀྱིས་མཛད་པའི་ཕུང་པོ་གསུམ་པའི་མདོའི་འགྲེལ་པའི་བོད་དང་ལེགས་སྦྱར་གྱི་ཐ་སྙད་ཤན་སྦྱར།

आचार्य नागार्जुन कृत त्रिस्कन्धसूत्र-टीका की शब्दानुक्रमणी

ཀུན་རྫོབ་ཀྱི་བཤགས་པ།	संवृति प्रतिदेशना
ཀུན་རྫོབ་ལ་འགལ་བ།	संवृति विरोध
ཀུན་རྫོབ་དང་དོན་དམ།	संवृति परमार्थ
ཀླུ་ཡི་རྒྱལ་པོ།	नागराज
ཀླུ་ཤིང་།	नागलता
དཀར་པོ་ལ་སོགས་པ།	श्वेतवर्णादीन्
སྐལ་བ་དང་ལྡན་པ།	सौभाग्यशाली
སྐྱབས་ཀྱི་མཐར་ཐུག་པ།	शरणगमननिष्ठा
སྐྱབས་སུ་འགྲོ་བའི་ངོ་བོ།	शरणगमनस्वरूप
སྐྱབས་སུ་འགྲོ་བ་མཆོག	शरणगमनं श्रेयः
སྐུ་མདོག	कायवर्ण
སྐུ་གསུམ།།	त्रैकायिक
སྐུ་གསུམ་གྱི་བདག་ཉིད།	त्रिकायात्मक
སྐུར་བ་འདེབས་པ།	अपवाद
སྐྱེ་བ་བཟང་པོ་བླངས་པ།	भद्रं जन्म
བཀའ་མ་ཡིན་པ།	न (बुद्ध)वचन
བཀའ་ལས་འདའ་བ།	वचनविरोध
དཀོན་མཆོག་བརྩེགས་པ།	रत्नकूट
བསྐལ་པ་དཔག་ཏུ་མེད་པ།	अपरिमितकल्प
བསྐལ་པ་མང་པོར་བཞུགས་པ།	अनेककल्पपर्यन्त विराजमान
ཁམས་གསུམ་གྱི་སྐྱེ་གནས།	त्रैधातुकयोनिषु
ཁམས་གསུམ་གྱི་སེམས་ཅན་ཐམས་ཅད།	त्रैधातुक सर्वसत्त्व
ཁྱད་པར་ལྔ།	पञ्च विशेषण

ཁྱད་པར་དུ་བསྟོད་པ།	विशेषस्तव
ཁྱད་པར་དུ་འཕགས་པ།	विशिष्ट
ཁྲབ་དང་རལ་གྲི	कवच खड्ग
མཁན་པོ་ཤཱནྟརཀྵིཏ།	महापण्डितशान्तरक्षित
འཁོར་བ་ཇི་སྲིད་ཀྱི་བར།	यावत्संसार अवस्थान
འཁོར་བ་ལ་ཆགས་པ་དང་བྲལ་བ།	संसारासक्ति
འཁོར་བ་ལས་རྒྱལ་བའི་ནུས་པ་མངའ་བ།	संसारविजयक्षमता
འཁོར་བའི་གཡུལ་འཇོམས།	सांसारिकरणानां विनाशः
འཁོར་མང་པོ་དང་བཅས་པ།	विविध पर्षद्
འཁོར་གསུམ་ཡོངས་སུ་དག་པ།	त्रिमण्डलविशुद्धि
འཁྲུལ་པ་མེད་པ།	भ्रान्तेरभावः
གང་ལྷར་མོས་པ།	यथारुचि
གཽཏམ།	गौतम
གྲོལ་བ།	मुक्त
གླིང་གཞི།	निदान
གླེན་ཞིང་ལྐུགས་པ།	कुत्सित भाषा-भाषिन्
གློ་བུར་བའི་དྲི་མ།	आगन्तुकमल
དགའ་བ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	नन्दवतीक्षेत्र
དགའ་བའི་ཕུང་པོ།	आनन्दस्कन्ध
དགེ་སྡིག	शुभाशुभानां
དགེ་བའི་བཤེས་གཉེན།	कल्याणमित्र
དགེ་སྦྱོང་གི་ཆོས།	श्रमणधर्म
དགེ་སློང་བཞི།	चतुर्णां भिक्षूणां
དགོས་པ།	प्रयोजन
འགོག་པ་ངན་པ།	दुष्टनिरोध
དགོས་པའི་ཡང་དགོས་པ།	प्रयोजन प्रयोजन
དགོས་པ་ལ་སོགས་པ་བཞི།	प्रयोजनादिना प्रकारचतुष्केण
འགྱོད་པ།	कौकृत्य

འགྱོད་པ་དང་བཅས་པ།	सकौकृत्य
དགྲ་བཅོམ་པས་ཞུས་པ།	अर्हत्परिपृच्छा
དགྲ་བསད་པ།	अरीणां हन्तृत्वाद्
བགྲང་བ་ལས་འདས་པ།	असंख्य
འགྲོ་དོན་མཛད་པ།	जगत् हितकर
སྒོ་གསུམ་གྱི་ཕྱག	त्रिभिद्वारैः नमस्कारः
སྒོ་གསུམ་དང་བས་ཕྱག་འཚལ་བ།	त्रिर्भिद्वारैः सम्प्रसाद नमस्कार
རྒྱུ་དང་འབྲས་བུའི་བདག་ཉིད།	हेतुफलात्मक
རྒྱུད་སྨིན་པར་བྱས་པ།	सन्ततिं परिपाच्य
སྒྱུ་མ་ལྟ་བུའི་བློ།	मायोपमबुद्ध्या
རྒྱལ་པོའི་ཁབ།	राजगृह
སྒྲིབ་པ།	आवरण
སྒྲིབ་པ་དང་བྲལ་བའི་ཞིང་།	आवरणविगत क्षेत्र
བརྒལ་ལན།	परिहार
ངག་འཁྱལ།	सम्प्रलाप
ངག་དང་ཡིད།	वाक् चित्त
ངན་སོང་།	दुर्गति
ངན་སོང་གསུམ།	तिसृणां दुर्गतीनां
ངེས་པར་ལེགས་པ།	निःश्रेयस्
ངན་སོང་དུ་འགྲོ་བའི་སྔ་ལྟས།	दुर्गतिगमनात् पूर्वं
དངོས་སུ་འཕྲོག་པ།	साक्षादपहरण
མངལ་ནས་སྐྱེ་བ།	योनिषु सम्भवः
མངོན་པར་རྟོགས་པ།	अभिसमय
མངོན་པར་མཐོ་བ།	अभ्युदय
མངོན་པར་ཤེས་པ་ལྔ།	पञ्च अभिज्ञा
རྔ་སྒྲའི་ཞིང་།	दुन्दुभिघोष
སྔོ་སྐྱ།	श्वेतनील
སྔོན་གྱི་གདུལ་བྱ་སོ་ལྔའི་དོན།	पूर्वोक्तानां पञ्चत्रिंशद्विनेयानां

སྔོན་བྱུང་།	पौराणिक (कथानकम्)
ཙན་དན་གྱི་སྡོང་པོ།	चन्दन वृक्ष
ཆང་འཚོང་མའི་བུ།	मद्यविक्रेता पुत्र
ཆུའི་དཀྱིལ་འཁོར།	जलमण्डल
ཆོས་ཀྱི་འཁོར་ལོ་བསྐུལ་བ།	धर्मचक्रं प्रवर्तयितुं
ཆོས་ཀྱི་རྣམ་གྲངས།	धर्मपर्याय
ཆོས་ཀྱི་ཡན་ལག་གཅིག	धर्मैकाङ्गेन
ཆོས་གོས།	चीवर
ཆོས་འཆད་པར་བསམ་པ།	धर्मोपदेश अवगन्तव्य
ཆོས་ཉིད་གསལ་བར་བྱེད་པ།	धर्मतां प्रकाशय
ཆོས་བཞི་བསྟན་པ།	चतुधर्मनिर्देश
མཆོད་རྟེན་བརྒྱད་པོ།	अष्टविध चैत्य
འཇིག་རྟེན་དུ་བྱོན་པ།	लोके आगमन
འཇིག་རྟེན་ལས་འདས་པ།	लोकोत्तर
འཇིགས་སྡེ།	भीमसेन
འཇིགས་བྱེད་ཆེན་པོ།	महाभीम
རྗེས་སུ་ཡི་རང་བ།	अनुमोदना
རྗོད་བྱེད།	अभिधान
བརྗོད་བྱ།	अभिधेय
ཉ་མགོ་བོ་སོ་ལྔ།	पञ्चत्रिंशच्छिरस्कमत्स्य
ཉན་ཐོས་དང་རང་སངས་རྒྱས།	श्रावक प्रत्येकबुद्ध
ཉི་མ་དང་པདྨ་དམར་པོ	सूर्य रक्तपद्म
ཉི་མ་དང་རིན་པོ་ཆེའི་སྡོང་བུ	सूर्य रत्नदण्ड
ཉེ་བའི་ཉེ་གནས།	संगातुमुपाले
ཉེས་པ་ལས་ཀུན་ཏུ་ལྡོག་པའི་སྟོབས།	प्रत्यापत्तिबल
ཉེས་པ་མེད་པ།	अदुष्कृता
ཉེས་བྱས།	दुष्कृत
ཉེས་དམིགས།	आदीनव

ཉོན་མོངས་པ་དང་བྲལ་བ།	क्लेशरहित
ཉོན་མོངས་པ་དང་ཤེས་བྱའི་སྒྲིབ་པ།	क्लेशज्ञेयावरण
ཇྙེ་དེཝ་གོཥ།	ज्ञे देवघोष
གཉིས་སུ་མེད་པའི་ཆོས།	अद्वयधर्मता
གཉིས་སུ་མེད་པར་བསྒོམས་པ།	अद्वयतया युक्तत्वम्
གཉིས་སུ་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས།	अद्वयज्ञान
གཉེན་པོ་ཀུན་དུ་སྤྱོད་པའི་སྟོབས།	प्रतिपक्षसमुदाचारबल
ཉོན་མོངས་མེད་པའི་ཞིང་།	अक्लिष्टक्षेत्र
སྙིང་རྗེའི་ཤུགས།	कृपाबल
གཏི་མུག	मोह
རྟེན་གྱི་སྟོབས།	आश्रयबल
རྟོག་པ་ཐམས་ཅད་འཇོམས་པ།	सर्वविकल्पप्रहायक
རྟོག་པ་མེད་པའི་ཡེ་ཤེས།	निर्विकल्पज्ञान
རྟོག་མེད་ཐམས་ཅད་མཁྱེན་པ།	बुध्वा अविकल्पतां
ལྟ་བ་ཐམས་ཅད་སེལ་མཛད།	सर्वदृष्टिप्रहाण
ལྟ་བ་ཕྱིན་ཅི་ལོག	विपरीतदृष्टि
ལྟ་བ་ལོག་པ།	मिथ्यादृष्टि
ལྟུང་བ་བྱུང་གིས་དོགས་པ།	आपत्तिसंस्पर्शाशङ्का
ལྟུང་བའི་དངོས་གཞི།	आपत्तिमूल
ལྟུང་བའི་གཞི།	आपत्तिवस्तु
སྟེང་ནམ་མཁའི་སྙིང་པོའི་ཞིང་།	उपरिष्टाद् गगनगर्भक्षेत्रे
སྟོང་ཕྲག་བརྒྱ་པ།	शतसाहस्रिका
སྟོན་པ་པོ།	अदेशयत्
སྟོན་པ་དང་འབྲས་བུ།	शास्ता फल
སྟོབས་བཞི།	चत्वारि वा बलानि
ཐབས་དང་ཐབས་ལས་བྱུང་བ།	उपायोपेयभाव
ཐམས་ཅད་མཁྱེན་པ།	सर्वज्ञत्व
ཐམས་ཅད་ཞལ་གཅིག་པ།	एकमुख

ཐལ་བས་ཁྱབ་པའི་ཞིང་།	भस्मव्यापिनि क्षेत्रे
ཐུགས་རྗེ།	कारुण्य
ཐུན་དྲུག	षड्वार
ཐུན་མོང་མ་ཡིན་པ།	असाधारण
ཐུན་གསུམ།	त्रियाम
ཐེག་པ་ཆེན་པོའི་འདུལ་བ།	महायानविनय
ཐེག་པ་དམན་པ།	हीनयान
ཐོག་མ་མེད་པའི་དུས།	अनादिकाल
མཐའ་ཁོབ་ཀྱི་ཀླ་ཀློ།	प्रत्यन्ता म्लेच्छाः
གདམས་པ།	उपदिष्ट
གདུང་བ་བསིལ་ཞིང་དག་པ།	सन्तापमपसार्य शीतलं
གཏོན་མི་ཟ་བ།	नियम
བདག་གིས་དངོས་སུ་བྱས་པ།	साक्षात् स्वयं कृतानि
བདག་གིས་ཐོས་པ།	मया श्रुतम्
བདག་གཞན་གྱི་དོན་གྱི་སྐུ་གཉིས།	स्वपरार्थ कायद्वय
བདུད་འཇོམས་པ།	मारदमक
བདུད་བཞི་བཅོམ་པ།	चतुर्मारदमन
(བདུད་)ལས་དང་ཉོན་མོངས་པ།	कर्मक्लेश
བདེ་བ་ཅན་གྱི་ཞིང་།	सुखावतीक्षेत्र
བདེ་གཤེགས།	सुगत
དག་པའི་མཚན་མ།	शुद्धलक्षण
དང་པོ་དང་ཐ་མ་མེད་པ།	पूर्वान्त अभाव
དམ་པའི་ཆོས།	सद्धर्म
དམ་པའི་ཆོས་ཀྱི་གོ་སྐབས་མེད་པ།	नास्ति सद्धर्माचरण
དང་བའི་དད་པ།	श्रद्धा प्रसाद
དུད་ཁ།	धूम
དུམ་བུར་བཏོན་པ།	अंशतः निर्गतत्वाद्
དུས་གསུམ་གྱི་སངས་རྒྱས།	त्रैकालिक बुद्ध

དེ་བཞིན་གཤེགས་པའི་གཙུག་ཏོར།	तथागतोष्णीष
དོན་དམ་པ།	पारमार्थिकी
དོན་དམ་གྱི་བཤགས་པ།	परमप्रतिदेशना
དོན་ཡོད་པ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	अमोघक्षेत्र
སྡིག་པ་ཐམས་ཅད་ཀྱི་གཉེན་པོ།	सर्वपापप्रतिपक्ष
སྡིག་པ་བཤགས་པའི་ཕུང་པོ།	पापदेशनास्कन्ध
སྡོམ་པའི་ཚུལ་ཁྲིམས།	संवरशील
དྲང་པོ་འདུག	ऋजुः स्थित्वा
དྲི་མ་མེད་པའི་ཞིང་།	विमलक्षेत्र
དྲི་བཟང་པོས་ཁྱབ་པའི་ཞིང་།	सुगन्धव्यापिनि क्षेत्रे
རྡོ་རྗེ་དང་ཉི་མ།	वज्रसूर्य
རྡོ་རྗེ་གཉིས།	वज्रद्वय
རྡོ་རྗེའི་དཀྱིལ་ཀྲུང་།	वज्रपर्यङ्क
སྡུག་བསྔལ་བར་དོ་མེད་པ།	दुःखानां मध्ये न भवत्यन्तरालः
སྡེ་སྣོད་གསུམ།	त्रिपिटक
མདོ་ཙམ་དུ་བསྒྲུབ།	संक्षेपेणात्र चाख्यातं
མདོ་སྡེའི་སྡེ།	सूत्रवर्गः
མདོ་དྲན་པ་ཉེ་བར་བཞག་པ་ཆེན་པོ།	महास्मृत्युपस्थानसूत्र
འདག་པའི་ཐབས།	शुद्धि उपाय
འདུལ་བ་གཏན་ལ་དབབ་པ།	विनयविनिश्चय
འདུ་ཤེས་འགོག་པ།	निरोधसंज्ञा
འདོད་ཆགས་ལ་སོགས་པ་གསུམ།	रागादिभिस्त्रिभिः
བསྡུས་པའི་དོན།	संक्षेपार्थ
ནད་ལ་གནོད་པ།	रोगेण हानिः
ནམ་མཁའ་ཁྱབ་པའི་སེམས་ཅན།	गगनव्यापी सत्त्व
ནམ་མཁའ་ལ་བཞུགས་པ།	आकाशस्थित
ནུས་ཚད།	बलयत्न
ནོར་བུ་ཡོད་པའི་ཞིང་།	मणिवर्तने क्षेत्रे

གནས་དབེན་པར་མཎྜལ།	विजने स्थाने मण्डलं
རྣམ་པར་སྨིན་པ།	विपाक
རྣམ་པར་སུན་འབྱིན་པས་ཀུན་ཏུ་	
སྤྱོད་པའི་སྟོབས།	विदूषणा समुदाचारबल
རྣམ་པ་ཐམས་ཅད་མཁྱེན་པ།	सर्वाकारज्ञता
སྣང་བ་བཀོད་པའི་ཞིང་།	अवभासव्यूहक्षेत्र
སྣང་བ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	आभासवती क्षेत्र
དཔག་ཏུ་མེད་པ།	अपरिमित
དཔང་པོ་བཟང་པོ།	सम्यक् साक्षी
དཔལ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	श्रीवत्स क्षेत्र
དཔའ་བ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	वीरवात्या भूमि
དཔང་པོ།	साक्षिन्
པདྨ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	पद्मावती क्षेत्र
པདྨ་དང་འོད་ཕུང་བསྣམས་པ།	पद्मं च प्रकाशपुञ्जं धारयन्
པུས་མོ་གཉིས།	जानुद्वयं
པོ་ཏི་དང་རལ་གྲི	पुस्तक खड्ग
སྤངས་པ་དང་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་བྱེ་བྲག	प्रहाणं ज्ञानं च भेदौ
སྤྱན་དྲངས།	निमन्त्रयामास
སྤྱི་བོར་ཐལ་མོ་སྦྱར་བ།	हस्ताभ्यां शिरसि अञ्जलिं बद्ध्वा
སྤྲུལ་པའི་སྐུ་སྐུ་ཚེ་རིང་བ།	दीर्घायुष्ट्वान्निर्माणकायः
ཕ་རོལ་ཏུ་ཕྱིན་པ་དྲུག	षट्पारमिता
ཕན་འདོགས་པའི་ཞིང་།	उपकृतवन
ཕམ་པ།	पाराजयिक
ཕལ་པོ་ཆེ་དང་ཁ་འཐོར་བ།	भूयिष्ठा अभूयिष्ठाश्च
ཕུང་པོ་གསུམ།	त्रिस्कन्ध
ཕུན་སུམ་ཚོགས་པ།	सम्पत्तयः
ཕྱག་རྒྱ།	मुद्रा
ཕྱག་གཉིས་ཆོས་འཆད།	द्विहस्तधर्मदेशना

ཕྱག་མཚན།	आयुध
ཕྱིན་ཅི་མ་ལོག་པ།	अविपरीत
ཕྱིར་མི་ལྡོག་པའི་དགེ་འདུན།	अवैवर्तिक संघ
ཕྱོགས་དང་མཚམས།	दिग्दिगन्तर
ཕྱོགས་བཅུ།	दश दिक्षु
ཕྱོགས་ཆད་པ་ནི་མེད་པ།	नात्र दिशविशेषेण
ཕྲ་མོའི་རིམ་པ།	सूक्ष्मायाः क्रमः
འཕགས་པ་ཉེ་བར་འཁོར་གྱིས་ཞུས་པ།	आर्य उपालिपरिपृच्छा
འཕགས་པ་འཇམ་དཔལ།	आर्य मञ्जुश्री
འཕགས་པ་ཉེ་བར་འཁོར།	आर्य उपालि
བར་མ་ཆད།	आनन्तर्य
སྦོམ་པོ།	स्थूल
བྱང་ཆུབ་ཀྱི་ལྟུང་བ།	बोध्यापत्तिः
བྱང་ཆུབ་ཀྱི་སེམས་རྣམ་པ་གཉིས།	द्विविध बोधिचित्त
བྱང་ཆུབ་ཆེན་པོའི་རྒྱུ།	महाबोध्यर्थकः
བྱང་ཆུབ་ལྟུང་བཤགས།	बोध्यापत्तिदेशना
བྱང་ཆུབ་ལས་ཉམས་པ།	बोध्या पातयति
བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའི་དགེ་འདུན།	बोधिसत्त्वसंघ
བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའ་གཉིས།	द्वयोर्बोधिसत्त्वयोः
བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའ་ལྷད་མོ་ཅན།	बोधिसत्त्वकौतुक
བྱང་ཆུབ་སེམས་དཔའ་ལས་དང་པོ་པ།	आदिकर्मिकबोधिसत्त्वाः
བྱས་ལ་བསགས་པ།	कृतानि सञ्चितानि
བྱས་ལ་མ་བསགས་པ།	कृतानि असञ्चितानि
བྲམ་ཟེ་ཁམས་པ་སྐྱེས།	ब्राह्मण पुरोज
བྲིས་སྐུ་ལ་བརྟེན་པ།	चित्रोपस्थान
བླ་ན་ཡོད་པ།	सोत्तर
བླ་མའི་མན་ངག	गुरूपदेश
བློ་དམན་པ།	मन्दप्रज्ञ

བློས་དམིགས་པ།	मनसा चालम्बितं
དབང་པོ་གསལ་བའི་ཞིང་།	इन्द्रप्रभक्षेत्र
དབུས་སུ་གདན།	मध्यासन
འབྲེལ་བ།	सम्बन्ध
སྦྱིན་པ།	दान
སྦྲུལ་སྔོན་པོ།	नीलसर्प
མ་སྐྱེས་དགྲའི་འགྱོད་པ་བསལ་བའི་མདོ།	अजातशत्रुकौकृत्यविनोदनसूत्र
མ་རིག་པ།	अविद्या
མ་རིག་པ་སེལ་བ།	अविद्याया निवारणं
མ་ལུས་པ།	अशेष
མ་བྱིན་པར་ལེན་པ།	अदत्तादान
མ་བྱས་ཀྱང་བསགས་པ།	अकृतानि सञ्चितानि
མི་ཁོམ་པ།	अक्षणा
མི་རྟོག་སྡུགས་ཆུད།	अकल्यानशेषांश्च
མི་དང་ལྷ།	मनुष्यदेव
མི་མཇེད་ཀྱི་བདག་པོ།	लोकपति
ཡེ་ཤེས་ཆེན་པོ་མི་བརྗེད་ཀྱི་གཟུངས།	अविस्मृतमहाज्ञानधारण्या
མི་ཚུགས་པ།	अदम्य
མི་སླུ་བ།	अविसंवाद
མི་ཤེས་པའི་མུན་པ།	अज्ञानान्धकार
མེ་ཏོག་ཆེར་རྒྱས་པའི་ཞིང་།	कुसुमविकासक्षेत्र
མེ་ལོང་དྲི་མ་མེད་པ་གཉིས།	निर्मलादर्शद्वय
མོས་པས་སྤྱོད་པ།	अधिमुक्तिचर्या
མན་ངག	अववाद
མན་ངག་གི་དོན།	उपदेश अर्थ
མྱ་ངན་མེད་པའི་ཞིང་།	अशोकक्षेत्र
མྱ་ངན་ལས་འདས་པ།	निर्वाण
མྱ་ངན་ལས་མི་འདའ་བ།	महापरिनिर्वाणमनधिगन्तुं

སྨོན་ལམ་འདེབས་པ།	प्रणिधान
སྨོན་པ་དང་འཇུག་པ།	प्रणिधि प्रस्थान
རྩེ་གཅིག་ཏུ་གནས་པ།	एकाग्रतया अवस्थानं
བརྩོན་འགྲུས་དང་མཐུན་པ།	वीर्यानुकूल
ཚ་བ་དང་གྲང་བ།	शीताः च उष्णाश्च
ཚེ་རབས་སྔ་མ།	पूर्वजन्म
ཚངས་པས་ཁྱབ་པའི་ཞིང་།	ब्रह्मव्यापिक्षेत्र
ཚོགས་གཉིས།	सम्भारद्वय
ཚོགས་བསགས་པ།	पुण्यसंचय
མཚན་དང་དཔེ་བྱད།	लक्षणानुव्यञ्जन
མཚན་མ་མེད་པའི་ཞིང་།	अनिमित्तक्षेत्र
མཚན་མ་གསོད་པ།	निमित्त विनाशक
རི་རབ་དང་པདྨ།	मेरुं पद्मं च
རང་དང་གཞན་གྱི་ཉོན་མོངས་པ།	स्वपरक्लेश
རབ་ཏུ་བྱུང་བ།	प्रव्रजित
རིའི་རྒྱལ་པོ།	शैलेन्द्र पर्वतराज
རིན་པོ་ཆེ།	रत्न
རིན་པོ་ཆེ་ཏོག་དང་རྒྱལ་མཚན།	रत्नकेतुं ध्वजं च
རིན་པོ་ཆེ་པདྨའི་གདན།	पद्मरत्न आसन
རིན་པོ་ཆེ་དང་མེའི་དཀྱིལ་འཁོར།	रत्नम् अग्निमण्डलं
རིན་པོ་ཆེའི་ཞིང་།	रत्नभूमौ क्षेत्रे
རོལ་པ་དང་ལྡན་པའི་ཞིང་།	लीलावत्यां क्षेत्रे
ལམ་གྱི་ཡན་ལག	मार्गाङ्ग
ལམ་ཕྱིན་ཅི་མ་ལོག་པ།	अविपर्यस्तो मार्गः
ལམ་ལོག་པ་བསྟན་པ།	मिथ्या मार्ग दर्शन
ལུང་གི་ཆོས།	आगमधर्मः
ལུང་དང་རྟོགས་པ།	आगमाधिगम
ལུས་དང་ངག་དང་ཡིད།	कायवाक्चित्त

ལུས་མང་པོར་སྤྲུལ་པ།	अनेककाय निर्माण
ལོ་མ་དང་འབྲས་བུ་དང་བཅས་པ།	पत्रफलयुक्त
ལེ་ལོ།	स्त्यान
ཤཱཀྱའི་རྒྱལ་པོའི་རིགས།	शाक्यराजवंश
ཤིན་ཏུ་འགྱོད་པ།	अत्यन्तविप्रतिसार
ཤིན་ཏུ་བསྔགས་པ།	महती अनुशंसा
ཤིན་ཏུ་ལྕི་བ།	अत्यन्तं गुरुतराणि
ཤིང་དཔལ་འབྲས་ཀྱི་སྡོང་བུ།	श्रीफलवृक्ष
ཤིང་མྱ་ངན་མེད་པ།	' अशोक विटप
ཤེས་རབ་ཀྱི་སྤྱན།	प्रज्ञाचक्षु
ཤེས་རབ་ཀྱི་ཕ་རོལ་ཏུ་ཕྱིན་པ།	प्रज्ञापारमिता
ཤུགས་ཀྱིས་བསྟན་པ།	अर्थतो निर्दिष्टः
བཤགས་པའི་ཐབས།	प्रतिदेशनागतोपायाः
གཤིན་རྗེའི་འཇིག་རྟེན།	यमलोक
བཤགས་པ་ཆེན་པོ།	महाप्रतिदेशना
བཤད་པ་གསུམ།	तिस्रश्च व्याख्याः
ས་དང་པོ།	प्रथमभूमि
ས་གནོན།	भूमिस्पर्श
ས་གནོན་དང་མི་འཇིགས་པའི་ཕྱག་རྒྱ།	भूमिस्पर्श अभयमुद्रा
སངས་རྒྱས་ཀྱི་སྤྱན་གཉིས།	बुद्धचक्षुर्द्वय
སངས་རྒྱས་ཉེ་བ་ལ་དགོངས་པ།	बुद्धानां नैकट्याभिप्रायेण
སངས་རྒྱས་མེད་པའི་གནས་སུ་སྐྱེས་པ།	बुद्धशून्ये स्थाने जन्म
སངས་རྒྱས་སུམ་ཅུ་རྩ་བཞི།	चतुस्त्रिंशद् बुद्धाः
སངས་རྒྱས་སུམ་བཅུ་རྩ་ལྔ།	पञ्चत्रिंशद् बुद्धाः
སེང་གེ།	सिंह
སེམས་སུན་བཏོན་ལ་བཤགས་པ།	मानसिकं खेदं प्रकटयन् देशना
སེམས་ཅན་ཀུན་ལ་ཕན་པ།	सत्त्वान् हितकामान्
སེམས་ཅན་ཐམས་ཅད།	सर्वसत्त्व

སེམས་ཅན་གྱི་རྒྱུད་བརྟན་པ།	सत्त्वसन्ततिम् आद्रयति
སེར་སྣ།	मत्सर
སེང་གེ་ལྷ་བུ།	सिंहवन
སྲིད་པ་དང་བྲལ་བའི་ཞིང་།	तृष्णाविगते क्षेत्रे
སྲོག་གཅོད་པ།	प्राणातिपात
སླར་འཕེལ་བ།	वृद्धिरेव
